राजस्थान लोक सेवा आयोग
अजमेर,द्वारा आयोजित

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

RAS प्रारंभिक परीक्षा

विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्न (व्याख्या सहित)

वर्ष • 2015 • 2016 • 2018 • 2021 • 2023 • 2024

सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान



अगर हैं जुनून प्रशासनिक अधिकारी बनने का...

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

RAS समग्र बैच

Prelims + Mains + Interview

उत्कर्ष एप में ऑनलाइन Live from Classroom के रूप में भी उपलब्ध

New Batches Started

@Jodhpur @Jaipur

समग्र बैच के विद्यार्थियों के लिए विशेष

मजबूत कंटेंट सपोर्ट:

- 42 क्लास टेस्ट
- नवीनतम विश्लेषणात्मक एप्रोच पर आधारित RAS टेस्ट्स सीरीज़
- RPSC पैटर्न पर डेवलप्ड नोट्स
- मासिक करंट अफेयर्स मैगज़ीन

स्मार्ट एप से स्मार्ट लर्निंग :

- AI इंटीग्रेटेड करेंट अफेयर्स लर्निंग
- व्यक्तिगत टेस्ट विश्लेषण
- डिजिटल OMR आधारित टेस्ट
- Ask Doubt Feature
- 24*7 क्विज़ फीचर - Competitive Spirit जगाने के लिए!

सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ:

- नियमित वाद-विवाद सत्र
- मोटिवेशनल सेशन्स
- विशेष मॉक इंटरव्यू सेशंस

एकेडमिक असिस्टेंस में उत्कृष्टता:

- उत्तर लेखन सेशन्स - चयनित कैंडिडेट्स के द्वारा
- मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप
- फैकल्टी बैच चाणक्य

एकीकृत RAS - IAS लर्निंग एप्रोच :

- शिक्षण, अभ्यास और प्रिंटेड नोट्स में IAS एकीकृत एप्रोच
- NCERT आधारित टेस्ट सीरीज़

आपके सुझाव हमारे लिए अमूल्य हैं।

कृपया QR Scan कर अपना फीडबैक साझा करें।

प्रभावी एकेडमिक प्लानिंग:

- 1400+ घण्टों की कक्षाएँ (ऑनलाइन ऐप एक्सेस के साथ)
- 14 महीनों में सिलेबस कवरेज
- 36 महीनों की Online कोर्स वैधता
- मुख्य परीक्षा हेतु उत्तर लेखन के डेडिकेटेड सत्र

जयपुर : उत्कर्ष टॉवर, गोपालपुरा बायपास रोड
HELPLINE: 977 3366 871

जोधपुर: जालोरी गेट चौराहा
HELPLINE: 977 3366 869

आर. ए. एस. (प्रारम्भिक परीक्षा, 2015)

1. निम्नलिखित में से कौनसा ग्रंथ कुम्भा की रचना नहीं है-
(A) रसिकप्रिया (B) सुधा प्रबंध
(C) नृत्यरत्नकोष (D) कलानिधि **[D]**

व्याख्या –
- मेवाड़ महाराणा कुम्भा का शासनकाल 1433 ई. से 1468 ई. तक था।
- संगीतराज, रसिकप्रिया, सुधा प्रबंध, नृत्य रत्नकोष और कामराज नामक ग्रंथों की रचना कुंभा के द्वारा ही की गई थी।
- जबकि कलानिधि नामक ग्रंथ की रचना गोविन्द के द्वारा की गई।

2. जमनादास, छोटेलाल, बक्साराम व नन्दलाल चित्रकला की किस शैली से संबद्ध हैं-
(A) अलवर शैली (B) बीकानेर शैली
(C) मारवाड़ शैली (D) झालावाड़ शैली **[A]**

व्याख्या–
- इस शैली में गणिकाओं का चित्रण अधिक है। अलवर शैली के प्रमुख चित्रकार डालूराम, बलदेव, सालिगराम, जमनादास, छोटेलाल, बक्साराम व नन्दलाल थे।
- चित्रकला की अलवर शैली का विकास जयपुर शैली की उपशैली के रूप में हुआ था। महाराजा विनय सिंह का काल इस शैली का स्वर्णकाल था ।

3. निम्नलिखित में से राजपूताना के किस क्षेत्र पर वरीक वंश ने शासन किया था-
(A) बदनौर (B) ओसियां
(C) बयाना (D) अलवर **[C]**

व्याख्या–
- वरीक वंश ने राजपूताना के बयाना क्षेत्र पर शासन किया था ।
- वरीक वंश ने बयाना के किले के अंदर एक लाट का निर्माण करवाया था।

4. गोगा नवमी कहा जाता है-
(A) भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की नवमी को
(B) श्रावण के कृष्ण पक्ष की नवमी को
(C) भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की नवमी को
(D) श्रावण के शुक्ल पक्ष की नवमी को **[A]**

व्याख्या–
- 'गोगा नवमी' राजस्थान के नाग देवता गोगाजी की स्मृति में भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की नवमी को मनायी जाती है।
- गोगाजी के मन्दिर गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) तथा ददरेवा (चूरू) में है ।
- गोगाजी की ओल्डी सांचौर में स्थित है।
- गोगाजी की घोड़ी का नाम नीली घोड़ी था।

5. तेजाजी मेले का आयोजन किया जाता है-
(A) मेड़ता (B) गोठ मांगलोद
(C) परबतसर (D) नागौर **[C]**

व्याख्या–
- वीर तेजाजी की स्मृति में प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ल दशमी को तेजाजी मेले का आयोजन परबतसर गाँव(नागौर) में किया जाता है।

6. कोटा में वीर भारत समाज की स्थापना की-
(A) प्यारेराम (B) साधु सीताराम
(C) नयनूराम (D) केसरी सिंह **[D]**

व्याख्या –
- वर्ष 1910 में केसरी सिंह बारहठ ने वीर भारत समाज की स्थापना की थी।
- केसरी सिंह बारहठ ने मेवाड़ के शासक फतेह सिंह को वर्ष 1903 के कर्जन के दरबार में जाने से रोकने हेतु चेतावनी रा चुग्ट्या नामक 13 सोरठो की रचना की।

7. क्षेत्रपाल राजस्थान की संस्कृति में एक महत्त्वपूर्ण पहलू रहा है-
(A) ग्राम देवता के रूप में
(B) ग्राम अधिकारी के रूप में
(C) एक उपासक के रूप में
(D) एक संत के रूप में **[A]**

व्याख्या–
- राजस्थानी संस्कृति में क्षेत्रपाल की मान्यता एक ग्राम देवता के रूप में है।
- शेखावाटी क्षेत्र में स्थानीय देवी-देवताओं को क्षेत्रफल या खेतपाल कहा जाता है।

8. सम्प्रदाय, जो नियति की अटलता में विश्वास करता था-
(A) आजीवक (B) चार्वाक
(C) बौद्ध (D) जैन **[A]**

व्याख्या–
- भारतीय दर्शन और इतिहास के अध्येताओं के अनुसार आजीवक संप्रदाय की स्थापना मक्खलि गोशाल (गोशालक) ने की थी
- आजीवक श्रमण नग्न रहते और परिव्राजकों की तरह घूमते थे।
- भिक्षा माँगकर जीविका चलाते थे।
- ईश्वर या कर्म में उनका विश्वास नहीं था किन्तु वे नियतिवादी थे ।
- इनके विचार भगवती-सूत्र तथा समाज पफल सूत्र में मिलते हैं।

9. सुमेलित कीजिए-

	वास्तु शैली		**संबद्ध राजवंश**
(A)	मेहराब की निचली सतह पर कमलकलि की झालर	I	शर्की
(B)	अष्टभुजीय मकबरों का उदय	II	विजयनगर
(C)	स्तम्भों में बोदिगोई का प्रयोग	III	खिलजी
(D)	झुकी हुई दीवारों के साथ विशाल मुख्य द्वार	IV	तुगलक

कूट :

	A	B	C	D
(A)	III	I	IV	II
(B)	II	I	IV	III
(C)	I	II	IV	III
(D)	III	IV	II	I

[D]

व्याख्या–
- मेहराब की निचली सतह पर कमलकलि की झालर - खिलजी
- अष्टभुजीय मकबरों का उदय - तुगलक
- स्तम्भों में बोदिगोई का प्रयोग - विजयनगर
- झुकी हुई दीवारों के साथ विशाल मुख्य द्वार - शर्की

10. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा / कौनसे कथन वी.डी. सावरकर के बारे में सही हैं-
1. उन्होंने अभिनव भारत नामक क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की ।
2. भारतीय राष्ट्रवादियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से उन्होंने मैजिनी की जीवनी लिखी।
4. उन्होंने भारत का स्वतंत्रता संग्राम - 1857 नामक पुस्तक लिखी जो 1857 के विद्रोह का एक राष्ट्रवादी दृष्टिकोण प्रदान करती है।
5. ब्रिटिश कैद से मुक्त होने के लिए वे एक चलते जहाज से कूद पड़े।

सही उत्तर चुनिये-
(A) केवल 3 और 4 (B) केवल 1, 3 और 4
(C) केवल 1 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4 **[D]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या–

- विनायक दामोदर सावरकर (जन्म: 28 मई, 1883 - मृत्यु: 26 फरवरी, 1966) भारत के क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, समाजसुधारक, इतिहासकार, राजनेता तथा विचारक थे।
- हिन्दू राष्ट्रवाद की राजनीतिक विचारधारा 'हिन्दुत्व' को विकसित करने का बहुत बड़ा श्रेय सावरकर को जाता है।
- 1904 ई. में उन्होंने 'अभिनव भारत' नामक एक क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की थी ।
- सावरकर ने 'मेरा आजीवन कारावास' पुस्तक को काला पानी की जेल की दीवारों पर लिखा, जिसे स्वतंत्रता के बाद संकलित किया गया था ।

11. महाजनपद युग के 16 जनपदों के नाम बौद्ध साहित्य में प्रायः उल्लिखित मिलते हैं । निम्नलिखित में से किन जनपदों के नाम पाणिनी की अष्टाध्यायी में उल्लेखित हैं।

1. मगध
2. अश्मक
3. कंबोज
4. चेदि
5. वत्स

नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर चुनिये-

(A) 4 और 3
(B) 3, 4 और 5
(C) 1, 3, 4 और 5
(D) 1, 2 और 3 **[D]**

व्याख्या–

- प्राचीन भारत की राजनीतिक अवस्था के अध्ययन के लिए हमें पूर्णतया धार्मिक ग्रंथों विशेषकर बौद्ध ग्रंथों पर निर्भर रहना पड़ता है। इन ग्रंथों के अनुसार भारत की राजनीतिक व्यवस्था के संबंध में यह जानकारी प्राप्त होती है
- पाणिनी द्वारा रचित संस्कृत ग्रंथ अष्टाध्यायी में कुल 22 महाजनपदों का उल्लेख मिलता है।
- बौद्ध ग्रंथ अंगुत्तर निकाय में उल्लिखित 16 महाजनपदों में कौशल, मगध, कंबोज तथा अश्मक आदि के नाम पाणिनी के अष्टाध्यायी में भी उल्लिखित हैं।
- चेदि और वत्स जनपद का उल्लेख अष्टाध्यायी में नहीं है।

12. हड़प्पा सभ्यता की उत्पत्ति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा जोड़ा सही नहीं है-

(A) ई. जे. एच. मैके – सुमेर से लोगों का पलायन ।
(B) मॉर्टीमर – पश्चिमी एशिया से सभ्यता के विचार का प्रवसन ।
(C) अमलानन्द घोष – हड़प्पा सभ्यता का उद्भव पूर्व हड़प्पा सभ्यता की परिपक्वता के परिणाम- स्वरूप हुआ।
(D) एम. रफीक मुगल – हड़प्पा सभ्यता ने मेसोपोटामिया सभ्यता से प्रेरणा ली।

[D]

व्याख्या -

- एम. रफीक मुगल - पाकिस्तान सरकार के पुरातत्व विभाग के निर्देशन में पंजाब पुरातत्व सर्वेक्षण ने पंजाब में सभी प्राचीन बस्तियों की पहचान करने के लिए बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण किया। कुछ बस्तियों में सतही सर्वेक्षणों से ऐसी नैदानिक कलाकृतियों की पहचान हुई जो सिंधु सभ्यता के समकालीन थी।

13. अजमेर में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर नजर (भेंट) भेजने वाले प्रथम मराठा सरदार कौन थे-

(A) राजा साहू, शिवाजी के पौत्र
(B) पेशवा बालाजी विश्वनाथ
(C) पेशवा बालाजी राव
(D) नवाब अली बहादुर, पेशवा बालाजी राव प्रथम का पौत्र (मस्तानी नामक पत्नी से) **[A]**

व्याख्या–

- अजमेर में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर नजर (भेंट) करने वाले प्रथम मराठा सरदार राजा साहू थे।

14. पंकोदक सन्निरोधे मौर्य प्रशासन द्वारा लिया जाने वाला जुर्माना था-

(A) सड़क पर कीचड़ फैलाने पर
(B) कूड़ा फेंकने पर
(C) मंदिर को गंदा करने पर
(D) पीने के पानी को गंदा करने पर **[A]**

व्याख्या–

- मौर्य प्रशासन में 'पंकोदक सन्निरोधे' सड़क पर कीचड़ फैलाने पर जुर्माना लगाया जाता था।

15. स्वामी विवेकानन्द द्वारा रामकृष्ण मिशन की स्थापना की गयी -

(A) 1892 में
(B) 1898 में
(C) 1897 में
(D) 1886 में **[C]**

व्याख्या –

स्वामी विवेकानंद –

- **जन्म –** 12 जनवरी, 1863, कलकत्ता में 1897 में रामकृष्ण परमहंस के शिक्षा तथा विचारों के प्रसार हेतु रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।

16. निम्नलिखित में से कौनसा अधिकारी मौर्य प्रशासन का भाग नहीं था-

(A) युक्त (B) प्रादेशिक
(C) राजुक (D) अग्रहारिक **[D]**

व्याख्या –

- अग्रहारिक- हर्ष के शासनकाल में दान में दी गयी भूमि पर नजर रखने वाला अधिकारी ।

मौर्य प्रशासन पद

(1) युक्त – मुख्य राजस्व अधिकारी के नीचे का पद
(2) राजुक – जनपद का अधिकारी (पटवारी)
(3) प्रादेशिक – प्रदेश का अधिकारी (कलेक्टर)
(4) सान्निधता – मुख्य राजस्व अधिकारी

17. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार करें तथा निम्नलिखित में से सही उत्तर का कालानुक्रमिक चयन करें-

1. नौजवान भारत सभा का निर्माण
2. स्वराजिस्ट दल का निर्माण
3. दांडी मार्च
4. जलियांवाला बाग त्रासदी

कूट-

(A) 2, 1, 4, 3 (B) 2, 4, 3, 1
(C) 4, 2, 1, 3 (D) 4, 3, 2, 1 **[C]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

घटनाएँ		समय
जलियांवाला बाग त्रासदी	-	13 अप्रैल, 1919
स्वराजिस्ट दल का निर्माण	-	मार्च, 1923
नौजवान भारत सभा	-	1925
दाण्डी मार्च	-	12 मार्च, 1930

18. फ्रांस का लॉरेन प्रदेश प्रसिद्ध है-

(A) लौह व इस्पात उद्योग के लिए
(B) सूती वस्त्र उद्योग के लिए
(C) कागज उद्योग के लिए
(D) रसायन उद्योग के लिए **[A]**

व्याख्या –

– फ्रांस का लॉरेन प्रदेश लौह व इस्पात उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।


19. यूनेस्को द्वारा मैन एण्ड बायोस्फीयर प्रोग्राम की शुरुआत हुई थी-

(A) 1970 में (B) 1972 में
(C) 1986 में (D) 1991 में **[*]**

व्याख्या –

– यूनेस्को द्वारा 'मैन एण्ड बायोस्फीयर प्रोग्राम' (MAB) मानव एवं पर्यावरण के मध्य सतत् संबंध स्थापित करने हेतु वर्ष 1971 में प्रारम्भ किया गया था ।

20. निम्नलिखित भारत के मानचित्र पर पूर्व तटीय बंदरगाहों की स्थिति 1, 2, 3, एवं 4 से प्रदर्शित की गई है। इन्हें पहचानिये तथा नीचे दिये गये क्रम में से उत्तर दीजिए-



(A) चेन्नई, तुतिकोरिन, विशाखापट्टनम्, मछलीपट्टनम्
(B) तुतिकोरिन, चेन्नई, मछलीपट्टनम्, विशाखापट्टनम्
(C) तुतिकोरिन, चेन्नई, विशाखापट्टनम्, मछलीपट्टनम्
(D) मछलीपट्टनम्, चेन्नई, तुतिकोरिन, विशाखापट्टनम्

[B]



21. निम्नलिखित में से कौनसा एक सुमेलित नहीं है-

तेल शोधनशाला	स्थापित
(A) तातीपाका (आंध्र प्रदेश)	ओ.एन.जी.सी.
(B) डिग्बोई (असम)	आई.ओ.सी.एल.
(C) कोयली (गुजरात)	एच.पी.सी.एल
(D) बीना (म.प्र.).	बी.पी.सी.एल.

[C]

व्याख्या –

- **भारत की प्रमुख रिफाइनरी –**
  (1) **IOCL** - गुवाहाटी, बरौनी, कोयली, हल्दिया, मथुरा, डिग्बोई, पारादीप, पानीपत, बोनगाई गाँव, नरीमन, मनाली
  (2) **ONGC** - मंगलौर, तातीपाका
  (3) **HPCL** - भटिण्डा, मुंबई, विशाखापट्टनम, बाड़मेर (निर्माणाधीन)
  (4) **BPCL** - कोच्चीन, नुमालीगढ़, बीना, मुंबई

22. उत्तर - दक्षिण व पूर्व-पश्चिम कोरिडोर सुपर हाईवे का मिलन कस्बा है-

(A) दिल्ली
(B) नागपुर
(C) झांसी
(D) हैदराबाद **[C]**

व्याख्या –

– उत्तर-दक्षिण व पूर्व-पश्चिम कोरिडोर सुपर हाईवे का मिलन झाँसी (उत्तर-प्रदेश) में है।
– उत्तर - दक्षिण गलियारा NH-44 द्वारा जोड़ा गया जो कि भारत का सबसे लंबा राजमार्ग है। लम्बाई - 3806Km पश्चिमी- पूर्व गलियारा द्वारा जोड़ा गया है। लंबाई- 3507Km.

23. सुमेलित कीजिए-

A.	जिब्राल्टर	I.	इंडोनेशिया व मलेशिया के मध्य
B.	मलक्का जल संधि	II.	फारस की खाड़ी व ओमान की खाड़ी के मध्य
C.	बेरिंग जल संधि	III.	अफ्रीका व यूरोप के मध्य
D.	हॉरमूज जल संधि	IV.	एशिया व उत्तरी अमेरिका के मध्य विशाल मुख्य द्वार

कूट-

	A	B	C	D
(A)	III	IV	I	II
(B)	III	I	IV	II
(C)	IV	III	II	I
(D)	IV	II	III	I

[B]

व्याख्या –

जिब्राल्टर	-	अफ्रीका व यूरोप के मध्य
मलक्का जन संधि	-	इंडोनेशिया व मलेशिया के मध्य
बेरिंग जल संधि	-	एशिया व उत्तरी अमेरिका के मध्य विशाल मुख्य द्वार
हॉरमूज जल संधि	-	फारस की खाड़ी व ओमान की खाड़ी के मध्य

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

24. विषुवत् रेखीय प्रदेश के उच्च भूमि क्षेत्र किस प्रकार की खेती (कृषि) के लिए उपयुक्त है-
(A) बागानी कृषि
(B) आर्द्रतर कृषि
(C) शुष्क कृषि
(D) व्यापारिक कृषि **(A)**

व्याख्या–
– विषुवत रेखीय प्रदेश के उच्च भूमि क्षेत्र बागानी कृषि के लिए उपयुक्त होता है, वहाँ अधिक वर्षा होती है,मृदा में लीचिंग होने के कारण बागानी कृषि उपयोगी है।

25. निम्नलिखित में से कौनसा भारत का राज्य कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है-
(A) त्रिपुरा
(B) मणिपुर
(C) मिजोरम
(D) झारखंड **[B]**

व्याख्या –
– कर्क रेखा भारत में गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, त्रिपुरा और मिजोरम से होकर गुजरती है। मणिपुर कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है ।

26. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कर सही उत्तर का चयन कीजिए-
कथन (A) : हिमालय से निकलने वाली नदियाँ सतत् वाहिनी हैं ।
कारण (B) : हिमालय नदियों का उद्गम स्रोत हिमानियों में स्थित है।
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की पुष्टि करता है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की पुष्टि नहीं करता है।
(C) (A) सही है और (R) गलत है।
(D) (A) गलत है और (R) सही है। **[A]**

व्याख्या –
– हिमालय से निकलने वाली नदियाँ सतत् वाहिनी हैं क्योंकि हिमालयन नदियों का उद्गम स्रोत हिमानियों में स्थित है।

27. भारत का सबसे अधिक विस्तृत भू आकृतिक प्रदेश है-
(A) दक्षिण का पठार
(B) उत्तरी मैदान
(C) उत्तरी पर्वत
(D) तटीय मैदान **[A]**

व्याख्या –
– दक्षिण का पठार भारत का ही नहीं, अपितु विश्व का प्राचीनतम पठार है। यह आर्कियन युग की चट्टानों से बना है तथा इसका कोई भी भाग समुद्र के नीचे नहीं डूबा है।
– विवर्तनि की दृष्टिकोण से शांत क्षेत्र होने के कारण यहाँ भूकम्प की संभावना काफी कम होती है।
– इसका क्षेत्रफल लगभग 7 लाख वर्ग किमी. है। भारत के उत्तरी भाग में स्थित होने के कारण इसे उत्तरी भारत का मैदान भी कहा जाता है। दक्षिण के पठार में लाल-पीली तथा काली मृदा मिलती है।


28. निम्न मानचित्र में राजस्थान की प्रमुख जनजातियों का संकेन्द्रण 1, 2, 3 एवं 4 से प्रदर्शित किया गया है । मानचित्र के नीचे दिये गये क्रम में इन्हें पहचानिये तथा उत्तर दीजिए-



(A) साँसी, गरासिया, भील, सहरिया
(B) भील, साँसी, सहरिया, गरासिया
(C) साँसी, सहरिया, भील, गरासिया
(D) गरासिया, सहरिया, साँसी, भील **[C]**

व्याख्या –
राजस्थान की प्रमुख जनजातियाँ -
(1) **मीणा -** जयपुर, दौसा, सवाईमाधोपुर, करौली, उदयपुर, पाली
(2) **गरासिया -** सिरोही
(3) **भील -** उदयपुर, डुँगरपुर, बाँसवाड़ा, सिरोही
(4) **साँसी –** भरतपुर
(5) **सहरिया –** बारां (शाहबाद, किशनगंज)

29. निम्न मानचित्र में राजस्थान में इंदिरा गाँधी नहर परियोजना की लिफ्ट नहरों की स्थिति 1, 2, 3, एवं 4 से प्रदर्शित की गयी है। मानचित्र के नीचे दिये गये क्रम में इन्हें पहचानिये तथा उत्तर दीजिए-



(A) डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर, जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर, कुँवरसेन लिफ्ट नहर
(B) डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर, कुँवरसेन लिफ्ट नहर
(C) जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर, डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, कुँवरसेन लिफ्ट नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर
(D) जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर, कुँवरसेन लिफ्ट नहर, डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर **[C]**

व्याख्या –
– (i), (ii), (iii) एवं (iv) द्वारा क्रमशः
जय नारायण व्यास लिफ्ट नहर,
डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर,
कुँवरसेन लिफ्ट नहर
चौधरी कुंभाराम लिफ्ट

30. राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी पहाड़ी क्षेत्रों में आदिवासियों द्वारा की जाने वाली कृषि को कहते हैं-
(A) बालरा (B) चिमाता
(C) दजिया (D) शुष्क खेती **[B]**

व्याख्या –
भीलों द्वारा - दाजिया- समतल क्षेत्रों पर
चिमाता- पहाड़ों पर

31. राजस्थान राज्य में किस नदी का अपवाह क्षेत्र न्यूनतम है-
(A) साबरमती (B) माही
(C) वाकल (D) पश्चिमी बनास **[C]**

व्याख्या –
(1) वाकल नदी- उदयपुर के पास गोगुंदा से
(2) साबरमती नदी- उदयपुर के झाडौल के पास
(3) माही नदी - मध्यप्रदेश के धार के अमरोरू पहाड़ी की मेहद झील से
(4) पश्चिमी बनास - सिरोही के नव सानवाड़ा गाँव से

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

32. राजस्थान राज्य में मुख्यतः कोयले की किस्म पाई जाती है-
(A) पीट (B) एन्थ्रेसाइट
(C) बिटुमिनस (D) लिग्नाइट **[D]**

व्याख्या –
- तृतीय मध्य युग में निर्मित लिग्नाइट कोयला राजस्थान में प्रचूर मात्रा में मिलता है।
- राज्य में बाड़मेर के कपूरड़ी, जालिप्पा तथा बीकानेर के बरसिंगसर, पलाना में मिलता है।

33. गोठ मांगलोद क्षेत्र का सम्बन्ध किस खनिज से है-
(A) रॉक फॉस्फेट (B) टंगस्टन
(C) मैंगनीज (D) जिप्सम **[D]**

व्याख्या –
- जिप्सम सेलेनाइट का अयस्क है ।
- जिप्सम उत्पादन में नागौर जिला अग्रणी है ।
- राजस्थान के गोठ मांगलोद क्षेत्र में जिप्सम खनिज पाया जाता है ।

34. मावठ जिससे होती है, वह है-
(A) उत्तरी-पश्चिमी मानसून (B) दक्षिणी-पूर्वी मानसून
(C) उत्तरी-पूर्वी मानसून (D) पश्चिमी विक्षोभ **[D]**

व्याख्या –
- 'मावठ' की प्रक्रिया पश्चिमी विक्षोभ के फलस्वरूप होती है। उत्तर-पश्चिम भारत में इससे सर्दी में वर्षा होती है।
- यह भूमध्य सागरीय पछुआ पवनों द्वारा होती है ।

35. सुमेलित कीजिए-

सूची-1 (कोयला / गैस खानें)	**सूची-2 (जिला)**
A. केसरदेसर	I. जैसलमेर
B. कपूरड़ी	II. नागौर
C. मातासुख	III. बीकानेर
D. तानोट	IV. बाड़मेर

कूट-

	A	B	C	D
(A)	III	IV	II	I
(B)	III	II	IV	I
(C)	I	II	III	IV
(D)	I	IV	II	III

[A]

व्याख्या –
- **कोयला खनन क्षेत्र-**
  केसरदेसर - बीकानेर
  कपूरड़ी - बाड़मेर
  मातासुख - नागौर
  तानोट - जैसलमेर

36. लौह अयस्क खनन क्षेत्र नहीं है-
(A) मोरीजा (B) डाबला
(C) नीमला (D) तलवाड़ा **[D]**

व्याख्या –
- लौह अयस्क उत्पादन में राजस्थान तृतीय स्थान पर है ।

राजस्थान में लौह अयस्क क्षेत्र
(1) मोरिजा बानेल - जयपुर
(2) नीमला राइसेला - दौसा
(3) नीम का थाना - सीकर
(4) डाबला सिंघाना - झुंझुंनू
(5) नाथरा री पाल - उदयपुर
(6) तिरंगा पहाड़ी - भीलवाड़ा

37. जवाई परियोजना से लाभान्वित नहीं होने वाला जिला है-
(A) उदयपुर (B) राजसमन्द
(C) बाड़मेर (D) सिरोही **[*]**

व्याख्या –
- सन् 1856 में निर्मित जवाई बाँध परियोजना पाली, सिरोही, जालौर, जोधपुर जिले में पेयजल उपलब्ध करवाती हैं।
- जवाई बाँध को राजस्थान का अमृत सरोवर कहते है।
- जवाई बाँध में उदयपुर के सेई बाँध से 6.5 किमी. लंबी सुरंग द्वारा जलापूर्ति होती है।

38. संविधान संशोधन करने के विधेयक की वीटो करने की राष्ट्रपति की शक्ति सहमति देनी होगी । इस शब्द से स्थापन्न करके किस संशोधन द्वारा छीन ली गई है-
(A) तेइसवाँ संशोधन
(B) चौबीसवाँ संशोधन
(C) बयालिसवाँ संशोधन
(D) चवालिसवाँ संशोधन **[B]**

व्याख्या –
- 24वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1971 के द्वारा अनुच्छेद 368 में उपखण्ड (1) तथा (3) के तहत् संसद द्वारा पारित विधेयक राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा, जो उस पर अपनी अनुमति देगा।
- इस प्रकार राष्ट्रपति को संविधान संशोधन विधेयक पर अनुमति देने के लिए बाध्य कर दिया गया।

39. भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करने और उसे अक्षुण्ण रखने के मूल कर्त्तव्य को किस स्थान पर रखा गया है-
(A) पहले (B) दूसरे
(C) तीसरे (D) चौथे **[C]**

व्याख्या –
- सरदार स्वर्णसिंह समिति की अनुशंसा पर संविधान के 42वें संशोधन, 1976 ई. के द्वारा मौलिक कर्त्तव्य संविधान में जोड़े गये हैं।
- मौलिक कर्त्तव्यों की सूची में तीसरे स्थान पर भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करने और उसे अक्षुण्ण बनाये रखने के मूल कर्त्तव्य को रखा गया है।

40. संविधान में कौनसा भाग पंचायत से संबंधित है-
(A) भाग-आठ (B) भाग -नौ
(C) भाग-नौ-ए (D) भाग -नौ-बी **[B]**

व्याख्या –
- 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 (24 अप्रैल, 1993) के द्वारा संविधान में भाग - IX एवं 11वीं अनुसूची (पंचायत) को संवैधानिक स्तर प्रदान किया गया।

41. निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए-
1. 44वें संवैधानिक संशोधन, 1978 द्वारा राज्य नीति के सभी निदेशक तत्त्वों को अनुच्छेद 14 एवं 19 में उल्लिखित मूल अधिकारों पर प्राथमिकता प्रदान की गई है
2. मिनर्वा मिल्स वाद, 1980 के निर्णय में उच्चतम न्यायालय ने यह व्यवस्था दी है कि केवल अनुच्छेद 39 (ख) एवं (ग) में उल्लिखित राज्य नीति के निदेशक तत्त्वों को अनुच्छेद 14 एवं 19 में उल्लिखित मूल अधिकारों पर प्राथमिकता संवैधानिक है।

(A) केवल 1 सही है ।
(B) केवल 2 सही है ।
(C) 1 व 2 दोनों सही हैं ।
(D) न तो 1 न ही 2 सही है **[B]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

42. सुमेलित कीजिए-

	संवैधानिक संशोधन का प्रावधान		संवैधानिक संशोधन का क्रमांक
A.	अनु. 19 (1) (ग) के अंतर्गत सहकारी समितियाँ बनाने का अधिकार	I.	81वाँ संशोधन, 2000
B	रिक्तियों के बैकलॉग को भरने में अनुसूचित जनजाति के आरक्षण का संरक्षण	II.	91वाँ संशोधन, 2004
C	राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का निर्माण	III.	97वाँ संशोधन, 2012
D	मंत्रिपरिषद् के आकार को परिमिति करना।	IV.	99 वाँ संशोधन, 2015

कूट :

	A	B	C	D
(A)	I	IV	II	III
(B)	III	I	IV	II
(C)	II	III	I	IV
(D)	III	II	IV	I

[B]

व्याख्या –

- अनु. 19 (1) (ग) के अंतर्गत सहकारी समितियाँ बनाने का अधिकार-97वाँ संशोधन, 2012
- रिक्तियों के बैकलॉग को भरने में अनुसूचित जनजाति के आरक्षण का संरक्षण-81वाँ संशोधन, 2000
- राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का निर्माण-99 वाँ संशोधन, 2015
- मंत्रिपरिषद् के आकार को परिमिति करना-91वाँ संशोधन, 2004

43. सुमेलित कीजिए-

	भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाएँ		उनका सारतत्व
A.	नई रोशनी कार्यक्रम	I.	महिला सशक्तीकरण वित्तीय समावेशन
B	दिशा	II.	वित्तीय समावेशन
C	प्रधानमंत्री जन-धन योजना	III.	नई पेंशन प्रणाली
D	स्वावलंबन	IV.	सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण

कूट :

	A	B	C	D
(A)	IV	II	III	I
(B)	I	IV	II	III
(C)	II	III	IV	I
(D)	III	I	II	IV

[B]

व्याख्या –

- नई रोशनी कार्यक्रम - महिला सशक्तीकरण वित्तीय समावेशन
- दिशा - सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण
- प्रधानमंत्री जन-धन योजना-वित्तीय समावेशन
- स्वावलंबन- नई पेंशन प्रणाली

44. सुमेलित कीजिए-

	संवैधानिक प्रावधान		स्रोत
A.	मौलिक अधिकार	I.	ब्रिटिश संविधान
B	राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व	II.	कनाडा का संविधान
C	मंत्रिमंडलीय सरकार	III.	आईरिश संविधान
D	केंद्र राज्य सम्बन्ध	IV.	अमेरिकी अधिकार पत्र

कूट :

	A	B	C	D
(A)	IV	II	III	I
(B)	IV	I	III	II
(C)	IV	III	I	II
(D)	IV	III	II	I

[C]

व्याख्या-

क्र सं	संवैधानिक प्रावधान	स्रोत
(1)	एकल नागरिकता, संसदीय शासन प्रणाली, मंत्री मण्डलीय शासन, कानून निर्माण की प्रक्रिया, द्वि-सदनीय व्यवस्था	इंग्लैण्ड
(2)	स्वतंत्र न्यायपालिका, मौलिक अधिकार, महाभियोग की प्रक्रिया, उपराष्ट्रपति का पद, न्यायिक पुनरावलोकन, संघात्मक शासन के प्रावधान, वित्तीय आपातकाल, न्यायधीशों को हटाने की प्रक्रिया	अमेरिका
(3)	नीति निदेशक तत्व, राष्ट्रपति का निर्वाचन मण्डल, राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा में 12 सदस्यों का मनोनयन	आयरलैण्ड

45. कथन (A) : भारत की संघात्मक संरचना का मुख्य उद्देश्य इसकी बहु-आयामी विविधताओं में से एक राष्ट्र का निर्माण करना और राष्ट्रीय एकता को संरक्षित करना था

कारण (B) : विविधताओं के समंजन से एक सशक्त, न कि कमजोर, भारतीय राष्ट्रीयता का निर्माण हुआ है

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की पुष्टि करता है

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की पुष्टि नहीं करता है

(C) (A) सही है और (R) गलत है

(D) (A) गलत है और (R) सही है **[A]**

46. सुमेलित कीजिए-

	वाद		विषय
A.	ए. के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य	I.	शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु समानता
B	रोमेश थापर बनाम मद्रास राज्य	II.	संविधान संशोधन की संसद की शक्ति
C	शंकरी प्रसाद बनाम भारतीय संघ	III.	निवारक अवरोध की प्रक्रिया
D	चम्पकदोराइजन बनाम मद्रास राज्य	IV.	स्वतंत्र भाषण पर रोक

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

कूट :

	A	B	C	D
(A)	III	IV	I	II
(B)	II	IV	I	III
(C)	IV	III	II	I
(D)	I	II	III	IV

[*]

व्याख्या –

(1) ए. के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य वाद (1950) मौलिक अधिकारों की व्याख्या तथा संसदीय संविधान की शक्ति का मामला था।

(2) रोमेश थापर बनाम मद्रास राज्य वाद (1950) में सर्वोच्च न्यायालय की मौलिक अधिकारों के संरक्षण की भूमिका से संबंधित मामला था।

(3) शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ वाद (1951) में अनु. 13 (2) के तहत् अनु. 368 के संविधान संशोधन की मान्यता के प्रश्न से संबंधित मामला था ।

(4) चम्पकम दोराइजन बनाम मद्रास राज्य वाद (1951) में अनु. 16 (2) के तहत् की गयी आरक्षण की विशेष व्यवस्था से संबंधित मामली था।

47. सुमेलित कीजिए-

	सूची-1(घटना)		**सूची – 2 (समय)**
A.	भारत शासन अधिनियम	I.	1935
B.	क्रिप्स प्रस्ताव	II.	1940
C.	अगस्त प्रस्ताव	III.	1945
D.	वेवल योजना	IV.	1942

कूंट :

	A	B	C	D
(A)	I	IV	II	III
(B)	I	IV	III	II
(C)	I	II	III	IV
(D)	IV	III	II	I

[A]

व्याख्या –

भारतीय इतिहास की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ एवं समय		
क्र.स.	**घटना**	**समय**
(1)	बंगाल विभाजन	16 Oct, 1905
(2)	सूरत विभाजन (कांग्रेस का अधिवेशन)	1907
(3)	अहमदाबाद मिल हड़ताल	1918
(4)	खेड़ा सत्याग्रह	1918
(5)	खिलाफत आंदोलन	1918
(6)	क्रिप्स मिशन	March 1942
(7)	देसाई - लियाकत पैक्ट	Jan. 1945
(8)	वेवेल योजना	June 1945
(9)	कैबिनेट मिशन	24 March 1946

48. सुमेलित कीजिए-

	सूची-1(पुस्तक)		**सूची-2 (लेखक)**
A.	गाँधीयन कांस्टीट्यूशन फॉर इंडिया	I.	डी. मेकेन्जी ब्राउन
B	द रिपब्लिक ऑफ इंडिया	II.	श्रीमन नारायण
C	द व्हाइट अम्ब्रेला	III.	ए. ग्लेडहिल
D	द पोलिटिक्स ऑफ इंडिया सिन्स इंडिपेंडेंस	IV.	पॉल आर. ब्रास

कूट :

	A	B	C	D
(A)	II	I	IV	III
(B)	II	III	I	IV
(C)	I	II	III	IV
(D)	II	IV	I	III

[*]

व्याख्या –

A.	गांधीयन कांस्टीट्यूशन फॉर इंडिया	I.	श्रीमन नारायण
B	द रिपब्लिक ऑफ इंडिया	II.	बर्ट्रेंड रसेल
C	द व्हाइट अम्ब्रेला	III.	रस्किन बॉन्ड
D	द पोलिटिक्स ऑफ इंडिया सिन्स इंडिपेंडेंस	IV.	पॉल आर. ब्रास

49. निम्नलिखित में से किस एक संवैधानिक संशोधन द्वारा मिजोरम को राज्य का दर्जा दिया गया-

(A) 54वाँ (B) 55वाँ

(C) 52वाँ (D) 53वाँ **[D]**

व्याख्या –

– 53वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1986 के द्वारा मिजोरम को पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान किया गया था।

50. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कर सही उत्तर का चयन कीजिए-

कथन (A) : सरकारिया कमीशन की सिफारिश के अनुसार अनुच्छेद 356 का प्रयोग कम से कम होना चाहिए

कारण (B) : जिन राजनीतिक दलों ने केन्द्र में सरकार बनायी उन्होंने अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग किया

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की पुष्टि नहीं करता है

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की पुष्टि करता है

(C) (A) सही है और (R) गलत है

(D) (A) गलत है और (R) सही है **[B]**

व्याख्या –

– सरकारिया आयोग की स्थापना 1983 में केन्द्र राज्य सम्बंधो के लिए की गई।

– सरकारिया आयोग की सिफारिश के अनुसार अनुच्छेद 356 का प्रयोग कम से कम होना चाहिए क्योंकि जिन राजनीतिक दलों ने केन्द्र में सरकार बनायी, उन्होंने अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग किया।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

51. निम्नलिखित में से कौन जून, 2009 में सृजित भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के प्रथम महानिदेशक नियुक्त किये गये-

(A) श्री नन्दन नीलेकणी (B) श्री अशोक देसाई
(C) श्री राम सेवक शर्मा (D) श्री मोंटेक सिंह अहलुवालिया **[C]**

व्याख्या –

– वर्तमान में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (आधार) के महानिदेशक अमित अग्रवाल है। जून, 2009 में सृजित भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण का प्रथम महानिदेशक श्री राम सेवक शर्मा को नियुक्त किया गया था।

52. सुमेलित कीजिए-

	सूची–1 (मानवाधिकार प्रलेख)		**सूची-2 (वर्ष)**
A.	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम	I.	1990
B	बाल मज़दूर (निषेध एवं नियामक अधिनियम)	II.	1995
C	निःशक्तजन (समान अधिकारिता, अधिकार संरक्षण एवं पूर्ण सहभागिता) - अधिनियम	III.	1986
D	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग	IV.	1993

कूट :

	A	B	C	D
(A)	IV	III	II	I
(B)	III	I	II	IV
(C)	III	I	IV	II
(D)	II	I	III	IV

[*]

व्याख्या –

A.	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम	I.	1993
B	बाल मज़दूर (निषेध एवं नियामक अधिनियम)	II.	1986
C	निःशक्तजन (समान अधिकारिता, अधिकार संरक्षण एवं पूर्ण सहभागिता) - अधिनियम	III.	1995
D	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग	IV.	1993

53. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नहीं था-

(A) जस्टिस एन. के. जैन
(B) जस्टिस एस. सगीर अहमद
(C) जस्टिस कान्ता भटनागर
(D) जस्टिस प्रेमचंद जैन **[D]**

व्याख्या –

– वर्तमान में राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री महेशचंद्र शर्मा है।

प्रथम अध्यक्ष – जस्टिस कांता भटनागर
द्वितीय अध्यक्ष – एन. के. जैन
तृतीय अध्यक्ष – एस. सागीर अहमद
वर्तमान अध्यक्ष – गोपाल कृष्ण व्यास

54. कितनी सेवाओं को राजस्थान लोक सेवा गारण्टी डिलिवरी अधिनियम, 2011 में गारण्टी दी गई-

(A) 106 (B) 107
(C) 108 (D) 109 **[*]**

व्याख्या –

– प्रारंभिक अधिनियम में 18 प्रमुख सरकारी विभागों की 153 सेवाओं को शामिल किया गया था।

55. राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार स्थानीय नगर निकाय 2015 के सामान्य चुनाव में राज्य में मतदान दर थी -

(A) 75.19 प्रतिशत (B) 76.19 प्रतिशत
(C) 77.19 प्रतिशत (D) 78.19 प्रतिशत **[B]**

व्याख्या –

– राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार स्थानीय नगर निकाय 2015 के सामान्य चुनाव में राज्य में मतदान दर 76.19 प्रतिशत थी।

56. राजस्थान विधानसभा के लिए प्रथम आम चुनावों में कांग्रेस के बाद जिस राजनीतिक दल को द्वितीय सर्वाधिक स्थान प्राप्त हुए वह था-

(A) भारतीय संसद
(B) राम राज्य परिषद्
(C) किसान मजदूर प्रजा पार्टी
(D) हिन्दू महासभा **[B]**

व्याख्या –

– स्वतंत्रता के बाद राजस्थान विधानसभा के लिए प्रथम आम चुनावों में कांग्रेस के बाद राम राज्य परिषद् को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था ।
– कांग्रेस को 82 तथा राम राज्य परिषद् को 24 सीटें प्राप्त हुई थी ।
– राजस्थान में प्रथम विधानसभा में कुल 160 सीटें थी।

57. किन वर्षों में संभागीय आयुक्त के पद को समाप्त और पुनर्स्थापित कर दिया गया था-

(A) 1962 में समाप्त और 1971 में पुनर्स्थापित
(B) 1959 में समाप्त और 1987 में पुनर्स्थापित
(C) 1966 में समाप्त और 1973 में पुनर्स्थापित
(D) 1962 में समाप्त और 1987 में पुनर्स्थापित **[D]**

व्याख्या –

– राजस्थान में संभागीय व्यवस्था की शुरुआत वर्ष 1949 में मुख्यमंत्री हीरालाल शास्त्री द्वारा की गई। अप्रैल, 1962 में मोहनलाल सुखाड़िया सरकार द्वारा संभागीय व्यवस्था समाप्त कर दी गयी।
– 15 जनवरी, 1987 को हरिदेव जोशी ने पुनः संभागीय व्यवस्था प्रारम्भ की।

58. राजस्थान सरकार मानवाधिकार आयोग के बारे में क्या सत्य नहीं है-

निम्नलिखित कथनों को पढ़िये और नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए –

1. आयोग ने मई, 2000 से पूर्णतया कार्य करना शुरू किया
2. आयोग में एक पूर्णकालिक अध्यक्ष और दो सदस्य हैं
3. आयोग के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश या पूर्व न्यायाधीश हो सकते हैं
4. जुलाई, 2000 से जुलाई, 2005 तक न्यायाधीश ए. एस. गोदारा आयोग के अध्यक्ष थे

(A) 1, 3 और 4
(B) 2, 3 और 4
(C) 2 और 3
(D) 1, 2, 3 और 4 **[A]**

व्याख्या –

– राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग ने मई, 2000 से पूर्णतयाः कार्य करना शुरू किया तथा इसकी पहली अध्यक्ष जस्टिस कांता भटनागर (2000) थीं। इसके वर्तमान अध्यक्ष गोपाल कृष्ण व्यास हैं।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

59. सूची - 1 (14वीं राजस्थान विधान सभा में 2015-16 के लिए वित्त समितियाँ) को सूची-2 (उनके अध्यक्ष) से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये-

	सूची-1 (समिति)		सूची-2 (उनके अध्यक्ष)
A.	लोक लेखा समिति	I.	मोहनलाल गुप्ता
B.	लोक उपक्रम समिति	II.	ज्ञानदेव आहुजा
C.	प्राक्कलन समिति	III.	प्रद्युम्न सिंह
D.	प्राक्कलन ख समिति	IV.	डॉ. गोपाल कृष्ण

कूट-

	A	B	C	D
(A)	III	I	II	IV
(B)	I	III	IV	II
(C)	IV	II	I	III
(D)	III	IV	I	II

[A]

व्याख्या –

अध्यक्ष

क्र. सं	समिति	2017-18
(1)	लोक लेखा समिति	प्रद्युम्न सिंह
(2)	लोक उपक्रम समिति	मोहनलाल गुप्ता
(3)	प्राक्कलन समिति 'क'	ज्ञानदेव आहुजा
(4)	प्राक्कलन समिति 'ख'	डॉ. गोपाल कृष्ण

60. 11 सितम्बर, 2015 को यथा विद्यमान, राजस्थान का कौनसा जिला शौचालयों के निर्माण के वार्षिक लक्ष्य को अर्जित करने में पहले स्थान पर रहा है-

(A) सिरोही (B) पाली
(C) अजमेर (D) उदयपुर **[C]**

व्याख्या –

– राजस्थान का अजमेर जिला शौचालयों के निर्माण के वार्षिक लक्ष्य को अर्जित करने में प्रथम स्थान पर रहा।

61. राजस्थान में राष्ट्रपति शासन कितनी बार लगाया गया -

(A) 6 (B) 4
(C) 7 (D) 2 **[B]**

व्याख्या –

– राजस्थान में अब तक चार बार (1968, 1977, 1980, 1992) राष्ट्रपति शासन लग चुका है।

62. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान का प्रमुख सचिव बना-

(A) श्री बी. जी. राव (B) श्री वी. नारायण
(C) श्री के. राधाकृष्णन (D) श्री एस. डब्ल्यू. शिवेश्कर **[C]**

व्याख्या –

– वर्तमान में राजस्थान के प्रमुख सचिव उषा शर्मा है । श्री के. राधाकृष्णन राजस्थान के प्रथम मुख्य सचिव थे। सबसे लंबा कार्यकाल अभय सिंह मेहता का रहा था।

63. वर्ष 2013-14 में राजस्थान का किस फसल के उत्पादन में समस्त देश में प्रथम स्थान रहा था -

(A) मोटे अनाज (B) समस्त दालों
(C) रेपसीड (D) रेपसीड व सरसों **[D]**

व्याख्या –

– वर्ष 2022-23 में राजस्थान का रेपसीड व सरसों के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान रहा था। वर्तमान में राजस्थान सरसों, बाजरा, ईसबगोल, ग्वार, जीरा के उत्पादन में प्रथम स्थान पर है।

64. सुमेलित कीजिए-

	सूची-1 (मध्यम सिंचाई प्रोजेक्ट)	सूची-2 (जिस जिले में स्थित है)
A.	गागरीन	i. कोटा
B.	पीपलाद	ii. बूँदी
C.	गरदड़ा	iii. झालावाड़
D.	तकली	iv. बारां

कूट :

	A	B	C	D
(A)	I	II	III	IV
(B)	IV	III	II	I
(C)	III	IV	II	I
(D)	I	IV	II	III

[C]

व्याख्या –

गागरीन - झालावाड़
पीपलाद - बारां
गरदड़ा - बूँदी
तकली - कोटा

65. डॉ. सी. रंगराजन विशेषज्ञ समूह द्वारा अपनायी गयी विधि के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य में 2011-12 में जनसंख्या के संबंध में निर्धनता का अनुपात सही नहीं रहा-

(A) छत्तीसगढ़ 37.9 प्रतिशत
(B) गोवा 6.3 प्रतिशत
(C) राजस्थान 21.7 प्रतिशत
(D) समस्त भारत 29.5 प्रतिशत **[A]**

व्याख्या –

– डॉ. सी. रंगराजन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2011-12 में 30.9 प्रतिशत ग्रामीण तथा 26.4 प्रतिशत शहरी आबादी गरीबी रेखा के नीचे रहती है, जबकि राष्ट्रीय औसत 29.5 प्रतिशत है।

66. राजस्थान में वर्तमान में किस सुपर क्रिटिकल पावर प्लाण्ट की प्रस्थापित क्षमता सर्वाधिक मानी गयी है-

(A) सूरतगढ़ थर्मल पावर प्रोजेक्ट
(B) कालीसिंध थर्मल पावर प्रोजेक्ट
(C) छबड़ा थर्मल पावर प्रोजेक्ट
(D) कोटा थर्मल संयंत्र **[A]**

व्याख्या –

– राजस्थान का सूरतगढ़ थर्मल पावर प्रोजेक्ट से वर्तमान में 1500 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। जो गंगानगर जिले में अवस्थित है। यह राजस्थान का पहला सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन है।
– वर्तमान में छबड़ा थर्मल पॉवर प्लांट 2320MW के साथ सर्वाधिक उत्पादन करता है। यह बारां जिले में स्थित है।

67. भारत में हाल ही में राष्ट्रीय आय के माप में क्या बड़ा परिवर्तन किया गया है-

(A) आधार वर्ष 2004-05 से बदलकर 2011-12 किया गया है।
(B) गणना साधन - लागत से बदलकर बाजार कीमतों पर की गयी है।
(C) गणना चालू कीमतों से बदलकर स्थिर कीमतों पर की गई है।
(D) आधार वर्ष व गणना विधि दोनों में बदलाव किया गया है।

[D]

व्याख्या –

– भारत में राष्ट्रीय आय के माप में आधार वर्ष 2004-05 से 2011-12 कर दिया है। वर्तमान में गणना बाजार लागत पर की जाती है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

68. भारत में निकट भविष्य में 8 प्रतिशत या अधिक आर्थिक वृद्धि दर प्राप्त करने में सर्वाधिक सहयोग किस तत्त्व (कारक) से मिल सकता है-

(A) देश में श्रम शक्ति का तीव्र गति से कौशल विकास किया जाये ।
(B) सभी अवरुद्ध या रुके हुए उत्पादक प्रोजेक्टों का क्रियान्वयन किया जाये ।
(C) व्यवसाय - व्यापार करने को आसान बनाने में तेज रफ्तार से वृद्धि की जाये ।
(D) वस्तु व सेवा कर को बिना विलम्ब के 1 अप्रैल, 2016 से लागू किया जाये। **[D]**

व्याख्या –

– भारत में निकट भविष्य में 8 प्रतिशत या अधिक आर्थिक वृद्धि दर प्राप्त करने में सर्वाधिक सहयोग वस्तु व सेवा कर से मिल सकता है-

69. सुमेलित कीजिए-

	सूची-1 (विशेषज्ञता)		**सूची-2 (नाम)**
A.	कराधान	I.	एम. गोविन्दा राव
B.	कृषि	II.	सी. रंगराजन
C.	मौद्रिक नीति	III.	अरविंद पनगढ़िया
D.	भारतीय अर्थव्यवस्था, नियोजन व राज्य स्तरीय सुधार	IV.	अशोक गुलाटी
E.	राजकोषीय	V.	पार्थसारथी सोम

कूट :

	A	**B**	**C**	**D**	**E**
(A)	II	IV	I	III	V
(B)	I	IV	III	II	V
(C)	V	IV	II	III	I
(D)	V	IV	III	II	I

[C]

व्याख्या –

कराधान	-	पार्थसारथी सोम
कृषि	-	अशोक गुलाटी
मौद्रिक नीति	-	सी. रंगराजन
भारतीय अर्थव्यवस्था, नियोजन व राज्य स्तरीय सुधार	-	अरविंद पनगढ़िया
राजकोषीय	-	एम. गोविन्दा राव

70. राजस्थान में केरोसीन के लिए खाते में धनराशि की सीधे हस्तांतरण योजना पायलट आधार पर लागू हुई-

(A) कोटपूतली तहसील से
(B) कोटकासिम तहसील से
(C) कोटड़ा तहसील से
(D) किशनगढ़ तहसील से **[B]**

व्याख्या –

– राजस्थान में DBT योजना सर्वप्रथम दिसम्बर, 2011 से अलवर के कोटकासिम से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तथा राजस्थान में 1 अप्रैल, 2016 से 26 जिलों से शुरू की ।

71. नेशनल बाँस मिशन के अंतर्गत कौनसा जिला शामिल नहीं है-

(A) जालौर (B) बाँसवाड़ा
(C) करौली (D) भीलवाड़ा **[A]**

व्याख्या –

नेशनल बाँस मिशन- वर्ष 2006-07

– नेशनल बाँस मिशन के अंतर्गत राजस्थान के 10 जिलों- सवाई माधोपुर, करौली, बाँसवाड़ा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, राजसमंद, झालावाड़ और डूँगरपुर जिले आते हैं।
– वर्ष 2019 में बाँस को वृक्ष श्रेणी से हटाकर घास श्रेणी में प्रतिस्थापित कर दिया।

72. एफ.एम. प्रसारण सेवा में प्रयुक्त होने वाले आवृत्ति बैंड का परास होता है-

(A) 54 से 75 मेगाहर्ट्ज के मध्य
(B) 76 से 87 मेगाहर्ट्ज के मध्य
(C) 88 से 108 मेगाहर्ट्ज के मध्य
(D) 109 से 139 मेगाहर्ट्ज के मध्य **[C]**

व्याख्या –

– एफ. एम. प्रसारण सेवा में प्रयुक्त होने वाले आवृत्ति बैण्ड का परास 88 से 108 मेगाहर्ट्ज के मध्य होता है।

73. निम्नलिखित में से कौनसा वायु का अकार्बनिक गैसीय प्रदूषक है-

(A) हाइड्रोजन साइनाइड
(B) हाइड्रोजन सल्फाइड
(C) मीथेन
(D) फॉस्जीन **[B]**

व्याख्या –

– हाइड्रोजन सल्फाइड (H_2S) वायु का अकार्बनिक गैसीय प्रदूषक है। यह ज्वलनशील होने के साथ वायु से भारी भी होती है।

74. भारत में निम्नलिखित में से कौनसा क्षेत्र जैव विविधता तप्त स्थल है-

(A) सुन्दरवन (B) पश्चिमी घाट
(C) पूर्वी घाट (D) गंगा के मैदान **[B]**

व्याख्या –

– **Biological Hot Spot-**
1988 में नार्मल मेयर द्वारा प्रारंभ । वर्तमान समय में विश्व में 35 जैव विविधता तप्त स्थल है। जैव विविधता तप्त स्थल घोषित होने के लिए उस क्षेत्र में कम से कम 1500 जीव- पादपों की प्रजातियाँ होनी चाहिए तथा 30 प्रतिशत वनस्पति उसी क्षेत्र में विशिष्ट रूप से उगती हो।
– **भारत में 4 जैव विविधता तप्त स्थल हैं-**
(1) हिमालयन
(2) इण्डो- बर्मा ईस्टर्न हिमालय (अण्डमान)
(3) पश्चिमी घाट तथा श्रीलंका
(4) सुण्डा लैण्ड (निकोबार)

75. पुनर्योगज डी. एन. ए. तकनीक के चरण नीचे दिये गये हैं-

A. आनुवंशिक पदार्थ की पहचान एवं पृथक्करण
B. डी. एन. ए. का विखंडन
C. बाह्य जीन उत्पादन की प्राप्ति
D. प्रवाहिक प्रक्रिया
E. डी. एन. ए. खंड को वाहक में जोड़ना
F. इच्छित डी. एन. ए. खंडों का पृथक्करण
G. रुचि वाले जीन का परिवर्धन
H. पुनर्योगज डी.एन.ए. का पोषी कोशिक/जीव में स्थानान्तरण

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

चरणों का सही अनुक्रम है-

(A) A→D→C→B→E→G→F→H
(B) A→B→ F→ G→E→H→C→D
(C) H→F→ G→ E→ A→ D→ B→C
(D) C→A→ B→D→F→E→G→H **[B]**

व्याख्या –

– पुनर्योगज डी. एन. ए. तकनीक के चरण क्रमानुसार होंगे आनुवंशिक पदार्थ की पहचान एवं पृथक्करण, डी. एन. ए. का विखण्डन, इच्छित डी. एन. ए. खण्डों का पृथक्करण, रुचि वाले जीन का परिवर्धन, डी. एन. ए. खण्ड को वाहकों में जोड़ना, पुनर्योगज डी. एन. ए. का पोषी कोशिका / जीव में स्थानान्तरण, बाह्य जीन उत्पाद की प्राप्ति तथा प्रवाहिक क्रिया।

76. निम्नलिखित में से कौनसा जोड़ा सही है-

(A) लाइगेसेज - आण्विक कैंची
(B) लाइगेसेज - आण्विक सीवनकार
(C) रेस्ट्रिक्शन एण्डोन्यूक्लिएजेज - आण्विक सीवनकार
(D) डी.एन.ए. पॉलीमरेज - आण्विक कैंची **[B]**

व्याख्या –

एन्जाइम		कार्य
न्युक्लिएजेज	-	DNA को तोड़ते (आण्विक कैंची)
लाइगेसेज	-	DNA को जोड़ते हैं (आण्विक सीवनकार)
रेक्ट्रिक्शन एण्डोन्युक्लिएजेज	-	वेक्टर को तोड़ना (आण्विक कैंची)
DNA टायो आइसोमेरेज	-	DNA कुण्डलन के तनाव को कम करना

77. एस्पिरीन के संबंध में कौनसा कथन सत्य नहीं है-

(A) एस्पिरीन मादक दर्दनाशक दवाओं के अंतर्गत आता है ।
(B) यह दर्द से राहत में प्रभावी है ।
(C) यह खून में थक्के नहीं जमने देता है ।
(D) यह न्यूरोलॉजिकली (तंत्रकीय रूप में) सक्रिय दवा है | **[A]**

व्याख्या –

– एस्पिरिन न्यूरोलॉजिकली सक्रिय दवा है। एस्पिरिन माइग्रेन के इलाज के लिये प्रयुक्त मुख्य औषधियों में से एक है, जो 50-60% मामलों में आराम पहुँचाती है। इसमें ऐसिटाइल सेलिसिक अम्ल होता है इसकी खोज 1853 में चार्ल्स फ्रेडरिक गर्टहारड्ट ने किया।

78. इसरो द्वारा निर्मित कुछ उपग्रहों की सूची उनके प्रक्षेपण की दिनांक के साथ नीचे दी गई है। इन उपग्रहों में से जो दो अपनी कक्षा तक पहुँचने में विफल रहे, वे हैं –

उपग्रह	प्रक्षेपण की दिनांक
1. GSAT-2	- 8 मई, 2003
2. GSAT-4	- 15 अप्रैल, 2010
3. GSAT-5P	- 25 दिसम्बर, 2010
4. GSAT-12	- 15 जुलाई, 2011

(A) 1 और 2
(B) 2 और 3
(C) 3 और 4
(D) 4 और 1 **[B]**

व्याख्या –

– GSAT-4 तथा GSAT-5P नामक दो उपग्रह अपनी कक्षा में पहुँचने में विफल रहे हैं।

79. सी-130 - जे सुपर हरक्यूलिस भारतीय वायु सेना द्वारा प्रयोग में लिया जा रहा विश्व का अत्यधिक उन्नत एयर लिफ्टर (वायुयान) है । ये वायुयान बनाये जाते हैं-

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा
(B) रूस द्वारा
(C) फ्रांस द्वारा
(D) इजराइल द्वारा **[A]**

व्याख्या –

– C-130J सुपर हरक्यूलिस विमान का निर्माण अमेरिका की बोइंग कम्पनी के द्वारा किया जाता है।

80. एक व्यक्ति दुर्घटना में घायल हो गया है। उसके रक्त समूह की जाँच के लिए समय नहीं है। उसे निम्नलिखित में से कौनसा खून दिया जाना चाहिए-

(A) O, Rh + (B) O, Rh –
(C) AB, Rh – (D) AB, Rh+ **[B]**

व्याख्या –

– रक्त समूह की जाँच के लिए समय नहीं है, तो उसे O, Rh^- खून बिना जाँच के दिया जा सकता है।
– Rh फैक्टर एक प्रोटीन है, जो लाल रक्त कोशिकाओं की सतह पर पाया जा सकता है। यदि आपकी रक्त कोशिकाओं में यह प्रोटीन है, तो आप Rh पॉजिटिव हैं। यदि आपकी रक्त कोशिकाओं में यह प्रोटीन नहीं है, तो आप Rh नेगेटिव हैं। आपके रक्त प्रकार का सकारात्मक या नकारात्मक भाग, जैसे कि O धनात्मक या A ऋणात्मक, आपकी Rh स्थिति को दर्शाता है ।

81. निम्नलिखित रोगों में से एक पानी के प्रदूषण की वजह से नहीं है-

(A) हेपेटाइटिस-बी (B) पीलिया
(C) हैजा (D) टायफाइड **[A]**

व्याख्या—

हेपेटाइटिस B- यह वायरस जनित रोग है, यह रोग आमतौर पर संक्रमित शारीरिक तरल पदार्थ के संपर्क में आने से फैलता है।
लक्षण परिवर्तनशील हैं और इनमें आँखों का पीला पड़ना, पेट में दर्द और गहरे रंग का पेशाब शामिल है। कुछ लोगों, विशेषकर बच्चों को किसी भी लक्षण का अनुभव नहीं होता है। पुराने मामलों में, लीवर की विफलता, कैंसर या घाव हो सकते हैं।

82. सुनहरी (गोल्डन) चावल है-

(A) चीन की पीली नदी के तट पर उगाई गई चावल की एक किस्म।
(B) लम्बे समय के उपरान्त पीली आभा (टिन्ट) वाले चावल।
(C) एक ट्रांसजेनिक चावल की किस्म जिसमें कैरोटीन के लिए जीन उपलब्ध है।
(D) चावल की एक जंगली किस्म जिसमें पीले रंग के चावल होते हैं। **[C]**

व्याख्या-

सुनहरी गोल्डन चावल (SGR-1)-

– स्विस फेडरलट्युट ऑफ टेक्नोलॉजी के इगो पोट्रिकस तथा फिबर्ग विश्वविद्यालय के पीटर वेयर द्वारा खोजी गयी।
सुनहरा चावल (गोल्डन चावल) औरिजा सैटिवा चावल का एक किस्म है जिसे बिटा-कैरोटिन, जो जेनेटिक इंजिनियरिंग के द्वारा बनाया जाता है।
– सुनहरी गोल्डन चावल-2 किस्म 2005 में विकसित की गयी।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

83. निम्नलिखित जंगलों में से कौनसा जंगल पृथ्वी ग्रह के फेफड़ों के रूप में जाना जाता है-

(A) टैगा वन
(B) टुंड्रा वन
(C) अमेजन वर्षा वन
(D) पूर्वोत्तर भारत के वर्षा वन **[C]**

व्याख्या-

– अमेजन वर्षा वन को पृथ्वी ग्रह के फेफड़े के रूप में जाना जाता है। यह विश्व की लगभग 20 प्रतिशत ऑक्सीजन पैदा करता है तथा यह कार्बन-डाई-ऑक्साइड का बहुत बड़े भाग का अवशोषण करता है। इसलिए इसको 'कार्बन सिंक' भी कहा जाता है।

84. ऐसा उपकरण जो रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर दे, वह कहलाता है-

(A) मोटर (B) जेनरेटर
(C) गतिमान कॉइल मीटर (D) बैटरी **[D]**

व्याख्या-

उपकरण	-	**ऊर्जा का रूपांतरण**
डायनेमो	-	यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा
कैंडल	-	रासायनिक ऊर्जा से ऊष्मा/प्रकाश ऊर्जा
माइक्रोफोन	-	ध्वनि ऊर्जा से विद्युत ऊर्जा
लाउड स्पीकर	-	विद्युत ऊर्जा से ध्वनि ऊर्जा
सौलर सेल	-	सौलर ऊर्जा से विद्युत ऊर्जा
ट्यूबलाइट	-	विद्युत ऊर्जा से प्रकाश ऊर्जा
विद्युत बल्ब	-	विद्युत ऊर्जा से प्रकाश ऊर्जा
बैटरी	-	रासायनिक ऊर्जा से विद्युत ऊर्जा
विद्युत मोटर	-	विद्युत ऊर्जा से यांत्रिक ऊर्जा
सितार	-	यांत्रिक ऊर्जा से ध्वनि ऊर्जा

85. निम्नलिखित में से पारिस्थितिकी तंत्र का कौनसा एक जीवीय संघटक नहीं है-

(A) वनस्पति (B) जीवाणु
(C) जानवर (D) वायु **[D]**

व्याख्या-

अजीवीय संघटन	**जीविय संघटन**
ताप	जीवाणु
वायु	जानवर
ऊर्जा	वनस्पति
विकिरण	डिस्कम्पोजर
मृदा	
पानी	

86. यूनीकोड इनकोड परियोजना एक वर्ण अथवा अंक का कितने के समूह में प्रतिनिधित्व करती है-

(A) 4 बिट (B) 8 बिट
(C) 12 बिट (D) 16 बिट **[D]**

व्याख्या-

– यूनीकोड इनकोड परियोजना एक वर्ण अथवा अंक का 16 बिट के समूह में प्रतिनिधित्व करती हैं।

87. रेटिना अपवृद्धि है-

(A) मध्यमस्तिष्क की (B) अग्र मस्तिष्कपश्च की
(C) उन्मस्तिष्क की (D) पोन्स वेरोलाई की **[B]**

व्याख्या-

– रेटिना अपवृद्धि अग्र मस्तिष्कपश्च की होती है। वह मस्तिष्क का प्रथम सबसे बड़ा भाग है । इसमें घ्राण पिण्ड, रेसेब्रम गोलार्ध तथा डाइएनसेफेलान उपस्थित होते है

88. एन्जाइम तथा उसके कार्यों के सही जोड़े का चयन कीजिए-

(A) ई. कोलाई प्रतिबंधित एंडो न्युक्लिस II — डी.एन.ए. को विशिष्ट स्थलों पर काटने के लिए।
(B) ऐक्रोसीन — अण्डे के कॉर्टिकल कणों द्वारा स्रावित, जो बहुशुक्राणु निषेचन को रोकता है।
(C) सक्सिनिक डीहाइड्रोजिनेस — लाइसोसोमल चिह्नक एन्जाइम, जो उपापचयों का जल अपघटन करता है।
(D) अम्लीय फॉस्फेट — सूत्रकणिका चिह्नक किण्वन, जो ऑक्सीकारक कार्यों से संबंधित है।

[A]

व्याख्या-

एंजाइम		**कार्य**
अम्लीय फॉस्फेट	-	लाइसोसोमल एन्जाइम, जो उपापचयों का जल का अपघटन करता है।
एन्डो न्युक्लियेस II	-	ई. कोलाई प्रतिबंधित डी.एन.ए. को विशिष्ट स्थलों पर काटने का कार्य करता है।
ऐक्रोसीन	-	शुक्राणुओं से स्रावित एंजाइम जो अण्डाणु में प्रवेश करने में मदद करता है।
सक्सिनिक डी हाइड्रोजिनेस	-	सूत्रकणिका चिह्नक किण्वन, जो ऑक्सीकारक कार्यों से संबंधित है।

89. मानव पोषण के लिए टमाटर बहुल स्रोत है-

(A) मेथोनिक अम्ल का
(B) साइट्रिक अम्ल का
(C) ऑक्सेलिक अम्ल का
(D) ऐसिटिक अम्ल का **[B]**

व्याख्या-

पौधा	-	**संबंधित अम्ल**
नींबू	-	साइट्रिक अम्ल
टमाटर	-	साइट्रिक अम्ल
सेव	-	मेलिक अम्ल
केला	-	मेलिक अम्ल
शलजम	-	ऑक्जेलिक अम्ल
आँवला	-	ऐस्कार्बिक अम्ल
सिरका	-	ऐसिटिक अम्ल
अँगूर	-	टार्टरिक अम्ल
करौंदा	-	टार्टरिक अम्ल
योगर्ट	-	लेक्टिक अम्ल

90. कीवी है-

(A) उड़न-अक्षम पक्षी जो केवल न्यूजीलैंड में पाया जाता है।
(B) एक रेगिस्तानी सर्प।
(C) ऑस्ट्रेलिया का सबसे तीव्र गति से उड़ने वाला कायरोप्टरन स्तनी।
(D) गिद्ध की एक प्रजाति जो केवल अमेजन के जंगलों में पायी जाती है। **[A]**

व्याख्या-

– यह न्यूजीलैण्ड का राष्ट्रीय पक्षी है। कीवी एक उड़ने में अक्षम पक्षी है, जो केवल न्यूजीलैण्ड में पाया जाता है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

91. जलाशयों में यूट्रोफिकेशन होता है-

(A) ऑक्सीजन की कमी के कारण।
(B) शैवालों की अत्यधिक वृद्धि अथवा शैवाल ब्लूम के कारण।
(C) नाइट्रोजीनस पोषक तत्त्वों एवं ओर्थोफोस्फेट के आधिक्य के कारण।
(D) जलाशयों में मूर्तियों के विसर्जन के कारण।

[C]

व्याख्या-

यूट्रोफिकेशन- एक जल निकाय पोषक तत्त्वों से अत्यधिक समृद्ध हो जाता है, जिससे सरल पौधों के जीवन की भरपूर वृद्धि होती है।

– यूट्रोफिकेशन को एक गंभीर पर्यावरणीय चिंता माना जाता है क्योंकि इसके परिणामस्वरूप अक्सर पानी की गुणवत्ता में गिरावट होती है और जल निकायों में घुलनशील ऑक्सीजन की कमी होती है।

92. निम्नलिखित फसल समूहों में से कौनसा समूह ऐसा है जिसमें कोई फसल / फसलें जैव-ईंधन के रूप में प्रयुक्त नहीं की जा सकती-

(A) जेट्रोफा, गन्ना, पाम
(B) मसूर, चुकंदर, गेहूँ
(C) सोयाबीन, मक्का, रेपसीड
(D) गन्ना, मक्का, सरसों

[B]

व्याख्या-

– मसूर, चुकन्दर व गेहूँ का प्रयोग जैव ईंधन के रूप में नहीं होता है।

93. मरुस्थल में फ्रिएटोफाइट्स मिलते हैं, यानी ऐसे पादप जिनमें-

(A) पत्तियों में वसा का संग्रहण (20-30 मिग्रा) होता है।
(B) लम्बी (20-30 फीट) मूसला जड़ होती है।
(C) छोटी (2-3 मिमी) अथवा कांटेनुमा पत्तियाँ होती हैं।
(D) रसाल स्तम्भ (1000-200 मिमी/ मोटा) होता है।

[B]

व्याख्या-

– ऐसे पादप जिनमें लम्बी-लम्बी मूसला जड़ें होती हैं। इनकी जड़ें 20 से 30 फीट तक लम्बी होती हैं। ऐसे पोधों को फ्रिएटोफाइट्स कहते हैं।

94. किसी किसी कूट भाषा में 567 का अर्थ है Black tall Man, 859 का अर्थ है Curly black hair एवं 167 का अर्थ है fat tall man तो उसी कूट भाषा में "1" क्या व्यक्त करता है-

(A) black (B) fat
(C) curly (D) tall

[B]

व्याख्या-

– 567 black tall man ....(i)
859 curly black hair ...(ii)
167 fat tall man ...(iii)
यहाँ पर हम देख रहे हैं कि केवल समीकरण (iii) में अक्षर एवं सांकेतिक शब्द का प्रयोग किया गया है, जबकि इसके सहयोगी शब्द एवं सांकेतिक कोड अन्य समीकरण में भी प्रयोग किये गये हैं। अतः समीकरण (iii) से 1 – fat


95. एक लड़की स्कूल जाना चाहती है। वह अपने घर से चलना प्रारम्भ करती है जो पूर्व दिशा में स्थित है और उसे आगे एक चौराहा मिलता है। बायीं ओर की सड़क जंगल की ओर जाती है एवं सीधी सड़क बाजार को जाती है, तो उसका स्कूल किस दिशा में है-

(A) पूर्व (B) पश्चिम
(C) उत्तर (D) दक्षिण

[C]

व्याख्या-

– प्रश्नानुसार, उसका घर पूर्व दिशा में है, इसलिए चौराहा उसके घर के सामने पश्चिम दिशा में स्थित होगा।



अतः उसका स्कूल उत्तर दिशा में है।

96. अपनी कक्षा में शालिनी की रैंक ऊपर से सातवीं एवं नीचे से सत्ताईसवीं है तो कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं-

(A) 33 (B) 34
(C) 35 (D) 32

[A]

व्याख्या-

कक्षा में कुल विद्यार्थी-

- (ऊपर से शालिनी की रैंक + नीचे से रैंक - 1) = 7+27-1 = 33
अतः कक्षा में कुल विद्यार्थी = 33

97. यदि Q + R > P + S एवं P + Q > R + S तब यह निश्चित है कि (P, Q, R, S) धनात्मक पूर्ण संख्याएँ हैं-

(A) Q > S (B) S < P
(C) R > S (D) Q < s

[A]


व्याख्या-

Q + R > P + S.....(i)
P + Q > R + S.....(ii)
समीकरण (i) तथा समीकरण (ii) को जोड़ने पर –

$$Q+R>P+S$$
$$+P+Q>R+S$$

P तथा R कॉमन लेने पर
2Q + P + R > P + R + 2S
2Q > 2S
अतः Q > S

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

98. यदि 

(A) 4 (B) 5
(C) 15 (D) 8

[A]

व्याख्या-

– जिस प्रकार,
132 + 28 = 20 x 8
160 = 160 एवं 71+ 9 = 10 x 8
उसी प्रकार,
19 + 13 = x × 8
32 = 8x
X = 4
अत: ? = 4

99. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. सबसे बेहतर अभ्यर्थी के अलावा और कोई भी परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो सकता है।
2. कुछ लोग जो परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं उन्हें अच्छे अंक प्राप्त हुए हैं।
3. कुछ लोग जो अच्छे अंक के साथ उत्तीर्ण हुए हैं उन्हें पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से निम्नलिखित में से कौनसा निष्कर्ष निकाला जा सकता है- -

(A) सभी सर्वश्रेष्ठ अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है।
(B) वे सभी लोग जो परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं वे सर्वश्रेष्ठ अभ्यर्थी हैं।
(C) सभी सर्वश्रेष्ठ अभ्यर्थी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं।
(D) जो परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं उन्हें अच्छे अंक प्राप्त हुए हैं।


[B]

100. श्रेणी 18, 30, 48, 72, 96x में लुप्त संख्या x क्या है-

(A) 96 (B) 106
(C) 115 (D) 120

[A]

व्याख्या-



96 के स्थान पर 102 होगा।
अत: इस प्रश्न में गलत संख्या 96 है जो क्रम का अनुसरण नहीं कर रहा है।

101. पिछले वर्ष ईना की आयु किसी संख्या का वर्ग थी तथा आगामी वर्ष में किसी संख्या का घन होगी तो उसे आगे आने वाले कम से कम और कितने वर्ष का इंतजार करना होगा कि उसकी आयु पुन: किसी संख्या की घन हो जाये-

(A) 10 वर्ष (B) 20 वर्ष
(C) 38 वर्ष (D) 42 वर्ष

[C]

व्याख्या-

- माना कि ईना की पिछले वर्ष आयु 25 वर्ष थी।
वर्तमान आयु 26 वर्ष
अगले वर्ष आयु 27 वर्ष हो जाएगी जो 3 का घन है।
उसकी आयु पुन: घन संख्या होगी = 64–26 = 38 वर्ष बाद
अत: इस तरह के प्रश्न को छोटी संख्या मानकर प्रश्न के आधार पर हल करते हैं।

102. n के सभी पूर्णांक मानों की संख्या जिनके लिए $n^2 + 48$ हमेशा पूर्ण वर्ग होगा, है-


(A) 3 (C) 8
(B) 6 (D) 12

[B]

व्याख्या-

- 'n' के सभी पूर्णांक मानों की संख्या 6 है, जिनके लिए $n^2 + 48$ हमेशा पूर्ण वर्ग होगा।

103. एक समान समबाहु त्रिभुजों के समूह के द्वारा निर्मित निम्नलिखित चित्र में समचतुर्भुजों की संख्या है-



(A) 15 (B) 18
(C) 21 (D) 24

[C]

व्याख्या-

उपरोक्त चित्र में सम चतुर्भुजों की संख्या 21 है।

104. x, y और Z किसी कार्य खंड को क्रमश: 9, 18 और 24 दिनों में पूरा करते हैं। उन्होंने एक साथ मिलकर कार्य करना प्रारम्भ किया किन्तु y और z ने कार्य पूर्ण होने से क्रमश: 3 और 2 दिन पूर्व कार्य करना छोड़ दिया। पूर्ण हुए कार्य में y के सापेक्ष z के योगदान का अनुपात क्या है-

(A) 4 : 5 (B) 3 : 2
(C) 2 : 3 (D) 1 : 1

[D]

व्याख्या-

x, y, z द्वारा कार्य को समाप्त करने में लगा समय-

$$\frac{t}{9}+\frac{t-3}{18}+\frac{t-2}{24}=1$$

$$\frac{8t+4t+12-3t-6}{72}=1$$

156 = 72 + 18

$$t=\frac{90}{15}$$

t= 6

पूर्ण हुए कार्य में y के सापेक्ष z के योगदान का अनुपात-

$$=\frac{18}{6-3}:\frac{24}{6-2}$$

$$=\frac{18}{3}:\frac{24}{4}$$

= 6 : 6
= 1: 1

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

105. यदि a, b, c का समान्तर माध्य M/3 हो तथा $\frac{1}{a}+\frac{1}{b}=-\frac{1}{c}$ तो a^2, b^2, c^2 का समान्तर माध्य है-

(A) $M^2/3$ (B) $3M^2$
(C) $6M^2$ (D) $9M^2$ **[A]**

व्याख्या-

समांतर माध्य = $\frac{\text{संख्याओं का योग}}{\text{कुल संख्याएँ}}$

$$\frac{a+b+c}{3}=\frac{m}{3}$$

$a + b + c = m$

$$\frac{1}{a}+\frac{1}{b}=-\frac{1}{c}$$

$$\Rightarrow \frac{b+a}{ab}=\frac{-1}{c}$$

$[\because (a + b + c)^2 = a^2 + b^2 + c^2 + 2 (ab + bc + ca)]$

$-bc - ac = ab$

$-bc - ac - ab = 0$

$$\frac{a^2+b^2+c^2}{3}=\frac{(a+b+c)^2-2(ab+bc+ca)}{3}$$

$$\frac{m^2}{3}(\because -ab-bc-ac=0)$$

106. छः व्यक्ति ए, बी, सी, डी, ई तथा एफ एक टेबल के चारों तरफ बैठे हैं। ए तथा बी एक दूसरे के पास नहीं बैठते हैं। ई तथा एफ एक दूसरे के आमने-सामने हैं सी, एफ के तत्काल दायें बैठा है। यदि ए, ई तथा सी के मध्य नहीं है तो डी, एफ के आगे नहीं है। इनमें से कौनसा विन्यास (दक्षिणावर्त, घड़ी की सूई की दिशा में) ऊपर दी गई शर्तों के अनुरूप नहीं है-

(A) DAEBCF
(B) FADEBC
(C) BDEACF
(D) ACFDBE **[A]**

107. निम्नलिखित अक्षरों के श्रेणी विन्यास में कुछ अक्षर अनुपस्थित हैं, जिन्हें उसी क्रम में नीचे दिये गये विकल्पों में से एक में दिया गया है। सही विकल्प चुनिये-

adb__ac_dc_cddcb___dbc_cbda

(A) bccba (B) ccbba
(C) cbbaa (D) bbcad **[*]**


108. किसी निश्चित कूट भाषा में goolo yarn का अर्थ है blue sky, Silko Spadi का अर्थ है bicycle race तथा goolo silko का अर्थ है Blue bicycle। किस शब्द का अर्थ race car हो सकता है-

(A) silko zwet (B) spadi silko
(C) goolo breli (D) spadi volo **[D]**

व्याख्या-

goolo yarn = blue sky...(i)
silko spadi = bicycle race ...(ii)
goolo silko = blue bicycle ... (iii)
समीकरण (i), (ii) तथा (iii) को हल करने पर-
bicycle = silko, race = spadi
अतः race car का कोड spadi volo है।

109. निम्नलिखित चित्र में कितने वर्ग है-



(A) 27 (B) 25
(C) 26 (D) इनमें से कोई नहीं **[A]**

110. निम्नलिखित में से कौनसा अधिकतम है-

√59 – √51, √37 - √29, √87 - √79 तथा √71-√71


(A) √37-√29
(B) √59-√51
(C) √79-√71
(D) √87-√79 **[A]**

व्याख्या-

– यदि दिए गए किसी विकल्पों में अंकों का अंतर एक समान होता है तो जिस विकल्प के अंक सबसे बड़े होते हैं। उस विकल्प का मान सबसे छोटा होता है और जिस विकल्प का अंक सबसे छोटा होता है तो उस विकल्प का मान सबसे बड़ा होता है।

111. सन् 2008 में रु. 24,000 मूल्य की एक मशीन के घटकों X, Y, Z के मूल्य पाई चित्र के रूप में दर्शाये गये हैं-

बाद के वर्ष में घटकों X, Y, Z के मूल्यों में क्रमशः 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत तथा 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है। तीनों घटकों के मूल्य वर्ष 2009 में क्रमशः थे-



(A) रु. 6,600, रु. 9,900, रु. 10,700
(B) रु.6,600, रु.9,600, रु.11,000
(C) रु.6,900, रु.9,600, रु. 11,200
(D) रु.6,500, रु.9,600, रु.11,200 **[B]**

व्याख्या-

- सन् 2008 में X का मूल्य-
$$\frac{24000\times 90}{360}=6000$$
- सन् 2009 में X में 10 प्रतिशत की वृद्धि-
$$\frac{6000\times 110}{100}=6600$$
- सन् 2008 में Y का मूल्य-
$$\frac{2400\times 120}{360}=8000$$
- सन् 2009 में Y में 20 प्रतिशत की वृद्धि-
$$\frac{8000\times 120}{100}=9600$$

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- सन् 2008 में Z का मूल्य-

$$\frac{24000\times150}{360}=10000$$

- सन् 2009 में Z में 10 प्रतिशत की वृद्धि-

$$\frac{1000\times110}{100}=11000$$

अभीष्ट अनुपात = 6600 : 9600 : 11000

112. कथन: भारत में अधिकांश संस्थाओं ने परीक्षा की ऑन- लाईन पद्धति अपना ली है-

पूर्वधारणाएँ-

1. हो सकता है कि भारत के सभी भागों के परीक्षार्थी में कम्प्यूटर दक्ष हों।
2. परीक्षा की ऑन लाईन पद्धति अधिक योग्य लोगों के चयन में मदद करती है।

निम्नलिखित में से कौन सही है-

(A) केवल पूर्वधारणा 1 कथन में अन्तर्निहित है
(B) केवल पूर्वधारणा 2 कथन में अन्तर्निहित है
(C) या तो पूर्वधारणा 1 या पूर्वधारणा 2 कथन में अन्तर्निहित है
(D) दोनों पूर्वधारणाएँ 1 तथा 2 कथन में अन्तर्निहित हैं

[D]

व्याख्या-

– दोनों पूर्वधारणाएँ 1 तथा 2 कथन में अन्तर्निहित हैं।

113. कथन - भारतीय विश्वविद्यालयों से निकलने वाले स्नातक बड़ी संख्या में रोजगार योग्य नहीं है।

कार्यवाही :

1. **विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम की विषयवस्तु तय करने के लिए अधिक स्वायत्तता दी जानी चाहिए।**
2. **विश्वस्तरीय विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपने परिसर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उपरोक्त कथन को सत्य मानकर तय कीजिए कि उपरोक्त कार्यवाहियों में से कौन कथन के अनुरूप अनुसरण करता है।**

(A) केवल कार्यवाही 1
(B) केवल कार्यवाही 2
(C) न तो कार्यवाही 1 और न 2
(D) कार्यवाहियाँ 1 तथा 2 दोनों **[D]**

व्याख्या—

कार्यवाही 1 तथा 2 दोनों।

114. यदि POTATO को 3 द्वारा संकूटित किया जाता है, तो MASK का कूट होगा-

(A) 7 (B) 4
(C) 3 (D) 0 **[*]**

115. निम्नलिखित संख्या युग्मों में से तीन में समान संबंध है। भिन्न युग्म है-

(A) 4, 63 (B) 5,137
(C) 6, 715 (D) 7, 815

[D]

व्याख्या-

– अन्य सभी विकल्प में दूसरी संख्या के समूहों का योग पहली संख्या के दुगुना से एक ज्यादा है, जबकि विकल्प (D) में दूसरी संख्या के समूहों का योग पहली संख्या का दुगुना है।

116. एक सम बहुभुज के एक बहिष्कोण तथा एक अन्तःकोण का अनुपात 1: 5 है। बहुभुज में भुजाओं की संख्या है-

(A) 6 (B) 8
(C) 10 (D) 12

[D]

व्याख्या-

– माना भुजाओं की संख्या = n तब प्रत्येक अंतः कोण = $\left[\frac{(2n-4)90}{n}\right]$

प्रत्येक बाह्य कोण = $\left[\frac{360}{n}\right]$

n = भुजाओं की संख्या = $\frac{\text{बाह्य कोण}}{\text{अंतः कोण}}=\frac{1}{5}$

$\frac{(2n-4)\times90}{n}\times\frac{n}{360}$

$\frac{2n-4}{4}=5$

2n – 4 = 20
2n = 24
n = 24/2 = 12
अतः बहुभुज में भुजाओं की संख्या = 12

117. यदि 23 x 5 = 26 तथा 13 x 8 = 19 हो तो 39 × 7 = ?

(A) 40 (B) 42
(C) 43 (D) 44

[D]


व्याख्या-

– जिस प्रकार,
23 + (5-2) = 26
एवं 13 + (8 - 2) = 19
उसी प्रकार-
39 + (7 - 2) = 44

118. निम्नलिखित पाई चार्ट एक परिवार के मासिक घरेलू बजट को दर्शाता है जिसमें-

A = भोजन **B = यातायात**
C = वस्त्र **D = मकान किराया**
E = विविध खर्च **F = बचत**

यदि परिवार की मासिक बचत रु. 4,500 हो तो मासिक आय है-



(A) 45,000
(B) 30,000
(C) 25,000
(D) 20,000 **[B]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या-

– बचत (F) % = 100% - A% + B% + C% + D% + E% F= 100% - 20% +15% + 18% + 20% + 12%

F = 100% - 85%

बचत (F) % = 15%

∵ दिया गया है 15% = 4500

माना कि 100% = x हो तो 15% = 4500

$$\Rightarrow \frac{15}{100} \times x = 4500$$

$$\Rightarrow x = \frac{4500 \times 15}{100} = 30{,}000$$

आय = 30,000 रुपये

119. न्यायमूर्ति सुरेन्द्र कुमार सिन्हा चर्चा में रहे हैं, क्योंकि-

(A) उन्होंने टाडा मुकदमों में साहसिक निर्णय सुनाये हैं।

(B) उन्होंने जयललिता के मुकदमे में अपनी विमति दर्ज कराई थी।

(C) उन्हें बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट के प्रथम हिन्दू चीफ जस्टिस के रूप में शपथ दिलवाई गई है।

(D) वे प्लेनम के स्थान पर अखिल भारतवर्षीय न्यायिक आयोग की स्थापना के बाद नियुक्त होने वाले प्रथम न्यायाधीश हैं।

[C]

व्याख्या-

– बांग्लादेश के इतिहास में जस्टिस सुरेन्द्र कुमार सिन्हा प्रथम हिन्दू मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए गए थे। वे बांग्लादेश के 21वें मुख्य न्यायधीश थे।

120. उस खिलाड़ी का नाम पहचानिये जिसे 2014 में अर्जुन पुरस्कार दिल्ली उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद दिया गया-

(A) जय भगवान (B) ममता पुजारी

(C) मनोज कुमार (D) टॉम जोसफ **[C]**

व्याख्या-

– मनोज कुमार को वर्ष 2014 में अर्जुन पुरस्कार दिल्ली उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद दिया गया था। मनोज कुमार का सम्बन्ध हरियाणा राज्य से है। ये बॉक्सिंग से सम्बन्धित हैं।

121. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कर सही उत्तर का चयन कीजिए-

कथन (A) : भारत की अंजू बॉबी जॉर्ज जिन्होंने सन् 2005 में लंबी कूद स्पर्धा में तीसरी विश्व एथलेटिक्स में रजत पदक जीता था, अब 2014 में स्वर्ण पदक की विजेता घोषित कर दी गई हैं।

कारण (B) : रूसी एथलीट तात्याना कोतावा (दूसरा स्थान) डोप टेस्ट में दोषी पाई गई हैं।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की पुष्टि नहीं करता है

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की पुष्टि करता है

(C) (A) सही है और (R) गलत है।

(D) (A) गलत है और (R) सही है

[C]

व्याख्या-

- भारत की अंजू बॉबी जॉर्ज जिन्होंने वर्ष 2005 में लम्बी कूद स्पर्धा में तीसरी विश्व एथलेटिक्स में रजत पदक जीता था। अब 2014 में स्वर्ण पदक की विजेता घोषित कर दी गई है क्योंकि एथेलीट तात्याना कोतावा डोप टेस्ट में दोषी पायी गई। वे भारत की एकमात्र एथलीट हैं जिसने विश्व एथलीट चैम्पियनशीप में स्वर्ण पदक जीता।

122. राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2015 राजस्थान विधानसभा ने 27 मार्च, 2015 को पारित कर दिया। इसमें स्थानीय उम्मीदवारों की पात्रता के लिए प्रावधान किया गया है

1. उनके घरों में शौचालय होना चाहिए।
2. जिला परिषद् की सदस्यता के लिए बी.ए. की डिग्री आवश्यक है।
3. पंचायत समिति की सदस्यता के लिए 10वीं कक्षा पास होना आवश्यक है।
4. सरपंच के लिए क्रमशः 8वीं कक्षा तथा अनुसूचित क्षेत्रों में उम्मीदवारों का 5वीं कक्षा पास होना आवश्यक है।

(A) 1 और 2 सही हैं। (B) 2, 3 और 4 सही हैं।

(C) 1, 3 और 4 सही हैं। (D) 2 और 4 सही हैं।

[C]

व्याख्या –

– राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2015 राजस्थान विधानसभा ने 27 मार्च, 2015 को पारित किया था। इसमें स्थानीय उम्मीदवारों की पात्रता के लिए प्रावधान किया गया है कि उनके घरों में शौचालय होना चाहिए, पंचायत समिति की सदस्यता के लिए दसवीं कक्षा पास होना और सरपंच के लिए क्रमशः 8वीं कक्षा तथा अनुसूचित क्षेत्रों में उम्मीदवारों का पाँचवीं कक्षा पास होना आवश्यक है। वर्तमान सरकार द्वारा पंचायती राज में उक्त शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया।

123. राजस्थान के किस जिले में एक युद्ध संग्रहालय की स्थापना की गई है जिसका हाल ही में उद्घाटन किया गया था-

(A) जोधपुर (B) जैसलमेर

(C) बाड़मेर (D) सिरोही **[B]**

व्याख्या-

– युद्ध संग्रहालय की स्थापना राजस्थान के जैसलमेर जिले में की गई है। इसकी देखरेख तथा संचालन भारतीय सेना द्वारा किया जाता है।

124. सुमेलित कीजिए-

	सूची-1		**सूची-2**
A.	11 जुलाई	I.	विश्व साक्षरता दिवस
B.	12 अगस्त	II.	राष्ट्रीय खेल दिवस
C.	29 अगस्त	III.	अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस
D.	8 सितम्बर	IV.	विश्व जनसंख्या दिवस

कूट-

	A	**B**	**C**	**D**
(A)	III	IV	I	II
(B)	II	III	I	IV
(C)	IV	II	III	I
(D)	IV	III	II	I

[D]

व्याख्या-

वर्ष के महत्वपूर्ण दिवस-

(1) 11 जुलाई- विश्व जनसंख्या दिवस

(2) 12 अगस्त- अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस

(3) 29 अगस्त- राष्ट्रीय खेल दिवस

(4) 8 सितम्बर - विश्व साक्षरता दिवस

125. भारत सरकार ने किस वर्ष तक सबके लिए आवास योजना की शुरुआत की है-

(A) 2020 (B) 2021

(C) 2022 (D) 2023

[C]

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या-

- **सबके लिए आवास योजना**- दिनांक- 25 जून, 2015
- वर्ष 2022 तक 2011 की जनगणना के अनुसार 500 श्रेणी- 1 के कस्बों में आवास प्रदान कर कवर किया जाएगा।
- वित्त पोषण - सामान्य क्षेत्र = केन्द्र : राज्य - 75 : 25
  उत्तरी पूर्वी राज्य = केन्द्र : राज्य - 90 : 10
  व्यक्तिगत आवास निर्माण पर 1.5 लाख की केन्द्रीय सहायता उपलब्ध करवायी जायेगी।

126. अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) में मुख्य रूप से जोर दिया गया है-

1. जलापूर्ति
2. सीवरेज सुविधाएँ
3. सार्वजनिक यातायात सुविधाएँ
4. पार्क एवं मनोरंजन केन्द्रों का निर्माण मुख्यतया बच्चों के लिए
5. जल प्लावन को रोकने हेतु बाढ़ के पानी का निर्गम

नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें-

(A) 1, 2 और 5
(B) 1, 2 और 3
(C) 2, 3, 4 और 5
(D) 1, 2, 3, 4, और 5 **[D]**

व्याख्या-

- अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) में मुख्य रूप से जलापूर्ति, सीवरेज सुविधाएँ, सार्वजनिक यातायात सुविधाएँ, पार्क एवं मनोरंजन केन्द्रों का निर्माण मुख्यतया बच्चों के लिए और जल प्लावन को रोकने हेतु बाढ़ के पानी का निर्गम इत्यादि पर जोर दिया गया है।

127. अभी हाल ही में किसने कहा कि लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत का भविष्य खतरे में है-

(A) रिचर्ड ए. फाल्क (B) एम. जे. अकबर
(C) अरुंधति राय (D) किरण बेदी

[A]

व्याख्या-

- "लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत का भविष्य खतरे में है।" यह वक्तव्य हाल ही में रिचर्ड ए. फाल्क ने दिया था।

128. भूमि अधिग्रहण विधेयक लोकसभा में कितने संशोधन से पारित हुआ था-

(A) 9 (B) 10
(C) 11 (D) 5 **[A]**

व्याख्या-

- भूमि अधिग्रहण विधेयक लोकसभा में 9 संशोधनों से पारित हुआ था।

129. इस वर्ष 2015 आयोजित वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में रजत पदक किसने जीता-

(A) सानिया मिर्जा (B) निशा सिद्धू
(C) मार्टिना हिंगिस (D) सायना नेहवाल **(D)**

व्याख्या-

- वर्ष 2013 में आयोजित वर्ल्ड बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में रजत पदक सायना नेहवाल ने जीता।

130. भारत ने कितने वर्षों के बाद श्रीलंका में क्रिकेट टेस्ट सीरीज जीती है-

(A) 22 (B) 20
(C) 10 (D) 15 **[A]**

व्याख्या-

- भारत ने 22 वर्षों बाद श्रीलंका में क्रिकेट टेस्ट सीरीज जीती।

131. भारत सरकार की मुद्रा योजना का उद्देश्य है-

(A) मुद्रा प्रबन्धन में सुधार हेतु पहल करना
(B) निर्धन कृषकों को ऋण उपलब्ध कराना
(C) जन-धन योजना का पूरक बनाना
(D) छोटे व्यापार स्थापित करने हेतु आसान वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना। **[D]**

व्याख्या-

मुद्रा योजना (माइक्रो युनिट डवलपमेन्ट एण्ड रिफाइनेंस एजेंसी)-

- प्रारंभ- 8 अप्रैल, 2015
- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को फण्ड की पूर्ति के लिए मुद्रा योजना का निर्माण किया। इसमें बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध करवाया जायेगा।

  मुद्रा योजना में तीन प्रकार के ऋण-
  (1) शिशु ऋण योजना- 50,000 रु. तक
  (2) किशोर ऋण योजना- 50,000-5,00,000रु.
  (3) तरुण ऋण योजना- 5,00,000-10,00,000 रु.
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, राज्य सहकारी बैंक, माइक्रोफाइनेंस संस्थान, गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियाँ आदि संस्थानों द्वारा मुद्रा योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

132. लोकसेवा दिवस किस दिन मनाया जाता है-

(A) 15 अगस्त (B) 21 अप्रैल
(C) 22 जून (D) 21 सितम्बर **[B]**

व्याख्या-

- भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 21 अप्रैल को लोक सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को उनकी सर्वश्रेष्ठ नागरिक सेवा के लिए पुरस्कृत किया जाता है।

133. 88वें एकेडमी पुरस्कार हेतु भारत की ऑस्कर जूरी के अध्यक्ष के रूप में किसकी नियुक्ति हुई है-

(A) गिरीश कनार्ड (B) शबाना आजमी
(C) अनुपम खेर (D) अमोल पालेकर **[D]**

व्याख्या-

- 88वें एकेडमी पुरस्कार हेतु भारत की ऑस्कर ज्यूरी के अध्यक्ष के रूप में अमोल पालेकर की नियुक्ति की गई थी। 92वें ऑस्कर अवॉर्ड (2019) के लिए भारतीय ऑस्कर जूरी की चैयरमेन अपर्णा सेन थी।

134. भारत के किस राज्य में कुपोषण के शिकार बालकों का प्रतिशत उच्चतम है-

(A) मध्यप्रदेश (B) राजस्थान
(C) झारखंड (D) बिहार **[C]**

व्याख्या-

- क्लिनिकल एन्थ्रोपोमेट्रिक एण्ड बायोमेट्रिक सर्वे (CAB)- भारत में कुपोषण बालकों की संस्था हेतु किया जाने वाला सर्वे जिसमें झारखण्ड कुपोषण के शिकार बालकों की सूची में प्रथम स्थान पर रहा।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

135. टू इयर्स एट मंथस एंड ट्वन्टी-एट नाइट्स के लेखक कौन हैं-
(A) रस्किन बॉन्ड (B) सलमान रुश्दी
(C) झुम्पा लाहड़ी (D) जयराम नरेश **[B]**

व्याख्या-
- **सलमान रुश्दी-** मिडनाइट चिल्ड्रन, द ग्राउण्ड विनिंग हर फीट, इमेजरी होमलैण्ड, द सेटेनिक वर्सेज।
- **जयराम रमेश-** इंदिरा गाँधी ए लाइफ इन नेचर, कौटिल्य टुडे, टु द ब्रिन्क एण्ड बैंक इण्डियाज 1991 स्टोरी।
- **झुम्पा लाहड़ी-** दी लोलैण्ड, दी नेमसेक
- **रस्किन बॉन्ड-** ए फ्लाइट ऑफ पिजन द रुम ऑन द फ्लोर

136. हाल ही सम्पन्न हुई हॉकी खिलाड़ियों की HI L नीलामी में सबसे मंहगा भारतीय खिलाड़ी कौन था-
(A) आकाशदीप सिंह (B) संदीप सिंह
(C) मंदीप सिंह (D) धर्मवीर सिंह **[A]**

137. 2015 में चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के लिए राजस्थान से निम्नलिखित में से किसे पद्म श्री प्रदान किया गया-
(A) डॉ. अशोक पनगड़िया (B) डॉ. राजेश कोटेचा
(C) डॉ. के. के. अग्रवाल (D) डॉ. सुमित्रा रावत **[B]**

व्याख्या-
- वर्ष 2015 में चिकित्सा क्षेत्र में योगदान हेतु राजस्थान के डॉ. राजेश कोटेचा को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया।

138. किस देश में शिक्षक दिवस को 'हरी गुरु' कहा जाता है-
(A) भारत (B) नेपाल
(C) थाईलैंड (D) मलेशिया **[D]**

व्याख्या-
- मलेशिया में शिक्षक दिवस को 'हरी गुरु' कहा जाता है।

139. रणछोड़ भाई रेबारी के बारे में कौनसा एक सही नहीं है-
(A) 2013 में उसकी 112 वर्ष की आयु में मृत्यु हुई
(B) उसे राष्ट्रपति पदक प्रदान किया गया
(C) वह भारतीय सेना में सिपाही था
(D) गुजरात के सुई गाँव की अंतर्राष्ट्रीय चौकी का नाम रणछोड़दास चौकी रखा गया है। **[C]**

140. विश्व जनसंख्या दिवस 2015 की निम्नलिखित में से कौनसी एक विषय-वस्तु है-
(A) आपातकाल में असुरक्षित (कमजोर) जनसंख्या
(B) जनसंख्या की प्रवृत्ति एवं संबंधित मामलों पर चिन्तन का समय
(C) यौवनोन्मुख गर्भावस्था पर ध्यान
(D) प्रजननीय स्वास्थ्य सेवाओं की सार्वभौमिक पहुँच **[A]**

व्याख्या-
विश्व जनसंख्या दिवस- 11 जुलाई
2015 थीम- आपातकाल में असुरक्षित (कमजोर) जनसंख्या

141. राजा रमन्ना के बारे में निम्नलिखित पर विचार कीजिए-
1. आणविक उपकरण के परीक्षण करने वाले वैज्ञानिकों की टीम का वह निर्देशक अधिकारी था।
2. 1976 में उन्हें पद्म विभूषण प्रदान किया गया।
3. 1990 में उन्हें रक्षा का संघीय राज्य मंत्री बनाया गया।
4. उन्होंने द स्ट्रक्चर ऑफ म्यूजिक इन रागा एण्ड वेस्टर्न सिस्टम नाम की पुस्तक का लेखन किया।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए-
(A) 1 और 2 (B) 1, 2 और 3
(C) केवल 4 (D) 1, 2, 3 और 4 **[*]**

142. सांभर झील में निम्नलिखित में से किस देवी का मंदिर स्थित है-
(A) शिला देवी (B) बवन देवी
(C) शाकम्भरी देवी (D) कुंजल माता **[C]**

व्याख्या-
- शाकम्भरी देवी मंदिर - सांभर झील (जयपुर)
  शिला देवी का मंदिर - आमेर दुर्ग (जयपुर)
  बवन देवी का मंदिर - जोधपुर
  कुंजल माता का मंदिर - नागौर

143. मध्यकालीन राजस्थान के राज्यों में शासक के बाद सबसे महत्त्वपूर्ण अधिकारी जाना जाता था-
(A) महामात्य के रूप में
(B) मुख्यमंत्री के रूप में
(C) संधिविग्रहिक के रूप में
(D) प्रधान के रूप में **[D]**

व्याख्या-
- मध्यकालीन राजस्थान के राज्यों में शासक के पश्चात्, प्रधान सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अधिकारी होता था। इसे प्रधानमंत्री तथा मुगल दरबार में वकील कहा जाता था। अकबर ने इस पद को समाप्त कर दिया।

144. 25 मार्च, 1948 को गठित संयुक्त राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाया गया था-
(A) जयनारायण व्यास
(B) गोकुललाल असावा
(C) गोकुल भाई भट्ट
(D) हीरालाल शास्त्री **[B]**

व्याख्या-
राजस्थान एकीकरण-

क्र.सं.	चरण	नाम	उद्घाटन दिनांक	प्रधानमंत्री
1.	प्रथम चरण	मत्स्य संघ	18 मार्च, 1948	शोभाराम कुमावत
2.	द्वितीय चरण	राजस्थान संघ	25 मार्च, 1948	गोकुललाल असावा
3.	तृतीय चरण	संयुक्त राजस्थान	18 अप्रैल, 1948	माणिक्यलाल वर्मा
4.	चतुर्थ चरण	वृहत् राजस्थान	30 मार्च, 1949	हीरालाल शास्त्री

145. स्थान, जो अपने मृदा शिल्प के लिए विख्यात है-
(A) मोलेला (B) कैथून
(C) सांगानेर (D) कुचामन **[A]**

व्याख्या-
- राजस्थान का मोलेला स्थान अपने मृदा शिल्प के लिए विख्यात है। मोलेला, जो राजसमंद जिले में बनास नदी के किनारे पर स्थित है। 2005 में यहाँ के मोहनलाल चतुर्भुज को शिल्प गुरु पुरस्कार से नवाजा गया।

146. सुमेलित कीजिए-

	पुस्तक		लेखक
A.	हम्मिरायण	I.	बादर
B.	वीरमायण	II.	मंछाराम सेवग
C.	रघुनाथ रूपक	III.	दुरसा आढ़ा
D.	किरतार बावणी	IV.	भाउण्ड व्यास

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

कूट-

	A	B	C	D
(A)	III	I	IV	II
(B)	IV	I	II	III
(C)	III	I	II	IV
(D)	II	I	IV	III

[B]

व्याख्या-

–

पुस्तक		**लेखक**
हम्मिरायण	-	भाण्डऊ व्यास
वीरमायण	-	बादर
रघुनाथ रूपक	-	मंछाराम सेवग
किरतार बावणी	-	दुरसा आढ़ा

147. निम्नलिखित में से कौनसा सुषिर वाद्य नहीं है-

1. सुरनाई **2. अलगोजा**

3. नागफणी **4. कमायचा**

सही विकल्प चुनिये-

(A) 1 और 3 (B) 3 और 4

(C) केवल 4 (D) 2, 3 व 4 **[C]**

व्याख्या-

सुषिर वाद्य यंत्र-

– ऐसे वाद्य यंत्र फुँक मारने से ध्वनि उत्पन्न करते है सुषिर वाद्य कहलाते हैं।

(1) लकड़ी निर्मित- बाँसुरी, सुरनाई, अलगोजा, सतारा

(2) धातु निर्मित- नागफणी, तुरही, मोरचंग, पूंगल, बाकियाँ

(3) प्राकृतिक- शंख, सींगी, मशक

नोट- कामायचा एक तत् वाद्य यंत्र है, जो पश्चिमी राजस्थान में लंगा तथा मांगणियार कलाकारों द्वारा किया जाता है।

अन्य तत् वाद्य- सितार, इकतारा, वीणा, सारंगी आदि।

148. गलत युग्म को चुनिये-

जल राशि	**स्थान (जिला)**
(A) कायलाना	जोधपुर
(B) चाँद बावड़ी	दौसा
(C) घड़सीसर	बीकानेर
(D) गेप सागर	डूँगरपुर

[C]

व्याख्या-

जल राशि		**स्थान (जिला)**
(A) कायलाना	-	जोधपुर
(B) चाँद बावड़ी	-	दौसा
(C) घड़सीसर	-	जैसलमेर
(D) गेप सागर	-	डूंगरपुर

149. 1920 के दशक में राजनीतिक जागरण के उद्देश्य से किसने ब्यावर से राजस्थान अखबार का प्रकाशन किया-

(A) ऋषि दत्त मेहता

(B) हरिभाऊ उपाध्याय

(C) मुंशी समर्थदान

(D) रामनारायण चौधरी

[A]

व्याख्या-

– **राजस्थान के प्रमुख समाचार पत्र-पत्रिकाऐं एवं संपादक-**

(1) राजस्थान समाचार- मुंशी समर्थदान चारण

(2) तरुण राजस्थान (अजमेर) - शोभालाल व रामनारायण चौधरी

(3) नवीन राजस्थान - राजस्थान सेवा संघ

(4) त्याग भूमि (अजमेर) - हरिभाऊ उपाध्याय

150. निम्नलिखित में से किस शासक के राज्यकाल के दौरान दिल्ली शिवालिक स्तंभ अभिलेख उत्कीर्ण कराया गया था-

(A) अर्णोराज

(B) विग्रहराज चतुर्थ

(C) पृथ्वीराज द्वितीय

(D) पृथ्वीराज तृतीय

[B]

व्याख्या-

– विग्रहराज चतुर्थ के शासनकाल के दौरान दिल्ली शिवालिक स्तम्भ अभिलेख उत्कीर्ण कराया गया था। दिल्ली को तोमरों से छीनने के उपलक्ष्य में इसे स्थापित किया गया था। इन्हें 'बीसलदेव' तथा 'कवि बाँधव' की उपाधि प्राप्त थी।

❑❑❑

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

आर. ए. एस. (प्रारम्भिक परीक्षा, 2016)

1. प्राचीन नगर जो महाभारत और महाभाष्य दोनों में उल्लेखित है–

(A) विराट नगर (बैराठ) (B) मध्यमिका (नगरी)
(C) रैढ़ (D) कर्कोट **[B]**

व्याख्या –

- सर्वप्रथम 1827 ई. में कार्लाइल ने इसकी खोज की। वर्तमान में राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में बेड़च नदी के किनारे पर स्थित मध्यमिका (नगरी) का उल्लेख महाभारत तथा महाभाष्य दोनों में मिलता है। इस प्राचीन नगर में उत्खनन के दौरान हिन्दू व बौद्ध धर्म से संबंधित कई ऐतिहासिक तथ्य मिले हैं।

2. अभिलेख, जो प्राचीन राजस्थान में भागवत सम्प्रदाय के प्रभाव की पुष्टि करता है –

(A) घटियाला अभिलेख
(B) हेलियोदोरस का बेसनगर अभिलेख
(C) बुचकला अभिलेख
(D) घोसुण्डी अभिलेख **[D]**

व्याख्या –

- नगरी (चित्तौड़) के समीप घोसुण्डी ग्राम से प्राप्त यह लेख द्वितीय शताब्दी ईसा पूर्व का है।
- भागवत धर्म का प्रसार, संकर्षण और वासुदेव की मान्यता तथा अश्वमेध यज्ञ एवं भागवत धर्म के प्रचलन की जानकारी देने वाला यह राजस्थान में प्राचीनतम प्रमाण है।

3. राजस्थान के निम्नलिखित मंदिरों में से गुर्जर-प्रतिहार काल में निर्मित मंदिरों को चुनिए –

I. आहड़ का आदिवराह मंदिर
II. आभानेरी का हर्षतमाता का मंदिर
II. राजोरगढ़ का नीलकंठ मंदिर
IV. ओसियाँ का हरिहर मंदिर

कूट-

(A) I और IV (B) I, II और IV
(C) II और IV (D) I, II, III और IV **[D]**

व्याख्या –

गुर्जर-प्रतिहार काल में निर्मित मंदिर-

- ओसियाँ का हरिहर मंदिर
- आभानेरी का हर्षतमाता का मंदिर (दौसा),
- राजोरगढ़ का नीलकण्ठ मंदिर (अलवर)
- आहड़ का आदिवराह मंदिर
- गुर्जर-प्रतिहार शैली में मुख्य मंदिर बीच में तथा इसके चारों ओर छोटे मंदिर बनाए जाते हैं।
- गुर्जर-प्रतिहार शैली को महामारू शैली भी कहा जाता है।

4. निम्नलिखित में से कौन-सा विद्वान कुम्भा के दरबार में नहीं था?

(A) टिल्ला भट्ट
(B) मुनि सुन्दर सूरी
(C) मुनि जिन विजय सूरी
(D) नाथा **[C]**

व्याख्या –

- प्रबंधकोश तथा पुरातन प्रबंध संग्रह की रचना मुनिजिन विजयसूरी (1888-1976) द्वारा की गयी। कुंभा के दरबारी विद्वान नाथा के द्वारा रचित ग्रंथ वास्तुमंजरी था। संगीत के क्षेत्र में स्वयं कुम्भा ने तीन ग्रन्थों की रचना की थी-
  संगीतराज
  संगीतमीमांसा
  रसिकप्रिया
- संगीत ग्रंथों की रचना के कारण कुंभा को अभिनव भरताचार्य की उपाधि प्राप्त थी।

5. निम्नलिखित में से राजस्थान के किस क्षेत्र से अलीबक्षी ख्याल सम्बद्ध है?

(A) करौली (B) चिड़ावा
(C) अलवर (D) चित्तौड़ **[C]**

व्याख्या –

- 18वीं सदी में सर्व प्रथम लिखित नाट्यों को पहचान मिली, इसमें प्रमुख ख्याल - कुचामणी ख्याल (नागौर), शेखावाटी ख्याल (चिड़ावा) तथा अलीबक्षी ख्याल (अलवर) को प्रसिद्धि मिली।

6. राजस्थान का शंकरिया नृत्य किससे संबंधित है –

(A) कालबेलिया (B) भील
(C) सहरिया (D) तेरहताली **[A]**

व्याख्या –

कालबेलियों के लोक नृत्य-

- शंकरिया- यह एक युगल नृत्य है, जिसमें स्त्री-पुरुष दोनों भाग लेते हैं। इसमें अंग संचालन का प्रस्तुतीकरण अति सुंदर होता है। प्रेम कहानी पर आधारित शंकरिया नृत्य कालबेलिया जाति के सपेरों के द्वारा किया जाता है।
- बागड़िया नृत्य- भीख मांगते समय कालबेलिया यह नृत्य करते है। अन्य नृत्य- इण्डोनी, पणिहारी।

7. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित है –

	नाम		ग्रंथ (संगीत)
(A)	पुंडरीक विट्ठल	–	रागमाला
(B)	पंडित भावभट्ट	–	संगीतराज
(C)	कुम्भा	–	राग कल्पद्रुप
(D)	उस्ताद चाँद खान	–	राग चंद्रिका

[A]

व्याख्या –

- महाराजा मानसिंह (जयपुर) के भाई माधोसिंह के संरक्षण में पुण्डरीक विट्ठल ने रागमंजरी और रागमाला ग्रंथों की रचना की थी। संगीत राज तथा संगीत मीमांसा की रचना कुंभा द्वारा की गयी ।
- पण्डित भाव भट्ट द्वारा रचित- अनुप संगीत विलास, राग विवेक, भाव मंजरी, अनुप संगीत रत्नाकर।
- "बुद्ध प्रकाश " की रचना चाँद खाँ द्वारा की गयी। ये सवाई प्रतापसिंह के गुरु थे।

8. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत सुमेलित है –

	कृषक आंदोलन		नेता
(A)	बेगूं	–	रामनारायण चौधरी
(B)	बूंदी	–	नयनूराम शर्मा
(C)	बिजोलिया	–	विजय सिंह पथिक
(D)	बीकानेर	–	नरोत्तम लाल जोशी

[D]

व्याख्या –

- बीकानेर कृषक आंदोलन (1937 ई.) के प्रमुख किसान नेता जीवन चौधरी थे।
- बिजौलिया आन्दोलन लाग- बाग करों में वृद्धि के विरोध में 1913 में साधु सीताराम दास, फतहकरण चारण और ब्रह्मदेव के नेतृत्व में प्रारम्भ। बाद में 1915 ई. में विजयसिंह पथिक ने नेतृत्व किया। नरोत्तम लाल जोशी जयपुर प्रजामण्डल के प्रवर्तकों में से प्रमुख थे । राजस्थान की प्रथम विधानसभा के अध्यक्ष भी थे।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

9. राजस्थान के इतिहास में 'पट्टा रेख' से क्या अभिप्राय है –

(A) आकलित राजस्व (B) सैन्य कर
(C) आयत-निर्यात कर (D) बेगार **[A]**

व्याख्या –

- सामन्त (जागीरदार) को प्राप्त जागीर के पट्टे में पट्टा रेख नाम से अनुमानित वार्षिक राजस्व का उल्लेख होता था।
- रेख का दूसरा अर्थ सैनिक कर से भी था। रेख द्वारा निर्धारित आय के मापदण्डों के आधार पर ही राज्य शुल्क का हिसाब-किताब रखता था।
- रेख के आधार पर ही सामंत से उत्तराधिकार शुल्क, सैनिक सेवा, न्योता शुल्क आदि का निर्धारण किया जाता था। रेख न तो नियमित रूप से प्रतिवर्ष वसूल किया जाता था और न ही इसकी दर निश्चित थी।

10. शेखावाटी ब्रिगेड का मुख्यालय कहाँ स्थित था?

(A) सीकर (B) झुंझुनूं
(C) खेतड़ी (D) फतेहपुर **[B]**

व्याख्या –

- कानसिंह, ददरेवा के सूरजमल राठौड़, श्याम सिंह बिसाऊ द्वारा अंग्रेजों पर हमलों के बाद अंग्रेजों ने लुटेरों को दबाने के लिए 1834 ई. में मेजर फोरेस्टर के नेतृत्व में झुंझुनू मुख्यालय पर शेखावाटी ब्रिगेड की स्थापना की ।

11. स्वतंत्रता पूर्व राजस्थान का निम्नलिखित में से कौन-सा समाचार-पत्र आर्य समाजी विचारधारा का संवर्धक नहीं था?

(A) देश हितेषी (B) जनहितकारक
(C) परोपकारक (D) राजपूताना गज़ट **[D]**

व्याख्या –

- रियासती जनता पर नरेशों के अत्याचारों का प्रकाशन कर जनता में निडरता की भावना पैदा करने के लिए 1885 ई. में अजमेर से मौलवी मुराद अली ने राजपूताना गजट का सम्पादन किया।

12. राजस्थान के कौन-से क्षेत्र में चैत्र-शुक्ल पंचमी को 'गुलाबी गणगौर' मनायी जाती है –

(A) नाथद्वारा (B) उदयपुर
(C) बूंदी (D) जोधपुर **[A]**

व्याख्या –

- चैत्र शुक्ल पंचमी को नाथद्वारा (राजसमंद) में गुलाबी गणगौर मनायी जाती है।

13. सुमेलित कीजिए–

	संस्था		स्थापना वर्ष
A.	राजस्थान सेवा संघ	I.	1921
B.	देश हितेषी सभा	II.	1927
C.	अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद्	III.	1877
D.	चैम्बर ऑफ प्रिन्सेज	IV.	1919

कूट:

	A	B	C	D
(A)	IV	III	II	I
(B)	II	IV	I	III
(C)	I	II	IV	III
(D)	IV	II	III	I

[A]

व्याख्या –

संगठन		स्थापना	स्थान
राजस्थान सेवा संघ	-	1919 ई	वर्धा
देश हितेषी सभा	-	1877 ई.	उदयपुर
अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद्	-	1927 ई.	बंबई
चैम्बर ऑफ प्रिन्सेज	-	1921 ई.	लंदन

14. निम्नलिखित में से सर्वप्रथम किसने राजस्थान के राजसी शासक वर्ग के लिए पृथक् शिक्षा संस्थान की आवश्यकता पर बल दिया था?

(A) कर्नल लोच (B) लॉर्ड लैंसडाऊन
(C) कैप्टन वाल्टर (D) लॉर्ड मेयो **[C]**

व्याख्या –

- राजस्थान के राजसी शासक वर्ग के लिए कैप्टन वाल्टर ने सर्वप्रथम पृथक शिक्षा संस्थान की आवश्यकता पर बल दिया था।

15. राजस्थानी साहित्य की एक प्रारंभिक रचना 'हंसावली' रचित है-

(A) हेमचन्द्र द्वारा (B) असाईत द्वारा
(C) श्रीधर व्यास द्वारा (D) ईसरदास द्वारा **[B]**

व्याख्या –

- (1) राजस्थानी साहित्य की प्रारम्भिक रचना हंसावली असाईत के द्वारा रचित है।
- (2) हेमचन्द्र द्वारा परिशिष्ट वर्मन की रचना की गयी।
- (3) श्रीधर व्यास द्वारा रणमल छंद की रचना की गयी।
- (4) ईसरदास द्वारा हाला झाला री कुण्डलियाँ की रचना की गयी।

16. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिये –

	संस्था (पर्वत शिखर)		स्थापना वर्ष (महाद्वीप)
A.	कोसिस्को (2228 मी)	I.	यूरोप
B.	मैकिन्ले (6200 मी)	II.	अफ्रीका
C.	अल्ब्रूस (5642 मी)	III.	ऑस्ट्रेलिया
D.	किलिमंजारो (5895 मी)	IV.	उत्तरी अमेरिका

कूट:

	A	B	C	D
(A)	IV	III	II	I
(B)	III	IV	I	II
(C)	III	I	II	IV
(D)	II	IV	III	I

[B]

व्याख्या –

कोसिस्को (2228 मी)	-	ऑस्ट्रेलिया
मैकिन्ले (6200 मी)	-	उत्तरी अमेरिका
अल्ब्रूस (5642 मी)	-	यूरोप
किलिमंजारो (5895 मी)	-	अफ्रीका

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

17. अम्ल वर्षा में नीचे दिये गये कौन से प्रदूषक वर्षा जल एवं हिम को प्रदूषित करते हैं ?

(1) सल्फर-डाइ-ऑक्साइड
(2) नाइट्रोजन - ऑक्साइड
(3) कार्बन-डाइ-ऑक्साइड
(4) मिथेन
(A) (1), (2) और (4)
(B) (1), (3) और (4)
(C) (2) और (3)
(D) (1) और (2) **[D]**

व्याख्या –

– सल्फर डाई-ऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड प्रदूषक अम्ल वर्षा के रूप में जल एवं हिम को प्रदूषित करते हैं । क्लोरीन भी अम्लीय वर्षा हेतु उत्तरदायी है।

18. निम्नलिखित में से कौन-से किसी प्रदेश की जैव-विविधता के लिये संकट हो सकते हैं ?

(1) भूमण्डलीय तपन
(2) प्राकृतिक आवास का विखण्डन
(3) विदेशी प्रजातियों का आक्रमण
(4) शाकाहार को प्रोत्साहन

सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से कीजिये –

(A) (1), (2) और (3)
(B) (2) और (3)
(C) (1) और (4)
(D) (2), (3) और (4) **[A]**

व्याख्या –

– जैव विविधता के संकट के लिए भूमण्डलीय तापन, प्राकृतिक आवास का विखण्डन व विदेशी प्रजातियों का आक्रमण एवं अन्य कारक उत्तरदायी होते हैं।

19. सूची-I को सूची-11 के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-

	सूची-I (औद्योगिक प्रदेश)		**सूची-II (देश)**
A.	लंकाशायर प्रदेश	I.	संयुक्त राज्य अमेरिका
B.	रुहर प्रदेश	II.	जर्मनी
C.	कैहिन प्रदेश	III.	यूनाइटेड किंगडम
D.	दक्षिणी अपेलेशियन प्रदेश	IV.	जापान

कूट:

	A	**B**	**C**	**D**
(A)	I	II	III	IV
(B)	III	II	I	IV
(C)	III	II	IV	I
(D)	III	IV	II	I

[C]

व्याख्या –

(1) लंकाशायर प्रदेश – यूनाइटेड किंगडम – कोयला, टेक्साइल, मत्स्यन
(2) रुधर प्रदेश - जर्मनी - कोयला
(3) कैहिन प्रदेश - जापान - पेडो कैमिकल, स्टील, सूती वस्त्र
(4) दक्षिणी अपेलेशियन प्रदेश – अमेरिका - माइनिंग, स्टील, पेट्रोकैमिकल

20. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है-

	दर्रे	**राज्य में स्थिति**
(A)	शिपकी ला	जम्मू-कश्मीर
(B)	जैलेप ला	सिक्किम
(C)	बॉम डि ला	अरुणाचल प्रदेश
(D)	माना और नीति	उत्तराखण्ड

[A]

व्याख्या –

– हिमालय के प्रमुख दर्रों में शिपकी ला दर्रा भारत के हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले को तिब्बत के गारी विभाग के जान्दा जिले से जोड़ता है ।
– सतलज नदी इस दर्रे के पास ही एक तंग घाटी से गुजरकर तिब्बत से भारत में प्रवेश करती है।

21. कथन (A) : भारत में हरित क्रान्ति के फलस्वरूप खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि हुई है।
कारण (R) : भारत में हरित क्रान्ति के परिणामस्वरूप क्षेत्रीय असमानताओं में वृद्धि हुई है।
कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है । **[B]**

व्याख्या –

– एम. एस. स्वामी नाथन द्वारा 1966-1967 में हरित क्रांति की शुरुआत उच्च उत्पादक बीजों का प्रयोग प्रारंभ करके खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता हासिल करने हेतु किया गया।
– इसका पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तरप्रदेश को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हुआ जिससे गेहूँ तथा चावल के उत्पादन में व्यापक वृद्धि हुई ।
– इस क्रांति से उत्तरी पूर्वी राज्यों, दक्षिणी राज्यों में कम उत्पादन से क्षेत्रीय असमानता में वृद्धि हुई ।

22. निम्नलिखित में से सन् 2013-14 में भारत में मैंगनीज उत्पादक राज्यों में उच्च से निम्न उत्पादन स्तर का कौन-सा क्रम सही है?

(A) मध्य प्रदेश, ओड़िशा, आन्ध्र प्रदेश एवं राजस्थान
(B) राजस्थान, ओड़िशा, मध्य प्रदेश एवं आन्ध्र प्रदेश
(C) मध्य प्रदेश, ओड़िशा, राजस्थान एवं आन्ध्र प्रदेश
(D) ओड़िशा, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश एवं राजस्थान **[A]**

व्याख्या –

– भारत में मैंगनीज उत्पादक राज्यों में सन् 2013-14 में उच्च से निम्न उत्पादन स्तर का सही क्रम था- मध्यप्रदेश, ओड़िशा, आंध्रप्रदेश एवं राजस्थान।
– **राज्य – उत्पादित क्षेत्र**
राजस्थान – अजमेर, उदयपुर
ओड़िशा – केन्दुसर, बुनाई
आंध्रप्रदेश – कुडप्पा
मध्यप्रदेश – बालाघाट

23. उत्तर-दक्षिण गलियारे (North-South Corridor) पर स्थित निम्नलिखित नगरों को उत्तर से दक्षिण के क्रम में व्यवस्थित करते हुए सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये –

(1) नागपुर
(2) आगरा
(3) कृष्णागिरि
(4) ग्वालियर

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

कूट :

(A), (2) (3), (1) और (4)
(B) (2), (4), (1) और (3)
(C) (4), (2), (3) और (1)
(D) (1), (2), (4) और (3) **[B]**

व्याख्या –

– उत्तर-दक्षिण गलियारा NH-44 द्वारा जम्मू-कश्मीर को कन्याकुमारी sसे जोड़ेगा जिसकी लम्बाई 3806 Km है यह जम्मू-कश्मीर से हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक से तमिलनाडु से गुजरेगा।

24. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह राजस्थान की पर्वत चोटियों का उनकी ऊँचाई के अनुसार सही अवरोही क्रम है ?

(A) देलवाड़ा, सज्जनगढ़, जरगा, तारागढ़
(B) सेर, जरगा, सज्जनगढ़, तारागढ़
(C) जरगा, सेर, सज्जनगढ़, तारागढ़
(D) जरगा, देलवाड़ा, तारागढ़, सज्जनगढ़ **[B]**

व्याख्या –

– अवरोही क्रम में अरावली श्रेणी की उपर्युक्त चोटियाँ इस प्रकार है- सेर (सिरोही) (1597 मी.) जरगा (उदयपुर) (1431 मी.) > सज्जनगढ़ (उदयपुर) (938 मी.) > तारागढ़ (अजमेर) (870 मी.)

25. राजस्थान की किस झील को रामसर आर्द्रभूमि की सूची में सम्मिलित किया गया है ?

(A) जयसमंद झील (B) आनासागर झील
(C) राजसमंद झील (D) सांभर झील **[D]**

व्याख्या –

- राजस्थान में रामसर आर्द्रभूमि सूची में सांभर झील को 23 मार्च, 1990 को तथा केवलादेव घना पक्षी विहार (भरतपुर) को 10 अक्टूबर, 1981 को रामसर आर्द्रभूमि घोषित किया गया।
– सांभर झील भारत की सबसे बड़ी अंत: स्थलीय खारे पानी की झील है ।

26. राजस्थान सरकार द्वारा पहली वन नीति का अनुमोदन कब किया गया?

(A) सितम्बर, 2011 (B) अगस्त, 2010
(C) मार्च, 2011 (D) फरवरी, 2010 **[D]**

व्याख्या –

– 17 फरवरी, 2010 में राजस्थान राज्य की पहली वन नीति का अनुमोदन किया गया था ।
– इस नीति के अनुसार राज्य के सम्पूर्ण भू-भाग में 20 प्रतिशत भाग को वृक्षाच्छादित का लक्ष्य रखा गया।

27. राजस्थान सरकार ने कौन से वर्ष में राजस्थान जैविक विविधता नियमों को बनाया तथा राजस्थान राज्य जैव- विविधता बोर्ड की स्थापना की ?

(A) 2008 (B) 2010
(C) 2012 (D) 2014 **[B]**

व्याख्या –

– राजस्थान राज्य जैव- विविधता बोर्ड की स्थापना जैव विविधता एक्ट 2002 के अंतर्गत की गयी।
– जैव विविधता के संरक्षण के लिए वर्ष 2010 में तत्कालीन राजस्थान सरकार ने जैव विविधता नियम तथा राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड की स्थापना की।
– इसका अध्यक्ष मुख्यमंत्री होता है ।

28. चौधरी कुम्भा राम नहर द्वारा लाभान्वित जिला युग्म है ?

(A) हनुमानगढ़-झुंझुनूं
(B) भीलवाड़ा-टोंक
(C) बीकानेर-जोधपुर
(D) बाड़मेर-जैसलमेर **[A]**

व्याख्या –

– इन्दिरा गाँधी नहर की 7 लिफ्ट नहरें हैं ।
– चौधरी कुंभाराम नहर जिसका पुराना नाम – गंधेली साहवा लिफ्ट नहर (नौहर) के द्वारा लाभान्वित जिले- बीकानेर, चुरु, हनुमानगढ़ व झुंझुनूं हैं ।

29. गलत युग्म को पहचानिए-

	खनिज	**खान**
(A)	जिप्सम	पलाना
(B)	गुलाबी संगमरमर	बाबरमल
(C)	तामड़ा	राजमहल
(D)	यूरेनियम	कुराड़िया

[A]

व्याख्या –

	खान	**स्थान**	**खनिज**
(1)	पलाना	बीकानेर	लिग्नाइट, जिप्सम
(2)	बाबरमल	जालौर	गुलाबी संगमरमर, ग्रेनाइट
(3)	राजमहल	टोंक	तामड़ा
(4)	कुराड़िया	उदयपुर	यूरेनियम

नोट – RPSC द्वारा जारी उत्तर कुंजी में विकल्प A को सही माना। परन्तु
बीकानेर के पलाना में लिग्नाइट कोयला तथा जिप्सम के भण्डार स्थित है।

30. जनगणना, 2011 के अनुसार राजस्थान के सर्वाधिक कुल जनसंख्या वाले जिलों का अवरोही क्रम है-

(A) जयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर
(B) जयपुर, जोधपुर, अलवर, नागौर
(C) जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर
(D) जयपुर, बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर **[B]**

व्याख्या –

– जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के सर्वाधिक कुल जनसंख्या वाले जिलों का अवरोही क्रम है –
– जयपुर > जोधपुर > अलवर > नागौर

31. वर्ष 2011 में निम्नलिखित में से कौन से दो जिले उनकी कुल जनसंख्या में सबसे कम अनुसूचित जनजाति प्रतिशत रखते हैं?

(A) चूरु और सीकर (B) गंगानगर और हनुमानगढ़
(C) बीकानेर और नागौर (D) भरतपुर और धौलपुर **[C]**

व्याख्या –

क्र. सं.	**विषय**	**अनुसूचित जाति**	**अनुसूचित जनजाति**
(1)	राजस्थान में जनसंख्या प्रतिशत	17.8%	13.5%
(2)	सर्वाधिक प्रतिशत	गंगानगर (36.6%) हनुमानगढ़ (27.8%) करौली (24.3%)	बाँसवाड़ा (76.4%) डूँगरपुर (70.8%) प्रतापगढ़ (63.4%)
(3)	न्यूनतम प्रतिशत	डूँगरपुर 3.5% बाँसवाड़ा (4.5%)	बीकानेर (0.3%) नागौर (0.3%)

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

32. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम से व्यवस्थित करें-

(1) बूंदी (2) अजमेर
(3) उदयपुर (4) नागौर
(A) (1), (2), (3) और (4) (B) (2), (1), (3) और (4)
(C) (1), (2), (4) और (3) (D) (1), (3), (2) और (4)

[C]

व्याख्या –

- प्रश्नानुसार - बूंदी, अजमेर, नागौर व उदयपुर उपरोक्त दिए गए राजस्थान के जिलों का पूर्व से पश्चिम की ओर सही व्यवस्थित क्रम है।

33. जनकपुरा और सरवाड़ खानें जिस खनिज के उत्पादन के लिये जानी जाती हैं, वह है-

(A) पन्ना (B) तामड़ा
(C) पाइराइट (D) बेराइट्स **[B]**

व्याख्या –

- राजस्थान राज्य में गारनेट (तामड़ा) के मुख्य भण्डार टोंक, अजमेर उदयपुर, भीलवाड़ा और राजसमंद में है।
- तामड़ा के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र राजस्थान के टोंक जिले के राजमहल, जनकपुरा, कल्याणपुरा व गांवरी है। अजमेर जिले के सरवाड़ तथा बरबारी में भी तामड़ा उत्पादित होता है।
- इन जिलों में देश का अधिकांश तामड़ा उत्पादित होता इन जिलों के अलावा भीलवाड़ा में कमलपुरा तथा दादिया में, सीकर जिले में भी इसका उत्पादन होता है।

34. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

सूची-I (वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र)		सूची-II (जिला)	
A.	जोड़बीड़ गड़ेवाल	I.	झुंझुनूं
B.	गुढ़ा विश्नोई	II.	नागौर
C.	गोगेलाव	III.	जोधपुर
D.	बीड़	IV.	बीकानेर

कूट:

	A	B	C	D
(A)	IV	III	I	II
(B)	IV	III	II	I
(C)	I	III	IV	II
(D)	I	II	III	IV

[B]

व्याख्या –

क्रं सं.	संरक्षित क्षेत्र	जिला	स्थापना
1.	जोड़बीड़	बीकानेर	2008
2.	गुढ़ा विश्नोई	जोधपुर	2011
3.	गोगेलाव	नागौर	2012
4.	बीड़	झुंझुंनू	2012

35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

(1) अरावली मरुस्थल के पूर्ववर्ती विस्तार को रोकता है।
(2) राजस्थान की सभी नदियों का उद्गम अरावली से है।
(3) राजस्थान में वर्षा का वितरण प्रारूप अरावली से प्रभावित नहीं होता है।
(4) अरावली प्रदेश धात्विक खनिजों में समृद्ध है।

सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये-

(A) (1), (2) और (3) सही है।
(B) (2) (3) और (4) सही है।
(C) (3) और (4) सही है।
(D) (1) और (4) सही है।

[D]

व्याख्या –

- राजस्थान के भौगोलिक प्रदेशों में अरावली पर्वत श्रेणी प्री-क्रेम्बियन युग की वलित अवशिष्ट पर्वतमाला है जो खेड ब्रह्मा (गुजरात) से रायसीना (नई दिल्ली) तक विस्तृत है।
- अरावली पर्वत माला राजस्थान के मरूस्थल के पूर्ववर्ती विस्तार को रोकती है।
- राजस्थान की अधिकांश नदियों का उद्गम अरावली से होता है।
- मानसून की अरबसागर शाखा अरावली के समान्तर होने के कारण वर्षा नहीं होती तथा अरावली का पश्चिमी भाग वृष्टि छायां प्रदेश है।
- अरावली पर्वत माला में आग्नेय चट्टानों में अनेक धात्विक व अधात्विक खनिजों के भण्डार स्थित है।

36. निम्न में से भारत सरकार अधिनियम, 1919 के बारे में असत्य कथन को चिह्नित कीजिये—

(A) भारत सरकार अधिनियम 1919, 1921 में लागू हुआ।
(B) यह अधिनियम मार्ले-मिन्टो सुधार अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है ।
(C) माण्टेग्यू भारत के राज्य सचिव एवं लॉर्ड चेम्सफोर्ड भारत के वायसराय थे |
(D) इस अधिनियम में केन्द्रीय एवं प्रान्तीय विषयों को अलग कर दिया गया था ।

[B]

व्याख्या –

- मार्ले- मिण्टो सुधार अधिनियम 1909 ई. का है ।
- 1919 ई. के भारत सरकार अधिनियम को माण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार अधिनियम के नाम से जाना जाता है।
- 1919 ई. के इस अधिनियम की विशेषताएँ - केन्द्र में द्विसदनात्मक विधायिका अर्थात् प्रथम राज्यपरिषद् तथा दूसरी केन्द्रीय विधानसभा तथा सामुदायिक निर्वाचन का दायरा बढ़ाकर सिक्खों तक कर दिया गया।

37 निम्न में से एक कथन असत्य है, बताइये –

(A) बम्बई राज्य गुजरात एवं महाराष्ट्र में विभाजित किया गया ।
(B) मैसूर राज्य का नया नाम तमिलनाडु रखा गया।
(C) हिमाचल प्रदेश पहले संघ शासित प्रदेश की सूची में था।
(D) गोवा को दमन एवं दीव से अलग किया गया।

[B]

व्याख्या –

- वर्ष 1969 में, मैसूर राज्य का नाम कर्नाटक रखा गया जबकि मद्रास राज्य का नाम तमिलनाडु रखा गया।
- 1960 ई. में बंबई को महाराष्ट्र तथा गुजरात में विभाजित किया गया था।
- 1 नवम्बर, 1956 को हिमाचल प्रदेश को केन्द्र शासित प्रदेश, जबकि 25 जनवरी, 1971 को पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान किया गया।
- वर्ष 1987 में गोवा को दमन व दीव से अलग कर पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान किया गया था।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

38. संविधान में मौलिक कर्तव्यों को कब सम्मिलित किया गया ?
(A) 1975 में (B) 1976 में
(C) 1978 में (D) 1979 में **[B]**

व्याख्या –
- मूल कर्त्तव्य संविधान के भाग-4 (क) में वर्णित है।
- स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 42वें संविधान संशोधन 1976 द्वारा 10 मूल कर्तव्य जोड़े गये । इसकी संकल्पना साम्यवादी रूस से ली गयी है।
- 86वें संविधान संशोधन (2002) में 6-14 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान कर 11वाँ कर्तव्य जोड़ा गया।

39. केन्द्रीय सूचना आयुक्त का कार्यकाल होता है- -
(A) 5 वर्ष या 62 वर्ष की आयु तक
(B) 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक
(C) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक
(D) 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु तक

[C]

व्याख्या –
- मुख्य सूचना आयुक्त एवं अन्य आयुक्त ऐसी अवधि जो केन्द्र सरकार द्वारा नियत हो 5 वर्ष का सेवा काल या 65 वर्ष की आयु, दोनों में से जो भी पहले हो, तक पद पर बने रह सकते है, उन्हें पुनर्नियुक्ति की पात्रता नहीं होती है।
- इनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री, लोकसभा के विपक्ष के नेता तथा एक कैबिनेट मंत्री द्वारा गठित समिति की सिफारिश पर की जाती है।
- सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 12 अक्टूबर, 2005 को लागू किया गया । RTI Act 2005 की धारा 3 तथा धारा 4 में क्रमशः केन्द्रीय सूचना आयोग तथा राज्य सूचना आयोग का प्रावधान है।
- वर्तमान में केन्द्रीय मुख्य सूचना आयुक्त यशवर्धन कुमार सिन्हा है।

40. निम्नलिखित में से किस विधायी सदन को समाप्त किया जा सकता है?
(A) लोक सभा (B) राज्य सभा
(C) विधान परिषद् (D) विधान सभा **[C]**

व्याख्या –
- विधान परिषद को कभी भी समाप्त किया जा सकता है।
- विधान परिषद् की स्थापना और समाप्ति – अनुच्छेद 169 के अनुसार राज्य विधान सभा अपने कुल सदस्य के बहुमत से वोट डालने वाले सदस्य के दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पास करके राज्य में विधान परिषद की स्थापना या समाप्ति के लिए प्रस्ताव पारित कर सकती है।

41. राज्यों के निम्नांकित में से किस समूह पर पेसा [(पंचायत अनुसचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम], 1996 प्रवर्तनीय नहीं है?
(A) असम - मेघालय - तमिलनाडु
(B) राजस्थान - तेलंगाना- महाराष्ट्र
(C) हिमाचल प्रदेश - गुजरात - छत्तीसगढ़
(D) आंध्र प्रदेश - झारखण्ड-ओड़िशा **[A]**

व्याख्या –
- (1) राजस्थान में पेसा अधिनियम- 2 नवम्बर, 2011 को लागू हुआ पेसा अधिनियम भारतीय संविधान की पाँचवीं अनुसूची में दर्ज ऐसे क्षेत्रों में लागू होते है जहाँ 50% से अधिक जनजातीय आबादी निवास करती हो।
- (2) इसे पंचायत एक्सटेंशन ओवर शेड्युल एरियाज एक्ट 1996 के तहत् लागू किया गया।
- (3) राज्य - मध्यप्रदेश, छतीसगढ़, झारखण्ड, राजस्थान, आंध्रप्रदेश, हिमाचल, गुजरात, उड़ीसा, महाराष्ट्र में।
- (4) राजस्थान में बाँसवाड़ा, डुगरपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर, सिरोही के आबु रोड़ में लागू है।

42. निम्नलिखित राज्यों / संघ शासित क्षेत्र के समूह में से किसकी लोक सभा में केवल एक सीट है ?
(A) अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, लक्षद्वीप
(B) गोवा, मेघालय, नागालैंड
(C) चण्डीगढ़, सिक्किम, मिजोरम
(D) मणिपुर, दादरा और नगर हवेली, पुदुचेरी

[C]

व्याख्या –
- भारत के राज्य/संघ शासित क्षेत्र जहाँ लोकसभा में केवल एक सीट है - नागालैण्ड, सिक्किम, मिजोरम पुडुचेरी चण्डीगढ़, लक्षद्वीप, दादर एवं नगर हवेली, दमन एवं दीव अंडमान एवं निकोबार।
- केवल 2 लोकसभा सीट वाले राज्य - त्रिपुरा, मेघालय, मणिपुर।
- सर्वाधिक - UP (80), महाराष्ट्र (48), बंगाल (42) राजस्थान एवं आन्ध्रप्रदेश में 25-25 सीट।

43. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए-

	सूची-I		सूची-II
A.	उपाधियों का निषेध	I.	अनुच्छेद 29
B.	धार्मिक मामलों के प्रबंध की स्वतंत्रता	II.	अनुच्छेद 21 क
C.	अल्पसंख्यकों की भाषा का संरक्षण	III.	अनुच्छेद 18
D.	शिक्षा का अधिकार	IV.	अनुच्छेद 26

कूट:

	A	B	C	D
(A)	II	III	IV	I
(B)	III	II	I	IV
(C)	III	IV	I	II
(D)	IV	III	II	I

[C]

व्याख्या –
- भारत के संविधान में वर्णित समानता के अधिकार के अन्तर्गत अनु. 18 में उपाधियों का निषेध, स्वतंत्रता के अन्तर्गत अनु. 21 (क) में बालकों की प्रारम्भिक शिक्षा का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार के अन्तर्गत अनु.26 में धार्मिक मामलों के प्रबन्ध की स्वतंत्रता, संस्कृति एवं शिक्षा सम्बन्धी अधिकार अनु.29 में अल्पसंख्यकों की भाषा का संरक्षण सम्बन्धी मूल अधिकार वर्णित है।

44. निम्न में से एक भारत सरकार अधिनियम, 1935 की मुख्य विशेषताओं में से नहीं थी-
(A) यह प्रान्तीय स्वायत्तता के सूत्रपात का संकेत था ।
(B) इस अधिनियम में अखिल भारतीय महासंघ का प्रावधान था।
(C) इसने प्रान्तीय स्तर पर द्वैध शासन प्रणाली को समाप्त कर केन्द्र में लागू किया ।
(D) अवशिष्ट विषय प्रांतीय विधायिकाओं को आवंटित किए गए थे।

[D]

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- भारत सरकार अधिनियम, 1935 की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं-
  (i) इस अधिनियम में प्रान्तों को स्वायत्तता प्रदान की गई।
  (ii) इन अधिनियम में अखिल भारतीय महासंघ का प्रावधान था।
  (iii) इस अधिनियम के तहत केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों का बँटवारा किया गया तथा राज्य में द्वैध शासन समाप्त कर केन्द्र में द्वैध शासन लागू किया गया।
  (iv) दलित जातियों, महिलाओं और मजदूर वर्ग के लिए अगल से निर्वाचन की व्यवस्था की गई।
  (v) वर्मा (म्यांमार) को भारत से अलग कर दिया।
  (vi) इण्डियन कौंसिल को समाप्त कर दिया।
  (vii) एक संघीय न्यायालय तथा एक केन्द्रीय बैंक की स्थापना का प्रावधान।
  (viii) संघीय न्यायालय के ऊपर प्रीवी कौंसिल का निर्माण ।

45. भारत के राष्ट्रपति के महाभियोग की प्रक्रिया है-

(A) न्यायिक प्रक्रिया (B) अर्ध-न्यायिक प्रक्रिया
(C) विधायी प्रक्रिया (D) कार्यपालिका प्रक्रिया **[B]**

व्याख्या –

- संविधान के अनु. 61 में राष्ट्रपति पर महाभियोग की प्रक्रिया का उल्लेख है। इसमें दोनों सदनों में से कोई भी एक सदन महाभियोग के सम्बन्ध में आरोप लगाता है।
- यह प्रक्रिया एक अर्द्ध न्यायिक प्रक्रिया है-
  (1) इसमें राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत लोकसभा तथा राज्यसभा के सदस्य भी भाग लेते है।
  (2) संघ शासित क्षेत्रों तथा राज्यों की विधानसभा के सदस्य इसमें भाग नहीं लेते है।

46. राजस्थान राज्य में 30 जून, 2016 तक कितनी बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया है ?

(A) 5 बार (B) 3 बार
(C) 6 बार (D) 4 बार **[D]**

व्याख्या –

- **राजस्थान में आपातकाल**

क्र.सं	वर्ष	राज्यपाल	मुख्यमंत्री	समय
(1)	1967	सरदार हुकुम सिंह	मोहन लाल सुखाड़िया	44 दिन
(2)	1977	रघुकुल तिलक	हरिदेव जोशी	54 दिन
(3)	1980	रघुकुल तिलक	भैरोसिंह शेखावत	111 दिन
(4)	1992	डॉ. एम. चन्नारेड्डी	भैरोसिंह शेखावत	354 दिन

47. सन् 1952 के परिसीमन आयोग ने राजस्थान विधान सभा की सदस्य संख्या कितनी निर्धारित की थी ?

(A) 200 (B) 160
(C) 188 (D) प्रत्येक जिले में तीन विधायक **[B]**

व्याख्या –

- भारतीय संविधान के अनु. 81 तथा 170 में क्रमश: संसद और राज्यों के सदनों की अधिकतम सीटों का निर्धारण परिसीमन आयोग के द्वारा किया जाता है।
- अब तक चार बार (1952, 1962, 1972, 2002) परिसीमन आयोग का गठन किया गया है।
- वर्तमान सीटों का निर्धारण 2002 के परिसीमन आयोग के तहत् किया गया है जो वर्ष 2026 तक यथावत रहेगा।
- 1952 के परिसीमन आयोग के तहत् राजस्थान विधानसभा में 160 सीटें थी तथा वर्ष 2002 के परिसीमन आयोग में 200 सीटों का प्रावधान किया गया।
- अनु. 330 में संसद तथा राज्य विधानमण्डलों में अनुसूचित जाति तथा जनजाति हेतु आरक्षित सीटों का प्रावधान वर्तमान में लोकसभा में ST-47, SC-84 सीटें आरक्षित है।

48 राजस्थान के राज्यपाल के रूप में श्री कल्याण सिंह की नियुक्ति के पूर्व, निम्नांकित में से कौन राज्य के कार्यवाहक राज्यपाल थे?

(A) ओ. पी. कोहली (B) रामनरेश यादव
(C) राम नायक (D) मार्गरेट अल्वा **[C]**

व्याख्या –

- कल्याण सिंह राजस्थान के 22वें राज्यपाल (2014- 2019) रहे। कल्याण सिंह से पूर्व राजस्थान के कार्यवाहक राज्यपाल रामनायक थे।
- **राजस्थान के राज्यपालों के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण तथ्य**
- राज्यपाल सरदार गुरुमुख निहाल सिंह (1956- 1962) सर्वाधिक समय तक
- प्रथम महिला राज्यपाल- प्रतिभा देवी सिंह पाटिल (2004-2007)
- पद पर रहते हुए मृत्यु- निर्मल चन्द्र जैन, शेलेन्द्र सिंह, प्रभाराव
- वर्तमान राज्यपाल **कलराज मिश्र** है।

49. राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में, निम्नांकित में से किसका कार्यकाल सबसे लंबा रहा है?

(A) मोहम्मद याकूब (B) यतींद्र सिंह
(C) डी. एस. तिवाड़ी (D) सी. आर. चौधरी **[C]**

व्याख्या –

- भारतीय संविधान के अनु. 315-323 में राज्य लोक सेवा आयोग प्रावधान है।
- **राजस्थान राज्य लोक सेवा आयोग के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण तथ्य-**
- राजस्थान लोक सेवा आयोग की स्थापना 20 अगस्त, 1949
- प्रथम अध्यक्ष डॉ. एस. के. घोष
- वर्तमान अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय
- सर्वाधिक लंबा कार्यकाल डी. एस. तिवाड़ी (1951-1958) का रहा।
- अध्यक्ष का कार्यकाल 6 वर्ष / 62 वर्ष
- राजस्थान लोक सेवा आयोग में एक अध्यक्ष तथा सात सदस्यों (कुल-8 सदस्य) की नियुक्ति का प्रावधान।
- नियुक्ति राज्यपाल द्वारा, हटाना- राष्ट्रपति द्वारा।

50. जिला आयोजन समिति के निर्वाचित व पदेन सदस्य कितने होते हैं?

(A) 20 और 5 (B) 20 और 3
(C) 20 और 2 (D) 20 और 10 **[B]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- भारतीय 'संविधान के अनुच्छेद 243 ZD के अंतर्गत जिला आयोजन समिति का गठन किया गया है। इस समिति में 20 निर्वाचित तथा 3 पदेन सदस्य होते हैं ।
- इसका अध्यक्ष जिला परिषद् का मुख्य कार्यकारी अधिकारी(CEO) होता है।

51. जिला दण्डनायक के रूप में जिला कलेक्टर की शक्तियाँ हैं.

(1) कानून व व्यवस्था बनाए रखना
(2) पुलिस पर नियंत्रण रखना।
(3) विदेशियों के पारपत्रों की जाँच करना।
(4) भू-राजस्व एकत्र करना।

कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए-

कूट :

(A) (1), (2) तथा (3) (B) (1), (3) तथा (4)
(C) (2), (3) तथा (4) (D) (1), (2) तथा (4)

[A]

व्याख्या –

- जिला दण्डनायक के रूप में जिला कलेक्टर की शक्तियाँ निम्न है-
- कानून व व्यवस्था बनाए रखना
- पुलिस पर नियंत्रण रखना।
- विदेशियों के पारपत्रों की जाँच करना।

52. सही उत्तर चुनें-

राजस्थान के राज्यपाल कुलाधिपति होते हैं

(A) सभी राज्य विश्वविद्यालयों के
(B) सभी राज्य विश्वविद्यालयों तथा राज्य में कार्यरत सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के
(C) सभी राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों के
(D) सभी राज्य विश्वविद्यालयों, राज्य में स्थित केन्द्रीय विश्वविद्यालयों तथा राज्य के सभी निजी विश्वविद्यालयों के

[A]

व्याख्या –

- राजस्थान के राज्यपाल सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपतियों की नियुक्ति राज्यपाल करता है। कुलपति अपना त्यागपत्र संभागीय आयुक्त के माध्यम से राज्यपाल को पहुँचाता है।

53. राजस्थान सूचना आयोग का गठन कब हुआ था-?

(A) 18 अप्रैल, 2008 (B) 18 अप्रैल, 2006
(C) 18 अप्रैल, 2007 (D) 18 अप्रैल, 2005

[B]

व्याख्या –

- **राजस्थान सूचना आयोग के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण तथ्य -**
- राजस्थान सूचना आयोग की स्थापना 18 अप्रैल, 2006
- राजस्थान के प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त – एम.डी. कोरानी
- संगठन- मुख्य आयुक्त + 10 अन्य आयुक्त (कुल सदस्य - 11)
- पदावधि- राज्य द्वारा निर्धारित 3 वर्ष सेवा काल या 65 वर्ष आयु जो पहले हो
- शपथ तथा त्यागपत्र- राज्यपाल द्वारा
- वर्तमान मुख्य सूचना आयुक्त देवेन्द्र भूषण गुप्ता

54. सही उत्तर चुनें-

(D) ऋषि दत्त मेहता **[A]**

व्याख्या -

– त्याग भूमि के संपादक हरिभाऊ उपाध्याय थे |
– इनके साहित्यिक गुरु महावीर प्रसाद द्विवेदी थे । इनकी कर्म भूमि अजमेर थी, ये तात्कालिक अजमेर राज्य के मुख्यमंत्री भी रहे,
– राजस्थान सरकार के अंतर्गत वित्त और शिक्षामंत्री का कार्य भी किया। तत्पश्चात् वे राजस्थान साहित्य अकादमी में कई वर्षों तक अध्यक्ष भी रहे।

9. सुमेलित कीजिए-

	मंदिर		जिला
I.	कामेश्वर महादेव	a.	अलवर
II.	शीतलेश्वर	b.	जोधपुर
III.	पीपला माता	c.	झालावाड़
IV.	नीलकंठ	d.	पाली

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

सही कूट का चयन कीजिए-

	I	II	III	IV
(A)	a	c	d	b
(B)	d	c	b	a
(C)	d	b	c	a
(D)	a	b	c	d

[B]

व्याख्या -

– कामेश्वर महादेव मन्दिर पाली में स्थित है ।
- शीतलेश्वर मन्दिर झालावाड़ के चन्द्रावती नामक प्राचीन नगरी झालरापाटन नगर के दक्षिण में चन्द्रभागा नदी के तट पर स्थित है ।
- पीपला माता का मन्दिर जोधपुर के ओंसिया में सूर्य मंदिर के पास स्थित है ।
- नीलकण्ठ महादेव अलवर के राजगढ़ में अवस्थित है ।

10. चित्तौड़गढ़ किले के निम्नलिखित मंदिरों में से कौनसा एक जैन मंदिर है ?

(A) कुंभश्याम मंदिर (B) सातवीश देवरी
(C) समिद्धेश्वर मंदिर (D) तुलजा भवानी मंदिर

[B]

व्याख्या -

- डॉ. ए. एल. जैन के अनुसार इस मंदिर का निर्माण सन् 1448 में भंडारी श्रेष्ठी संभवत वेला ने करवाया था।
– सातवीश देवरी मंदिर चित्तौड़गढ़ दुर्ग में स्थित कुंभा महल के पास त्रिपोलिया दरवाजे के आगे है।

11. निम्नलिखित में से कौनसा चित्रकार अलवर शैली की चित्रकला से संबंधित नहीं है ?

(A) जमनादास (B) बक्साराम
(C) नानकराम (D) नंदराम

[C]

व्याख्या -

– अलवर शैली पर ईरानी, मुगल तथा जयपुर शैली का विशिष्ट प्रभाव दिखाई देता है।
- महाराजा विनय सिंह के समय इस चित्रशैली का स्वर्णकाल था । इस शैली में गणिकाओं के चित्रण प्रमुख है ।
- इस शैली के मुख्य चित्रकार जमनादास, डालचंद, सहदेव, बुद्धाराम, बक्साराम, शालिगराम, नंदराम तथा छोटेलाल प्रमुख थे।

12. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है ?

	रचना		लेखक
(A)	बोल भारमली	-	यादवेन्द्र शर्मा
(B)	पागी	-	चंद्रप्रकाश देवल
(C)	कोडमदे	-	मेघराज मुकुल
(D)	पगफेरो	-	मणि मधुकर

[A]

व्याख्या-

– बोल भारमली राजस्थानी भाषा के विख्यात साहित्यकार सत्यप्रकाश जोशी द्वारा रचित एक काव्य रचना है ।
- इस हेतु इन्हें वर्ष 1977 में राजस्थान भाषा के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ।
- यादवेन्द्र शर्मा की प्रमुख रचनाएँ चकवे की बात, संन्यासी और सुन्दरी, हजार घोड़ों पर सवार आदि हैं ।

13. गवरी देवी किस गायन शैली से सम्बन्धित थी ?

(A) लंगा (B) मांड
(C) तालबंदी (D) ठुमरी **[B]**

व्याख्या-

– गवरी देवी का जन्म पाली जिले में हुआ था, ये मांड गायिका थी।
- इन्हें राजस्थान की मरु कोकिला भी कहा जाता है ।
- इन्हें वर्ष 2013 में "राजस्थान रत्न पुरस्कार" से नवाजा गया ।

14. नारी संत दयाबाई किसकी शिष्या थी ?

(A) संत चरणदास की (B) संत निम्बार्काचार्य की
(C) संत रैदास की (D) संत रामचरण की

[A]

व्याख्या-

– नारी सन्त दयाबाई का जन्म डेहराग्राम (अलवर) में हुआ ।
- इनके गुरु सन्त चरणदास थे । इन्होंने "दयाबोध" नामक काव्य संग्रह का संकलन किया।
- इनकी साहित्यिक भाषा शैली ब्रज थी ।
- निर्गुण परक पद, साखी, चौपाई आदि की रचनाएँ इन्होंने की थी।

15. गरासिया जनजाति से संबंधित नृत्य शैली है-

(A) गवरी (B) लूर
(C) बम (D) तेरहताली **[B]**

व्याख्या –

– जनसंख्या की दृष्टि से गरासिया राज्य की तीसरी सबसे बड़ी जनजाति है ।
- इन्हें चौहान राजपूतों का वंशज कहा जाता है जो सिरोही और उदयपुर जिलों में निवास करती है।
- लूर इनका प्रमुख नृत्य है जो मेले तथा शादी के अवसर पर महिलाओं द्वारा किया जाता है ।
- लूर नृत्य घूमर नृत्य का ही एक रूप है।

16. विजयदान देथा के बारे में अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(1) विजयदान देथा रूपायन संस्थान के सह-संस्थापक थे ।
(2) विजयदान देथा राजस्थान के प्रसिद्ध लेखक थे, जिनकी कहानी चरणदास चोर नामक नाटक के रूप में रूपान्तरित की गई ।

निम्नलिखित में से सही उत्तर का चयन कीजिए-

(A) केवल (1) सत्य है ।
(B) केवल (2) सत्य है ।
(C) न तो (1), ना ही (2) सत्य है ।
(D) दोनों (1) और (2) सत्य है । **[D]**

व्याख्या-

– विजयदान देथा 'बिज्जी' राजस्थान के प्रसिद्ध लेखक थे ।
- इन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, पदमश्री, राजस्थान रत्न पुरस्कार से नवाजा गया है।
- इनकी प्रमुख कृतियाँ बाँता री फुलवारी, तिडो राव, उलझन, अलेखु हिटलर थी ।
- इन्होंने 'चरणदास चोर' नामक लोक कथा की भी रचना की थी ।
- इन्होंने बोरूदा जोधपुर में रूपायन संस्थान की स्थापना की थी ।

17. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से कीजिए-

	सूची - I (पर्वत शिखर)		सूची – II (स्थिति/देश)
A.	एल्ब्रुस	I.	न्यूजीलैण्ड
B.	किलीमंजारो	II.	संयुक्त राज्य अमेरिका
C.	माउन्ट कुक	III.	तंजानिया
D.	मैकिन्ले	IV.	रूस

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

कूट-

	A	B	C	D
(A)	III	IV	II	I
(B)	IV	II	III	I
(C)	IV	III	I	II
(D)	III	I	IV	II

[C]

व्याख्या-

- एल्ब्रुस पर्वत एक सुषुप्त ज्वालामुखी है जो रूस की काकेशस पर्वतमाला का सबसे बड़ा शिखर है ।
- किलीमंजारो (तंजानिया) एक निष्क्रिय ज्वालामुखी पर्वत है जो अफ्रीका महाद्वीप का सर्वोच्च शिखर है ।
- माउंट कूक- न्यूजीलैण्ड का सबसे ऊँचा पर्वत है ।
- माउंट मेंकिंले, उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप की सबसे ऊँची चोटी है जो रॉकी पर्वतमाला पर स्थित है। इसका नया नाम माउण्ट देनाली है ।

18. जैव विविधता मापने के गणितीय सूचकांकों में से कौनसा एक स्थानीय स्तर पर किसी समुदाय / आवासीय क्षेत्र में माध्य प्रजाति विविधता को दर्शाता है ?

(A) अल्फा सूचकांक (B) बीटा सूचकांक
(C) गामा सूचकांक (D) इनमें से कोई नहीं

[A]

व्याख्या-

- जैव विविधता के मापने हेतु 3 गणितीय सूचकांकों का प्रयोग किया जाता है।
  (A) **अल्फा सूचकांक -** स्थानीय स्तर पर किसी समुदाय / आवासीय क्षेत्र की प्रजाति विविधता ।
  (B) **बीटा सूचकांक -** पारिस्थितिकी प्रजातियों के मध्य विविधता को दर्शाता ।
  (C) **गामा सूचकांक -** विभिन्न पारिस्थितिकी प्रणालियों के लिए समग्र विविधता को दर्शाता ।

19. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है ?

	औद्योगिक प्रदेश		देश
(A)	रूस	I.	जर्मनी
(B)	दक्षिणी न्यू इंग्लैण्ड	II.	यूनाइटेड किंगडम
(C)	पो घाटी	III.	इटली
(D)	कार्टो मैदान	IV.	जापान

[B]

व्याख्या-

- रूस क्षेत्र जर्मनी में कोयला तथा लौह इस्पात के लिए प्रसिद्ध है ।
- इटली की पो नदी घाटी में स्थिति पो घाटी औद्योगिक क्षेत्र वस्त्र, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग हेतु प्रसिद्ध है ।
- क्वांटो क्षेत्र जापान का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है, जहाँ लौह-इस्पात, वायुयान, जहाजरानी, वस्त्र हेतु योकोहामा, टोक्यो, कावासाकी प्रसिद्ध है ।
- न्यू इंग्लैण्ड औद्योगिक क्षेत्र उत्तरी अमेरिका में सूती, ऊनी, चमड़ा, मशीन निर्माण हेतु प्रसिद्ध ।
- USA की औद्योगिक विकास की यात्रा न्यू इंग्लैण्ड क्षेत्र से ही मानी जाती है ।

20. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए कूट के अनुसार सही उत्तर का चयन कीजिए-

	सूची - I (नहर)		सूची – II (जोड़ती हैं)
A.	कील	I.	भूमध्यसागर व लाल सागर को
B.	सू	II.	एल्ब ज्वारनदमुख (एस्चुयरी) व बाल्टिक सागर को
C.	पनामा	III.	अटलान्टिक महासागर व प्रशान्त महासागर को
D.	स्वेज	IV.	सुपीरियर झील व ह्यूरान झील को

कूट-

	A	B	C	D
(A)	II	IV	III	I
(B)	I	II	III	IV
(C)	IV	III	II	I
(D)	III	II	I	IV

[A]

व्याख्या-

- (1) कील नहर- ज्वारदमुख (एस्चुयरी) व बाल्टिक सागर को जोड़ती है। यह 65 किलोमीटर लंबी है ।
  (2) सू- नहर - उत्तरी अमेरिका के महान झीलों के क्षेत्र में स्थित यह नहर सुपीरियर झील तथा ह्युरन झील को जोड़ती है।
  (3) पनामा नहर- मध्य अमेरिका के पनामा देश में स्थित नहर का निर्माण 1914 में करवाया गया। यह प्रशात महासागर तथा अटलांटिक महासागर को जोड़ती है।
  (4) स्वेज नहर - 1869 में फ्रांस द्वारा निर्मित यह नहर लाल सागर तथा भूमध्य सागर को जोड़ती है । इसकी कुल लम्बाई 165 किलोमीटर है।

21. निम्नलिखित में से कौनसी पर्वतीय चोटी पूर्वी घाट में अवस्थित नहीं है ?

(A) गली कौंडा
(B) सलहेर
(C) सिंकराम गट्टा
(D) मादुगुला कौंडा

[B]

व्याख्या-

- सलेहर पर्वत पश्चिमी घाट (सह्याद्रि श्रृंखला) के महाराष्ट्र में अवस्थित शिखर है ।
- इसकी ऊँचाई 1567 मी. है ।
- यहीं पर सलहेर दुर्ग भी स्थित है ।

22. कौनसा सुमेलित नहीं है ?

	स्थानान्तरण कृषि का नाम		राज्य
(A)	पोण्डु	-	ओडिशा
(B)	माशा	-	हिमाचल प्रदेश
(C)	पोनम	-	केरल
(D)	झूम	-	असम

[B]

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या-

– स्थानान्तरण कृषि से तात्पर्य भूमि का कुछ भाग जो कुछ समय तक कृषि करने हेतु तैयार किया जाता है तथा उसका उपजाऊपन समाप्त हो जाने पर उसे छोड़कर यहीं प्रक्रिया किसी अन्य क्षेत्र के लिए अपनायी जाती है।

- पोण्डु-उड़ीसा, पोनम - केरल, झूमिंग- पूर्वोत्तर, माशा-मध्यप्रदेश, खिल-हिमाचल प्रदेश, वालरा- दक्षिणी राजस्थान, कुराबा छतीसगढ़, कुमारी- कर्नाटक।

23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से कीजिए-

सूची - I (भारत में संरक्षित क्षेत्र)		सूची – II (संख्या, वर्ष 2018 में)	
A.	सामुदायिक रिज़र्व	I.	103
B.	कन्जर्वेशन रिज़र्व	II.	46
C.	राष्ट्रीय पार्क	III.	544
D.	वन्य जीव अभयारण्य	IV.	76

कूट-

	A	B	C	D
(A)	II	IV	I	III
(B)	III	II	I	IV
(C)	IV	III	II	I
(D)	III	II	IV	I

[A]

व्याख्या-

	(भारत में संरक्षित क्षेत्र)	वर्ष 2018	वर्ष 2020
(1)	सामुदायिक रिज़र्व	46	163
(2)	कन्जर्वेशन रिज़र्व	76	88
(3)	राष्ट्रीय पार्क	101	103
(4)	वन्य जीव अभ्यारण्य	544	553

24. भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड (BEL) इसरो (ISRO) के सहयोग से बनाता है-

(A) कृषि प्रौद्योगिकी
(B) GaAs सौर सेल
(C) परमाणु तकनीकी
(D) सी-डेक

[B]

व्याख्या-

– भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड (BEL) इसरो के सहयोग से गैलेनियम धातु द्वारा GaAS (Gallium arsenide) सोलर सेल का निर्माण करती है।

- यह सोलर सेल सूर्य की आने वाली किरणों से ऊर्जा निर्माण का कार्य करता है।

25. सूची -I व सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से उत्तर का चयन कीजिए-

सूची - I (जिले)		सूची – II (पर्वत)	
A.	जालौर	I.	बरवाड़ा
B.	जयपुर	II.	झारोला
C.	अलवर	III.	रघुनाथगढ़
D.	सीकर	IV.	भानगढ़

कूट-

	A	B	C	D
(A)	II	I	IV	III
(B)	I	II	III	IV
(C)	IV	III	II	I
(D)	III	II	I	IV

[A]

व्याख्या-

	जिले	पर्वत
(1)	जालौर	झारोड़ा/झारोला
(2)	जयपुर	बरवाड़ा
(3)	अलवर	भानगढ़
(4)	सीकर	रघुनाथगढ़

26. निम्नलिखित में से कौनसी पहाड़ियाँ राजस्थान में विंध्यन पर्वत श्रेणियों का विस्तार है ?

(A) मुकन्दरा पहाड़ियाँ (B) डोरा पर्वत
(C) अलवर पर्वत (D) गिरवा पर्वत

[A]

व्याख्या-

– मुकन्दरा पर्वत कोटा में स्थित है, जो विंध्यन पर्वत श्रेणियों का उत्तरी विस्तार माना जाता है ।

- इस पर्वत पास में स्थित दर्रा अभयारण्य को वर्ष 2006 में राष्ट्रीय पार्क घोषित किया गया।

27. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

सूची - I (मुख्य सिंचाई)		सूची – II (सिंचाई सुविधाओं से परियोजना लाभान्वित जिले)	
A.	सिद्धमुख परियोजना	I.	जालौर एवं बाड़मेर
B.	नर्मदा परियोजना	II.	जालौर, पाली एवं जोधपुर
C.	जवाई परियोजना	III.	उदयपुर एवं प्रतापगढ़
D.	जाखम परियोजना	IV.	हनुमानगढ़ एवं चूरू

कोड-

	A	B	C	D
(A)	IV	I	II	III
(B)	I	IV	II	III
(C)	IV	I	III	II
(D)	I	II	III	IV

[A]

व्याख्या-

मुख्य सिंचाई परियोजना		लाभान्वित जिले
सिद्धमुख परियोजना	-	हनुमानगढ़, चूरू
नर्मदा परियोजना	-	जालौर, बाड़मेर
जवाई परियोजना	-	जालौर, पाली, जोधपुर
जाखम परियोजना	-	उदयपुर, प्रतापगढ़

28. राजस्थान में मई-जून महीनों में आने वाली धूलभरी आँधियों के लिए जिम्मेदार हैं-

(अ) संवहनीय धाराओं की उत्पत्ति
(ब) अरावली पहाड़ियाँ दक्षिण-पश्चिम हवाओं के समांतर है।
(स) अति तीव्रगामी पूर्वी हवाओं की उत्पत्ति

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(A) (अ) और (स)
(B) (अ), (ब) और (स)
(C) (अ) और (ब)
(D) केवल (अ)

[D]

व्याख्या-

– राजस्थान में मई-जून महिनों में उत्पन्न होने वाली धूलभरी आधियाँ का निर्माण संवहनीय धाराओं द्वारा होता है।
- इन्हें स्थानीय भाषा में 'लू' कहा जाता है।

29. निम्नलिखित में से कौनसे कथन सत्य हैं ?

(अ) संगमरमर विकास एवं सरंक्षण नियमावली-2002
(ब) राजस्थान खनिज नीति-2015
(स) जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली-2016
(द) राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली (संशोधित मई 2016 तक)

कूट-

(A) केवल (अ), (स) और (द)
(B) केवल (अ), (ब) और (द)
(C) केवल (अ) और (द)
(D) उपर्युक्त सभी

[D]

व्याख्या-

– राजस्थान खनिज नीति- 2015 (वर्ष 2019 में संशोधित)
- संगमरमर विकास एवं संरक्षण नियमावली- 2002
- जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली-2016
- राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली- 1986 (वर्ष मई 2016 से संशोधित)

30. निम्नलिखित में से कौनसे खनिजों का राजस्थान लगभग अकेला उत्पादक राज्य है ?

(अ) सीसा एवं जस्ता अयस्क
(ब) ताम्र अयस्क
(स) वोलेस्टोनाइट
(द) सेलेनाइट

कूट -

(A) (अ) और (स)
(B) (अ), (ब) और (द)
(C) (अ), (ब), और (स)
(D) (अ), (स) एवं (द)

[D]

व्याख्या-

– **राजस्थान का एकाधिकार -** जास्पर, वोलस्टोनाइट, गार्नेट, सीसा जस्ता, - जिप्सम, चाँदी, एस्बेसटॉस, फायर क्ले, सेलेनाइट में है ।

31. वर्ष 2017-18 (दिसम्बर, 2017 तक) में राजस्थान के कौनसे क्षेत्र से सर्वाधिक कच्चे तेल (Crude oil) का उत्पादन प्राप्त हुआ है ?

(A) बीकानेर-नागौर बेसिन
(B) जैसलमेर बेसिन
(C) बाड़मेर- सांचौर बेसिन
(D) इनमें से कोई नहीं

[C]

व्याख्या-

– बाड़मेर-सांचौर बेसिन में वर्ष 2017-2018 (Dec. 2018 तक) में राजस्थान में सर्वाधिक कच्चे तेल का उत्पादन प्राप्त हुआ है।

32. जनगणना 2011 के अनुसार क्रमशः भारत एवं राजस्थान की नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत क्या है ?

(A) 28.87% एवं 31.15%
(B) 34.15% एवं 24.87%
(C) 21.87% एवं 34.15%
(D) 31.15% एवं 24.87%

[D]

व्याख्या-

– वर्ष 2011 की जनसंख्या अनुसार-

	स्थान	नगरीय जनसंख्या (%)	ग्रामीण जनसंख्या (%)
(1)	राजस्थान	24.87%	75.13%
(2)	भारत	31.15%	68.85%

33. निम्नलिखित में से राजस्थान में कौन-कौनसे महत्त्वपूर्ण खनिज आधारित उद्योग हैं ?

(अ) जस्ता गलन उद्योग
(ब) सीमेन्ट उद्योग
(स) इलेक्ट्रॉनिक उद्योग
(द) संगमरमर उद्योग

कूट-

(A) (अ) और (ब)
(B) (अ), (स) और (द)
(C) (अ), (ब), और (द)
(D) (अ), (ब), (स) एवं (द)

[C]

व्याख्या-

– राजस्थान के प्रमुख खनिज आधारित उद्योग - जस्ता गलन उद्योग, संगमरमर उद्योग, सीमेंट उद्योग ।

34. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के किन जिलों में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत उनकी कुल जनसंख्या में न्यूनतम है ?

(A) सीकर और धौलपुर
(B) झुन्झुनू और चूरू
(C) बीकानेर और नागौर
(D) गंगानगर और हनुमानगढ़

[C]

व्याख्या-

– वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत बीकानेर और नागौर में क्रमशः 0.3%, 0.3% था।
- यह राज्य में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के न्यूनतम प्रतिशत वाले जिलें है ।

35. पचपदरा, बाड़मेर में प्रस्तावित ऑयल रिफाइनरी किसका संयुक्त उपक्रम (Joint Venture) है ?

(A) ONGC एवं भारत सरकार
(B) NTPC एवं राजस्थान सरकार
(C) HPCL एवं भारत सरकार
(D) HPCL एवं राजस्थान सरकार

[D]

व्याख्या-

– पचपदरा, बाड़मेर (राजस्थान) में प्रस्तावित ऑयल रिफाइनरी HPCL तथा राजस्थान सरकार का संयुक्त उपक्रम है ।
- इसका शिलान्यास 1 जून, 2018 को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया गया।
– उपक्रम का नाम - HPCL राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड
– साझेदारी HPCL : राजस्थान सरकार = 74: 26

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

36. निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है ?

	जिला		शुभंकर
(A)	भीलवाड़ा	-	मोर
(B)	चूरू	-	कृष्ण मृग
(C)	सवाई माधोपुर	-	शेर
(D)	जैसलमेर	-	गोड़ावण

[C]

व्याख्या-

	जिले	शुंभकर
(1)	अजमेर	खरमोर
(2)	अलवर	सांभर
(3)	बाँसवाड़ा	जल पीपी
(4)	बारां	मगरमच्छ
(5)	बाड़मेर	लोमड़ी
(6)	भीलवाड़ा	मोर
(7)	बीकानेर	भट्ट तीतर
(8)	बुँदी	सुर्खाब
(9)	चित्तौड़गढ़	चौसिंगा
(10)	चुरु	कृष्ण मृग
(11)	दौसा	खरगोश
(12)	धौलपुर	पचीरा (इण्डियन स्क्रीमर)
(13)	डूँगरपुर	जांघिल
(14)	हनुमानगढ़	छोटा किलकिला
(15)	जैसलमेर	गोड़ावन
(16)	जालौर	भालू
(17)	झालावाड़	गागरोनी तोता
(18)	झुंझुंनू	काला तीतर
(19)	जोधपुर	कुरंजा
(20)	जयपुर	चीतल
(21)	करौली	घड़ियाल
(22)	कोटा	उदबिलाव
(23)	नागौर	राजहंस
(24)	पाली	तेन्दुआ
(25)	प्रतापगढ़	उड़न गिलहरी
(26)	राजसमंद	भेड़िया
(27)	सवाई माधोपुर	बाघ
(28)	श्रीगंगानगर	चिंकारा
(29)	सीकर	शाहीन
(30)	सिरोही	जंगली मुर्गा
(31)	टोंक	हंस
(32)	उदयपुर	कबर बिज्जु

37. केन्द्रीय विधानसभा का / के निम्नांकित में से कौनसा / से निर्वाचन भारत शासन अधिनियम, 1919 के तहत् हुआ/हुए ?

(A) 1926
(B) 1937
(C) 1945

कूट-

(A) केवल (A)
(B) केवल (B) और (C)
(C) केवल (A) और (C)
(D) (A), (B) और (C)

[C]

व्याख्या—

– 1926 तथा 1945 के निर्वाचन भारत शासन अधिनियम (मान्टेस्क्यू - चैम्सफोर्ड सुधार) के तहत हुये थे ।

38. 'गाँधीयन कॉन्स्टीट्यूशन फॉर फ्री इण्डिया' किसने लिखी ?

(A) अरुणा आसफ अली
(C) श्रीमन नारायण अग्रवाल
(B) अच्युत पटवर्धन
(D) हुमायूँ कबीर

[C]

व्याख्या-

– " गाँधीयन कॉन्स्टिट्यूशन फॉर फ्री इण्डिया " पुस्तक के लेखक श्रीमन नारायण अग्रवाल थे । ये पुस्तक संविधान निर्माण के 6 माह पूर्व प्रकाशित की गई थी जिसका विषय था " स्वतंत्र भारत के लिए गाँधी का संविधान" । इसकी भूमिका स्वयं महात्मा गाँधी द्वारा लिखी गयी थी । श्रीमन नारायण गुजरात के राज्यपाल (1967-1973) भी रहे ।

39. भारतीय संविधान सभा के सम्बन्ध में निम्नांकित में से कौनसा/से कथन सही है/हैं ?

(अ) यह वयस्क मताधिकार पर आधारित नहीं थी।
(ब) यह प्रत्यक्ष निर्वाचन का परिणाम थी।
(स) यह बहुदलीय संरचना नहीं थी।
(द) यह कई समितियों के माध्यम से कार्यरत थी।

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए-

कूट-

(A) (अ) और (द)
(B) केवल (ब)
(C) (ब) और (स)
(D) (अ), (ब), (स) और (द)

[A]

व्याख्या-

– भारतीय संविधान सभा से संबंधित तथ्य -
(1) यह सभा अप्रत्यक्ष निर्वाचन का परिणाम थी।
(2) इसका निर्माण अनेक दलों के सदस्यों द्वारा किया गया था।
(3) इसका निर्माण वयस्क मताधिकार पर आधारित नहीं था।
(4) इस सभा का कार्य कई समितियों के माध्यम से संचालित किया जाता था

40. "भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की आयु ऐसे प्राधिकारी द्वारा और ऐसी रीति से अवधारित की जाएगी, जिसका संसद विधि द्वारा उपबन्ध करें", अन्तःस्थापित किया गया-

(A) 15वें संविधान संशोधन द्वारा
(B) 16वें संविधान संशोधन द्वारा
(C) 17वें संविधान संशोधन द्वारा
(D) 18वें संविधान संशोधन द्वारा

[A]

व्याख्या-

– 15वाँ संविधान संशोधन, 1963
(1) उच्चतम व उच्च न्यायालय के न्यायधीशों की उम्र निर्धारण के लिए प्रक्रिया की व्यवस्था ।
(2) उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायधीश का उसी उच्च न्यायालय में कार्यकारी न्यायधीश के रूप में भी नियुक्ति का प्रावधान ।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(3) एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानांतरण पर न्यायधीशों को होने वाली क्षति के भुगतान हेतु भत्ते का प्रावधान।
(4) उच्च न्यायालय के न्यायधीशों की सेवानिवृत्ति आयु 2 वर्ष बढ़ाकर 60 से 62 वर्ष कर दी गई।
(5) उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायधीशों की उच्चतम न्यायालय में अस्थायी न्यायधीशों के रूप में नियुक्ति का प्रावधान ।
(6) उच्च न्यायालय को किसी व्यक्ति या प्राधिकरण के खिलाफ राज्यों के बाहर भी रिट दायर करने का अधिकार, यदि इसका कारण उसके न्यायक्षेत्र में उत्पन्न हुआ हो ।

41. मूल अधिकारों से सम्बन्धित निम्नांकित निर्णयों का सही कालानुक्रम चुनिए-
(अ) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
(ब) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य
(स) मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ
(द) ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य
सही उत्तर का चयन कीजिए-
(A) (द), (ब), (स), (अ)
(B) (अ), (ब), (स), (द)
(C) (द), (अ), (ब), (स)
(D) (द), (स), (ब), (अ)

[C]

व्याख्या-
(1) एम. के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य वाद (1950 प्रथम मामलें में न्यायालय ने कहा कि, अनु. 21 तहत प्राप्त व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित केवल कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के तहत् ही किया जा सकता है।
(2) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य वाद (1967) में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि संसद मौलिक अधिकारों में ना तो कटौती कर सकती है और ना ही वापस ले सकती है
(3) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य वाद (1973) में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय देते हुऐ कहा कि संसद मूल अधिकारों को सीमित कर सकती है तथा मूल अधिकारों को वापस ले सकती है। बशर्ते संविधान की मूल संरचना ने संशोधन या छेड़छाड़ किये बिना
(4) मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ वाद (1980) में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय देते हुए कहा कि अनु. 368 के अंतर्गत किये गये संशोधन की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है तथा न्यायिक समीक्षा को मूल संरचना का भाग माना।

42. निम्नांकित में कौन स्वर्णसिंह समिति (1976) के सदस्य रहे हैं?
(अ) ए.आर. अन्तुले
(ब) एस.एस. रे
(स) हरिदेव जोशी
(द) सी.एम. स्टीफन
सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए-
(A) (अ), (ब), (स) और (द)
(B) (अ), (ब) और (स)
(C) (अ), (ब) और (द)
(D) (ब), (स) और (द)

[C]

व्याख्या-
– वर्ष 1976 में मौलिक कर्त्तव्यों की के लिए सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशें रखी गयीं ।
- इसके प्रमुख सदस्य- ए.आर. अन्तुले, सी. एम. स्टीफन, एस. एस. रे थे ।
- 42वें संविधान संशोधन (1976) में भारतीय संविधान के भाग IV-A के अनु. 51A में 10 मौलिक कर्त्तव्यों को जोड़ा गया।
- 86 वें संविधान संशोधन (2002) में 11वें मौलिक कर्त्तव्य के रूप में "6-14 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को शिक्षा का अवसर उपलब्ध करवाना" को जोड़ा गया।

43. भारत के संविधान के अनुच्छेद 240 के अन्तर्गत कुछ संघ राज्य क्षेत्रों के लिए विनिमय बनाने की राष्ट्रपति की शक्ति के सन्दर्भ में निम्न में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
(A) 240 (1) (क) - अंडमान और निकोबार द्वीप
(B) 240 (1) (ख) - लक्षद्वीप
(C) 240 (1) (ग) - पुद्दुचेरी
(D) 240 (1) (घ) - दमन और दीव

[C]

व्याख्या-
– संविधान के अनु. 240 में राष्ट्रपति को कुछ निश्चित भारतीय संघ क्षेत्रों के सम्बन्ध में नियम बनाने की शक्ति प्रदान की गई है। ये अधिकार संघ शासित क्षेत्रों से संबंधित निम्न है-
(1) Art. 240 (क) - अण्डमान और निकोबार द्वीप
(2) Art. 240 (ख) - लक्षद्वीप
(3) Art. 240 (ग) - दमन और दीव
(4) Art. 240 (घ) - दादर और नागर हवेली
(5) Art. 240 (च) – पुद्दुचेरी
Note - 26 Jan. 2020 को Art. 240 (ग) तथा 240 (घ) में संशोधन करके दादर नागर हवेली और दमन द्वीप केन्द्रशासित प्रदेशों को सम्मिलित कर दिया गया है।
- 31 Oct. 2019 को जम्मू-कश्मीर राज्य का विघटन कर Art. 240 में दो नये केन्द्रशासित प्रदेशों लद्दाख तथा जम्मू- कश्मीर को सम्मिलित किया गया है ।
- वर्तमान में भारतीय राज्य संघ में कुल 8 केन्द्रशासित प्रदेश हैं।

44. निम्नांकित में से कौनसी तारीख को भारत के राष्ट्रपति ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उद्घोषणा द्वारा यह घोषणा की कि गंभीर आपात् विद्यमान है, जिसके कारण आन्तरिक अशांति से भारत की सुरक्षा को गंभीर खतरा है ?
(A) 26 अक्टूबर, 1962 (B) 3 दिसम्बर, 1971
(C) 25 जून, 1975 (D) 26 जून, 1975

[C]

व्याख्या-
– 25 जून, 1975 को भारतीय संविधान के अनु. 352 के तहत् तत्कालीन भारतीय राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल की घोषणा की ।
- प्रसिद्ध समाजवादी ने जयप्रकाश नारायण ने इस आपातकाल को " भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि" कहा ।

45. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 87 के अन्तर्गत भारत का राष्ट्रपति अभिभाषण देता है-
(A) संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में
(B) संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में
(C) संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में
(D) एक साथ समवेत संसद के दोनों सदनों में

[D]

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

– अनु. 87 के तहत वे दो स्थितियाँ राष्ट्रपति द्वारा विशेष रूप से संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया जाएगा-
(1) प्रत्येक आम चुनाव के बाद होने वाले प्रथम सत्र में
(2) प्रत्येक वर्ष के प्रारंभ के प्रथम सत्र में

- राष्ट्रपति अनु. 108 के तहत होने वाले संयुक्त सत्र को संबोधित करता है । जिसकी अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष द्वारा की जाती है ।

46. लोकसभा के प्रक्रिया और कार्य संचालन नियम के अन्तर्गत नियम 377 के अधीन लोकसभा के सदस्यों द्वारा एक दिन में अधिकतम कितने मामले उठाए जा सकते हैं ?

(A) 19 (C) 21
(B) 20 (D) 22 **[B]**

व्याख्या-

– संसदीय प्रक्रिया के अंतर्गत वर्णित नियम 377 में वैसे मुद्दे जो सदन की कार्यसूची में शामिल नहीं हो, को विशेष उल्लेखों के जरिए उठाया जा सकता है ।

- यह नियम सदस्यों को आम जनता के हितों से जुड़े मुद्दों को उठाने का अवसर देता है।

- वर्तमान में नियम 377 के तहत् एक दिन में सदस्य 20 मुद्दों को सदन में उठा सकते हैं।

- सन् 1954 में इस प्रक्रियात्मक प्रणाली को संसद में शुरू किया गया था।

47. निम्नांकित में से कौनसी भारतीय संसद की वित्तीय समितियाँ हैं ?

(अ) प्राक्कलन समिति
(ब) लोक लेखा समिति
(स) लोक उपक्रम समिति
(द) संसद सदस्यों के वेतन तथा भत्तों संबंधी संयुक्त समिति

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए- कूट-

(A) (अ), (स) और (द)
(B) (अ), (ब) और (द)
(C) (अ), (ब) और (स)
(D) (ब), (स) और (द) **[C]**

व्याख्या-

– (1) लोक लेखा समिति- 1921 में पहली बार गठन, 22 सदस्य (15 लोकसभा + 7 राज्यसभा)
(2) प्राक्कलन समिति- जॉन मथाई की सिफारिश पर 1950 में, कुल सदस्य 30 (सभी लोकसभा), कार्यकाल - 1 वर्ष
(3) लोक उपक्रम समिति- इसके कुल सदस्य 22 (15 लोकसभा और 7 राज्यसभा)

48. भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक को उसके पद से हटाए जाने की प्रक्रिया निम्नांकित में से किसके समान है ?

(A) लोकसभा अध्यक्ष
(B) भारत का महान्यायवादी
(C) उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश
(D) संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष **[C]**

व्याख्या-

– अनु. 149 के तहत CAG को कदाचार और अक्षमता के आधार पर राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय के न्यायधीश को हटाने जैसी प्रक्रिया के आभार पर हटा सकता है।

49. केन्द्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना किसकी अनुशंसा पर की गई ?

(A) गोरवाला प्रतिवेदन
(B) कृपलानी समिति
(C) सन्थानम समिति
(D) भारतीय प्रशासनिक सुधार आयोग **[C]**

व्याख्या-

– 1962 में गठित संथानम समिति की सिफारिश के आधार पर प्रथम और द्वितीय श्रेणी के सरकारी अधिकारियों पर भष्ट्राचार के आरोपों की जाँच के लिए 1964 में केन्द्रीय सर्तकता आयोग (CVC) की स्थापना की गई।

- CVC - संरचना - 1 मुख्य आयुक्त + 2 अन्य आयुक्त कार्यकाल 4 वर्ष या 65 वर्ष

- वर्तमान CVC - संजय कोठारी

50. जनहित याचिका की अवधारणा की शुरुआत किस देश में हुई है ?

(A) कनाडा
(B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) यूनाइटेड किंगडम
(D) ऑस्ट्रेलिया **[B]**

व्याख्या-

– जनहित याचिका की संकल्पना संयुक्त - राज्य अमेरिका से प्रारंभ हुई।

- भारतीय न्यायिक प्रक्रिया में जनहित याचिका प्रारंभ करने का श्रेय पी. एन. भगवती को जाता है।

- एक ऐसी याचिका जिसके माध्यम से पीड़ित व्यक्ति स्वयं या अन्य कोई व्यक्ति या संरचना या न्यायालय स्वयं संज्ञान में लेकर पीड़ित व्यक्ति का मुद्दा उठा सके जनहित याचिका कहलाती है।

51. निम्नांकित में से कौनसी शब्दावली सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की उद्देशिका में उल्लिखित है ?

(अ) सूचना की पारदर्शिता
(ब) सूचना का प्रकटन
(स) ससूचित नागरिकता
(द) लोकतांत्रिक आदर्श की प्रभुता

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए-

कूट- (A) केवल (अ)
(B) केवल (अ) और (ब)
(C) केवल (अ), (ब) और (स)
(D) (अ), (ब), (स) और (द) **[D]**

व्याख्या-

– सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, 13 अक्टूबर, 2005 से लागू किया गया ।

- राज्य का कोई भी नागरिक प्रबंधित नियमों के तहत् किसी भी सरकारी मंत्रालय या विभाग से सूचना प्राप्त कर सकता है।

- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की उद्देशिका में सूचना की पारदर्शिता, सूचना का प्रकटन, संसूचित नागरिकता व लोकतांत्रिक आदर्श की प्रभुता उल्लेखित है ।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

52. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए-

सूची – I (लेखक)		सूची – II (पुस्तकें)	
A.	अतुल कोहली	I.	डिवाइड एण्ड क्विट
B.	ग्रेनविल ऑस्टिन	II.	दी सक्सेस ऑफ इण्डियाज डेमोक्रेसी
C.	पेन्डेरल मून	III.	दी रिपब्लिक ऑफ इण्डिया: डेवलपमेंट कॉन्स्टीट्यूशन
D.	एलन ग्लेडहिल	IV.	वर्किंग ए डेमोक्रेटिक कॉन्स्टीट्यूशन : ए हिस्ट्री ऑफ दी इण्डियन एक्सपीरियंस

कूट-

	A	B	C	D
(A)	III	IV	I	II
(B)	II	I	III	IV
(C)	II	IV	I	III
(D)	I	II	III	IV

[C]

व्याख्या-

– (1) अतुल कोहली - दी सक्सेस ऑफ दी इंडियाज डेमोक्रेसी -
(2) ग्रेनविल ऑस्टिन- वर्किंग ए डेमोक्रेटिक कॉन्स्टीट्यूशन ए हिस्ट्री ऑफ दी इण्डियन एक्सपीरियंस
(3) पेन्डेरल मून- डिवाइड एण्ड क्विट
(4) एलन ग्लेडहिल - दी रिपब्लिक ऑफ इण्डिया: डेवलपमेंट ऑफ इट्स लॉज एण्ड कॉन्सटिट्यूशन

53. भारत के संविधान के अनुच्छेद 368(2) के उपबन्धों के तहत यदि कोई विधेयक भारत की संसद द्वारा पारित होने के पश्चात राजस्थान विधानसभा के पास संकल्प द्वारा अनुसमर्थन के लिये आता है, तो

(अ) विधानसभा संकल्प पारित कर सकती है।
(ब) विधानसभा संकल्प को अस्वीकार कर सकती है।
(स) ऐसे संकल्प में कोई संशोधन प्रस्तावित नहीं किया जा सकता है।

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए-

कूट-

(A) केवल (अ)
(B) केवल (ब) और (स)
(C) केवल (अ) और (स)
(D) (अ), (ब), और (स) **[D]**

व्याख्या-

– भारतीय संविधान में इसके उपबंधों के तहत यदि कोई विधेयक भारत की संसद द्वारा पारित होने के पश्चात राजस्थान विधानसभा के पास अनुसमर्थन हेतु आता है तब-
विधानसभा संकल्प पारित कर सकती है। विधानसभा संकल्प को अस्वीकार कर सकती है। परन्तु विधानसभा उक्त प्रस्तावित संकल्प के प्रावधानों में कोई संशोधन नहीं कर सकती।

54. निम्नांकित में से कौनसा अधिनियम / नियम राजस्थान में ग्राम सभा की संयुक्त बैठकों का प्रावधान करता है ?

(A) राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994
(B) राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996
(C) राजस्थान पंचायती राज (उपबन्धों) का अनुसूचित क्षेत्रों में लागू होने के सम्बध में उपान्तरण) अधिनियम, 1999
(D) राजस्थान पंचायती राज (उपबन्धों का अनुसूचित क्षेत्रों में लागू होने के सम्बन्ध में उपान्तरण) नियम, 2011

[D]

व्याख्या-

– राजस्थान ग्रामीण स्थानीय स्वशासन प्रणाली के तहत राजस्थान पंचायती राज (उपबंधों का अनुसूचित क्षेत्रों में लागू होने के संबंध में रूपांतरण) नियम, 2011 अधिनियम के तहत राजस्थान में ग्राम सभा की संयुक्त बैठकों का प्रावधान करता है ।

55. निम्नांकित में से कौनसे मुख्यमंत्री राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर नहीं रहे हैं ?

(अ) हरिदेव जोशी
(ब) शिवचरण माथुर
(स) अशोक गहलोत
(द) वसुंधरा राजे

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए-

(A) (अ), (ब) और (स)
(B) (ब) और (स)
(C) (स), और (द)
(D) (अ) और (द)

[B]

व्याख्या-

– शिवचरण माथुर और अशोक गहलोत राजस्थान विधानसभा में ऐसे मुख्यमंत्री है जो कभी सदन के नेता प्रतिपक्ष के पद पर नहीं रहे हैं ।

56. निम्न में से किन पदाधिकारी/पदाधिकारियों के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त, राजस्थान द्वारा जाँच नहीं की जा सकती है ?

(A) पंचायत समितियों के प्रधान एवं उप-प्रधान
(B) पंचायत समितियों की स्थायी समितियों के अध्यक्ष
(C) सरपंच एवं पंच
(D) जिला परिषद् का उप-प्रमुख

[C]

व्याख्या-

- **लोकायुक्त के दायरे के बाहर-**
(1) मुख्यमंत्री
(2) महालेखाकार
(3) आर. पी. एस. सी. चैयरमेन व सदस्य
(4) मुख्य निर्वाचन आयुक्त, अन्य आयुक्त, प्रादेशिक आयुक्त, मुख्य निर्वाचन अधिकारी
(5) राजस्थान विधानसभा सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी
(6) राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष
(7) उच्च न्यायालय के मुख्य व अन्य न्यायधीश
(8) सेवानिवृत लोकसेवक
(9) सरपंचों, पंचों, विधायकों आदि ।

57. निम्नांकित में से कौन-से कथन राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के सम्बन्ध में सही हैं ?

(अ) इसका गठन राजस्थान सरकार की 18 जनवरी, 1999 की एक अधिसूचना द्वारा हुआ ।
(ब) यह आयोग मार्च, 2000 से क्रियाशील हुआ ।
(स) मानव अधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2006 के अनुसार आयोग में एक अध्यक्ष एवं 3 सदस्यों का प्रावधान किया गया है ।
(द) इसके भूतपूर्व अध्यक्षों में से एक उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रहे हैं ।

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए-

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

कूट-
(A) केवल (अ), (ब) और (स)
(B) केवल (अ), (ब) और (द)
(C) केवल (ब), (स), (द)
(D) केवल (ब), और (स)

व्याख्या-
- 18 जनवरी, 1999 को राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग का गठन राजस्थान सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत किया गया।
- इसमें मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के तहत एक पूर्ण कालिक अध्यक्ष तथा चार अन्य सदस्य होंगे।
- मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 2006 में संशोधन करके आयोग में 1 अध्यक्ष और 2 अन्य सदस्यों का प्रावधान किया गया।
- आयोग का अध्यक्ष उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय का सेवानिवृत न्यायधीश ही हो सकता है।

58. उच्चतम न्यायालय के निम्नांकित न्यायाधीशों में से कौन राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नहीं रहे हैं ?
(A) न्यायमूर्ति एन. एम. कासलीवाल
(B) न्यायमूर्ति बी. एस. चौहान
(C) न्यायमूर्ति ए. के. माथुर
(D) न्यायमूर्ति आर. सी. लाहोटी

[D]

व्याख्या—
- **राजस्थान उच्च न्यायालय के निम्न मुख्य न्यायधीश रहे-**
प्रथम के. के. वर्मा
न्यायमूर्ति एन. एम. कासलीवाल
न्यायमूर्ति बी. एस. चौहान
न्यायमूर्ति ए. के. माथुर
ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह (वर्तमान)

59. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान विधानसभा के प्रोटेम अध्यक्ष, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष रहे हैं ?
(A) पूनम चंद विश्नोई
(B) निरंजन नाथ आचार्य
(C) शांतिलाल चपलोत
(D) परसराम मदेरणा

[A]

व्याख्या-
- राजस्थान विधानसभा में 1980-85 तक पूनमचंद विश्नोई ने विधानसभा अध्यक्ष के पद पर काम किया ।
- 1967 में पूनमचंद विश्नोई ने प्रोटेम स्पीकर के रूप में कार्य किया।
- 1967 से 1971 तक वे विधानसभा उपाध्यक्ष के पद पर भी रहे।

60. राजस्थान विधानसभा में 'लोक महत्त्व के किसी विषय पर स्थगन प्रस्ताव' की प्रक्रिया के नियम के सम्बन्ध में निम्न में से कौनसे कथन सही हैं ?
(अ) प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु अध्यक्ष की सहमति आवश्यक है ।
(ब) प्रस्ताव द्वारा विशेषाधिकार का प्रश्न उठाया जा सकता है ।
(स) प्रस्ताव हाल ही घटित किसी विशिष्ट घटना तक सीमित रहेगा।
(द) एक ही बैठक में एक से अधिक प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं होंगे ।
सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए-
कूट-
(A) केवल (अ), (ब) और (स)
(B) केवल (अ), (ब) और (द)
(C) केवल (अ), (स), और (द)
(D) केवल (अ) और (द)

[C]

व्याख्या-
- राजस्थान विधानसभा में "लोकमहत्व के किसी विषय पर स्थगन प्रस्ताव" की प्रक्रिया के नियमानुसार-
(1) प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु अध्यक्ष की सहमति आवश्यक होती है।
(2) प्रस्ताव हाल ही में घटित किसी विशिष्ट घटना से संबंधित विषय तक ही सीमित रहेगा ।
(3) एक बैठक में एक से अधिक प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किये जाएगें ।
(4) प्रस्ताव द्वारा विशेषाधिकार का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता।

61. किसी विधेयक पर संवैधानिक उपबन्ध के तहत राज्यपाल की सिफारिश अपेक्षित थी, किन्तु बिना राज्यपाल की सिफारिश उसे राजस्थान विधानसभा में पुर: स्थापित किया गया और उसने पारित करके राज्यपाल को भेज दिया, अब -
(A) जहाँ राज्यपाल अनुमति देता है तो वह अधिनियम अविधिमान्य नही होगा ।
(B) राज्यपाल संवैधानिक प्रावधानों के अतिक्रमण के आधार पर अनुमति देने से इंकार कर सकता है
(C) राज्यपाल ऐसे विधेयक को राष्ट्रपति की अनुमति के लिये भेज देगा ।
(D) यदि राज्यपाल या राष्ट्रपति अनुमति दे तो न्यायालय संवैधानिक उपबन्धों के आधार पर उसे असंवैधानिक घोषित कर देगा।

[A]

व्याख्या-
- राज्यपाल अनुमति देता है, तब वह अधिनियम अविधिमान्य नहीं होगा क्योंकि संविधान में ऐसा प्रावधान है कि कुछ विधेयकों को सदन में रखने से पूर्व अनिवार्य रूप से राज्यपाल की स्वीकृति आवश्यक है ।

62. किसे जी.एस.टी. (वस्तु एवं सेवा कर) के दायरे के अन्दर रखा गया है ?
(A) मानवीय उपभोग के लिए शराब
(B) विद्युत
(C) पेट्रोलियम उत्पाद
(D) घी **[D]**

व्याख्या-
- भारत में 1 जुलाई, 2017 से वन नेशन-वन टैक्स के सिद्धांत के तहत् गुड्स एवं सर्विसेज टैक्स (वस्तु एवं सेवा कर) लागू कर अप्रत्यक्ष करों में क्रांतिकारी परिवर्तन किया 1
- इसमें पूरे देश के लिए एक अप्रत्यक्ष कर प्रणाली लागू कर दी।
- जीएसटी के तहत् 12011 वस्तुओं को 5%, 12%, 18%, 28% की स्लैब में रखा है। सिगरेट, शराब, पेट्रोलियम, दुध, सब्जियों सहित 80 वस्तुओं को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है

63. निम्न में से किसने भारत में वर्ष 2016-2021 के लिए +/ -2 प्रतिशत के सहनीय स्तर के साथ चार प्रतिशत का मुद्रा-स्फीति का लक्ष्य निश्चित किया है ?
(A) भारतीय रिज़र्व बैंक
(C) नीति आयोग
(B) भारत सरकार
(D) चौदहवाँ वित्त आयोग

[B]

व्याख्या-
- केन्द्र सरकार ने वर्ष 2016- 2021 में आरबीआई के तात्कालीन गवर्नर रघुराम राजन की सिफारिश के आधार पर वृहद आर्थिक स्थिरता हेतु मुद्रास्फीति को 4% रखने का लक्ष्य किया जिसकी ऊपरी सीमा 6% तथा निचली सीमा 2% के रूप में रखी गयी है । इसी सुधार में आगे चलकर केन्द्र सरकार द्वारा मौद्रिक नीति समिति की स्थापना की गयी ।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

64. वर्ष 2016-17 के दौरान भारत में विदेशी प्रत्यक्ष विनियोग के इक्विटी अन्तर्प्रवाह में योगदान के सन्दर्भ में निम्न में से कौनसा देश शीर्ष पर रहा ?

(A) मॉरीशस (C) जापान
(B) सिंगापुर (D) यू. एस. ए. **[A]**

व्याख्या-

– भारत में विदेशी प्रत्यक्ष विनियोग का इक्विटी अर्न्तप्रवाह के शीर्ष देश- वर्ष 2016-17 मॉरीशस, सिंगापुर, जापान, ब्रिटेन, अमेरिका

65. कंपनियाँ प्रौद्योगिकी की मदद से कारोबारी प्रक्रिया की पुनर्रचना क्यों करती हैं ?

(A) उपभोक्ताओं की माँग एवं अपेक्षाएँ निरन्तर बढ़ रही हैं।
(B) कम लागत पर उत्पादों और सेवाओं में प्रतिस्पर्धी बढ़त प्राप्त करने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया जा रहा है।
(C) अर्थव्यवस्थाओं के विश्वव्यापी उदारीकरण के साथ परिवर्तन की दर तीव्र हो गयी है ।
(D) ये सभी

[D]

व्याख्या-

– कंपनियाँ प्रौद्योगिकी की मदद से कारोबारी प्रक्रिया की पुनर्रचना करती हैं क्योंकि-
(1) उपभोक्ता की माँग और अपेक्षाएँ निरंतर बढ़ती हैं तथा परिवर्तित होती रहती हैं ।
(2) अर्थव्यवस्थाओं के विश्वव्यापी उदारीकरण के साथ परिवर्तन की दर तीव्र हो गयी है ।
(3) कम लागत पर उत्पादों और सेवाओं में प्रतिस्पर्धी बढ़त प्राप्त करने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया जा रहा है।

66. भारत में संगठित मुद्रा बाजार का अत्यधिक अस्थिर भाग है—

(A) सरकारी प्रतिभूति बाजार
(B) व्यापारिक बिल बाजार
(C) याचना मुद्रा बाजार
(D) जमा प्रमाणपत्र बाजार

[C]

व्याख्या-


– बैंक और पीडीएस अपनी निधियों की स्थिति के असंतुलन को दूर करने के लिए रात भर के लिए या 24 घण्टे की अल्प अवधि के लिए उधार लेते हैं और देते हैं, इस 1 दिन के लिए निधियाँ का उधार लेना या देना को **याचना मुद्रा बाजार (Call Money Market)** कहा जाता है। यह दर आरबीआई द्वारा निर्धारित की जाती है।
- यह भारत में संगठित मुद्रा बाजार का अत्यधिक अस्थिर भाग है।
- यह उधार लेना और देना गैर-प्रतिभूत अर्थात् बिना गारंटी या गिरवी के आधार पर होता है ।

67. निम्नलिखित में से कौनसा केन्द्रीय बजट के राजस्व खाते में सम्मिलित नहीं किया जाता है ?

(A) ब्याज प्राप्तियाँ
(B) कर प्राप्तियाँ
(C) सरकारी विभागों व सार्वजनिक उपक्रमों से प्राप्त लाभ तथा लाभांश
(D) अल्प बचतें **[D]**

व्याख्या-

– ब्याज प्राप्तियाँ, कर प्राप्तियाँ, सरकारी विभागों या उपक्रमों से प्राप्त लाभ या लाभांश केन्द्रीय बजट के राजस्व खातें में सम्मिलित है ।
- केन्द्रीय बजट के पूँजीगत खाते में सरकार द्वारा बाजार से प्राप्त ऋण, सरकारी उपक्रमों या परिसंपत्तियों के विनिवेश से प्राप्त धन, आरबीआई से ली गयी उधारी, आदि को सम्मिलित किया जाता है ।



68. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में किस पर जोर दिया गया था ?

(A) सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक संवृद्धि
(B) आर्थिक संवृद्धि एवं मानवीय विकास
(C) अधिक तीव्र एवं ज्यादा समावेशीय संवृद्धि
(D) तीव्रतर, धारणीय तथा और अधिक समावेशीय संवृद्धि **[C]**

व्याख्या-

– पंचवर्षीय योजनाएँ एवं उनके प्राथमिक लक्ष्य आधारित क्षेत्र-

ग्यारहवीं योजना (2007-2012)

उद्देश्य - अधिक तीव्र और ज्यादा समावेशी वृद्धि । लक्ष्य जीडीपी वृद्धि - 8% (3.5% कृषि, 8% उद्योग, 8.9% सेवा) प्राप्ति- 8.5% (भारतीय योजनाकाल की सर्वाधिक ग्रोथ)

बारहवीं योजना (2012-2017)

उद्देश्य- अधिक तीव्रगामी, समावेशी और सतत विकास । स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास पर अत्यधिक बल ।

69. अभिकथन (A)—समग्र पूर्ति वक्र में विवर्तन के कारण लागत प्रेरित स्फीति होती है । कारण (R) – मजदूरी में वृद्धि के कारण समग्र पूर्ति वक्र में विवर्तन होता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है ।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है। **[A]**

व्याख्या-

– मजदूरी में वृद्धि के कारण समग्र पूर्ति वक्र में विवर्तन होता है, जिसके कारण लागत प्रेरित मुद्रास्फीति में वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त लागत प्रेरित मुद्रास्फीति परिवहन, ब्याज दर, कच्चे माल के मूल्य द्वारा भी प्रभावित होती है ।

70. राजस्थान के सामान्य थोक मूल्य सूचकांक का आधार वर्ष है-

(A) 1999-2000 (B) 2005-2006
(C) 2010-2011 (D) 2011-2012 **[A]**

व्याख्या –

– राजस्थान में सभी वस्तुओं के थोक मूल्य पर आधारित सूचकांक का आधार वर्ष 1999-2000 है 1

71. वर्ष 2017-18 में राजस्थान में स्थिर कीमतों (2011- 12) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर थी-

(A) 7.16% (B) 6.23%
(C) 4.5% (D) 10.67% **[A]**

व्याख्या-

– राजस्थान में स्थिर कीमतों (2011-12) पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर-
वर्ष 2017-18 - 7.16%

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

72. हाल ही के वर्षों में राजस्थान के बजट की राजस्व प्राप्तियों में निम्न में से कौन-सा मद सर्वाधिक राजस्व प्रदान कर रहा है ?
(A) केन्द्रीय करों में हिस्सा
(B) राज्य का कर राजस्व
(C) गैर-कर राजस्व
(D) केन्द्रीय अनुदान **[B]**

व्याख्या—
– राजस्थान के बजट (2020-21) में राज्य की सर्वाधिक राजस्व प्राप्ति निम्न से रही:-
(1) राज्य का कर राजस्व
(2) केन्द्रीय करों में हिस्सा
(3) केन्द्रीय अनुदान
(4) गैर कर राजस्व

73. निम्न में से किस ताप विद्युत परियोजना की प्रतिस्थापित विद्युत क्षमता सर्वाधिक है ?
(A) सूरतगढ़ (B) छबड़ा
(C) कालीसिंध (D) कोटा **[B]**

व्याख्या-
– राजस्थान की ताप विद्युत परियोजना में शीर्ष निम्न है-
(1) छबड़ा ताप विद्युत संयंत्र - 2320 mw
(2) सूरतगढ़ ताप विद्युत संयंत्र - 1500mw
(3) कोटा ताप विद्युत संयंत्र - 1240mw
(4) काली सिंध ताप विद्युत संयंत्र - 600mw
(5) गिरल लिग्नाइट विद्युत संयंत्र 250mw

74. राजस्थान सरकार ने राज्य में प्रथम कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की है । यह कहाँ स्थापित किया गया है ?
(A) अजमेर (B) सीकर
(C) कोटा (D) जयपुर **[D]**

व्याख्या-
– राजस्थान में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विश्वविद्यालय की स्थापना 7 मार्च, 2017 को जामडोली, जयपुर में की गई।
राजस्थान कौशल विकास एवं प्रशिक्षण योजना राज्य में 15 जुलाई, 2015 को शुरु की गई।
- 2022-23 में नाम परिवर्तन कर विश्वकर्मा विश्वविद्यालय किया गया।

75. राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में निम्न में से कौन-सा अनुपम बिक्री प्रस्ताव (USP) नहीं है ?
(A) पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन (शाही रेल)
(B) किले, महल एवं हवेलियाँ
(C) मेले एवं त्योहार
(D) चिकित्सकीय पर्यटन **[D]**

व्याख्या –
– राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में अनुपम बिक्री प्रस्ताव (USP) में पैलेस ऑन व्हील्स (शाही रेल), रॉयल राजस्थान ऑन व्हील्स, किले, हवेलियाँ, छतरियाँ, पैलेस, बावड़ियाँ, स्मारक, मेले व त्योहार, हैरिटेज होटल, एडवेंचर ट्यूरिज्म, ग्रामीण व इको ट्यूरिज्म, हस्तकला, लोकनृत्य व संगीत आदि प्रमुख है ।

76. निम्न में से कौन-सा राजस्थान का तेल - क्षेत्र नहीं है ?
(A) ऐश्वर्या (B) मंगला
(C) गंगा (D) सरस्वती **[C]**

व्याख्या-
राजस्थान के प्रमुख तेल क्षेत्र (कुएँ) निम्न है -
- ऐश्वर्या
- मंगला
- भाग्यम
- रागेश्वरी
- शक्ति
- सरस्वती
- गुढ़ा
- कामेश्वरी

77. राजस्थान की निम्न झीलों में से कौनसी झील 'राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम' (NLCP) के अन्तर्गत नहीं आती है ?
(A) फतेह सागर झील
(B) नक्की झील
(C) स्वरूप सागर
(D) आना सागर झील **[C]**

व्याख्या-
– राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम (2001) के तहत् राजस्थान राज्य की निम्न झीलों को शामिल किया गया है- फतेहसागर (उदयपुर), पिछौला झील (उदयपुर), आना सागर (अजमेर), पुष्कर झील (अजमेर), नक्की झील (माउंट आबू, सिरोही) ।
इसमें केन्द्र : राज्य का अनुपात 60 : 40 होगा ।
उपरोक्त कार्यक्रम National Plan for Conservation of Aquatic Eco-System (NPCA) के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

78. अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों के लिए राजस्थान सरकार की मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत माता-पिता की आय और पूर्व परीक्षा के प्राप्तांक का एक निश्चित संयोग रखने वाले विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वह निश्चित संयोग है-
(A) 1 लाख रुपये से कम - कम से कम 40%
(B) 1.5 लाख रुपये कम से कम - कम से कम 45%
(C) 2 लाख रुपये से कम - कम से कम 50%
(D) 2.5 लाख रुपये से कम - कम से कम 55% **[C]**

व्याख्या-
– राजस्थान सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत माता-पिता की आय 2 लाख रुपये से कम तथा पूर्व परीक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्तांकों का निश्चित संयोजन रखा गया है जिसके तहत् स्नातक, स्नातकोत्तर, एम. फिल आदि कई शैक्षिक कार्यक्रमों हेतु स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है । इस योजना में प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप हेतु माता पिता की वार्षिक आय का दायरा 1 लाख से कम रखा गया है ।

79. राजस्थान में स्वावलम्बन योजना का मुख्य उद्देश्य है-
(A) निर्धन महिलाओं, विधवाओं, परित्यक्ताओं और ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार करना ।
(B) बेरोजगार व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान करना ।
(C) अनुसूचित जाति/जनजाति और पिछड़ा वर्ग की बेरोजगार बालिकाओं को प्रशिक्षण देना ।
(D) असंगठित क्षेत्र में रोजगार प्रदान करना । **[A]**

व्याख्या-
– वर्ष 2013 में प्रारम्भ राजस्थान में मुख्यमंत्री स्वालम्बन योजना का मुख्य उद्देश्य निर्धन महिलाओं, विधवा महिलाओं, तलाकशुदा, ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार करना है ।
इस योजना के अन्तर्गत उक्त श्रेणी की महिलाओं में कौशल विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाता है जिससे वे सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त होकर खुशहाल जीवन व्यतीत कर सके ।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

80. पश्चिमी राजस्थान में गरीबी कम करने के लिए चलाये जाने वाला कार्यक्रम M(Power) किसके द्वारा समर्थित है ?

(A) एशियाई विकास बैंक (ADB) द्वारा
(B) जापान अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग एजेन्सी (JICA) द्वारा
(C) कृषि विकास के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कोष (IFAD) तथा रतन टाटा ट्रस्ट द्वारा
(D) केनेडियन अन्तर्राष्ट्रीय विकास एजेन्सी (CIDA) द्वारा

[C]

व्याख्या-

– पश्चिमी राजस्थान में गरीबी निवारण की परियोजना (MPower) यह योजना सहयोग -
(1) इंटरनेशनल फण्ड फोर एग्रीकल्चर डवलपमेंट (IFAD) द्वारा 124 करोड़ रु.
(2) रतन टाटा ट्रस्ट 13 करोड़ रु.
(3) राज्य सरकार अंशदान - 87.50 करोड़ रु.
(4) लाभ प्रदाताओं का योगदान- 10.50 करोड़ रु.
(5) बैंकों द्वारा ऋण - 56 करोड़ रु.
प्रारम्भ में इसमें पश्चिमी राजस्थान के
6 ब्लॉकों- बाप (जोधपुर),
साकडा (जैसलमेर),
आबूरोड़ (सिरोही),
सांचौर (जालौर),
बाली (पाली) को शामिल किया गया था।

- वर्ष 2016-17 में दो अन्य ब्लॉक- बालेसर (जोधपुर), पिण्डवाडा (सिरोही) को जोड़ा गया।

81. राजस्थान में पहली बार निम्न में से किस परियोजना में फव्वारा सिंचाई व्यवस्था को अनिवार्य किया गया है ?

(A) परवन परियोजना (B) धौलपुर लिफ्ट परियोजना
(C) नर्मदा केनाल परियोजना (D) तकली परियोजना

[C]

व्याख्या—

– राजस्थान में नर्मदा केनाल (Canal) परियोजना के तहत् यह अनिवार्य हुआ कि कृषिगत सिंचाई केवल फव्वारा सिंचाई पद्धति द्वारा ही की जायेगी ।

82. निम्नलिखित में से कौन-सा एक गैर-सैल्यूलोसी रेशे का उदाहरण है ?

(A) रेयोन (B) लिनन
(C) जूट (D) नायलॉन **[D]**

व्याख्या-

– नायलॉन एक गैर-सैल्यूलोज आधारित रेशे का उदाहरण है। अन्य उदाहरण- पॉलिएस्टर, एक्रिलिक। सैल्यूलोज आधारित रेशों में रेयोन, कॉटन, लिनन, जूट आदि है ।

83. सामान्य टी.वी. रिमोट कन्ट्रोल में उपयोग की जाने वाली तरंगें होती है-

(A) X - किरणें (B) परा - बैंगनी किरणें
(C) अवरक्त किरणें (D) गामा किरणें च्यवन प्रकाशन

[C]

व्याख्या-

(1) अवरक्त किरणों- टी.वी. रिमोट तथा रेडियों में ।
(2) गामा किरणें- प्रकाश विद्युत प्रभाव में।
(3) X - किरणें- एक्सरे (मानव शरीर के आंतरिक भाग)।
(4) पराबैंगनी किरणें- सूर्य से (त्वचा कैंसर का खतरा) ।

84. ताम्र संदूषण से बचाने के लिए पीतल के बर्तनों पर सामान्यतः किस धातु की परत चढ़ाई जाती है ?

(A) राँगे की (टिन) (B) जस्ते की
(C) एल्युमिनियम की (D) सीसे की **[A]**

व्याख्या-

– ताम्र संदूषक (जंग लगने से बचाने के लिए पीतल के बर्तनों पर सामान्य रूप से टिन (राँगे) की परत चढ़ायी जाती है ।

85. परा उच्च आवृत्ति (UHF) की तरंगें साधारणतः संचारित की जाती हैं-

(A) भू-तरंगों के रूप में
(B) आकाश तरंगों के रूप में
(C) अंतरिक्ष तरंगों के रूप में
(D) पृष्ठ तरंगों के रूप में **[C]**

व्याख्या—

(1) परा उच्च आवृत्ति (UHF) विद्युत –
चुम्बकीय विकिरण की पट्टी होती है ।
अन्तरिक्ष तरंगों के रूप में संचारित होती है ।
बहुत उच्च आवृत्ति (VHF) संचार क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाली प्रमुख आवृत्तियाँ है ।
(2) आवृत्ति- 300 MHz से 2 GHz तक ।
(3) तरंगदैर्ध्य - 1 मी से 100 मिमी तक ।
(4) प्रयोग - दूरदर्शन के प्रसारण में, वर्तमान मोबाइल फोन, GPS निर्धारण में ।

86. कम्प्यूटर की मशीनी भाषा आधारित है—

(A) अमूर्त बीजगणित पर (B) आव्यूह बीजगणित पर
(C) बुलीय बीजगणित पर (D) रैखिक बीजगणित पर

[C]

व्याख्या-

– **कम्प्यूटर की मशीनी भाषा बुलीय बीजगणित (Bolean Algebra)** पर आधारित है जो लॉजिकल ऑपरेशन आधारित सिस्टम है।
खोज - जॉर्ज बुल द्वारा की गई।

87. ब्लूटूथ तथा वाई-फाई में निम्नलिखित में से कौन-सा अन्तर सही है ?

(A) ब्लूटूथ 2.4 GHz रेडियो आवृत्ति पट्ट प्रयुक्त करता है जबकि वाई-फाई 2.4 GHz अथवा 5 GHz आवृत्ति पट्ट प्रयुक्त कर सकता है।
(B) ब्लूटूथ केवल बेतार स्थानीय क्षेत्रीय जाल (WLAN) के लिए प्रयुक्त होता है जबकि वाई-फाई केवल बेतार विस्तृत क्षेत्रीय जाल (WLAN) के लिए प्रयुक्त होता है ।
(C) ब्लूटूथ प्रौद्योगिकी प्रयोग कर रहे दो उपकरणों के बीच जब सूचना प्रेषित की जाती है, तब दोनों उपकरणों का एक-दूसरे की दृष्टि रेखा में होना आवश्यक नहीं है।
(D) इस संदर्भ में दोनों कथन (ब्लूटूथ 2.4 GHz रेडियो आवृत्ति पट्ट प्रयुक्त करता है जबकि वाई-फाई 2.4 GHz अथवा 5 GHz आवृत्ति पट्ट प्रयुक्त कर सकता है ।) तथा (ब्लूटूथ केवल बेतार स्थानीय क्षेत्रीय जाल (WLAN) के लिए प्रयुक्त होता है जबकि वाई-फाई केवल बेतार विस्तृत क्षेत्रीय जाल) (WWAN) के लिए प्रयुक्त होता है ।) सही है ।

[A]

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या-

(1) ब्लूटूथ और Wifi दोनों ही बेतार तकनीक आधारित है ।

(2) ब्लूटूथ में आवृत्ति 2.4 GHz, रेडियो आवृत्ति प्रयुक्त होती है जबकि वाई-फाई में 2.4 से 5 GHz, तक की आवृत्ति प्रयुक्त होती है।

(3) ब्लूटूथ केवल 2 डिवाइस को ही आपस में जोड़ सकता है जबकि वाई - फाई अधिकतम 100 डिवाइस में एक साथ कार्य करता है ।

(4) ब्लूटूथ की अधिकतम रेंज 30 फीट होती है जबकि वाई-फाई की दूरी 30 मी. होती है जिसे 100 मी. तक बढ़ाया जा सकता है।

88. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-

	इसरो के बिन्दु		स्थान
(अ)	विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र (VSSC)	-	त्रिवेंद्रम (केरल)
(ब)	यू. आर. राव उपग्रह केन्द्र (URSC)	-	बेंगलूरू (कर्नाटक)
(स)	राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र (NRSC)	-	देहरादून (उत्तराखण्ड)
(द)	भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (IIRS)	-	हैदराबाद (तेलंगाना)

उपरोक्त में से कौन-से युग्म सुमेलित हैं ?

(A) केवल 1 तथा 2 (B) केवल 1, 2 तथा 3

(C) केवल 2, 3 तथा 4 (D) 1, 2, 3 तथा 4

[A]

व्याख्या-

– भारत में इसरो के प्रमुख केन्द्र-

(1) भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान - देहरादून

(2) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र - अहमदाबाद

(3) यू. आर. राव उपग्रह केन्द्र (URSC) - बेंगलूरू (कर्नाटक)

(4) मास्टर नियंत्रण सुविधा - हसन (कर्नाटक)

(5) तरल प्रणोदन निरीक्षण- महेंद्रगिरि (तमिलनाडु)

(6) मौसम विज्ञान रॉकेट केंद्र - बालासोर (ओड़ीशा)

(7) राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग एजेंसी-हैदराबाद

(8) विक्रम सारा भाई अंतरिक्ष केंद्र तिरुवंतपुरम (केरल)

(9) इसरो, बेंगलुरु

89. निम्नलिखित में से कौन-सा पॉली- हर्बल उत्पाद रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित नहीं किया गया है ?

(A) एम्ट्थ (B) लूकोस्किन

(C) नॉकडुर्ना (D) एक्जिट **[C]**

व्याख्या-

DRDO द्वारा विकसित पॉली हर्बल उत्पाद

(1) Amtooth- यह दाँत की सफाई हेतु ।

(2) Lukoskin- चर्म रोग

(3) Eczit - यह दाद रोग निवारण हेतु (एटोपिक डर्माटाइटिस)

Note - नॉकडुर्ना मेडिसीन द्वारा विकसित उत्पाद है जिसका उपयोग वयस्कों में रात्रि के समय अत्यधिक पेशाब को नियंत्रित करने हेतु किया जाता है ।

90. भारत का पहला दृश्य-सीमा से परे (BVR) हवा से हवा में मार करने वाला स्वदेशीय अभिकल्पित (designed) एवं रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित प्रक्षेपास्त्र है-

(A) पृथ्वी (B) अस्त्र

(C) अग्नि (D) आकाश **[B]**

व्याख्या-

– Astra मिसाइल इसको DRDO द्वारा विकसित किया गया। हवा से हवा (A2A) मार करने वाला स्वदेशी प्रक्षेपास्त्र । भारत का पहला दृश्य सीमा से परे (BVR) मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र । अधिकतम मारक क्षमता - 80-100 Km ठोस ईंधन प्रणोदक करने में सक्षम । परीक्षण - ओड़िशा के चाँदीपुर प्रशिक्षण केन्द्र से मई 2003 में ।

91. (PSLV-C37) पी.एस.एल.वी.-सी 37 के द्वारा एक ही उड़ान में 15 फरवरी, 2017 को सफलतापूर्वक कितने उपग्रह प्रमोचित किए गए ?

(A) 80 (B) 104

(C) 72 (D) 98

[B]

व्याख्या-

– ISRO द्वारा 15 फरवरी, 2017 को आंध्रप्रदेश के SHAR संस्थान, श्रीहरिकोटा केन्द्र से PSLV-C37 यान के साथ एक साथ 104 उपग्रहों का सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया । PSLV की यह 39वीं तथा 37वीं सफल उड़ान थी । इसमें उपग्रहों का कुल वजन 1378Kg था।

92. एक कण जिसकी कम से कम एक विमा 10^{-7} मीटर से कम हो, कहलाता है-

(A) माइक्रो पार्टिकल (B) मिली पार्टिकल

(C) नैरो पार्टिकल (D) मैक्रो पार्टिकल **[C]**

व्याख्या-

– एक कण जिसकी कम से कम एक विमा 10^{-7} मीटर से कम हो तो यह परास नैनो पार्टिकल कहलाता है । एक नैनोमीटर उदाहरण = - 10^{-9} मी अर्थात् 1 मी का 1 अरब वाँ भाग फुलरीन, कार्बन नैनो ट्यूब (CNT), ग्रेफीन, डेंडीमर, क्वांटम डाट्स।

93. कॉलम I को कॉलम II से सुमेलित कर, नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-

	कॉलम-I		कॉलम-II
A.	द्राक्षा- शर्करा	I.	फ्रक्टोज
B.	फल शर्करा	II.	सुक्रोज
C.	दुग्ध शर्करा	III.	प्राकृतिक स्वीटनर
D.	चीनी	IV.	ग्लूकोज
E.	स्टीविया	V.	लैक्टोज

कूट-

	A	B	C	D	E
(A)	II	IV	V	III	I
(B)	I	III	IV	V	II
(C)	IV	I	V	II	III
(D)	I	IV	V	III	II

[C]

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या-

– द्राक्षा शर्करा - ग्लूकोज
फल शर्करा - फ्रक्टोज
दुग्ध शर्करा - लैक्टोज
चीनी – सुक्रोज
स्टीविया - प्राकृतिक स्वीटनर

94. मानवों में गुणसूत्र संख्या 21 की त्रिगुणसूत्रता उत्तरदायी है -
(A) हीमोफीलिया के लिए
(B) क्लाइनफेल्टर सिंड्रोम के लिए
(C) डाउन सिन्ड्रोम के लिए
(D) टर्नर सिन्ड्रोम के लिए **[C]**

व्याख्या-

– मानवों में गुणसूत्र संख्या 21 की त्रिगुणसूत्रता डाउन सिण्ड्रोम बीमारी के लिए उत्तरदायी है । यह एक आनुवांशिक विकार है।

95. मानव गतिविधियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष आलंबन प्रदान करने में उत्पन्न ग्रीन हाउस गैसों की कुल मात्रा को कहते हैं -
(A) कार्बन डाइऑक्साइड सूचकांक
(B) कार्बन पदचिह्न
(C) कार्बन पृथक्करण
(D) कार्बन अवशोषण
[B]

व्याख्या-

– कार्बन पदचिह्न से आशय किसी एक व्यक्ति, संस्था, उत्पाद द्वारा किया गया कुल कार्बन उत्सर्जन से है ।
- कार्बन पदचिह्न को कम करने के उपाय-
(1) सौर तथा पवन ऊर्जा का अधिक इस्तेमाल करके ।
(2) वृक्षारोपण करके ।
(3) सार्वजनिक परिवहन तथा कार पूल का अधिक उपयोग करके ।
(4) रिसाइकल होने वाले उत्पादों का उपभोग बढ़ाकर ।
(5) सामुदायिक स्तर पर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने को लेकर जन-जागरुकता द्वारा ।

96. 'अम्ल वर्षा' के लिए निम्नलिखित में से कौन-से पर्यावरण प्रदूषक उत्तरदायी हैं ?
(A) कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन
(B) कार्बन-मोना ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड
(C) नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड
(D) ओजोन व कार्बन डाइऑक्साइड - **[C]**

व्याख्या-

– (1) अम्ल वर्षा के लिए नाइट्रस ऑक्साइड (N,O) और सल्फर डाइऑक्साइड (SO2) जैसे पर्यावरणीय संदूषक मुख्य रूप से उत्तरदायी है ।
(2) अम्लीय वर्षा का PH - 5.5 से कम होता है

97. गैर वन क्षेत्र में विकसित किए गए निम्नलिखित में से कौन-से पादप को भारतीय वन (संशोधन) अधिनियम, 2017 में, वृक्षों की परिभाषा से विलोपित किया गया है ?
(A) पॉम (B) बाँस
(C) सरकंडा (D) केला **[B]**

व्याख्या—
(1) भारतीय वन (संशोधन) अधिनियम 2017 के तहत् गैर वनीय क्षेत्र में विकसित किये गये बाँस को वृक्षों की परिभाषा से हटा दिया है ।
(2) इस संशोधन के बाद बाँस को वृक्ष श्रेणी से घास श्रेणी के अंतर्गत समाविष्ट कर दिया गया ।
(3) वर्ष 1927 में इसे वृक्ष की श्रेणी में रखा गया था।

98. DNA फिंगर प्रिन्टिंग का आधार है-
(A) द्वि रज्जुक (C) DNA प्रतिकृति
(B) मूल अनुक्रम की त्रुटियाँ (D) DNA बहुरूपता **[D]**

व्याख्या-

– (1) डीएनए (DNA) फिंगर प्रिन्ट का आधार डीएनए (DNA), बहुरुपता है। डीएनए (DNA) को जेनेटिक अणु कहा जाता है। डीएनए (DNA) कोशिका के नाभिक में होता है जिसकी संरचना स्पाइरल सीढ़ी के समान होता है ।
(2) मानव के डीएनए में लगभग 109 आधार जोड़ी होते हे।
(3) इस तकनीक का उपयोग आपराधिक मामलों की गुत्थी सुलझाने या लावारिस पड़ी लाश की पहचान करने या मातृत्व या पितृत्व पीढ़ी के निर्धारण में किया जाता है।

99. राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र स्थित है.
(A) मण्डोर, जोधपुर में
(B) डूमाड़ा, अजमेर में
(C) बीछवाल, बीकानेर में
(D) दुर्गापुरा, जयपुर में **[B]**

व्याख्या-

– (1) राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र राजस्थान के तबीजी गाँव (डुमाडा) अजमेर में 22 अप्रैल 2000 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के द्वारा की गई।

100. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कंपोस्ट के संदर्भ में सही नहीं है ?
(A) इसमें जैव - निम्नीकरणीय कचरे का अपघटन गड्ढे में होता है।
(B) इसमें कार्बनिक पदार्थ तथा पोषक तत्त्व अधिक मात्रा में होते हैं।
(C) गड्ढे में अपशिष्ट पदार्थों की निम्नीकरण प्रक्रिया को केंचुए धीमा कर देते हैं ।
(D) निम्नीकृत होने वाले पदार्थों में कृषि अपशिष्ट पदार्थ जैसे पशुओं का मल-मूत्र (गोबर), सब्जियों के अपशिष्ट आदि होते हैं ।
[C]

व्याख्या-

- कम्पोस्ट खाद्य को जैविक खाद्य या कूड़ा खाद्य कहते है । इसका निर्माण पौधों के अवशेष पदार्थ, घर का कूड़ा-कचरा, मानवीय मल, पशुओं के गोबर, जीवाणु इत्यादि द्वारा होता है ।

101. राजस्थान में सौर वेधशाला स्थित है -
(A) जयपुर में
(B) कोटा में
(C) उदयपुर में
(D) अजमेर में **[C]**

व्याख्या-

– द्वारा वर्ष 1976 में राजस्थान के उदयपुर की फतहसागर झील में डॉ. अरविंद भटनागर के नेतृत्व में सौर वेधशाला की स्थापना की गई।

102. इस प्रश्न में एक कथन के साथ दो परिकल्पनाएँ, दी गई हैं-
कथन - यद्यपि वह मोटा है फिर भी वह तेज दौड़ता है ।
परिकल्पनाएँ –
I मोटे व्यक्तियों की माँसपेशियाँ कमजोर होती हैं
II मोटे व्यक्ति सामान्यतः तेज दौड़ नहीं सकते ।
तब, कौन-सा उत्तर सही है ?
(A) केवल I कथन में अंतर्निहित है ।
(B) केवल II कथन में अंतर्निहित है ।
(C) दोनों I और II कथन में अंतर्निहित ।
(D) ना तो I, ना ही II कथन में अंतर्निहित है । **[B]**

व्याख्या -

(1) परिकल्पना (i) असत्य है क्योंकि मोटे व्यक्तियों की माँसपेशियाँ कमजोर होती है
(2) परिकल्पना (ii) सत्य है, क्योंकि मोटे व्यक्ति सामान्यतः तेज दौड़ नहीं सकते । अतः केवल (ii) कथन में अंतर्निहित है ।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

103. निम्न पर विचार कीजिये –

कथन - प्रतियोगी परीक्षाओं के बजाय क्या पूर्व अकादमिक उपलब्धियों के आधार पर सरकारी नौकरियों में भर्तियाँ होनी चाहिये?

परिकल्पनाएँ –

I. हाँ, यह उन अभ्यर्थियों के लिये लाभप्रद है जो प्रतियोगी परीक्षाओं का व्यय सहन करने में असमर्थ है ।



II. नहीं, भर्तियों का आधार पूर्व अकादमिक उपलब्धियों को नहीं बनाया जा सकता क्योंकि विश्वविद्यालयों के मूल्याँकन में एकसमानता नहीं है ।

निम्न में से कौन–सा / कौन–से तर्क मजबूत है/हैं ?

(A) केवल I
(B) केवल II
(C) ना तो I, ना ही II
(D) दोनों I तथा II **[B]**

व्याख्या-

– तर्क-(i) प्रबल नहीं है, क्योंकि अकादमिक उपलब्धियों के द्वारा सरकारी नौकरियों में भर्तियों का, परीक्षाओं का व्यय सहन करने में असमर्थ अभ्यार्थियों वाले तर्क का कोई संबंध नहीं है ।

तर्क-(ii) प्रबल है क्योंकि सभी विश्वविद्यालयों में मूल्यांकन में समानता नहीं है । अतः केवल तर्क (ii) मजबूत है ।

104. कथन- सभी शाखाएँ फूल हैं।
सभी फूल पत्तियाँ हैं ।

निष्कर्ष- I. सभी शाखाएँ पत्तियाँ हैं ।
II. कुछ पत्तियाँ शाखाएँ हैं
III. सभी फूल शाखाएँ हैं ।
IV. सभी पत्तियाँ शाखाएँ हैं ।

उत्तर दीजिये-

(A) केवल III तथा IV अनुसरण करते हैं ।
(B) सभी अनुसरण करते हैं ।
(C) केवल I तथा II अनुसरण करते हैं ।
(D) कोई अनुसरण नहीं करता है । **[C]**

व्याख्या-

निष्कर्ष -

(1) सभी शाखाएँ पत्तियाँ है । (सत्य)
(2) कुछ पत्तियाँ शाखाएँ है । (सत्य)
(3) सभी फूल शाखाएँ है । (असत्य)
(4) सभी पत्तियाँ शाखाएँ है। (असत्य)
अतः केवल (i) तथा (ii) अनुसरण करते है।

105. दो कार्यवाहियों के साथ एक कथन नीचे दिया गया है आपको कथन की प्रत्येक चीज सत्य माननी है तथा कथन में दी गई सूचना के आधार पर सुनिश्चित करें कि तार्किक रूप से कौन–सी दी गई कार्यवाही अनुसरण करती है ।

कथन- कंपनी की नई भर्ती नीति के विरोध में बड़ी संख्या में कर्मचारी सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर जा चुके हैं। **कार्यवाहियाँ-**

I. कंपनी को नई भर्ती नीति को तुरन्त उत्तर दीजिये- वापस ले लेनी चाहिए ।

II. इन सभी कर्मचारियों को सेवा से तुरन्त निलम्बित कर देना चाहिए ।


उत्तर दीजिये-

(A) केवल I अनुसरण करता है ।
(B) केवल II अनुसरण करता है ।
(C) ना तो I, ना ही II अनुसरण करता है ।
(D) दोनों I तथा II अनुसरण करते हैं। **[C]**

व्याख्या-

– ना तो (i) तथा ना ही (ii) अनुसरण करता है क्योंकि दोनों ही प्रकार की कार्यवाहियों तत्काल प्रभाव से लेने पर दोनों ही पक्षों की परेशानियाँ और बढ़ जायेगी तथा दोनों ही पक्षों को नुकसान पहुँचेगा तथा इस तरह की परिस्थितियों में दोनों पक्षों के तर्कों को समझकर कोई निर्णय लेना चाहिए तुरंत कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

106. दी गयी आकृति में त्रिभुजों की संख्या और समान्तर चतुर्भुजों की संख्या का अन्तर है-



(A) 0 (B) 2
(C) 1 (D) 4

[D]

व्याख्या-

– उपरोक्त आकृति में कुल त्रिभुजों की संख्या 21 है तथा समान्तर चतुभुजों की संख्या 17 है। अतः इनका अंतर 21 - 17 = 4 है ।

107. यदि 4 + 5 – 2 = 33 और 10 + 12-5 = 119, तो 6 + 8-3=-

(A) 73 (B) 85
(C) 67 (D) 57

[A]

व्याख्या-

– (1) 45-2=3
(4)2 + (5)2 -
(2)3 = 33
16+25-8=33
41-8=33
33=33
(2) 10+ 12-5=119
(10)2 + (12)2 - (5)3 = 119
100 + 144 - 125 = 119
244 125 = 119
$119=119^0$
अब - 6 + 8 - 3 = ?
(6) + (8) - (3) = ?
36+64-27 = ?
100-27 = ?
73 Ans.

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

108. वर्ण श्रेणी $\frac{YBWDUFSH}{WSOK}$ - का अगला पद है-

(A) $\frac{QJ}{F}$ (B) $\frac{PI}{H}$

(C) $\frac{PK}{F}$ (D) $\frac{QJ}{G}$ **[D]**

व्याख्या-

$\frac{YB}{W}, \frac{WD}{S}, \frac{UF}{O}, \frac{SH}{K}$

↓, ↓, ↓, ↓,

23 - 19 - 15 - 11

- 4 - 4 - 4 - 4

11 में से 4 घटाने पर 7 प्राप्त होगा जो कि Alphabat में 7 की वैल्यू G होगी । अत: विकल्प (4) QJ है ।

109. असंगत चुनिये-

(A) AdCb (B) Mpon


(C) VxYw (D) SvUt **[C]**

व्याख्या –

–



उपरोक्त तीनों विकल्प में समानता है लेकिन विकल्प Vx Yw इसका अनुसरण नहीं करता है । अर्थात्



110. एक कूट भाषा में-

I "lew nas hsi ploy" का अर्थ है " she is bringing coffee".

II "wir sut lew ploy" का अर्थ है "he is bringing tea".

III. "sut lim nas" का अर्थ है "tea and coffee". तो "he" के लिये कौन से शब्द का प्रयोग किया गया है ?

(A) wir (B) lew

(C) sut (D) ploy **[A]**

व्याख्या-

– Wir Sut lew Ploy का अर्थ he is bringing tea विकल्प में है। अतिरिक्त विकल्पों से जाँच करने पर-

(1) is से तात्पर्य - Lew

(2) tea से तात्पर्य Sut

(3) bringing से तात्पर्य - Ploy


(4) इसमें he से तात्पर्य Wir होगा ।

111. श्रीमान A, श्रीमान B से मिलते हैं । B. एक पुत्र C और एक पुत्री D का पिता है। E, A की माता है। C विवाहित है और उसके एक पुत्र है। E, B की पुत्रवधू है। A किस प्रकार B से सम्बन्धित है ?

(A) अंकल (B) पुत्र

(C) पौत्र (D) भतीजा / भाँजा **[C]**

व्याख्या –



अर्थात् A, B का पौत्र होगा ।

112. यदि X, Y, Z प्राकृत संख्याएँ हैं, तो समीकरण X+Y+z=6 के विभिन्न हलों की संख्या है

(A) 3 (B) 7

(C) 10 (D) 12 **[C]**

व्याख्या-

– x + y + 2 = 6

माना x = 1 y = 1 2 = 4 हो।

स्थिति (1) x, y, Z

1, 1, 4-31

31=3

स्थिति (2) x, y, Z

1, 2, 3-31

31=6

स्थिति (3) x, y, z

2, 2, 3-31

31=1

Total = 3 + 6 + 1 = 10

113. तीन क्रमागत धनात्मक संख्याओं के गुणनफल को प्रत्येक संख्या से बारी-बारी विभाजित किया जाता है, तो भागफलों का योग 73 होता है। तीनों संख्याओं का योग क्या होगा ?

(A) 12 (B) 17

(C) 15 (D) 19 **[C]**

व्याख्या-

– माना तीन क्रमागत संख्याएँ x - 1, x और x + 1 है ।

$\frac{(x-1)(x)(x+1)}{(x-1)}+\frac{(x-1)(x)(x+1)}{x}+\frac{(x-1)(x)(x+1)}{x+1}=74$

$x(x+1)+(x-1)(x+1)+x(x+1)=74$

$x^2+x+X^2-x+x^2+x=74$

$3x^2-1=74$

$3x^2=75$

$x^2=25$

$x=5$

तीनों संख्याएँ

(1) 5-1 = 4

(2) 5=5

(3) 5+1=6

तीनों संख्याओं का योग = 4+ 5+ 6 = 15

114. दो मिश्रधातुओं को सोने और ताँबे के क्रमश: 7 : 2 और 7 : 11 के अनुपात में मिलाकर बनाया जाता है। दोनों मिश्रधातुओं को समान मात्रा में मिलकर तीसरी मिश्रधातु बनाई जाती है । इस तीसरी मिश्रधातु में सोने और ताँबे के मध्य अनुपात है-

(A) 7:5 (B) 7:12

(C) 14 : 13 (D) 2 : 11

[A]

व्याख्या-

– Gold : Copper

7 : 2 ...(i)

7 : 11 ...(ii)

समीकरण (i) से 2 का गुणा करके समीकरण (ii) से जोड़ने पर

14 : 4

7 : 11

21 : 15= 7 : 5 Ans.

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

115. एक निर्माण कार्य - स्थल पर, आदमी, औरतें और बच्चे ; : 4 : 1 के अनुपात में कार्य कर रहे हैं । उनकी मजदूरी में कार्य-स्थल 8 : 5 : 3 का अनुपात है । यदि 60 औरतें इस कार्य स्थल पर कार्यरत हैं, तो सभी लोगों की कुल दैनिक मजदूरी रु. 2,850 है। एक बच्चे की दैनिक मजदूरी बराबर है—

(A) रु.5 (B) रु. 7

(C) रु.6 (D) रु. 8 **[C]**

व्याख्या—

– माना आदमी औरतें, बच्चों का अनुपात x है ।

कुल औरतें = 60

4x = 60

x = 15

कुल आदमी = 9 × x = 9 × 15

= 135 आदमी

कुल बच्चे x = 15

अर्थात् कुल लोग = 60 + 135 + 15

=210

माना मजदूरी का अनुपात y है ।

कुल मजदूरी = 2850

135 × 84 + 60 × 54 + 15 × 34 = 2850

1080y + 300 y + 45 y = 2850

1425 y = 2850

$y = \frac{2850}{1425}$

तो एक बच्चे की मजदूरी = 3 x 2 = 6 Rs.

116. एक छोटे शहर की जनसंख्या 926100 है। यदि यह 5% वार्षिक दर से बढ़ती है तो 2 वर्ष पूर्व इसकी जनसंख्या क्या थी ?

(A) 760000

(B) 840000

(C) 880000

(D) 800000 **[B]**

व्याख्या-

– छोटे शहर की वर्तमान जनसंख्या = 926100 वार्षिक वृद्धि दर = 5%

2 वर्ष पूर्व शहर की जनसंख्या = ?

$926100 x \frac{100}{105} x \frac{100}{105}$

$956100 x \frac{20}{21} x \frac{20}{21}$

840000

117. एक निश्चित राशि पर 10% वार्षिक दर से 2 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर रु. 874 है। राशि ज्ञात कीजिए-

(A) रु.43,700

(B) रु.87, 400

(C) रु. 17,480

(D) रु.43,450 **[B]**

व्याख्या–

– दर = 10% चक्रवृद्धि ब्याज व साधारण ब्याज

समय = 2 वर्ष का अंतर = 874 रु.

माना P = 100

साधारण ब्याज = 10 + 10 = 20

चक्रवृद्धि ब्याज = 10+11=21

दोनों का अंतर = 21 – 20

= 1

अत: 1 = 874

तो राशि = P × 1

= 100 × 874

= 87400 रु.

118. एक निश्चित राशि निश्चित चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 3 वर्ष में दुगुनी हो जाती है । 9 वर्षों में यह राशि मूल राशि की k गुना हो जायेगी । k का मान क्या है ?

(A) 8

(B) 9

(C) 6

(D) 10 **[A]**

व्याख्या—

- माना मूल राशि रु. P है-

$ZP = P\left(1+\frac{r}{100}\right)^3$

$= \left(1+\frac{r}{100}\right)^3 = 2 \quad ...(1)$

$= KP = P\left[\left(1+\frac{r}{100}\right)^3\right]^3$

$= KP = P\left(1+\frac{r}{100}\right)^9$ समी. (1) से मान रखने पर

$= K = 2^3$

$= \boxed{K = 8}$ Ans.

प्रश्न संख्या 119 तथा 120 निम्न तालिका पर आधारित हैं । जो एक शहर में पंजीकृत वाहनों की संख्या (लाखों में) दर्शाती है-

वर्ष/वाहन	1990-91	2000-01	2010-11
कार	4.77	9.27	25.38
बस	1.02	1.71	3.51
ट्रक	2.46	5.04	11.04
स्कूटर		0.81	2.85 45.27
अन्य	0.12	1.08	11.82
कुल	9.18	19.95	97.02

119. किस वाहन में 2000-01 से 2010-11 तक न्यूनतम प्रतिशत वृद्धि हुई है ?

(A) बस

(B) ट्रक

(C) स्कूटर

(D) अन्य **[A]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या-

वस्तु	वर्ष 2000-01	वर्ष 2010-11	निवल वृद्धि
कार	9.27	25.38	16.11
बस	1.71	3.51	1.80
ट्रक	5.04	11.04	6.00
स्कूटर	2.85	45.27	42.42
अन्य	1.08	11.82	10.74 (लाखों में)

(1) कार में वृद्धि $= \frac{16.11}{9.27} \times 100 \Rightarrow 173.7\%$

(2) बस में वृद्धि $= \frac{1.80}{1.71} \times 100 \Rightarrow 105.26\%$ (न्युनतम वृद्धि)

(3) ट्रक में वृद्धि $= \frac{6}{5.04} \times 100 \Rightarrow 119.04\%$

(4) स्कूटर में वृद्धि $= \frac{42.42}{2.85} \times 100 \Rightarrow 1488.42\%$

(5) अन्य में वृद्धि $= \frac{10.74}{1.08} \times 100 \Rightarrow 99.40\%$

120. यदि किसी 2000-01 से 2010-11 एक वाहनों की कुल संख्या में प्रतिशत वृद्धि को 1990-91 से 2000-01 तक कुल वाहनों में प्रतिशत वृद्धि के बराबर कर दिया जाता है, तो 2010-11 में वाहनों की कुल संख्या (लाखों में) बराबर होगी –

(A) 42
(B) 42.5
(C) 48.15
(D) 43.36 **[D]**

व्याख्या-

- 1990-91 — 9.18 लाख — माना- X
  2000-01 — 19.05 लाख — Y
  2010-11 — ? (ज्ञात करना) — Z

कुल वाहनों में % वृद्धि दर बराबर है।

$$\text{अतः} = \frac{y-x}{x} \times 100 = \frac{z-y}{y} = 100$$


$$= y^2 = xz$$

$$= z = \frac{y^2}{x}$$

$$z = \frac{19.95 \times 19.95}{9.18}$$

$$z = 43.36 \text{(लाख)}$$

121. एक परिवार के 2018 के जून और जुलाई माह में विभिन्न मदों में व्यय और उसकी बचत का विवरण निम्न पाई चार्टो द्वारा दर्शाया गया है-



कुल - रु. 13, 200 **कुल - रु. 16,500**

यातायात और भोजन पर कुल व्यय जुलाई में जून से कितना प्रतिशत अधिक है ? (लगभग)

(A) 45%
(B) 36%
(C) 39%
(D) 27%

[C]

व्याख्या-

- जून 2018 में यातायात और भोजन पर कुल44 - 20 + 25 = 45% जून माह में कुल व्यय = 13200 45 जून में भोजन व यातायात व्यय - *13200 100 <=45 - 132 12 = 5940 रु. जुलाई माह में यातायात व भोजन व्यय = 90 + 90 = 180 123 R.A जुलाई माह में कुल व्यय = 16500 जुलाई माह में यातायात व भोजन व्यय = 180 ×16500 360 = 50 × 165 = 8250 रु. 8250-5940 दोनों माह में कुल प्रतिशत वृद्धि X100 5940 2310 ×100 5940 = 38.88% या 39% Ans.

122. राजस्थान सरकार ने मौसमी और गैर-संक्रमणीय बीमारियों के साथ-साथ विशिष्ट क्षेत्रों में पाए जाने वाली बीमारियों के रुझानों पर निगरानी रखने के लिए एक नया सॉफ्टवेयर जारी किया है । इस सॉफ्टवेयर का क्या नाम है ?

(A) उपचार (B) क्योर
(C) निदान (D) सेहत **[C]**

व्याख्या-

- राजस्थान में मौसमी और गैर-संक्रामक बीमारियों के साथ-साथ विशिष्ट क्षेत्रों में पायी जाने वाली बीमारियों की निगरानी तथा मूल्यांकन के लिए " निदान " नामक सॉफ्टवेयर बनाया गया है।

123. चीन की टीम ने 2018 बी डब्ल्यू एक थॉमस कप (30वाँ संस्करण) जीता है । इसने फाइनल में किस देश की टीम को हराया ?

(A) थाईलैण्ड (B) जापान
(C) फ्रांस (D) भारत **[B]**

व्याख्या-

– थॉमस कप का संबंध - बैडमिंटन से
वर्ष 2018 में 30 वाँ थॉमस कप- विजेता – चीन,
उपविजेता- जापान
आयोजन- बैंकाक (थाइलैण्ड) विजेता चीन।

124. भारतीय मूल की एक अमेरिकी महिला को संयुक्त राज्य अमेरिका की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी, जनरल मोटर्स में मुख्य वित्तीय अधिकारी नामित किया गया है । उसका क्या नाम है ?

(A) दिव्या सूर्यदेवरा (B) दीपिका सूर्यबर्मन
(C) देविका सरस्वती (D) दीपाली सुरलक्ष्मी **[A]**

व्याख्या-

– दिव्या सूर्यदेवरा का जन्म तमिलनाडु में हुआ । दिव्या सूर्यदेवरा वर्तमान में की ई-कामर्स कंपनी Stripe (स्ट्राइप) की मुख्य वित्तीयन अधिकारी है।

125. शरदकुमार, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के पूर्व महा- निदेशक, हाल ही में समाचारों में क्यों रहे ?

(A) उन्हें जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल का सलाहकार नियुक्त किया गया है।
(B) उन्हें केन्द्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया गया है।
(C) उन्हें राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है।
(D) उन्हें संघ लोक सेवा आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है ।

[B]

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या-

– शरत कुमार- 1979 बैच के हरियाणा कैडर IPS — 1991 से 1999 तक केन्द्रीय सर्तकता आयोग में सतर्कता आयुक्त के पद
वर्तमान- CBI डायरेक्टर – प्रवीण सूद

126. जून, 2018 में मलेशिया में आयोजित महिला क्रिकेट एशिया कप ट्रॉफी (T -20 टूर्नामेंट) बांग्लादेश ने जीता है । फाइनल में किस टीम को हराया ?

(A) पाकिस्तान (B) श्रीलंका
(C) भारत (D) थाईलैण्ड **[C]**

व्याख्या-

– महिला एशिया कप (T-20) 2018
आयोजन – मलेशिया
कुल टीमें - 6 (बांग्लादेश, भारत, मलेशिया, श्रीलंका, पाकिस्तान, थाइलैण्ड)
विजेता – बांग्लादेश
उपविजेता – भारत
प्लेयर ऑफ दी टुर्नामेंट हरसिमरत कौर (भारत)

127. मार्च, 2018 में राजस्थान में स्थापित प्रथम मेगा फूड पार्क के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें-

(1) इसका उद्घाटन केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री हरसिमरत कौर बादल द्वारा किया गया।
(2) यह स्मार्ट मेगा फूड पार्क के नाम से जाना जाता है ।
(3) यह अजमेर के रूपनगढ़ में स्थित है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा / कौन-से कथन सही है / हैं ?

(A) (1) और (2) (B) केवल (2)
(C) (1) और (3) (D) केवल (3) **[C]**

व्याख्या-

– 30 मार्च, 2018 को अजमेर के रूपनगढ़ में केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री हरसिमरत कौर द्वारा राजस्थान के प्रथम मेगा फूड पार्क का उद्घाटन किया गया।
इस मेगा फूड पार्क का नाम ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क रखा गया है।
हाल ही में स्थापित मेगा फूड पार्क (वर्ष 2020 में)
(1) मिजोरम में कोलासिब जिले के जोरम गाँव में ।
(2) मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) ।
(3) हिमालयन मेगा फूड पार्क, उधमसिंह नगर (उत्तराखंड)।

128. जून, 2018 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उत्तरी कोरिया के नेता किस जोंग उन के मध्य ऐतिहासिक बैठक कहाँ आयोजित की गई ?

(A) पियोंग - यांग में (B) सिंगापुर में
(C) सिओल में (D) ताइपेई में **[B]**

व्याख्या-

– जून, 2018 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तथा उत्तरी कोरिया के तानाशाह किम जोंग के मध्य वन ऑन वन मुलाकात सिंगापुर में आयोजित की गयी ।

129. त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'मालाबार' का 22वाँ संस्करण जून, 2018 में आयोजित हुआ । इस अभ्यास में भारत के अतिरिक्त और कौन-से दो देशों ने हिस्सा लिया ?

(A) रूस और जापान
(B) रूस और बांग्लादेश
(C) नेपाल और वियतनाम
(D) जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका

[D]

व्याख्या—

मालाबार नौसेना अभ्यास-
1992 में भारत और अमेरिका के मध्य पहली बार शुरु हुआ ।
2015 में इस अभ्यास में जापान शामिल हुआ। इसमें पर्यवेक्षक राष्ट्र के रूप में ऑस्ट्रेलिया तथा सिंगापुर भी शामिल होते है ।
वर्ष 2018 में मालाबार नौसैनिक अभ्यास का आयोजन फिलीपिंस के गुआम द्वीप (अमेरिकी एयरबेस) पर किया गया।

130. सात सामाजिक मानकों के आधार पर अपनी पंचायतों को स्टार रैंकिंग देने के लिए हरियाणा सरकार में 7 स्टार ग्राम-पंचायत इन्द्रधनुष योजना शुरू की है। उन पंचायतों को, जो लिंगानुपात में सुधार के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं, कौन-सी स्टार रैंकिंग दी जाती है ?

(A) पिंक स्टार (B) ग्रीन स्टार
(C) गोल्डन स्टार (D) सिल्वर स्टार **[A]**

व्याख्या –

7 स्टार ग्राम पंचायत इन्द्रधनुष योजना (हरियाणा)
(1) पिंक स्टार - लिंगानुपात के लिए ।
(2) व्हाइट स्टार - साफ-सफाई के लिए ।
(3) ग्रीन कलर - पर्यावरण संरक्षण के लिए ।

131. महिला सशक्तिकरण एवं पौध रोपण को बढ़ावा देने के लिए किस राज्य ने 'कन्या वन समृद्धि योजना' आरम्भ की है ?

(A) उत्तरप्रदेश (B) सिक्किम
(C) महाराष्ट्र (D) राजस्थान **[C]**

व्याख्या-

कन्या वन समृद्धि योजना
(1) महाराष्ट्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण तथा वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित योजना ।

132. हाल ही में पूर्वोत्तर राज्यों में से एक राज्य की राजधानी को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा 100वाँ स्मार्ट सिटी घोषित किया गया है। वह राज्य कौन-सा है ?

(A) मिजोरम (B) मेघालय
(C) नागालैण्ड (D) मणिपुर **[B]**

व्याख्या-

– राष्ट्रीय स्मार्ट सिटी मिशन
प्रारंभ जून, 2016
शहरी विकास मंत्रालय नोडल एजेंसी के रूप में ।
प्रथम स्मार्ट सिटी- भुवनेश्वर (उड़ीसा)
100वीं स्मार्ट सिटी- शिलांग (मेघालय)
राजस्थान में स्मार्ट सिटी- उदयपुर, जयपुर, कोटा, अजमेर

133. 24 जून, 2018 को भारत के चार पैरा- तैराकों के एक दल ने 12 घंटे और 26 मिनट के रिकॉर्ड समय में इंग्लिश चैनल को पार किया। उनमें से एक राजस्थान का था। वह कौन था ?

(A) महेश चंद्र (B) जगदीश चंद्र
(C) वीरेन्द्र कुमार (D) सत्येन्द्र सिंह **[B]**

व्याख्या-

– 24 जून, 2018 को चार भारतीय पैरा तैराक जिन्होंने रिकॉर्ड 12 घंटे और 26 मिनट में इंग्लिश चैनल तैरकर पार किया।
जगदीश चन्द्र तेली (राजस्थान)
रिमो शाह (पश्चिम बंगाल)
चेतन गिरधर राउत (महाराष्ट्र)
सतेन्द्र सिंह (महाराष्ट्र)

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

134. भारत सरकार ने वर्ष 2022 तक कितनी सौर ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है ?

(A) 20 गीगा वॉट (B) 40 गीगा वॉट
(C) 80 गीगा वॉट (D) 100 गीगा वॉट **[D]**

व्याख्या-

– UNO के सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल्स 2017 के तहत् भारत सरकार ने रीन्युएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2022 तक भारत में 175 GW क्षमता की रीन्युएबल एनर्जी बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें 100GW सौर ऊर्जा द्वारा, 60GW पवन ऊर्जा द्वारा, 10GW बायोमास द्वारा और 5GW छोटे जल विद्युत ऊर्जा द्वारा प्राप्त किया जायेगा ।

इसकी नोडल एजेन्सी के रूप में नव्य एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय कार्य करेगा ।

135. हाल ही में भारत की दीपिका कुमारी ने तीरंदाजी विश्व कप (तीसरा चरण) की महिला रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। यह विश्व कप प्रतियोगिता कहाँ आयोजित की गई ?

(A) बर्लिन (B) कोर्टिना
(C) साल्ट लेक सिटी (D) सेमसन **[C]**

व्याख्या-

– दीपिका कुमारी (तीरंदाजी) राँची, झारखण्ड निवासी
– तीसरा चरण साल्ट लेक सिटी (अमेरिका) में आयोजि हुआ।

राष्ट्रमण्डल खेल -

(1) 2010 - दिल्ली- स्वर्ण पदक व्यक्तिगत स्पर्धा
(2) 2010- दिल्ली - स्वर्ण पदक टीम स्पर्धा

एशियन गेम्स -

(1) 2010 - ग्वांग्झु (चीन)- कांस्य पदक व्यक्तिगत स्पर्धा
वर्ष 2012 में अर्जुन पुरस्कार
वर्ष 2016 में पदमश्री से नवाजा
दीपिका कुमारी विश्व की तीरंदाजी रैंकिंग में प्रथम स्थान पर रही है।

136. जस्टिस इंदू मल्होत्रा की नियुक्ति के बाद भारत के उच्चतम न्यायालय में महिला न्यायाधीशों की संख्या दो हो गई है । दूसरी महिला न्यायाधीश कौन है ?

(A) जस्टिस रूमा पॉल (B) जस्टिस आर. भानुमति
(C) जस्टिस ज्ञान सुधा मिश्र (D) जस्टिस संगीता प्रकाश **[B]**

व्याख्या-

– महिला न्यायधीश जो सुप्रीम कोर्ट में न्यायधीश के पद पर रही-
फातिमा बीवी (1989) - प्रथम महिला न्यायाधीश
रूमा पॉल (2000) - सबसे लंबा कार्यकाल
आर. भानुमति (2014)
इन्दू मल्होत्रा (2018) सीधे बार काउंसिल से आने वाली प्रथम न्यायाधीश महिला
वर्तमान में तीन महिला – D.V. नागथना, हिमा कोहली, बेला त्रिवेदी

137. हाल ही में पाकिस्तान का युसूफ सलीम समाचारों में रहा । वह कौन है ?

(A) वह पाकिस्तान के पहले दृष्टिबाधित न्यायाधीश हैं ।
(B) वह पाकिस्तान की कबड्डी टीम का कप्तान है ।
(C) वह पाकिस्तान की क्रिकेट टीम का सबसे कम उम्र का खिलाड़ी है।
(D) वह पाकिस्तान की हॉकी टीम का कप्तान **[A]**

व्याख्या-

– जस्टिस युसुफ अली सईद वर्तमान पाकिस्तान के सिंध उच्च न्यायालय के न्यायाधीश है । वे पाकिस्तान के न्याय प्रणाली में प्रथम दृष्टिबाधित न्यायाधीश है ।

138. चुनावी बॉन्ड योजना 2018 के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें-

(अ) राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना इस योजना का उद्देश्य है ।
(ब) चुनाव आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त केवल वही राजनीतिक दल चुनावी बॉन्ड प्राप्त कर सकेंगे जिन्होंने पिछले लोकसभा या राज्य की विधानसभा चुनावों में न्यूनतम दो प्रतिशत मत प्राप्त किए हैं।
(स) चुनावी बॉन्ड जारी होने की तिथि से पन्द्रह कैलेंडर दिवस तक वैध रहेंगे ।
(द) पात्र राजनीतिक दल द्वारा अपने खाते में जमा कराए गए चुनावी बॉन्ड का भुगतान उसी दिन किया जाएगा।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) केवल (अ) और (ब)
(B) केवल (अ), (ब) और (स)
(C) केवल (ब), (स) और (द)
(D) केवल (अ), (स) और (द) **[D]**

व्याख्या-

– चुनावी बॉन्ड योजना 2018
(1) मुख्य उद्देश्य राजनीतिक दलों को प्राप्त होने वाले चंदे को पारदर्शी बनाना है।
(2) चुनावी बॉन्ड जारी होने की तिथि से पन्द्रह दिन तक मान्य रहेगा।
(3) बॉन्ड कम से कम 1,000 रु. और अधिकतम 1 करोड़ रु. की वैल्यू का ही हो सकता है।
(4) पात्र राजनीतिक दल द्वारा अपने खाते में जमा कराए गये चुनावी बाँण्ड का भुगतान उसी दिन किया जायेगा।

139. किस अंतरिक्ष एजेन्सी ने हाल ही में उपग्रह को ले जाने वाले विश्व के सबसे छोटे रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया ?

(A) नासा (B) इसरो
(C) सी. एन. एस. ए. (D) जाक्सा **[D]**

व्याख्या-

– जापान ने दुनिया का सबसे छोटा एवं हल्का रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है । जापानी अन्तरिक्ष एजेंसी (JAXA) ने SS-520 (एसएस-520) नामक रॉकेट 3 किलोग्राम वजनी 50 सेमी व्यास का है।
– इसे कागोशिमा स्थित युकिनौरा अंतरिक्ष केन्द्र से प्रक्षेपित किया है। यह उपग्रह पृथ्वी की सतह के चित्र लेने के लिए विकसित किया गया है।

140. राजस्थान की डॉ. कृष्णा जाखड़ को साहित्य अकादमी का राजस्थानी अनुवाद पुरस्कार 2017 दिया गया है। उन्हें यह पुरस्कार उनकी कौन-सी अनुवाद - कृति के लिए दिया गया है ?

(A) गाथा तिस्ता पार री (B) भींत
(C) अडाणै धर्योडी आँख्याँ (D) टोबा टेक सिंह **[A]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या-

- केन्द्रीय साहित्य अकादमी की ओर से राजस्थानी अनुवाद पुरस्कार-2017 चुरु निवासी डॉ. कृष्णा जाखड़ को उनकी कृति "गाथा तिस्ता पार री" के लिए दिया गया।
  यह कृति जाखड़ द्वारा रॉय (बंगाली साहित्यकार) की लिखी "तिस्ता पारेर वृतांत" के अनुवाद स्वरूप लिखी गई।
- कृष्णा जाखड़ को अकादमी द्वारा प्रशस्ति पत्र, 50 हजार रू9 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

141. साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2018 के लिए 23 लेखकों का चयन किया गया है। उसमें से राजस्थानी भाषा के लिए किसको चुना गया है?

(A) डॉ. चेतन स्वामी (B) डॉ. ज्योति पुंज
(C) मोहन आलोक (D) सी. एल. सांखला **[D]**

व्याख्या-

- कोटा में शिक्षक सी. एल. साँखला को राजस्थानी " बाल कहानी संग्रह "चड़ा-चड़ी की खेती" के लिए केन्द्रीय साहित्य अकादमी द्वारा राजस्थानी भाषा के लिए वर्ष 2018 का साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार से प्रदान किया गया।

142. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

	राजवंश		**राजधानी**
A.	शुंग	I.	महोबा
B.	सातवाहन	II.	बनवासी
C.	कदम्ब	III.	पैठन
D.	चन्देल	IV.	पाटलिपुत्र

सही कूट का चयन कीजिए –

	A	**B**	**C**	**D**
(A)	IV	III	II	I
(B)	IV	II	III	I
(C)	I	IV	II	III
(D)	I	II	III	IV

[A]

व्याख्या-

राजवंश		**राजधानी**
शुंग	–	पाटलिपुत्र (बिहार)
सातवाहन	–	पैठन (महाराष्ट्र)
कदम्ब	–	बनबासी (कर्नाटक)
चन्देल	–	महोबा (मध्यप्रदेश)

143. मंदिर स्थापत्य के बारे में निम्नलिखित में से कौन–से कथन सत्य हैं ?

(अ) स्वतंत्र आधार (चूना-पत्थर) के मंदिरों का उद्भव गुप्तकाल में माना जाता है।
(ब) लाड़खाँ, जो कि एक प्रारंभिक मंदिर है, बादामी के चालुक्यों से संबद्ध है ।
(स) खजुराहों के मंदिरों में, मंदिर के समस्त खण्ड आंतरिक और बाह्य रूप से जुड़े हुए हैं।
(द) कांची का कैलाशनाथ मंदिर द्रविड़ शैली का सबसे प्रारंभिक स्वतंत्र आधार का मंदिर है ।

सही उत्तर चुनिए-

(A) (अ), (स) एवं (द) (B) (अ) एवं (ब)
(C) (अ), (ब) एवं (द) (D) (अ), (ब), एवं (स)

[D]

व्याख्या—

(1) स्वतंत्र आधार (चूना पत्थर) के मंदिरों का उद्भव गुप्तकाल में माना जाता है जिसका प्रथम मंदिर देवगढ़ का दशावतार मंदिर था ।
(2) लाडखाँ मंदिर बादामी के चालुक्यों द्वारा बनवाया गया चूना पत्थर निर्मित मंदिर है ।
(3) खजुराहों मंदिर निर्माण 9वीं सदी में चंदेल शासकों द्वारा करवाया गया था। इस मंदिर के समस्त खण्ड बाह्य व आंतरिक रूप से जुड़े हुए है । यह मन्दिर यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल है।
(4) द्रविड़ शैली का प्रारंभिक चूना पत्थर का स्वतंत्र आधार वाला तंजावुर का वृहदेश्वर मंदिर तथा महाबलिपुरम मंदिर है, जो कि 7वीं सदी में निर्मित हुआ है ।

144. निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन प्राचीन भारत की श्रेणी व्यवस्था के बारे में असत्य है ?

(A) श्रेणी व्यापारियों और कारीगरों का संगठन थी ।
(B) उत्पादित वस्तुओं की गुणवत्ता और कीमत संबंधित श्रेणी द्वारा निर्धारित की जाती थी ।
(C) श्रेणी अपने सदस्यों के आचरण पर भी नियंत्रण रखा करती थी।
(D) श्रेणी व्यवस्था मात्र उत्तर भारत में प्रचलित थी ।

[D]

व्याख्या–

- प्राचीन भारत की श्रेणी व्यवस्था के अन्तर्गत श्रेणियों में मूलतः व्यापारियों और शिल्पकारों का संघ होता था । श्रेणी का मुख्य उद्देश्य सदस्यों की सहायता करना था। साथ ही यह व्यवस्था सदस्यों के आचरण को भी नियंत्रित करती थी ।
- पेशे के आधार पर इन संगठनों द्वारा वस्तुओं की गुणवत्ता तथा कीमतों का निर्धारण किया जाता था । चेट्टी व शेट्टी दक्षिण भारत में कार्यरत प्रमुख शिल्पकारी व्यापारिक संगठन (श्रेणी) था ।
- श्रेणी व्यवस्था संपूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित थी ।

145. दिल्ली सल्तनत में दीवान-ए-अर्ज विभाग की स्थापना किसने की ?

(A) बलबन (B) इल्तुतमिश
(C) अलाउद्दीन खिलजी (D) फिरोज तुगलक **[A]**

व्याख्या-

- दीवान-ए-अर्ज (सेना विभाग) विभाग की स्थापना बलबन ने की थी ।
- दीवान-ए-अर्ज विभाग का कार्य-
  (1) सेना में भर्ती करना।
  (2) अस्त्र-शस्त्र का रखरखाव।

146. वरकरी संप्रदाय की मुख्य पीठ अवस्थित है-

(A) शृंगेरी में (B) पंढरपुर में
(C) नदिया में (D) वाराणसी में **[B]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या-

- वरकरी सम्प्रदाय के लोग श्रीकृष्ण को प्रतीक के रूप में पूजनीय मानते है।
- इस संप्रदाय की मुख्य पीठ पंढरपुर (महाराष्ट्र) में है।
- वरकरी संप्रदाय महाराष्ट्र के भक्ति आंदोलन से एक शाखा के रूप में निकला था जिसे संत तुकाराम तथा एकनाथ ने संपूर्ण महाराष्ट्र में फैलाया। इसमें ब्रह्मा को निर्गुण माना गया है ।

147. निम्नलिखित घटनाओं का सही कालक्रम चुनिए-

(अ) लखनऊ समझौता
(ब) स्वराज दल की स्थापना
(स) जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड
(द) बाल गंगाधर तिलक की मृत्यु
निम्नलिखित में कूट में से उत्तर चुनिए- -
(A) (अ), (द), (स) एवं (ब)
(B) (द), (स), (अ) एवं (ब)
(C) (अ), (स), (द) एवं (ब)
(D) (अ), (ब), (स) एवं (द) **[C]**

व्याख्या-

- (1) लखनऊ समझौता 1916 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग के मध्य सम्पन्न हुआ । कांग्रेस लीग समझौते से मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्रों तथा जिन प्रान्तों में वे अल्पसंख्यक थे, वहाँ पर उन्हें अनुपात से अधिक प्रतिनिधित्व देने की व्यवस्था की गई।
  (2) जलियावाला बाग हत्याकाण्ड 13 अप्रैल 1919 को पंजाब प्रान्त के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थित जलियांवाला बाग में रौलेक्ट एक्ट के विरुद्ध की जा रही सभा पर जनरल डायर ने गोलीबारी कराया ।
  (3) बाल गंगाधर तिलक, स्वराज के प्रणेता की मृत्यु 1 अगस्त, 1920 को मुंबई में हुई।
  (4) स्वराज पार्टी की स्थापना 1 जनवरी, 1923 को देशबन्धु चित्तरंजन दास तथा मोतीलाल नेहरु ने की थी।

148. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

	संस्था		प्रवर्तक
(A)	सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी	-	जी. के. गोखले
(B)	सोशल सर्विस लीग	-	एन. एम. जोशी
(C)	सेवा समिति	-	एच. एन. कुंजरू
(D)	सोशल रिफॉर्म एसोसिएशन	-	मोतीलाल नेहरू

[D]

व्याख्या-

संस्था		प्रवर्तक व्यक्ति
सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी	-	गोपालकृष्ण गोखले
सोशल सर्विस लीग	-	एन. एम. जोशी
सेवा समिति	-	एच. एन. कुंजरू
सोशल रिफॉर्म एसोसिएशन	-	श्रीराम वाजपेयी

149. क्रांतिकारी, जो हार्डिंग बम काण्ड में शामिल नहीं था-

(A) मास्टर अमीर चंद
(B) भगवती चरण वोहरा
(C) भाई बालमुकुन्द
(D) अवध बिहारी **[B]**

व्याख्या-

- लॉर्ड हार्डिंग पर 23 दिसम्बर, 1912 को चाँदनी चौक में एक जुलूस के दौरान एक बम फेंका गया था, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए थे। इस विरोध में मास्टर अमीर चंद, भाई बालमुकुन्द और मास्टर अवध बिहारी को 8 मई, 1915 को फाँसी की सजा दी गई ।

150. गाँधी-इरविन समझौते में किसने मध्यस्थ की भूमिका अदा की ?

(A) मोतीलाल नेहरू
(B) तेज बहादुर सप्रू
(C) एनी बेसेन्ट
(D) चिन्तामणि

[B]

व्याख्या-

- 5 मार्च, 1931 को हुए गाँधी-इर्विन समझौते के तहत् गाँधी द्वारा सविनय अवज्ञा आंदोलन को स्थगित करने तथा कांग्रेस द्वारा द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने का प्रस्ताव स्वीकार किया।
- 5 मार्च, 1931 को महात्मा गाँधी और इरविन के मध्य हुए समझौते में मध्यस्ता तेज बहादुर सप्रू तथा एम.आर. जयकर ने निभाई थी ।

❑❑❑

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

आर. ए. एस. (प्रारम्भिक परीक्षा, 2021)

1. रूमा देवी के बारे में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(a) उन्हें हस्तशिल्प के क्षेत्र में जाना जाता है।
(b) वे जसरापुर (खेतड़ी) गाँव में पली – बढ़ी।
(c) उन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा 2018 में 'नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
(d) उन्होंने हजारों महिलाओं को रोजगार बढ़ावा देने में अहम भागीदारी निभाई। **[b]**

व्याख्या –

- रूमा देवी का जन्म बाड़मेर जिले के रावतसर गाँव में 1988 में हुआ।
- विश्व महिला दिवस, 2018 में राष्ट्रपति के हाथों नारी शक्ति अवॉर्ड दिया गया।
- बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर के 75 गाँवों की 22 हाजार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ राजस्थान के हस्तशिल्प उत्पादों को इंटरनेशनल स्तर पर पहुँचा दिया।

2. बखनाजी, संतदास जी, जगन्नाथ दास और माधोदास नामक संतों का संबंध निम्नलिखित में से किस सम्प्रदाय के साथ था?

(a) दादू पंथ (b) लालदासी सम्प्रदाय
(c) जसनाथी सम्प्रदाय (d) रामस्नेही सम्प्रदाय **[a]**

व्याख्या –

- दादूपंथ से संबंधित संत – बखनाजी, रज्जबजी, सुन्दरदास, माधोदास, जगन्नाथजी।

3. सूची-i एवं सूची-ii को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए-

	सूची – i (त्यौहार)		सूची – ii (उत्सव की तिथि / माह)
A.	बूंदी की कजली तीज	(i)	भाद्रपद कृष्ण तृतीया
B.	होली	(ii)	फाल्गुन पूर्णिमा
C.	पर्युषण पर्व	(iii)	भाद्रपद माह
D.	गणगौर	(iv)	चैत्र माह

कूट:

	A	B	C	D
(a)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(b)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(c)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(d)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

[b]

व्याख्या –

त्योहार		उत्सव की तिथि/माह
बूँदी की कजली तीज	–	भाद्रपद कृष्ण तृतीया
होली	–	फाल्गुन पूर्णिमा
पर्युषण पर्व	–	भाद्रपद
गणगौर	–	चैत्र माह (शुक्ल तृतीया)

4. निम्नलिखित में से कौन कौन से सिद्धांत जैन धर्म से संबंधित हैं?

(i) अनेकान्तवाद (ii) सर्वस्तिवाद
(iii) शून्यवाद (iv) स्यादवाद

नीचे दिये गये कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए -

(a) (i) एवं (iv) (b) (ii) एवं (iv)
(c) (i), (ii) एवं (iii) (d) (ii) एवं (iii) **[a]**

व्याख्या –

- अनेकान्तवाद तथा स्यादवाद सिद्धांत जैन धर्म से संबंधित हैं। ये जैन धर्म के मान्य सिद्धांत हैं।
- स्यादवाद का अर्थ सापेक्षतावाद होता है। यह जैन दर्शन के अंतर्गत किसी वस्तु के गुण को समझने और अभिव्यक्ति करने का सापेक्षिक सिद्धांत है।
- सर्वस्तिवाद तथा शून्यवाद का संबंध बौद्ध धर्म से है।

5. राजस्थान के रीति – रिवाजों में 'आंणी क्या है?

(a) कुंआ पूजन
(b) दुल्हन के परिवार द्वारा वर की बारात का डेरा देखने जाना
(c) विवाह के पश्चात् दुल्हन को दूसरी बार ससुराल भेजना
(d) जलझूलनी की एकादशी पूजा **[c]**

व्याख्या –

- राजस्थान के रीति-रिवाजों में आंणौ से तात्पर्य विवाह के पश्चात् दुल्हन को ससुराल भेजने से है।

6. सूची-i एवं सूची-ii को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए –

	सूची – i		सूची – ii
A.	हावड़ा षड्यंत्र केस	(i)	मास्टर अमीचंद (अमीरचंद)
B.	लाहौर षड्यंत्र केस	(ii)	अरविन्द घोष
C.	दिल्ली षड्यंत्र केस	(iii)	जतिन्द्रनाथ मुखर्जी
D.	अलीपुर षड्यंत्र केस	(iv)	राजगुरु

कूट:

	A	B	C	D
(a)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(b)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(c)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(d)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)

[c]

व्याख्या –

हावड़ा षडयंत्र केस	–	जतिन्द्रनाथ मुखर्जी
लाहौर पडयंत्र केस	–	राजगुरु
लाहौर पडयंत्र केस	–	मास्टर अमीरचंद (अमीर चंद)
अलीपुर पडयंत्र केस	–	अरविंद घोष

7. विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 1871 ई. में राजमुन्द्री सोशल रिफॉर्म एसोसिएशन स्थापित किया गया था

(a) वीरेशलिंगम द्वारा
(b) के. रामकृष्ण पिल्लई द्वारा
(c) के. टी. तेलंग द्वारा
(d) गोपालाचारियार द्वारा **[a]**

व्याख्या –

- विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 1878 ई. में राजमुन्द्री सोशल रिफॉर्म एसोसिएशन की स्थापना – बीरेशलिंगम पंतुलू ने की थी। इन्होंने 11 दिसम्बर 1881 ई. को देश का पहला विधवा पुनर्विवाह आयोजित करवाया।

8. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइन्स की स्थापना बैंगलोर में कब और किनके प्रयासों से हुई?

(a) 1917 प्रफुल्ल चंद राय
(b) 1930, जे. सी. बोस
(c) 1909, जमशेदजी टाटा
(d) 1911 मेघनाद साहा **[c]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- भारतीय विज्ञान संस्थान की परिकल्पना एक शोध संस्थान के रूप में जमशेदजी जी टाटा द्वारा 19वीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में की गई थी।
- इस परिकल्पना से लगभग 13 वर्षों के लम्बे अंतराल के पश्चात् 27 मई 1909 को इस संस्थान की स्थापना की गई।

9. उस क्रांतिकारी महिला का नाम बताइये जिसने बिजौलिया किसान आन्दोलन में भाग लिया और उसे गिरफ्तार किया गया तथा 1930 के सत्याग्रह और 1932 के सविनय अवज्ञा आन्दोलन में भाग लिया और जेल गई –

(a) रमा देवी (b) रतन शास्त्री
(c) अंजना देवी चौधरी (d) किशोरी देवी

[a]

व्याख्या –

- राजस्थान के जयपुर की वह क्रांतिकारी महिला रमा देवी थी, जिन्होंने बिजौलिया किसान आंदोलन में भाग लिया तथा जब ये 1931 ई. में बिजौलिया गई तो इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।
- रमा देवी ने 1930 ई. तथा 1932 ई. में सत्याग्रह एवं सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लिया तथा जेल गई।

10. सूची-i एवं सूची-ii को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए –

	सूची-i (तीर्थंकर)		सूची-ii (उनके संज्ञान)
A.	पार्श्वनाथ	(i)	वृषभ
B.	आदिनाथ	(ii)	सिंह
C.	महावीर	(iii)	सर्प
D.	शांतिनाथ	(iv)	हिरण

कूट:

	A	B	C	D
(a)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(b)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(c)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(d)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)

[d]

व्याख्या –

तीर्थंकर		उनके संज्ञान
पार्श्वनाथ	–	सर्प
आदिनाथ	–	वृषभ
महावीर	–	सिंह
शांतिनाथ	–	हिरण

11. जोधपुर नरेश मानसिंह की रानी भटियाणी प्रतापकुँवरी ने अपने द्वारा बनाय गये मंदिर को पुनः अन्यत्र बनवाया, क्योंकि पहले वाला मंदिर जमीन में धंस गया था. और उसने उसकी प्राण प्रतिष्ठा 1857 में कराई। उस मंदिर का नाम है

(a) कुंज बिहारी मंदिर
(b) महामंदिर
(c) घनश्यामजी का मंदिर
(d) तीजा मांजी का मंदिर

[d]

व्याख्या –

- जोधपुर नरेश मानसिंह की रानी भटियाणी प्रतापकुँवरी ने अपने द्वारा बनाए गए तीजा मांजी मंदिर को पुन: अन्यत्र बनवाया। क्योंकि पहले वाला मंदिर जमीन में धँस गया था और उसने उसकी प्राण प्रतिष्ठा 1857 ई. में करायी। यह मंदिर जोधपुर में है। जोधपुर के नरेश मानसिंह ने जोधपुर में महामंदिर का निर्माण करवाया था। इस मंदिर का निर्माण मानसिंह (1803-1843 ई.) ने 40 लाख रुपये की लागत से करवाया था। इस मंदिर में 84 खम्बे हैं।

12. मौर्य कालीन मूर्तियों में, मणिभद्र (यक्ष) नाम से अंकित मूर्ति किस स्थान से प्राप्त हुई हैं?

(a) झींग-का-नगरा (b) नोह ग्राम
(c) बेसनगर (d) परखम

[d]

व्याख्या –

- मौर्यकालीन मूर्तियों में मणिभद्र (यक्ष) नाम से अंकित मूर्ति परखम से प्राप्त हुई है। परखम, उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में स्थित है।

13. भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान, कनकलता बरूआ नामक एक कन्या ने जनता का एक जुलूस निकाला और पुलिस की परवाह न करते हुए थाने में घुसने के प्रयास में गोली खाई। यह घटना किस स्थान की है?

(a) सोनितपुर (b) मिदनापुर
(c) कोरापुर (d) गोहपुर

[d]

व्याख्या –

- भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान, 20 सितंबर, 1942 को कनकलता बरुआ नामक एक कन्या ने जनता का एक जुलूस निकाला और पुलिस की परवाह न करते हुए थाने में घुसने के प्रयास में गोली खाई। यह घटना गोहपुर की है।

14. निम्नलिखित में कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?

पुस्तकें - लेखक
(A) नेह तरंग - सवाई प्रतापसिंह
(B) नागदमण - सांयाजी झूला
(C) रणमल छन्द - श्रीधर व्यास
(D) भाषा भूषण - महाराजा जसवंत सिंह

(a) A (b) C
(c) B (d) D

[a]

व्याख्या –

- नेह तरंग पुस्तक की रचना राजपूत शासक बूँदी नरेश राव बुद्ध सिंह द्वारा किया गया था।
- नेह तरंग की काव्य भाषा पिंगल है।
- हाड़ौती के काव्य पुरोधाओं में राजा बुद्ध सिंह का नाम उल्लेखनीय है।

15. सूची-i एवं सूची-ii को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए

	सूची-i		सूची-ii
A.	व्रीही	(i)	गन्ना
B.	मुदग	(ii)	चावल
C.	यव	(iii)	मूंग
D.	इक्षु	(iv)	जौ

कूट -

	A	B	C	D
(a)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(b)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(c)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(d)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)

[d]

व्याख्या –

व्रीही – चावल
मुदग – मूंग
यव – जौ
इक्षु – गन्ना

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

16. बयाना दुर्ग स्थित वरिक विष्णुवर्धन विजय स्तम्भ किस काल का माना जाता है?

(a) सल्तनत काल
(b) मुगल काल
(c) मौर्य काल
(d) गुप्त काल **[d]**

व्याख्या –

- बयाना दुर्ग स्थित वरिक विष्णुवर्धन विजय स्तम्भ गुप्तकाल का माना जाता है क्योंकि यहाँ गुप्तकाल के सिक्के व अन्य साक्ष्य मिले हैं।

17. आहड़ सभ्यता के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए –

(A) आहड़वासी तांबा गलाना जानते थे।
(B) ये लोग चावल से परिचित नहीं थे
(C) धातु का काम आहड़वासियों की अर्थव्यवस्था का एक साधन था।
(D) यहाँ से काले – लाल रंग मद्भाण्ड मिले हैं, जिन पर सामान्यतः सफेद रंग से ज्यामितीय आकृतियाँ उकेरी गई हैं।

सही विकल्प का चयन कीजिए –

(a) A, C एवं D सही हैं।
(b) A एवं B सही हैं।
(c) A, B एवं C सही हैं।
(d) C एवं D सही हैं। **[a]**

व्याख्या –

- आहड़ सभ्यता एक ताम्रकालीन संस्कृति है जो दक्षिण-पूर्व राजस्थान में आहड़ नदी के तट पर ईसापूर्व 3000 से ईसापूर्व 1500 तक फली-फूली। आहड़वासी ताँबा गलाना जानते थे। यहाँ खुदाई में धान की खेती, पालतू मवेशी, बहुत कम संख्या में पालतू भेड़, बकरी, बैल, सूअर और कुत्तों की अस्थियाँ भी मिली थी। धातुकर्म आहड़वासियों की अर्थव्यवस्था का एक साधन था। यहाँ के काले-लाल रंग के मृदभांड मिले है, जिन पर सामान्यत: सफेद रंग से ज्यामितीय आकृतियाँ उकेरी गई हैं।

18. सेन्ट्रल इलेक्ट्रोकेमिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट की स्थापना अलगप्पा चेटियार, डॉ. शांति स्वरूप भटनागर एवं पं. जवाहरलाल नेहरू के प्रयासों से कहाँ और कब की गई?

(a) लखनऊ, 1951
(b) कराईकुड़ी, 1953
(c) चेन्नई, 1948
(d) शिवगंगा, 1953 **[b]**

व्याख्या –

- 25 जुलाई, 1948 को केंद्रीत विद्युत रसायन अनुसंधान संस्थान की स्थापना कराईकुडी (तमिलनाडु) में की गई।
- यह संस्थान अलगप्पा चेट्टियार, पंडित जवाहरलाल नेहरू तथा डॉ. शांतिस्वरूप भटनागर के राष्ट्र को समर्पित प्रयासों का परिणाम है।
- जनवरी 14, 1953 को स्वप्न साकार हुआ जब डॉक्टर एस राधाकृष्णन ने इस संस्थान को सी एस आई आर (CSIR) की 12वीं राष्ट्रीय प्रयोगशाला के रूप में राष्ट्र को समर्पित किया।
- चैन्नई, मंडपम एवं तूतीकोरिन में इसके विस्तार केन्द्र हैं।

19. 'टोटी' आभूषण शरीर के किस हिस्से में पहना जाता है?

(a) नाक (b) हाथ
(c) कटि (d) कान **[d]**

व्याख्या –

- टोटी – कान का आभूषण

20. सूची-i एवं सूची-ii को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए –

	सूची-1		सूची-ii
A.	गागरोण का युद्ध	(i)	1519 ई.
B.	सारंगपुर का युद्ध	(ii)	1544 ई.
C.	सुमेल का युद्ध	(iii)	1437 ई.
D.	साहेबा का युद्ध	(iv)	1541-42 ई.

कूट -

	A	B	C	D
(a)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(b)	(i)	(iii)	(ii)	(iV)
(c)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(d)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

[b]

व्याख्या –

गागरोण का युद्ध - 1519 ई. में मालवा के सुल्तान महमूद खिलजी द्वितीय एवं मेवाड़ के महाराणा सांगा के बीच हुआ।

सारंगपुर का युद्ध - 1437 ई. में मेवाड़ के महाराणा कुंभा व मालवा (मांडू) के सुल्तान महमूद खिलजी के बीच हुआ।

सुमेल का युद्ध - 1544 ई. में मालदेव व शेरशाह के बीच हुआ।

साहेबा का युद्ध - 1542 ई. में मालदेव व राव जैतसी के मध्य हुआ।

21. राजस्थान में कहाँ, वैदिक यंत्रालय' छापाखाना स्थापित किया गया था?

(a) जोधपुर (b) उदयपुर
(c) अजमेर (d) जयपुर **[b]**

व्याख्या –

- 'वैदिक यंत्रालय' प्रिटिंग प्रेस अजमेर में स्थापित की गई थी तथा आजादी से पहले के समय में इसने आर्य समाज से जुड़े महत्त्वपूर्ण प्रकाशनों को निकाला था।

22. सूची-i एवं सूची-ii को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए

	सूची-i (लोक वाद्य यंत्र)		सूची-ii (प्रख्यात कलाकार)
A.	भपंग	(i)	सदीक खाँ
B.	नड़	(ii)	जहूर खाँ
C.	अलगोज़ा	(iii)	कर्णा भील
D.	खड़ताल	(iv)	रामनाथ चौधरी

कूट -

	A	B	C	D
(a)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(b)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(c)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(d)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)

[a]

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

लोक वाद्य यंत्र	प्रख्यात कलाकार
(a) भपंग	जहूर खाँ
(b) नड़	कर्णा भील
(c) अलगोजा	रामनाथ चौधरी
(d) खड़ताल	सदीक खाँ

- भपंग – यह कटे हुए तूबे से बना होता है, जिसके एक सिरे पर चमड़ा मढ़ा होता है। डमरू की आकृति का होता है।
- नड़ – कगौर वृक्ष की 1 मीटर लम्बी लकड़ी से बनाया जाता है। मशक की तरह का वाद्य जिसे मुँह पर टेढ़ा रखकर बजाया जाता है।
- अलगोजा – इसमें चार छेदों वाली 2 बाँसुरी होती है। दो अलगोजा मुँह में रखकर एक साथ बजाया जाता है।
- खड़ताल – लकड़ी के चार छोटे-छोटे चिकने एवं पतले टुकडों से बना यह वाद्य दोनों हाथों में लेकर बजाया जाता है।

23. निम्न कथनों पर विचार कीजिये और दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये –

कथन 1: विजयनगर के शासक कृष्णदेवराय ने अमुक्तामाल्यद ग्रंथ की रचना की।

कथन 2: कृष्णदेवराय को आन्ध्र भोज के नाम से भी जाना जाता है।

कथन 3: उनके दरबार को अल्लसानी पेडुना नामक राजकवि सुशोभित करता था, जो संस्कृत एवं तमिल दोनों भाषाओं का ज्ञाता था।

कूट –

(a) कथन 1 सही है
(b) कथन 2 सही है
(c) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं
(d) सभी तीनों कथन सही हैं **[c]**

व्याख्या –

- विजयनगर के शासक कृष्णदेवराय ने अमुक्तमाल्यदा ग्रंथ की रचना की।
- कृष्णदेव राय को आंध्र भोज के नाम से भी जाना जाता है। ये संस्कृत एवं तेलुगू के विद्वान थे।
- कृष्णदेव राय के दरवार मे अल्लसानी पेडन्ना नामक राजकवि रहता था जो इनके अष्टदिग्गज में शामिल था। ये संस्कृत तथा तेलगु भाषाओं के ज्ञाता थे।

24. राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी कहाँ अवस्थित है?

(a) बीकानेर (b) जयपुर
(c) उदयपुर (d) जोधपुर **[a]**

व्याख्या –

- राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर में अवस्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1983 में की गई।

25. समाचार पत्र 'मजहरूल सरूर कहाँ से और कब प्रकाशित हुआ?

(a) भरतपुर, 1849 (b) जयपुर, 1856
(c) अजमेर, 1840 (d) उदयपुर, 1879 **[a]**

व्याख्या –

- मजहरूल सरूर समाचार पत्र भरतपुर से 1849 ई. में प्रकाशित हुआ।

26. भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति का सही क्रम है–

(a) बी.पी. सिन्हा, पी.बी. गजेन्द्रगडकर, एस. आर. दास
(b) के. जी. बालकृष्णन, एस. एच. कापड़िया, एच. एल. दत्तु
(c) रंजन गोगोई, एन. वी. रमण, दीपक मिश्रा
(d) एच. एल. दत्तु टी. एस. ठाकुर, जगदीश सिंह खेहर **[d]**

व्याख्या –

- एच.एल दत्तू – सुप्रीम कोर्ट के 42वें मुख्य न्यायाधीश
- टी.एस. ठाकुर – सुप्रीम कोर्ट के 43वें मुख्य न्यायाधीश
- जगदीश सिंह खेहर - सुप्रीम कोर्ट के 44वें मुख्य न्यायाधीश

27. राज्य विधान परिषद् के उत्सादन के लिए राज्य विधानसभा द्वारा संविधान के अनुच्छेद 169 के अंतर्गत स्वीकृत संकल्प के बारे में निम्नांकित में से कौनसा कथन सही है?

(a) राज्यपाल पर बाध्यता अधिरोपित करता है कि वह संकल्प को राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित करें।
(b) केन्द्र सरकार पर कोई बाध्यता अधिरोपित नहीं करता है कि वह संसद में विधि निर्माण हेतु कार्यवाही करें
(c) राज्यपाल पर कोई बाध्यता अधिरोपित नहीं करता कि वह संकल्प को राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित करें।
(d) केन्द्र सरकार पर बाध्यता अधिरोपित करता है कि वह संसद में विधि निर्माण हेतु कार्यवाही करें। **[b]**

व्याख्या –

- केन्द्र सरकार पर कोई बाध्यता आरोपित नही करता है कि वह संसद में विधि निर्माण हेतु कार्यवाही करे।

28. राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के अनुसार निम्नांकित में से कौन से विभाग के प्राक्कलन, प्राक्कलन समिति 'क' के नियंत्रणाधीन नहीं है?

(a) सार्वजनिक निर्माण विभाग
(b) गृह विभाग
(c) शिक्षा विभाग
(d) वित्त विभाग **[b]**

व्याख्या –

- राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बंधी नियमों के अनुसार गृह विभाग के प्राक्कलन, प्राक्कलन समिति 'क' के नियंत्रणाधीन नहीं है जबकि शिक्षा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा वित्त विभाग नियंत्रणाधीन है।

29. राजस्थान लोक सेवा आयोग अपने कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है –

(a) विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष
(b) राष्ट्रपति के समक्ष
(c) राज्यपाल के समक्ष
(d) मुख्य सचिव के समक्ष **[c]**

व्याख्या –

- राजस्थान लोक सेवा आयोग का यह कर्तव्य है कि वह राज्य के राज्यपाल को अपने कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा।

30. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा नगर परिषद में अधिकतम कितने व्यक्ति नाम निर्दिष्ट किये जा सकते हैं?

(a) 10 (b) 12
(c) 8 (d) 6 **[c]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा नगर परिषद में अधिकतम 8 व्यक्तियों को निर्देशित किया जा सकता है।

31. निम्नलिखित में से नागरिक अधिकार पत्र के मूल तत्त्व में कौन सम्मिलित नहीं है?

(a) विभाग अथवा अभिकरण द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का विवरण
(b) सेवाओं का लाभ उठाने के लिए विभिन्न विधियों को प्रचारित करना
(c) किसी लोक अभिलेख की अपेक्षा
(d) अभिकरण के कार्य के निरीक्षण का प्रावधान

[c]

व्याख्या –

- चार्टर्स में निम्नलिखित तत्वों को शामिल करने की उम्मीद है: विजन और मिशन स्टेटमेंट; संगठन द्वारा किए गए व्यवसाय का विवरण; ग्राहकों का विवरण; प्रत्येक ग्राहक को प्रदान की जाने वाली सेवाओं का विवरण; शिकायत निवारण तंत्र का विवरण और इसे कैसे एक्सेस किया जाए; ग्राहकों से अपेक्षाएं।

32. राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को पहली बार जिला कलेक्टर के रूप में पदस्थापना निम्नांकित में से किस वर्ष की गई थी?

(a) 2021 (b) 2013
(c) 2009 (d) 2018

[c]

व्याख्या –

- 2009 में राजस्थान के प्रशासनिक अधिकारी जिला कलेक्टर के रूप में पदस्थापना की गई।
- राज्य कैडर के कर्मचारियों के साथ सहानुभूति रखते हुए सरकार ने विभागीय पदोन्नति समितियों (DPC) की स्थापना तथा समयबद्ध पदोन्नति की नीति पेश करके संभावनाओं में सुधार के लिए कदम उठाया।

33. राजस्थान के निम्नांकित मुख्यमंत्रियों में से कौन लोक सभा के सदस्य नहीं रहे हैं?

(A) हरिदेव जोशी
(B) भैरों सिंह शेखावत
(C) टीकाराम पालीवाल
(D) बरकतुल्लाह खान

सही उत्तर है –

(a) (A), (B), (C) और (D)
(b) केवल (A) और (B)
(c) केवल (B), (C) और (D)
(d) केवल (A), (B) और (D) **[d]**

व्याख्या –

- हरिदेव जोशी – बाँसवाड़ा विधानसभा
- भैरों सिंह शेखावत – छाबड़ा विधानसभा
- बरकतुल्लाह खान – तिजारा विधानसभा
- टीकाराम पालीवाल – 1962 में हिंडौन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुने गए।

34. निम्नांकित में से कौन राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु अधिकृत है?

(a) मुख्य सचिव स्तर का अधिकारी
(b) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(c) प्रमुख समाज सेवी व्यक्ति
(d) पुलिस महानिदेशक स्तर का अधिकारी

[b]

व्याख्या –

- राज्य मानवाधिकार आयोग एक बहु-सदस्यीय निकाय है जिसमें एक अध्यक्ष और दो सदस्य होते हैं। अध्यक्ष उच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश होना चाहिए और सदस्यों को कम से कम सात साल के अनुभव के साथ राज्य में उच्च न्यायालय के सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायाधीश या जिला न्यायाधीश होना चाहिए।

35. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की किस धारा को संशोधित कर ग्राम सेवक' के स्थान पर ग्राम विकास अधिकारी अभिव्यक्ति को प्रतिस्थापित किया गया है?

(a) 88 (b) 89
(c) 91 (d) 90 **[b]**

व्याख्या –

- 1994 के राजस्थान अधिनियम संख्या 13 की धारा 89 को संशोधन– राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्या 13) की धारा 89 की उपधारा (b) में – (क) खण्ड (a) में विद्यमान अभिव्यक्ति 'ग्राम सवेक' के स्थान पर अभिव्यक्ति 'ग्राम विकास अधिकारी' प्रति स्थापित की जाएगी।

36. कथन (A): नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कर्तव्य न केवल व्यय की वैधता सुनिश्चित करना है अपितु औचित्य भी है।
कारण (R): उसे वित्तीय प्रशासन के क्षेत्र में संविधान और संसद के कानूनों को बनाए रखना है।

(a) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है
(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) और (R) दोनों सही हैं किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है। **[b]**

व्याख्या –

- कथन A और कारण (R) दोनों सत्य हैं एवं (R) (A) की सही व्याख्या है।

भारत का नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) भारत में संवैधानिक प्राधिकरण है, जिसे भारत के संविधान के अनुच्छेद 148 के तहत स्थापित किया गया है। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक को इसकी औचित्य सुनिश्चित करने के साथ-साथ व्यय की वैद्यता सुनिश्चित करनी होती है। वह वित्तीय प्रशासन के क्षेत्र में संविधान और संसद के कानूनों को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है।

37. सूची-i का सूची-ii से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए –

सूची-i संविधान सभा समिति		**सूची-ii अध्यक्ष**	
A.	मूल अधिकार	(i)	बी. आर. अम्बेडकर
B.	कार्य संचालन	(ii)	जवाहरलाल नेहरू
C.	संघ शक्ति	(iii)	के. एम. मुंशी
D.	प्रारूप	(iv)	सरदार पटेल

कूट -

	A	**B**	**C**	**D**
(a)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(b)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(c)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(d)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)

[a]

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- यूनियन पॉवर्स कमेटी- जवाहर लाल नेहरू; केंद्रीय संविधान समिति- जवाहर लाल नेहरू; प्रांतीय संविधान समिति- सरदार पटेल; मसौदा समिति- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर; मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों और जनजातीय और बहिष्कृत क्षेत्रों पर सलाहकार समिति- सरदार पटेल; प्रक्रिया समिति के नियम- डॉ. राजेंद्र प्रसाद; राज्य समिति- जवाहर लाल नेहरू; संचालन समिति-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

38. राजस्थान में लोकायुक्त के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही है?

(A) वह राज्यपाल द्वारा नियुक्त एवं विधानसभा के प्रति उत्तरदायी होता है।
(B) उसका क्षेत्राधिकार मंत्रियों, राज्य विधानसभा के सदस्यों एवं उच्च लोक सेवकों तक फैला है।
(C) वह भ्रष्टाचार एवं कु-प्रशासन के मामलों पर विचार करता है।
(D) उसका कार्य आरोपों की जाँच करना है, न कि शिकायतों की।

कूट :

(a) (A) एवं (C)
(b) (A) एवं (D)
(c) (A), (B) एवं (C)
(d) (A), (B), (C) एवं (D)

[c]

व्याख्या –

- लोकायुक्त संस्था का सृजन जन साधारण को स्वच्छ प्रशासन प्रदान करने के उद्देश्य से लोक सेवकों के विरूद्ध भ्रष्टाचार एवं पद के दुरूपयोग सम्बन्धी शिकायतों पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से जाँच एवं अन्वेषण करने हेतु राजस्थान लोकायुक्त तथा उपलोकायुक्त अधिनियम, 1973 के अंतर्गत हुआ।
- इस अधिनियम के द्वारा राजस्थान के मंत्रियों, सचिवों, राजकीय प्रतिष्ठानों के अध्यक्षों, स्वायत्त शासन संस्थाओं के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, प्रमुखों, प्रधानों एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार, पद दुरूपयोग एवं अकर्मण्यता की जांच के लिए स्थापित उच्चस्तरीय वैधानिक एवं स्वतंत्र संस्थान है।

39. भारत के संविधान के अनुच्छेद 103 के तहत, राष्ट्रपति लोकसभा सदस्यों की निरर्हताओं से संबंधित किसी भी प्रश्न पर कोई निर्णय देने से पूर्व निम्नांकित में से किसकी राय लेगा?

(a) लोकसभाध्यक्ष (b) निर्वाचन आयोग
(c) उच्चतम न्यायालय (d) महान्यायवादी

[b]

व्याख्या –

- सदस्यों की अयोग्यता के प्रश्न पर यदि यह प्रश्न उठता है कि क्या संसद के किसी भी सदन का कोई सदस्य अयोग्यता के अधीन हो गया है, तो प्रश्न राष्ट्रपति के निर्णय के लिए भेजा जाएगा और उसका निर्णय अंतिम होगा।

  ऐसे किसी भी प्रश्न पर कोई निर्णय देने से पहले राष्ट्रपति चुनाव आयोग की राय प्राप्त करेंगे और उसके अनुसार कार्य करेंगे।

40. राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग से संबंधित कौन से संविधान संशोधन अधिनियम को उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने असंवैधानिक घोषित कर दिया था?

(a) 98वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(b) 97वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(c) 99वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(d) 100वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

[c]

व्याख्या –

- 2014 के 99वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम और 2014 के राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) नामक एक नए निकाय के साथ सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली को बदल दिया था। हालांकि, 2015 में, सुप्रीम कोर्ट ने 99 वें संवैधानिक संशोधन और एनजेएसी अधिनियम दोनों को असंवैधानिक और शून्य घोषित कर दिया।

41. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की कौनसी विशेषता गलत है?

(a) योजना के अंतर्गत विभिन्न बीमारियों के 1576 प्रकार के पैकेजेस एवं प्रोसीजर्स उपलब्ध हैं।
(b) मरीज जिस बीमारी के लिए अस्पताल में भर्ती होता है, उसके 5 दिन पहले एवं डिस्चार्ज के 10 दिन बाद तक अस्पताल में की गई जाँचों, दवाईयों एवं परामर्श शुल्क का व्यय पैकेज की राशि में सम्मिलित है।
(c) इसकी शुरुआत 1 मई, 2021 से की गई ।
(d) इस योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों हेतु 4.50 लाख ₹ की राशि का बीमा कवर प्रतिवर्ष प्रति परिवार देय है।

[b]

व्याख्या –

- मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत मरीज जिस बीमारी के लिए अस्पताल में भर्ती होता है, उसके 5 दिन पहले एवं डिस्चार्ज के 15 दिन बाद तक का खर्च इस बीमा के अंदर कवर किया जाता है।

42. राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान से संबंधित निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए –

(i) राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान का गठन दिसम्बर, 1994 में हुआ ।
(ii) इसका एक सचिव होता है जो राज्य का मुख्य निर्वाचन अधिकारी भी होता है।

कूट :

(a) केवल (i) सही है
(b) केवल (ii) सही है
(c) (i) और (ii) दोनों सही हैं
(d) न तो (i) और न ही (ii) सही है

[b]

व्याख्या –

- राज्य चुनाव आयोग, राजस्थान का गठन जुलाई, 1994 में किया गया था। कथन 2 सही है। इसमें एक सचिव होता है जो राज्य का मुख्य चुनाव अधिकारी भी होता है। केवल (ii) सही है

43. राजस्थान सरकार द्वारा अभी हाल में घोषित 'उड़ान' योजना की गलत विशेषता चिन्हित कीजिए –

(a) इस योजना के अंतर्गत प्रदेश की सभी महिलाओं को 19 नवम्बर, 2021 से सेनेटरी नैपकिन निःशुल्क मिलेंगे ।
(b) यह योजना 9 नवम्बर 2021 से लागू होगी।
(c) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर दो और जिला स्तर पर एक ब्रांड एम्बेसेडर बनाए जायेंगे।
(d) इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य और व्यक्तिगत शारीरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना है।

[b]

व्याख्या –

- इंदिरा गांधी की जयंती (19 नवम्बर) पर राजस्थान सरकार द्वारा 'उड़ान' योजना शुरू की जाएगी।
- इस दिन से राज्य की महिलाओं को फ्री सैनेटरी पैड बांटे जा रहे हैं।
- स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी के माध्यम से इसका वितरण होगा।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- मुख्यमंत्री ने महिलाओं की बेहतर सेहत और पर्सनल हाईजीन के लिए उन्हें जागरूक करने और बीमारियों से बचाव हेतु यह योजना चलाने का निर्णय लिया है।
- यह योजना राज्य बजट 2021-22 में घोषित की गई थी।
- छात्राओं एवं किशोरियों के साथ ही राज्य की महिलाओं को भी इस योजना के दायरे में लाया गया है।
- साथ ही महिलाओं के सेल्फ हेल्प ग्रुप्स, सामाजिक और सरकारी संस्थाओं के माध्यम से महिला स्वास्थ्य के सम्बंध में विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।
- इस योजना का नोडल एजेंसी राज्य महिला अधिकारिता विभाग होगा।

44. विशाखा व अन्य बनाम राजस्थान राज्य व अन्य मुकदमा संबंधित है –

(a) महिलाओं की तबादला नीति से
(b) कामकाजी महिलाओं के मातृत्व अवकाश से
(c) समाज में व्याप्त दहेज प्रथा के प्रचलन की रोकथाम से
(d) कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम से

[d]

व्याख्या –

- विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य मामला, 1997 कार्यस्थलों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम से संबंधित था।

45. गुरुमुख निहाल सिंह को राजस्थान का प्रथम राज्यपाल नियुक्त किया गया था –

(a) 2 नवम्बर, 1956 को (b) 25 अक्टूबर, 1956 को
(c) 1 नवम्बर, 1956 को (d) 26 अक्टूबर, 1956 को

[c]

व्याख्या –

- राजस्थान के प्रथम राज्यपाल सरदार गुरुमुख निहाल सिंह ने रियासतों के पुनर्गठन के बाद 1 नवम्बर, 1956 को पद भार संभाला तथा 15 अप्रैल, 1962 तक इस पद पर आसीन रहे।

46. संविधान में मूल कर्तव्यों को जिसकी सिफारिश पर सम्मिलित किया गया, वह हैं –

(a) स्वर्ण सिंह समिति (b) शाह आयोग
(c) प्रशासनिक सुधार आयोग (d) संथानम समिति

[a]

व्याख्या –

- मौलिक कर्तव्यों के बारे में सिफारिशें करने के लिए 1976 में स्वर्ण सिंह समिति नियुक्त की गई थी, जिसकी आवश्यकता 1975-1977 में लगाए गए आपातकाल के दौरान महसूस की गई थी. समिति ने संविधान में मौलिक कर्तव्यों पर एक अलग अध्याय को शामिल करने की सिफारिश की।

47. राजस्थान उच्च न्यायालय के निम्नांकित न्यायाधीशों में से कौन राजस्थान सरकार में राज्यमंत्री के पद पर आसीन रहे हैं?

(a) जस्टिस मोहम्मद यामीन
(b) जस्टिस सूरज नारायण डीडवानिया
(c) जस्टिस फारूख हसन
(d) जस्टिस यादराम मीणा

[c]

व्याख्या –

- जस्टिस फारूख हसन, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 1985-1994 तक थे। इन्होंने राजस्थान सरकार ने राज्यमंत्री का पद भी संभाला।

48. भारत के संविधान में वर्णित नीति निदेशक तत्वों का सुमेलित युग्म पहचानिए –

(a) समान न्याय और नि:शुल्क विधिक सहायता – अनुच्छेद 42
(b) कृषि और पशुपालन का संगठन – अनुच्छेद 43
(c) ग्राम पंचायतों का संगठन – अनुच्छेद 41
(d) पुरुषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिए समान वेतन हो – अनुच्छेद 39

[c]

व्याख्या –

- पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 39 में है।

49. निम्नलिखित में से किसने कहा था, "एक संविधान एक मशीन की तरह बेजान चीज़ है, इसमें वे लोग जीवन फूंकते हैं जो इसका नियंत्रण करते हैं. भारत में बस कुछ ईमानदार लोगों की आवश्यकता है जिनके लिए राष्ट्रहित ही सर्वोपरि है?

(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (b) जवाहर लाल नेहरू
(c) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (d) महात्मा गांधी

[a]

व्याख्या –

- यह कथन डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का है।

50. सूचना के अधिकार अधिनियम के उद्देश्यों के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा सही नहीं है?

(a) सरकार के कार्यकरण में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व को बढ़ाना
(b) हमारे लोकतंत्र को ऐसा बनाना ताकि वह वास्तव में लोगों के लिए काम करें
(c) समाज की महिलाओं एवं कमजोर तबकों (वर्गों) को सशक्त करने के लिए काम करना
(d) नागरिकों को सशक्त करना

[c]

व्याख्या –

- आरटीआई अधिनियम, 2005 का मूल उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाना, सरकार के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार को रोकना और हमारे लोकतंत्र को वास्तविक अर्थों में लोगों के लिए काम करना है।

51. निम्न में से किस जिले में उप-उष्ण पर्वतीय वन पाए जाते हैं?

(a) सिरोही (b) उदयपुर
(c) बांसवाड़ा (d) झालावाड़ **[a]**

व्याख्या –

- उप – उष्ण पर्वतीय वन राजस्थान में केवल सिरोही जिले के आबू पर्वतीय क्षेत्र में है। इन वनों में सदाबहार एवं अर्द्ध – सदाबहार वनस्पति होती है। इन वनों की सघनता अधिक है अत: सालभर इस क्षेत्र में हरियाली बनी रहती है। इन वनों में आम, बांस, नीम, सागवान, सिरिस, अम्बरतरी, बेल आदि के वृक्ष पाए जाते है।

52. कौन से वर्ष में राजस्थान सौर ऊर्जा नीति घोषित की गई थी?

(a) 2015 (b) 2017
(c) 2019 (d) 2018

[c]

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- राजस्थान को सौर ऊर्जा का हब बनाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नई सौर ऊर्जा नीति – 2019 जारी की थी। इसके साथ ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन स्कीम – 2019 (रिप्स) में इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए गए। सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन देने की नीतियों का परिणाम रहा है कि राजस्थान इस क्षेत्र में देश और दूनिया के निवेशको के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन बन गया है। राजस्थान ने वर्ष 2021 में सौर ऊर्जा के ग्राउण्ड माउन्ट रूफ टॉप ऑफ ग्रिड साहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है।

53. निम्न में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?

झील	–	देश
(A) बाल्खश (बाल्काश)	–	कजाखस्तान
(B) टिटीकाका	–	बोलीविया पेरू
(C) ईरी	–	यू.एस.ए. कनाडा
(D) बैकाल	–	यूक्रेन

(a) B (b) C
(c) A (d) D **[d]**

व्याख्या –

- बाल्खश झील – यह मध्य एशिया के कजाखस्तान देश में स्थित एक विशाल झील है। यह एशिया की सबसे बड़ी झीलों में से एक है। इसका कुल क्षेत्रफल 16,400 किमी. है।
- टीटीकाका – यह झील पेरू व बोलीविया की सीमा पर स्थित एक झील है। इसकी समुद्र तल से ऊँचाई 3812 मीटर है। जलीय मात्रा के अनुसार यह झील दक्षिण अमेरीका की सबसे बड़ी झील है।
- ईरी – यह झील उत्तरी अमेरीका की पाँच बड़ी झीलों में से चौथी सबसे बड़ी झील है। इसके उत्तरी किनारे पर कनाडा की सीमा, दक्षिण-पूर्व में न्यूयार्क, पेनसिलवेनिया तथा ओहायो, पश्चिम में मिचिगन तथा ओहायो राज्यों की सीमा पड़ती है।
- बैकाल – यह झील रूस के साइबेरिया क्षेत्र में स्थित है, इस झील की गहराई 1637 मीटर है। इस झील में दुनिया का मीठे पानी का 1/5 हिस्सा पाया जाता है।

54. निम्न में से कौन सा एक सही सुमेलित नहीं है?

(a) डेट्रॉयट	–	ऑटोमोबाइल
(b) गोरनाया शोरिया	–	सूती वस्त्र
(c) अन्शान	–	लोहा एवं इस्पात
(d) योकोहामा	–	जलपोत निर्माण **[b]**

व्याख्या:

- गोरनाया शोरिया रूस में स्थित है।

55. गोगेलाव संरक्षित क्षेत्र किस जिले में स्थित है?

(a) पाली (b) चूरू
(c) नागौर (d) जालौर **[c]**

व्याख्या –

- गोगेलाव संरक्षित क्षेत्र नागौर जिले में स्थित है। संरक्षित क्षेत्र घोषित होने के चार साल बाद भी यहां मूलभूत सुविधाएं पूरी नहीं जुटाई गई है। पिछले दिनों घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी होने के बाद वन विभाग ने अब संरक्षित वन क्षेत्र की NH – 89 से लगती सीमा पर ट्रेसिंग करवाने का फैसला किया है।

56. सूची-i को सूची-ii से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट में से कीजिए –

सूची-i (पर्यटक स्थल)		सूची-ii (स्थिति)
A. लालगढ़		(i). झालावाड़
B. त्रिपुर सुन्दरी		(ii). बाडमेर
C. गागरोन किला		(iii). बीकानेर
D. नाकोड़ा		(iv). बांसवाड़ा

कूट

	A	B	C	D
(a)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(b)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(c)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(d)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)

[c]

व्याख्या –

- त्रिपुर सुंदरी मंदिर राजस्थान के बांसवाडा जिले में स्थित है। इस मंदिर के अंदर एक ही देवी माता दुर्गा की दो छवियाँ मौजूद हैं।
- लालगढ़ पर्यटक स्थल राजस्थान के बीकानेर में स्थित है। यह एक खूबसूरत महल है, जिसे महाराज गंग जी द्वारा वर्ष 1902 से 1926 के बीच बनवाया गया था।
- गागरोन किला, राजस्थान के झालावाड़ जिले में स्थित है। इस किले की स्थापना वर्ष 1195 ईस्वी में राजा बलदेव द्वारा की गई, जो परमार शासक से सम्बंधित थे।
- नाकोड़ा, राजस्थान के बाड़मेर जिले का प्रसिद्ध गाँव है। नाकोड़ा में एक प्रसिद्ध जैन मंदिर भी है।

57. निम्नलिखित विशेषताएं किस नदी की हैं?

– इसका उद्गम कुम्भलगढ़ किले के निकट अरावली पहाड़ियों से है।
– यह नदी मेवाड़ के मैदान के मध्य से गुजरती है।
– बेडच, कोठारी व मोरेल इसकी सहायक नदियाँ हैं।

(a) बनास (b) लूनी
(c) चम्बल (d) माही **[a]**

व्याख्या –

बनास नदी –

- बनास नदी राजस्थान की यमुना, वन की आशा अथवा वर्णशा भी कहलाती है। बनास नदी अरावली की खमनौर पहाड़ियों से निकलती है जो कुम्भलगढ़ से 5 किमी. दूर है। यह कुम्भलगढ़ से दक्षिण की ओर गोगुन्दा के पठार से प्रवाहित होती हुई नाथद्वारा, राजसमंद, रेलमगरा पार कर चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, टोंक जिलें से होती हुई सवाई माधोपुर में चम्बल से मिलती है। यह नदी मेवाड़ के मैदान के मध्य से गुजरती है। बेडच, और मेनाल दाई ओर से सहायक नदियां है। कोठारी, मांसी, खारी, मोरेल, धुन्ध, ढील, डाई बायीं ओर की प्रमुख सहायक नदियां है।

58. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से कौन से सही सुमेलित हैं?

(A) Cwg- भरतपुर
(B) Bwhw- बाडमेर
(C) Bshw- गंगानगर
(D) Aw- डूंगरपुर

(a) (A), (C) एवं (D) (b) (B), (C) एवं (D)
(c) (B) एवं (C) (d) (A) एवं (D) **[d]**

व्याख्या –

- कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार भरतपुर में Cwg प्रकार की जलवायु तथा डूँगरपुर में Aw प्रकार की जलवायु पाई जाती है।

59. निम्न में से थार मरुस्थल के भाग हैं?

(A) गोडवाड़ प्रदेश
(B) शेखावाटी प्रदेश
(C) बनास का मैदान
(D) घग्गर का मैदान

(a) (A) एवं (B) (b) (B) एवं (C)
(c) (A), (B) एवं (D) (d) (A), (C) एवं (D) **[c]**

व्याख्या –

- थार मरुस्थल के अंतर्गत गोड़वाड़ प्रदेश, शेखावाटी प्रदेश तथा घग्गर का मैदान क्षेत्र आते हैं।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

60. डोडा-बेट्टा चोटी स्थित हैं –
(a) अन्नामलाई पहाड़ियों में
(b) नीलगिरी पहाड़ियों में
(c) विन्ध्याचल श्रेणी में
(d) सतपुड़ा श्रेणी मे

[b]

व्याख्या –
- डोडा बेट्टा चोटी नीलगिरी पहाड़ियों में स्थित है। इसकी ऊँचाई समुद्रतल से 2637 मीटर है।

61. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के कौन से जिलों में ग्रामीण और नगरीय लिंगानुपात सर्वाधिक है?

ग्रामीण लिंगानुपात	–	**नगरीय लिंगानुपात**
(A) राजसमन्द	–	बांसवाड़ा
(B) डूंगरपुर	–	टोंक
(C) पाली	–	चूरू
(D) जालौर	–	नागौर

(a) B (b) A
(c) D (d) C

[a]

व्याख्या –
- **जनगणना 2011 के अनुसार–**

जिला	**ग्रामीण लिंगानुपात**
पाली	1003
डूँगरपुर	996
राजसमंद	988
जालौर	955
जिला	**नगरीय लिंगानुपात**
टोंक	985
बांसवाड़ा	948
नागौर	921

नोट–
लिंगानुपात का तात्पर्य प्रति हजार पुरुष जनसंख्या पर महिलाओं की संख्या है।

62. राजस्थान में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का द्वितीय स्थान पर सर्वाधिक प्रतिशत है (2011) –
(a) बांसवाड़ा जिले में (b) प्रतापगढ़ जिले में
(c) डूंगरपुर जिले में (d) दौसा जिले में **[c]**

व्याख्या –
- राजस्थान की कुल जनसंख्या का 13.48 प्रतिशत Sheduled Tribe है, जिसमें सबसे उच्च Schedule Tribe वाला जिला डूँगरपुर है। इस जिले में 47.9 प्रतिशत Schedule Tribe निवास करते है। वही प्रथम Schedule Tribe संकेंद्रण वाला जिला बांसवाड़ा है, जहाँ कुल जनसंख्या का संकेंद्रण (72.3 प्रतिशत) है।

63. निम्न में से कौन उत्तर-दक्षिण गलियारे पर स्थित है?
(a) लखनऊ (b) आगरा
(c) कोटा (d) कानपुर

[b]

व्याख्या –
- आगरा उत्तर-दक्षिण गलियारे पर स्थित है। कानपुर, लखनऊ तथा कोटा पूर्व-पश्चिम गलियारे पर स्थित हैं।

64. सूची-i एवं सूची-ii को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए-

सूची-i (जिला)		**सूची-ii (प्रमुख उद्योग)**
A. उदयपुर	(i)	सफेद सीमेन्ट
B. नागौर	(ii)	रसायन
C. भीलवाडा	(iii)	वस्त्र उद्योग
D. कोटा	(iv)	सीसा एवं जस्ता

कूट

	A	**B**	**C**	**D**
(a)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)
(b)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)
(c)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(d)	(iv)	(i)	(iii)	(ii)

[d]

व्याख्या –

जिला		**प्रमुख उद्योग**
उदयपुर	–	सीसा एवं जस्ता
नागौर	–	सफेद सीमेंट
भीलवाड़ा	–	वस्त्र उद्योग
कोटा	–	रसायन

65. सूची-i को सूची-ii से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –

	सूची-i (नदी)		सूची-ii (सहायक नदी)
A.	गोदावरी	(i)	भवानी
B.	महानदी	(ii)	पेनगंगा
C.	दामोदर	(iii)	शिवनाथ
D.	कावेरी	(iv)	बाराकर

कूट

	A	**B**	**C**	**D**
(a)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)
(b)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(c)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(d)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)

[b]

व्याख्या –

सूची I (नदी)	**सूची – II (सहायक नदी)**
गोदावरी	पेनगंगा
महानदी	शिवनाथ
दामोदर	बराकर
कावेरी	भवानी

66. निम्न में से कौनसा सही सुमेलित है?
(a) मैंगनीज – बैलाडीला
(b) बॉक्साइट – लोहरदगा
(c) लोहा – कोडरमा
(d) अभ्रक – तालचेर **[b]**

व्याख्या –
- कोडरमा-मीका, तालचर-कोयला खदान, लोहरदगा- बॉक्साइट, बैलाडीला-लौह अयस्क।

67. निम्न में से कौन सा सही सुमेलित है?
(A) मांडो-की-पाल – फेल्सपार
(B) तलवाड़ा – सीसा एवं जस्ता
(C) खेरवाड़ा – एस्बेस्टस
(D) ऋषभदेव – अभ्रक
(a) B (b) D
(c) A (d) C

[d]

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- राजस्थान के डूँगरपुर या मांडो की पाल क्षेत्र, फेल्सपार खनिज के लिए प्रसिद्ध है। जबकि तलवाड़ा में फाइलाइट शिष्ट और क्वार्टजाईट जैसे खनिज उपलब्ध हैं।

68. ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर राजस्थान के निम्नलिखित में से किन जिलों से गुजरेगा?

(a) अजमेर, चित्तौड़गढ़, बीकानेर
(b) जोधपुर, जयपुर, अलवर
(c) उदयपुर, भीलवाड़ा, जयपुर
(d) कोटा, अजमेर, जोधपुर **[a]**

व्याख्या –

- गुजरात के बनास काठा से पंजाब के मेगा तक बन रहे ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर से बीकानेर भी जुड़ गया है। करीब 1500 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर के लिए 765 केवी की विद्युत लाइन डाली जा रही है। इससे 6 हजार मेगावाट तक बिजली का आदान-प्रदान किया जा सकेगा। राजस्थान में बीकानेर सहित अजमेर और चित्तौड़गढ़ को भी कॉरिडोर से जोड़ा गया। 765 केवी लाइन का राजस्थान में सभवत: यह पहला कॉरिडोर होगा। इसके पूरा होने के बाद बीकानेर को 400 केवी बिजली की कनेक्टिविटी मिल जाएगी।

69. सूची-i को सूची-ii से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –

	सूची-i (स्थान)		सूची-ii (ऊर्जा)
A.	पावागढ़	(i)	पवन
B.	तातपानी	(ii)	सौर
C.	मुपदल	(iii)	भूतापीय
D.	काकरापार	(iv)	परमाणु (आण्विक)

कूट –

	A	B	C	D
(a)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)
(b)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(c)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(d)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)

[d]

व्याख्या –

- पावागढ़- सौर ऊर्जा, तात्तापानी- भूतापीय, मुपंदल- पवन, काकरापार- परमाणु (आण्विक)।

70. सूची-i एवं सूची-ii को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –

	सूची-i (स्थलाकृति)		सूची-iI (महाद्वीप)
A.	एकांकागुआ	(i).	आस्ट्रेलिया
B.	मेसेटा	(ii).	अफ्रीका
C.	सेरेनगेटी मैदान	(iii).	यूरोप
D.	गिब्सन डेज़र्ट	(iv).	दक्षिणी अमेरिका

कूट –

	A	B	C	D
(a)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(b)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)
(c)	(iv)	(ii)	(iii)	(i)
(d)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

[d]

व्याख्या –

(स्थलाकृति)	(महाद्वीप)
एकांकागुआ	दक्षिण अमेरिका
मेसेटा	यूरोप
सेरनगेती मैदान	अफ्रीका
गिब्सन डेजर्ट	ऑस्ट्रेलिया

71. वर्ल्ड हैप्पीनेस इण्डेक्स 2021 में भारत का क्या स्थान है?

(a) 141 (b) 129
(c) 121 (d) 139 **[d]**

व्याख्या –

- विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट, 2021 को संयुक्त राष्ट्र स्थायी विकास उपाय नेटवर्क की ओर से जारी की गई है।
- इस रिपार्ट में भारत को 149 देशों में 139वां स्थान मिला है जबकि फिनलैंड शीर्ष पर है तथा अफगानिस्तान 149वें स्थान पर है।

72. औद्योगिक उत्पादन निर्देशांक, जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था में औद्योगिक क्रियाओं का मापक है, इसमें क्या सम्मिलित नहीं किया जाता है?

(a) गैस एवं जलापूर्ति
(b) विद्युत
(c) विनिर्माण
(d) खनन **[a]**

व्याख्या –

- आईआईपी एक समग्र संकेतक है, जो प्रमुख क्षेत्र (Core Sectors) एवं उपयोग आधारित क्षेत्र के आधार पर आँकड़े उपलब्ध कराता है।
- **इसमें शामिल आठ (8) प्रमुख क्षेत्र निम्नलिखित हैं–**

I. रिफाइनरी उत्पाद
II. विद्युत
III. इस्पात
IV. कोयला
V. कच्चा तेल
VI. प्राकृतिक गैस
VII. सीमेंट
VIII. उर्वरक

जबकि इसमें गैस एवं जलापूर्ति शामिल नहीं है।

73. 2021-22 के राजस्थान बजट में विद्युत पर कुल व्यय का प्रस्तावित योजना व्यय का प्रतिशत है –

(a) 52.19% (b) 14.32%
(c) 7.42% (d) 12.05% **[b]**

व्याख्या –

- 2021-22 के राजस्थान बजट में विद्युत पर कुल व्यय का प्रस्तावित योजना व्यय का प्रतिशत 14.32 है।

74. बाजार मूल्यों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद है-

(a) बाजार मूल्यों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद – विदेश से शुद्ध आय
(b) बाजार मूल्यों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद – हस्तान्तरण भुगतान
(c) बाजार मूल्यों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद - मूल्यह्रास
(d) बाजार मूल्यों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद – अनुदान **[c]**

व्याख्या –

- बाजार मूल्यों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद = बाजार मूल्यों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद-मूल्यह्रास
- यदि हम सकल राष्ट्रीय उत्पाद में मूल्यह्रास शुल्क घटाते है, तो हमें बाजार मूल्य पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद प्राप्त होता है।
- बाजार मूल्य पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद किसी एक देश के एक वर्ष में वर्तमान मूल्य पर उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन का बाजार मूल्य है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

75. निम्न में से कौन से बजट में भारत में रेल बजट को केन्द्रीय बजट में मिला दिया गया?
(a) बजट 2019-20 (b) बजट 2018-19
(c) बजट 2016-17 (d) बजट 2017-18
[c]

व्याख्या –
- केन्द्रीय बजट 2017-18 में भारत में रेल बजट को केन्द्रीय बजट में मिला दिया गया।
- 92 वर्षों बाद रेल बजट को आम बजट में शामिल किया गया।
- सर्वप्रथम एक्वर्थ कमिटी के अनुशंसा पर रेल बटज को आम बजट से अलग किया गया था।

76. राजस्थान में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(a) इस योजना का नारा है 'आपणी योजना आपणो विकास है।
(b) इस योजना में वित्त पोषण के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के बीच 60:40 के अनुपात में हिस्सेदारी होती है।
(c) इस योजना में विशेष ध्यान जनप्रतिनिधियों एवं कार्मिकों के क्षमता संवर्धन पर है।
(d) पंचायत सशक्तिकरण अभियान का ही नाम बदलकर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान क्रिया गया है।
[a]

व्याख्या –
- चौदहवां वित्त आयोग के तहत पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ग्राम पंचायत के विकास हेतु वर्ष 2015-16 से शत-प्रतिशत राशि ग्राम पंचायतों को सीधे ही हस्तांतरित की जा रही है जिससे जमीनी स्तर पर नागरिकों की बुनियादी न्यूनतम जरूरतों की पूर्ति हो सकें। इस हेतु ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक राज्य विशिष्ट मार्गदर्शिका "आपणी योजना आपणो विकास" तैयार की गई है। तथा इसे जयपुर में जिला/ब्लॉक स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों तथा कार्मिको को वितरीत की गई है।

77. राष्ट्रीय आय लेखांकन में 'आधार वर्ष का अर्थ हैं-
(a) जिस वर्ष की आय का उपयोग मौद्रिक जी. डी. पी. की गणना के लिए किया जाता है।
(b) जिस वर्ष की कीमतों का उपयोग मौद्रिक जी. डी. पी. की गणना के लिए किया जाता है।
(c) जिस वर्ष की कीमतों का उपयोग वास्तविक जी. डी. पी. की गणना के लिए किया जाता है।
(d) जिस वर्ष की आय का उपयोग वास्तविक जी. डी. पी. की गणना के लिए किया जाता है।
[c]

व्याख्या –
- राष्ट्रीय आय लेखांकन में आधार वर्ष का अर्थ है कि जिस वर्ष की कीमतों का उपयोग वास्तविक जी.डी.पी की गणना के लिए किया जाता है।
- सामान्यत: आधार वर्ष की कीमतें स्थिर मानी जाती है।
- आधार वर्ष एक प्रतिनिधि वर्ष होता है। यह एक प्रकार का बेंचमार्क होता है, जिसके संदर्भ में सकल घरेलू उत्पाद, सकल घरेलू बचत तथा सकल पूँजी निर्माण जैसे – राष्ट्रीय आँकड़ों की गणना की जाती है।

78. राष्ट्रीय कृषि विस्तार एवं तकनीकी मिशन में वित्त पोषण में राजस्थान सरकार का हिस्सा क्या है?
(a) 20 प्रतिशत (b) 40 प्रतिशत
(c) 30 प्रतिशत (d) 50 प्रतिशत **[b]**

व्याख्या –
- राष्ट्रीय कृषि विस्तार एवं तकनीकी मिशन में वित्त पोषण में राजस्थान सरकार का हिस्सा 40 प्रतिशत है तथा केन्द्र सरकार का हिस्सा 60 प्रतिशत है।
- इस मिशन का उद्देश्य कृषि विस्तार का पुनर्गठन एवं सशक्तिकरण करना है जिसके द्वारा किसानों को उचित तकनीक व कृषि विज्ञान की अच्छी आदतों का हस्तांतरण किया जा सके।

79. व्यापार सुगमता रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सूचकांक 2019 में भारत का कौनसा स्थान रहा?
(a) 146 (b) 63
(c) 77 (d) 96
[b]

व्याख्या –
- विश्व बैंक द्वारा अक्टूबर, 2019 में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रिपोर्ट (2020) जारी की गई।
- भारत ने 77वें स्थान के मुकाबले 14 पदों की छलांग लगाई और विश्व बैंक द्वारा मूल्यांकन किए गए 190 देशों में 63वें स्थान पर है।

80. राजस्थान में सतत् विकास लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निम्न में से किस विभाग को नोडल विभाग घोषित किया गया है?
(a) मुख्यमंत्री कार्यालय (b) उद्योग निदेशालय
(c) आयोजना विभाग (d) मानव संसाधन विकास विभाग
[c]

व्याख्या –
- राजस्थान में सतत विकास लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आयोजना विभाग को नोडल विभाग घोषित किया गया है।

81. लघु और सीमान्त किसानों को पेंशन के उद्देश्य से "प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना कब प्रारम्भ की गई?
(a) 15 अगस्त, 2020 (b) 12 सितम्बर, 2019
(c) 26 जनवरी, 2020 (d) 25 अगस्त, 2019
[b]

व्याख्या –
- लघु और सीमान्त किसानों को पेंशन के उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना 12 सितम्बर, 2019 को झारखण्ड के राँची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लांच किया गया। इस योजना में लघु एवं सीमान्त किसानों को 3,000 रुपये पेंशन देने का प्रावधान है।

82. राजस्थान बजट 2021–22 के अनुसार, फिनटेक डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना किस जिले में होगी?
(a) जयपुर (b) सीकर
(c) जोधपुर (d) अजमेर
[c]

व्याख्या –
- राजस्थान बजट 2021-22 के अनुसार फिनटेक डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना जोधपुर में होगी। इस विश्वविद्यालय का नाम राजीव गाँधी के नाम पर रखा गया है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना राज्य में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

83. 1 अप्रैल, 2020 को भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अटल भू-जल स्कीम में सहायता उपलब्ध करवाने वाली संस्था है-

(a) विश्व बैंक
(b) पुनर्निमाण व विकास हेतु यूरोपीय बैंक
(c) अन्तः अमेरिकी विकास बैंक
(d) एशियाई विकास बैंक

[a]

व्याख्या –

- अटल भू-जल योजना, एक केन्द्र प्रायोजित योजना है जिसमें सामुदायिक भागीदारी, मांग पक्ष के हस्तक्षेप तथा सतत् भू जल प्रबंधन के लिए चल रही योजनाओं के अभिशरण पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है।
- 1 अप्रैल 2020 से सात राज्यों – गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में लागू किया गया।
- इस योजना के कुल परिव्यय में 50% विश्व बैंक ऋण के रूप में जिसका भुगतान केन्द्र सरकार करेगी तथा 50% नियमित बजटीय सहायता से केन्द्रीय सहायता के रूप मे उपलब्ध है।
- राज्यों को विश्व बैक का संपूर्ण ऋण और केन्द्रीय सहायता अनुदान के रूप में उपलब्ध होगी।

84. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला राजस्थान में मरु त्रिकोण का भाग नहीं है?

(a) जोधपुर (b) बीकानेर
(c) बाड़मेर (d) जैसलमेर **[c]**

व्याख्या –

- बाड़मेर राजस्थान में मरु त्रिकोण का भाग नहीं है।
- जैसलमेर, बीकानेर तथा जोधपुर को आमतौर पर रेगिस्तानी त्रिकोण के रूप में जाना जाता है।

85. जनगणना – 2011 के अनुसार, भारत एवं राजस्थान में कार्य सहभागिता दर क्रमशः कितनी रही?

(a) 43.6% एवं 41.8%
(b) 39.8% एवं 43.6%
(c) 42.4% एवं 41.8%
(d) 39.8% एवं 36.4%

[d]

व्याख्या –

- जनगणना 2011 के अनुसार भारत एवं राजस्थान में कार्य सहभागिता दर क्रमश: 39.8% तथा 43.6% रही।
- जनगणना 2011 के अनुसार भारत के ग्रामीण क्षेत्र में कार्य सहभागिता दर 41.8% जबकि शहरी क्षेत्रों में कार्य सहभागिता दर 35.31% रही है।
- जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य सहभागिता दर 47.3% जबकि शहरी क्षेत्रो में कार्य सहभागिता दर 32.27% रही।

86. निम्नलिखित में से कौन आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी है?

(a) राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण
(b) विश्व स्वास्थ्य संगठन
(c) नीति आयोग
(d) भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण **[a]**

व्याख्या –

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, भारत की प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा/आश्वासन योजना 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' को देश भर में लागू करने के लिए सर्वोच्च निकाय है।
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, 23 सितंबर 2018 को भारत के मानवीय प्रधानमंत्री के द्वारा राँची (झारखंड) में शुरू की गई।

87. महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु इंदिरा महिला शक्ति निधि की शुरुआत हुई थी –

(a) 18 दिसम्बर, 2019 (b) 18 दिसम्बर, 2018
(c) 18 दिसम्बर, 2016 (d) 18 दिसम्बर, 2017

[a]

व्याख्या –

- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 18 दिसम्बर, 2019 को इंदिरा महिला शक्ति निधि की शुरुआत की गई थी।

88. अग्रिम अनुमानों के अनुसार, 2020-21 में स्थिर कीमतों पर (2011-12) राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय है –

(a) 79,722 ₹ (b) 97,227 ₹
(c) 72,297 ₹ (d) 75,527 ₹

[c]

व्याख्या –

- अग्रिम अनुमानों के अनुसार, 2020-21 में स्थिर कीमतों पर (2011-12) राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय 72,297 ₹ है। गत वर्ष की तुलना में इसमें 7.77% का विचलन है।

89. आयुष्मान भारत महात्मा गाँधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत नाजुक बीमारी स्वास्थ्य बीमा के स्थिति में प्रति परिवार प्रति वर्ष दी जाने वाली राशि है –

(a) 3.50 लाख ₹ (b) 4.00 लाख ₹
(c) 4.50 लाख ₹ (d) 3.00 लाख ₹

[c]

व्याख्या –

- आयुष्मान भारत महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत नाजुक या गंभीर बीमारी स्वास्थ्य बीमा की स्थिति में प्रति परिवार प्रति वर्ष दी जाने वाली राशि 4.50 लाख रुपये है तथा चिह्नित सामान्य बीमारियों के लिए 50 हजार रुपये है।

90. राजस्थान की परवन' बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना निम्न जिलों को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी –

(a) झालावाड़, बारां और कोटा जिला
(b) टोंक, बून्दी और कोटा जिला
(c) कोटा, बून्दी और झालावाड़ जिला
(d) झालावाड़ और भीलवाड़ा जिला

[a]

व्याख्या –

- राजस्थान की परवन बहुद्देश्यीय सिंचाई परियोजना झालावाड़, बारां तथा कोटा जिला को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी।

91. 16:9 के चित्र अभिमुखता अनुपात (पिक्चर आस्पेक्ट रेश्यो) के साथ, प्रदर्श विभेदन (डिस्प्ले रिजॉल्यूशन) 1080p का अर्थ है–

(a) 1080 x 1080 पिक्सेल्स (b) 1920 x 1080 पिक्सेल्स
(c) 720 x 1080 पिक्सेल्स (d) 3840 x 1080 पिक्सेल्स

[b]

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

– एचडीटीवी गैर-एचडी टीवी, पूर्ण एचडी और एनालॉग टेलीविजन स्क्रीन में 16 : 9 पहलू अनुपात का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। यह अनुपात तब प्राप्त होता हे जब आप लंबवत पिक्सेल को क्षैतिज पिक्सेल (संख्या में) से विभाजित करते हैं, जिसमें 1920 लंबवत रेखाएँ और 1080 क्षैतिज रेखाएँ होती हैं।

92. राजस्थान का राज्य पुष्प है –

(a) कचनार (b) रोहिड़ा
(c) सूरजमुखी (d) नाग केसर **[b]**

व्याख्या –

– राजस्थान का राज्य पुष्प रोहिड़ा है। इसका वानस्पतिक नाम टोकोमेला अंडुलटा है। इसे वर्ष 1983 में राज्य पुष्प घोषित किया गया।

93. MOEMS का पूर्णरूप है –

(a) माइक्रो ऑप्टिक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोर्स
(b) माइक्रो-ऑप्टो-इलेक्ट्रो-मेकेनिकल सिस्टम्स
(c) मेगा ऑपरेशन्स इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सॉफ्टवेयर
(d) माइक्रो ऑप्टिक इलेक्ट्रो-मेकेनिकल सोर्स **[b]**

व्याख्या –

- MOEMS का पूर्ण रूप है – माइक्रो – ऑप्टो – इलेक्ट्रो – मैकेनिकल – सिस्टम्स।

94. दुर्दम (मेलिंगनेंट) मलेरिया होता है -

(a) प्लास्मोडियम विवैक्स से
(b) प्लास्मोडियम ओवेल से
(c) प्लास्मोडियम मलेरिये से
(d) प्लास्मोडियम फैल्सीपैरम से **[d]**

व्याख्या –

- दुर्दम मलेरिया प्लाजमोडियम फैल्सीपैरम से होता है जो कि सबसे खतरनाक व मृत्यु जनित होता है। फेल्सीफेरम से प्रमस्तिष्क बुखार होता है जो कि प्राणघातक होता है।

95. जापानी इन्सेफेलाइटिस का कारक विषाणु मनुष्य शरीर के किस हिस्से को संक्रमित करता है?

(a) त्वचा (b) लाल रुधिर कोशिकाएँ
(c) मस्तिष्क (d) फेफड़े **[c]**

व्याख्या –

- जापानी इन्सेफेलाइटिस एक वायरल संक्रमण है जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करता है और फ्लैविवायरस से संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। यह संक्रमण सबसे अधिक बच्चों को प्रभावित करता है और गर्मी के दौरान अधिक सक्रिय रूप से फैलता है।

96. संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सी.एन.जी.) मुख्यतः है-

(a) एथेन (b) प्रोपेन
(c) मीथेन (d) ब्यूटेन **[c]**

व्याख्या –

- संपिडित प्राकृतिक गैस (C.N.G) मुख्यत: मीथेन से बनी होती है। आजकल इसका उपयोग वाहनों में किया जाता है। क्योंकि यह पेट्रोल और डीजल की तुलना में कम प्रदूषण जैसे – कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड आदि उत्पन्न करती है।

97. कड़कनाथ एक किस्म है –

(a) साँड की (b) बकरे की
(c) भैंसे की (d) मुर्गे की **[d]**

व्याख्या –

- कड़कनाथ, भारतीय नस्ल का मुर्गा है। यह मुख्यत: पश्चिमी मध्य प्रदेश के झाबुआ और धार जिलों में पाया जाता है।
- यह मेलानिन वर्णक के कारण काले रंग का होता है, इसलिए इसे कालीमासी भी कहा जाता है।
- इसमें उच्च प्रोटीन तथा न्यून वसा पाया जाता है।
- 2018 में इस प्रजाति के मुर्गे के लिए मध्य प्रदेश राज्य को भौगोलिक संकेतन (GI) टैग दिया गया। मध्य प्रदेश के ग्रामीण विकास ट्रस्ट, झाबुआ ने इसके लिए वर्ष 2012 में आवेदन किया था।

98. पिछली सदी में वैश्विक औसत तापमान में कितनी वृद्धि हुई है?

(a) 3.0° F (b) 1.8° F
(c) 3.4°F (d) 2.4°F **[b]**

व्याख्या –

- पिछली सदी में वैश्विक औसत तापमान में 1.8°F की वृद्धि हुई है।

99. विज्ञान और प्रोद्योगिकी विभाग के अधीन कार्यरत राज्य रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर स्थित है –

(a) झालावाड़ में (b) अजमेर में
(c) जोधपुर में (d) जयपुर में **[c]**

व्याख्या –

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन कार्यरत राज्य रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर जोधपुर में स्थित है।

100. क्वांटम डॉट है -

(a) 1 नैनोमीटर से छोटी नैनो संरचनाओं का इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी प्रतिबिम्ब
(b) रेडियो एन्टीना का नैनोस्केल अनुरूप
(c) एक कल्पित नैनोरोबोट
(d) अर्द्धचालक नैनो संरचना **[d]**

व्याख्या –

- क्वांटम डॉट एक नैनोमीटर के आकार का अर्द्धचालक कण है जो परंपरागत रूप से कोर – शेल संरचना के साथ होता है। क्वांटम डॉट् व्यापक रूप से उनके अद्वितीय ऑप्टिकल गुणों के लिए उपयोग किए जाते हैं, क्योंकि वे विशिष्ट तरंगदैर्ध्य के प्रकाश का उत्सर्जन करते हैं।

101. स्टेथोस्कोप में, रोगी की दिल की धड़कन की ध्वनि डॉक्टर के कानों तक पहुँचती हैं-

(a) ध्वनि के बहु विवर्तन द्वारा
(b) ध्वनि के बहु परावर्तन द्वारा
(c) ध्वनि के ध्रुवण द्वारा
(d) ध्वनि के बहु अपवर्तन द्वारा **[b]**

व्याख्या –

- स्टेथोस्कोप में रोगी की दिल की धड़कन की ध्वनि डॉक्टर के कानों तक ध्वनि के बहुपरावर्तन द्वारा पहुँचती है।

102. भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2019 के अनुसार, निम्न में से किस एक जिले में बहुत घना जंगल क्षेत्रफल न्यूनतम है?

(a) जैसलमेर (b) जोधपुर
(c) अलवर (d) जयपुर **[b]**

व्याख्या –

- भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2019 के अनुसारजोधपुर में बहुत घना जंगल क्षेत्रफल न्यूनतम है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

103. माता गर्भस्थ शिशु Rh रक्त प्रकार विसंगति की समस्या उत्पन्न हो सकती है. यदि माता .....है एवं उसका गर्भस्थ शिशु ..... है।

(a) Rh सहित: Rh हीन (b) Rh हीन Rh सहित
(c) Rh हीन; Rh हीन (d) Rh सहित Rh सहित **[b]**

व्याख्या –

- यदि माँ Rh^- है और बच्चा Rh^+ है तो माँ के रक्त में शिशु के विरुद्ध एंटीबॉडी बनती है जो गर्भस्थ शिशु के लिए घातक होती है।

104. ट्राइसोमी 21 को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है?

(a) इवांस सिंड्रोम (b) एडवर्ड्स सिंड्रोम
(c) डाउन सिंड्रोम (d) ग्रे बेबी सिंड्रोम **[c]**

व्याख्या –

- ट्राइसोमी – 21 को डाउन सिंड्रोम नाम से जाना जाता है। इस असामान्यता का अध्ययन सर्वप्रथम लैंगडन डाउन ने 1866 में किया। इस असामान्यता से पीड़ित व्यक्ति में 47 क्रोमोसोम पाए जाते हैं।
- यह बीमारी प्राय: 600 बच्चों में से एक (600:1) में पाई जाती है।

105. राजस्थान में सौर वेधशाला कहाँ स्थित है?

(a) उदयपुर में (b) जयपुर में
(c) अजमेर में (d) जोधपुर में **[a]**

व्याख्या –

- राजस्थान में सौर वेधशाला उदयपुर में स्थित है। इसका निर्माण 1976 ई. में डॉ अरविन्द भटनागर की देख-रेख में हुआ था। यह वेधशाला उदयपुर की आकाशीय स्थितियों व सौर प्रेक्षणों के लिए बहुत ही अनुकूल है।

106. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन का आदर्शवाक्य है –

(a) जागृत अहर्निशम् (b) तेजस्विनावधीतमस्तु
(c) बलस्य मूलं विज्ञानम् (d) वयं रक्षामः **[c]**

व्याख्या –

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन का आदर्श वाक्य है – "बलस्य एवं विज्ञानम्"।

107. निम्नलिखित में से कौन सा एक जूनोटिक रोग नहीं है?

(a) म्यूकोरमाइकोसिस (b) रेबीज़
(c) प्लेग (d) एस. ए. आर. एस. (SARS) **[a]**

व्याख्या –

- Zoonotic रोग वे होते हैं जो पशुओं से मनुष्यों में फैलते हैं – प्लेग, रेबिज, S.A.R.S.
- जबकि म्यूकोरमाइकोसिस जिसे ब्लेक फंगस भी कहते हैं। जोकि एक दुर्लभ व खतरनाक फंगस संक्रमण है। जिससे मुख्यत: फेफड़े, त्वचा और दिमाग पर घातक प्रभाव होता है।

108. निम्न में से कौन से विटामिन्स वसा में घुलनशील हैं?

(a) C एवं E (b) A एवं C
(c) A एवं D (d) B_{12} एवं D **[c]**

व्याख्या –

- विटामिन A, D, E, K वसा में घुलनशील विटामिन है। यह कार्बनिक विलायक में घुलनशील है और कार्बनिक विलायक को अवशोषित कर लेती है। कार्बनिक विलायक के कारण इनका आसानी से परिवहन भी होता है।

109. निम्न में से कौन सा आवृत्ति बैंड INSAT/GSAT उपग्रह संचार हेतु उपयोग में नहीं लिया जाता है?

(a) Ka (b) C
(c) MF (d) Ku **[c]**

व्याख्या –

- INSAT/GSAT उपग्रह संचार हेतु C – Band, Upper Extended C Band, KU – Band और ka Band का उपयोग किया जाता है।


110. बाटोमास का एक उल्टा पिरामिड किस पारिस्थितिकी तंत्र में पाया जा सकता है?

(a) समुद्री (b) घास का मैदान
(c) वन (d) टुंड्रा **[a]**

व्याख्या –

- समुद्री परितंत्र में जैवमात्रा का पिरामिड उल्टा होता है। क्योंकि यहाँ पर निम्न पोषण स्तर पर उत्पादकों की संख्या अधिक होती है। लेकिन उनका आकार कम होने से उनकी सकल जैवमात्रा कम हो जाती है। दूसरे एवं तीसरे पोषी स्तर के जीवों की संख्या कम होने के बावजूद उनकी जैवमात्रा अधिक होती है, अत: किसी समुद्र/तालाब परितंत्र में जैवमात्रा का पिरामिड उल्टा होता है।

111. एक पुस्तक के प्रकाशन में होने वाले व्यय का प्रतिशत वितरण निम्नलिखित पाई चार्ट में दिया गया है –



पुस्तकों की विशेष संख्या के लिए यदि रॉयल्टी का भुगतान 22,950 ₹ है, तो प्रिंटिंग पर होने वाला व्यय है –

(a) 46,250 ₹
(b) 36,250 ₹
(c) 38,250 ₹
(d) 42,250 ₹ **[c]**

व्याख्या –

$$\frac{22950}{15} \times 25 = 38250$$

112. 1 से 156 तक संख्याओं के मध्य स्थित संख्याओं का जो कि 2, 3, 4 और 6 से विभाज्य है, का समान्तर माध्य होगा –

(a) 76 (b) 74
(c) 78 (d) 91 **[c]**


व्याख्या –

- 12, 24, 36 144

समान्तर माध्य = $\frac{12+144}{2} = 78$

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

113. नीचे दिए गए चित्र में आयत और वर्गों (दोनों) की कुल संख्या है –



(a) 19 (b) 21
(c) 22 (d) 23 **[b]**

व्याख्या –

114. एक 6 लड़कियों और 4 लड़कों के समूह में से 4 बच्चों का चयन करना है। कितने अलग-अलग तरीके से उनका चयन किया जा सकता है जबकि उसमें कम से कम एक लड़की अवश्य हो?

(a) 214 (b) 206
(c) 210 (d) 209
[d]

व्याख्या –

- $10C4 - 4C4 = 210 - 1 = 209$

115. जब घड़ी सुबह के 7:45 दिखाती है, तब मिनट की सुई पूर्व की ओर इशारा करती है। 3 घंटे बाद, घंटे की सुई किस दिशा की ओर इशारा करती है?

(a) पूर्व (b) पूर्व - दक्षिण
(c) दक्षिण (d) उत्तर - पूर्व **[b]**

व्याख्या –

116. एक आयताकार कमरा 12 मीटर लम्बा, 6 मीटर चौड़ा तथा 4 मीटर ऊँचा है। इसमें दो दरवाजे प्रत्येक 2 मीटर x 1 मीटर के एवं 2 खिड़कियाँ प्रत्येक 1.5 मीटर x 1 मीटर की हैं। यदि दीवारों पर रंग करवाने की दर 15 ₹ प्रति वर्ग मीटर है, तो दीवारों पर रंग करवाने का कुल व्यय है –

(a) 1955 ₹ (b) 2010 ₹
(c) 2155 ₹ (d) 2055 ₹ **[d]**

व्याख्या –

- $2(12 + 6) \times 4 - 4 - 3$
  $= 2 \times 18 \times 4 - 4 - 3$
  $= 144 - 7 = 137$ वर्ग मी.
  कुल व्यय $= 137 \times 15 = 2055/-$

117. 3 उम्मीदवारों A, B एवं C के एक चुनाव में, A, B से 50% अधिक वोट प्राप्त करता है। A, C को 18,000 वोटों से भी हराता है। यदि यह ज्ञात हो कि B, C से 5% अधिक वोट प्राप्त करता है, तो मतदाता सूची पर अंकित मतदाताओं की संख्या ज्ञात कीजिए, दिया गया है की मतदाता सूची के 90% मतदाताओं ने वोट दिये तथा कोई भी वोट अवैध नहीं थे।

(a) 1,00,000 (b) 81,000
(c) 90,000 (d) 1.10,000 **[a]**

व्याख्या –

- माना B को प्राप्त मत= x
  A= (1.5 X)%
  C= (X-5)%
  माना कुल वैध मत = 100
  कुल वैध मत = A+B+C
  100 = (1.5X)+X+(X-5)
  X=30 (B को वैध मतों का 30% प्राप्त हुआ)
  अत: A को 45% वैध मत प्राप्त हुए
  एवं C को 25% वैध मत प्राप्त हुए
  दिया गया है कि A ने C को 18000 मतों से हराया
  A-C=18000
  (45-25)X= 18000
  20X=18000
  X=900
  A = (45×X)= 40500
  B= (30×X) =27000
  C=(25×X) =22500
  अत: कुल वैध मत = A+B+C
  = 40500+27000+22500
  = 90000 = कुल मतों का 90%
  अत: कुल मतदाता= 100000

118. किसी धन के 5% वार्षिक दर से तीन वर्ष में चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर 183 ₹ है, तो मूलधन है –

(a) 24,000 ₹ (b) 8,000 ₹
(c) 18,000 ₹ (d) 21,000 ₹ **[a]**

व्याख्या –

– Difference (For 3 Years) =

$$P\left(\frac{R}{100}\right)^2\left(\frac{300+R}{100}\right)$$

$$183 = P\left(\frac{5}{100}\right)^2\left(\frac{305}{100}\right)$$

$$183 = P\left(\frac{25}{100\times100}\right)\left(\frac{305}{100}\right)$$

$$183 = P\left(\frac{5}{100}\right)^2\left(\frac{300+5}{100}\right)$$

$$= 240{,}00$$

119. एक पाँसे को तीन बार फेंका जाता है। प्रत्येक बार पूर्व प्राप्त संख्या से बड़ी संख्या प्राप्त करने की प्रायिकता है –

(a) 5/72 (b) 1/18
(c) 13/216 (d) 5/54
[d]

व्याख्या –

$$P = \frac{20}{216} = \frac{5}{54}$$

120. एक थैली में 1 ₹ 50 पैसे तथा 25 पैसे के सिक्के 25: 9:5 के अनुपात में हैं। यदि थैली में कुल धन 2460 ₹ है, तो थैली में 50 पैसे के सिक्कों की संख्या है -

(a) 1760 (b) 720
(c) 580 (d) 360 **[b]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

-	1P	50P	25P		
	25	:	9	: 5	
	मूल्य	25	:	4.5	: 1.25

50p = $\frac{2460}{30.75} \times 9 = 720$

121. एक कथन के पश्चात् चार तर्क I, II, III और IV दिए गए हैं। कौनसा (से) तर्क अधिक मजबूत है/हैं, चुनिए -

कथन:

क्या मोटर साइकिल को चलाते समय चालक और पिछली सीट पर बैठे व्यक्ति दोनों के लिए हेलमेट पहनने के नियम का कठोरता से पालन करवाना चाहिए?

तर्क :

I नहीं, प्रत्येक व्यक्ति स्वयं के जीवन की रक्षा कैसे करनी है जानता है एवं इसे उसके विवेक पर छोड़ देना चाहिए।

II हाँ, यह नियम है और नियमों की पालना कड़ाई से सभी को करनी चाहिए।

III हाँ, यह आवश्यक है क्योंकि सिर शरीर का सबसे संवेदनशील / नियतंत्रक अंग है, इसे हेलमेट द्वारा सुरक्षित करना चाहिए।

IV नहीं, यह सिर की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करता है।

(a) कोई तर्क मजबूत नहीं है।

(b) केवल I और IV तर्क मजबूत हैं।

(c) केवल II और III तर्क मजबूत हैं।

(d) केवल I और II तर्क मजबूत हैं। **[c]**

व्याख्या –

– कथन के अन्तर्गत मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने के नियम का पालन करना आवश्यक बताया गया है। जबकि तर्क – I में हेलमेट पहनना विवेक पर निर्भर करता है। अत: यह तर्क कथनानुसार नहीं है। तर्क – II व तर्क – III में हेलमेट पहनने के नियम का कड़ाई द्वारा सुरक्षित रखने का सुझाव दिया है अत: ये कथनानुसार है।

122. निम्नलिखित का अध्ययन कर प्रश्न का उत्तर दें –

कथन:

पिछले कुछ हफ्तों के दौरान पेट्रोल की कीमतें बढ़ी हैं।

कार्यवाही :

I सरकार को एक विशेषज्ञ समिति का गठन करना चाहिए जो कीमतों की प्रवृत्ति का अध्ययन करें।

II सरकार को पेट्रोल पर तुरंत टैक्स कम कर देना चाहिए।

III सरकार को सामान्य जनता को सलाह देनी चाहिए कि कुछ सप्ताह के लिए पेट्रोल खरीदने से परहेज़ करें।

निर्णय कीजिए की कौन सी कार्यवाही अनुसरण करती है ।

(a) केवल I (b) केवल II

(c) केवल III (d) इनमें से कोई नहीं

[a]

व्याख्या –

– कथनानुसार हाल ही में पेट्रोल की कीमते बढ़ी है। इस संदर्भ में सरकार की कार्यवाही में पेट्रोल पर लगने वाले कर को कम कर देना चाहिए जिससे जनता को मंहगाई से राहत मिल सके अत: कार्यवाही II कथन के अनुरूप है। परंतु कार्यवाही I में विशेषज्ञ समिति के गठन की चर्चा है जिसकी रिपोर्ट आने में समय लग सकता है अत: यह अव्यवहारिक है। कार्यवाही III में जनता को सलाह दी है कि वह पेट्रोल खरीदना बंद कर दे जो कि तर्कहीन कार्यवाही है।

123. वीरेन्द्र राजेन्द्र के पिता का लड़का है। राजेन्द्र की बुआ मंजु है। आदर्श मंजु का पति है और प्रकाश का दामाद है। प्रकाश राजेन्द्र से कैसे संबंधित है?

(a) भतीजा


(b) पुत्र

(c) भाई

(d) दादा

[d]

व्याख्या –



अत: प्रकाश, राजेंद्र का दादा है।

124. माना किसी कूट (कोड) विशेष में, TIGER को QDFHS की तरह तथा MERIT को SHQDL की तरह लिखा जाता है, तब इसी कूट (कोड) में FROZEN को इस तरह लिखा जायेगा –

(a) MEYNQD

(b) MDEZOR

(c) MDYNQE

(d) EQNYDM


[c]

व्याख्या –


Alphabets	A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K	L	M
Positional Value	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
Alphabets	26	25	24	23	22	21	20	19	18	17	16	15	14
Positional Value	Z	Y	X	W	V	U	T	S	R	Q	P	O	N

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

यहां अनुसरित पैटर्न इस प्रकार है,



125. नीचे दिए गए चित्र में, आयत पुरुषों को त्रिभुज शिक्षितों को, वृत्त शहरी को और वर्ग सरकारी कर्मचारियों को प्रदर्शित करता है तो निम्नलिखित में से कौनसा शिक्षित पुरुष जो शहरी नहीं हैं को प्रदर्शित करता है?



(a) 4 (b) 11
(c) 9 (d) 14

[b]

व्याख्या –

126. एक कथन के पश्चात् दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको कथन में दी गई प्रत्येक जानकारी को सत्य मानना है, दोनों निष्कर्षो को साथ विचार करके निर्णय कीजिए कि कौनसा निष्कर्ष अनुसरण करता है।

कथन:

आजकल माता-पिता अपने बच्चों में उत्तम विकास के लिए कुलीन शिक्षण संस्थाओं को कितनी भी फीस देने को तैयार रहते हैं।

निष्कर्ष:

I माता-पिता पर अच्छे शिक्षण संस्थानों के माध्यम से अपने बच्चों के उत्तम विकास की धुन सवार है।

II आजकल सभी माता-पिता बहुत पैसे वाले हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।
(d) न तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है। **[a]**

व्याख्या –

– कथन के अनुसार माता – पिता अपने बच्चों की शिक्षा मँहगी से मँहगी शिक्षण संस्थाओं से करा सकते हैं।
निष्कर्ष – I माता – पिता द्वारा अच्छे शिक्षण संस्थाओं से अपने बच्चों को उत्तम शिक्षा प्रदान करना है। अत: यह निष्कर्ष अनुकूल है।
निष्कर्ष – II के अनुसार आजकल सभी माता – पिता पैसे वाले हैं। जो कि कथन के अनुकूल नहीं है। निष्कर्ष – II असत्य है।

127. एक कथन के पश्चात् दो पूर्वधारणायें I और II दी गई हैं। कथन और उसके पश्चात् दी गई पूर्वधारणाओं के आधार पर निर्णय कीजिए कि कौनसी पूर्वधारणा कथन में अंतर्निहित है?

कथन:

ललिता के पास पुस्तकों का विशाल संग्रह है और वह अपने संग्रह में सम्मिलित करने के लिए नयी पुस्तकें खरीदती रहती है।

पूर्वधारणायें:

I. ललिता ने जो पुस्तकें खरीदी हैं उसने वह प्रत्येक पुस्तक पढ़ी है।

II. ललिता को पुस्तकों के लिए प्यार और जुनून है।

(a) केवल I पूर्वधारणा अंतर्निहित है
(b) केवल II पूर्वधारणा अंतर्निहित है
(c) दोनों पूर्वधारणायें अंतर्निहित हैं
(d) न तो I पूर्वधारणा और ना ही II पूर्वधारणा अंतर्निहित है **[b]**

व्याख्या –

– कथन के अनुसार पूर्व धारणा I कथन में अंतर्निहित नहीं है क्योकि ललिता ने जो पुस्तकें खरीदी हैं उसने वो सभी पुस्तकें नहीं पढ़ी है। पूर्व धारणा II के अनुसार ललिता को पुस्तकों से प्यार और जुनून है तभी वह पुस्तकों को खरीदती है। यह पूर्व धारणा II कथन के अनुरूप है।

128. नीचे दो कथन दिए गए हैं. एक को दावा (d) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है।

दावा (A) : सही काम के लिए सही व्यक्ति का चयन सही वेतन पर चयन करने का सही दृष्टिकोण है।

कारण (R): गलत चुना गया व्यक्ति एक दायित्व है।

उपरोक्त संदर्भ में, निम्न में से कौन सा एक सही है?



(a) 'A' सही है लेकिन 'R' गलत है
(b) दोनों 'A' तथा 'R' सही हैं तथा 'R', 'A' की सही व्याख्या है
(c) 'A' गलत है लेकिन 'R' सही है
(d) दोनों 'A' तथा 'R' सही हैं लेकिन 'R', 'A' की सही व्याख्या नहीं। **[a]**

व्याख्या –

– दावा (A), किया गया है कि सही काम के लिए सही व्यक्ति का चयन सही वेतन पर चयन करने का सही दृष्टिकोण है। जबकि इसका कारण (R) गलत चुना गया व्यक्ति का दायित्व है। जो कि दावा (A), कारण (R) दोनों सही है एवं R, A की सही व्याख्या है।


129. बास्केटबॉल के कुछ खिलाड़ी वॉलीबॉल के भी खिलाड़ी हैं, वॉलीबॉल के कुछ खिलाड़ी बैंडमिंटन के भी खिलाड़ी हैं, बास्केटबॉल का कोई भी खिलाड़ी बैंडमेंटन का खिलाड़ी नहीं है।

निम्नलिखित में से कौन सा चित्र उपर्युक्त कथन को प्रदर्शित करता है?

(a) 
(b) 
(c) 
(d) 


[a]

व्याख्या –



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

130. निम्न आरेख में विभिन्न अक्षरों को अंकों 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8 और 9 से प्रदर्शित किया गया है, जो इस प्रकार है कि प्रत्येक "M + N + P" "P + Q+R", "R + S + T" और "T+U+ V", 13 के बराबर हैं। R किस अंक को प्रदर्शित करता है?



(a) 2 (b) 4
(c) 3 (d) 1 **[b]**

व्याख्या –

9	3	1		
		8		
		4	7	2
				5
				6

R = 4

131. मार्च 2021 में भारत ने निम्नांकित में से किस देश के साथ आपदा प्रबन्धन सहनीयता और शमन के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये?

(a) भूटान (b) श्रीलंका
(c) बांग्लादेश (d) नेपाल **[c]**

व्याख्या –

- मार्च 2021 में, भारत ने बांग्लादेश के साथ आपदा प्रबन्धन, सहनीयता और शमन के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा बांग्लादेश के आपदा प्रबंधन और राहत मंत्रालय के बीच हुआ है।

132. टोक्यो पैरालिम्पिक 2020 के समापन समारोह में कौनसा खिलाड़ी भारतीय ध्वज वाहक बना?

(a) देवेन्द्र झाझरिया (b) टेक चंद
(c) सुंदर सिंह गुर्जर (d) अवनि लेखरा **[d]**

व्याख्या –

- निशानेबाज अवनि लेखरा टोक्यों पैरालिम्पिक 2020 के समापन समारोह में भारतीय दल की ध्वजावाहक बनी।
- इन्होंने निशानेबाजी में स्वर्ण पदक हासिल किया।

133. अन्तर्राष्ट्रीय एनी अवार्ड 2020 किसे प्रदान किया गया हैं?

(a) अमित शाह (b) सी. एन. आर. राव
(c) रमेश गांधी (d) सत्यनारायण रेड्डी **[b]**

व्याख्या –

- प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक सी.एन.आर. राव को अंतर्राष्ट्रीय एनी अवार्ड – 2020 से सम्मानित किया गया है।
- इस पुरस्कार को एनर्जी रिसर्च का नोबेल पुरस्कार माना जाता है।
- यह पुरस्कार सी.एन.आर. राव को ऊर्जा क्षेत्र में अनुसंधान के लिए दिया गया है।

134. इटली ने किस देश को हराकर यूईएफए यूरो-2020 फाइनल जीता?

(a) डेनमार्क (b) पुर्तगाल
(c) जर्मनी (d) इंग्लैण्ड **[d]**

व्याख्या –

- इटली ने पेनल्टी शूट आउट में 3 – 2 से इंग्लैंड को पराजित कर UEFA Eura – 2020 खिताब अपने नाम कर लिया।

135. निम्नांकित में से कौन मेराथन वॉर लीडरशिप इन कॉम्बेट इन अफगानिस्तान' नामक पुस्तक का लेखक है?

(a) जेफ्री श्लोसर (b) क्रिस मूनी
(c) सैमुएल मोयन (d) कार्टर मलकासियन **[a]**

व्याख्या –

- मेराथन वॉर लीडरशिप इन कॉम्बेट इन अफगानिस्तान पुस्तक का लेखक जेफ्री श्लोसर है।

136. पुस्तक "संस्कृति री सनातन दीठ' के लेखक कौन हैं?

(a) डॉ. सत्यनारायण
(b) अर्जुन देव चारण
(c) आईदान सिंह भाटी
(d) भँवर सिंह सामौर **[d]**

व्याख्या –

- पुस्तक 'संस्कृति री सनातन रीठ' प्रख्यात राजस्थानी लेखक भंवर सिंह सामौर की कृति है। इस रचना को राजस्थानी भाषा में साहित्य अकादमी पुरस्कार – 2020 से सम्मानित किया गया।

137. राजस्थान जन आधार प्राधिकरण अध्यादेश लागू हुआ -

(a) 11 जनवरी 2021 को
(b) 18 दिसंबर 2019 को
(c) 11 जनवरी, 2020 को
(d) 18 दिसंबर, 2020 को **[b]**

व्याख्या –

- राजस्थान जन आधार प्राधिकरण अध्यादेश 18 दिसम्बर, 2019 को लागू हुआ।

138. आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन पहल (SCRI) के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए –

(i) अंतरराष्ट्रीय व्यापार के संबंध में आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन एक दृष्टिकोण है, जो एक देश की किसी अप्रत्याशित स्थिति में आयात की निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्चित करने में मदद करता है।
(ii) यह पाँच देशों की एक पहल है, भारत उनमें से एक हैं।

सही कूट चुनिए

(a) केवल (i) सत्य हैं।
(b) केवल (ii) सत्य है।
(c) न ही (i) और ना ही (ii) सत्य है।
(d) दोनों (i) और (ii) सत्य हैं। **[a]**

व्याख्या –

- 27 अप्रैल 2021 को भारत, आस्ट्रेलिया और जापान ने औपचारिक रूप से आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन पहल लांच की। इस पहल को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में चीन के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए लांच किया गया है। इसे जापान द्वारा प्रस्तावित किया गया है।

139. निम्नलिखित में से कौन टोक्यो ओलम्पिक 2021 में सिल्वर पदक विजेता रहे? दिये गये कूट में से सही उत्तर का चुनाव कीजिये –

(A) रवि कुमार दहिया
(B) पी. वी. सिन्धु
(C) बजरंग पुनिया
(D) मीराबाई चानू

कूट

(a) (A) एवं (B) (b) (B) एवं (C)
(c) (A) एवं (D) (d) (A) एवं (C) **[c]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- रवि कुमार दहिया - रजत
  पी. वी. सिंधु - कांस्य
  बजरंग पुनिया - कांस्य
  मीराबाई चानू - रजत

140. कॉलेज विद्यार्थियों को डिजीटल अकादमिक सामग्री की सहायता प्रदान करने के लिए राजस्थान सरकार ने एक ऐप को प्रारंभ किया है। इस ऐप का नाम क्या है?

(a) माई इज्यूकेशन लो ऐप
(b) माई क्लास लो ऐप
(c) माई बुक लो ऐप
(d) माई कोचिंग लो ऐप **[c]**

व्याख्या –

- कॉलेज विद्यार्थियों को डिजिटल अकादमिक सामग्री की सहायता प्रदान करने के लिए राजस्थान सरकार में माई बुक लो ऐप प्रारम्भ किया है।

141. निर्यातक बनने के आकांक्षी लोगों के लिए प्रारंभ किया गया "मिशन निर्यातक बनो" प्रवर्तित किया गया है –

(a) उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा
(b) उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार एवं रिको (RIICO) द्वारा
(c) राजस्थानी फाउण्डेशन एवं रिको (RIICO) द्वारा
(d) रिको (RICO) द्वारा

[b]

व्याख्या –

- निर्यातक बनने के आकांक्षी लोगों के लिए प्रारंभ किया गया "मिशन निर्यातक बनो" उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार तथा रिको (RIICO) द्वारा प्रवर्तित किया गया है।
- इस अभियान का उद्देश्य 6 चरणों में उन स्थानीय व्यापारियों को पंजीकृत करना और उनका समर्थन करना है, जो विदेशों में अपने व्यापार का विस्तार करना चाहते है।

142. तियानवेन-1 है -

(a) चीन का अंतरिक्ष स्टेशन
(b) चीन का चंद्रमा रोवर यान
(c) चीन का अन्तर महाद्वीपीय मिसाईल
(d) चीन का अंतरिक्षयान **[d]**

व्याख्या –

- चीनी आंतरिक्षयान तियानवेन – 1 ने मार्स रोबर ज्यूरोंग (Zoharong) के साथ मंगल की सतह पर सफलतापूर्वक लैंड किया।
- चीन, अमेरिका एवं सोवियत संघ के बाद मंगल ग्रह पर उतरने वाला तीसरा देश बना।
- इस अंतरिक्षयान को लांग मार्च 5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

143. सूची-i को सूची-ii से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए –

	सूची-i		सूची-iI
A.	भाविना पटेल	(i)	तीरंदाजी
B.	निशाद कुमार	(ii)	भाला फेंक
C.	हरविंदर सिंह	(iii)	टेबल टेनिस
D.	देवेंद्र झाझरिया	(iv)	ऊँची कूद

कूट

	A	B	C	D
(a)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(b)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(c)	(iv)	(ii)	(iii)	(i)
(d)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)

[a]

व्याख्या –

सही सुमेलित है-

भाविना पटेल	टेबल टेनिस
निशाद कुमार	ऊँची कूद
हरविंदर सिंह	तीरंदाजी
देवेन्द्र झाझरिया	भाला फेंक

144. निम्नांकित में से किसने टाईम 2021 लिस्ट ऑफ 100 मोस्ट इन्फ्लूएनशियल पीपल में स्थान प्राप्त किया है?

(A) नरेन्द्र मोदी
(B) ममता बनर्जी
(C) अडार पूनावाला
(D) मंजूषा पी. कुलकर्णी

सही उत्तर है –

(a) (A), (B), (C) और (D) सही
(b) केवल (B), (C) और (D) सही हैं
(c) केवल (A) और (B) सही हैं
(d) केवल (A), (B) और (C) सही हैं **[a]**

व्याख्या –

- टाइम मैगजीन ने 100 प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी की। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तथा सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अडार पूनावाला तथा मंजूषा पी. कुलकर्णी का नाम शामिल हैं।
- 2021 के सबसे प्रभावशाली नेताओं की लिस्ट में तालिबान के सहसंस्थापक मुल्ला अब्दुल गनी बरादर का नाम शामिल है।

145. 23 मार्च, 2021 को 'हंगर हॉटस्पॉट रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की गई?

(a) विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)
(b) (FAO) तथा (WFP) दोनों के द्वारा साझा रूप से
(c) खाद्य और कृषि संगठन (FAO)
(d) यूनीसेफ (UNICEF) **[b]**

व्याख्या –

- खाद्य और कृषि संगठन (FAO) तथा विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) ने 'हंगर हॉटस्पॉट्स – अगस्त से नवंबर - 2021' नाम से रिपोर्ट जारी की।
- रिपोर्ट के अनुसार इथियोपिया और मेडागास्कर विश्व के सबसे नए उच्चतम अलर्ट वाले हॉटस्पॉट है।

146. नजीब मिकाती कौन हैं?

(a) मलेशिया के प्रधानमंत्री (b) मिस्र के राष्ट्रपति
(c) कज़ाकिस्तान के राष्ट्रपति (d) लेबनान के प्रधानमंत्री

[d]

व्याख्या –

- नजीब मिकाती लेबनान के प्रधानमंत्री है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

147. भारत का प्रथम कृषि आधारित "कुसुम" सौर ऊर्जा संयंत्र परियोजना को राजस्थान के किस गाँव में प्रारंभ किया गया?

(a) चितलवाना (b) चाणौद
(c) रानी (d) भालोजी **[d]**

व्याख्या –

- भारत की प्रथम कृषि आधारित 'कुसुम' सौर ऊर्जा संयंत्र परियोजना को राजस्थान में जयपुर के भालोजी गाँव में शुरू किया गया है
- 1 मेगावाट क्षमता की परियोजना का निर्माण लगभग 3.70 करोड़ की लागत से किया गया है।

148. "नाबी एमजी है -

(a) मक्का की एक किस्म (b) जौ की एक किस्म
(c) बाजरा की एक किस्म (d) गेहूँ की एक किस्म

[d]

व्याख्या –

- "नाबी एमजी" गेहूँ की एक किस्म है। इस काला गेहूँ में आयरन व प्रोटीन की पर्याप्तता होती है।

149. धोलावीरा (गुजरात) हाल ही में खबरों में क्यों था?

(a) टाइगर रिज़र्व घोषित हुआ
(b) हाल ही में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में सम्मिलित किया गया
(c) राष्ट्रीय उद्यानों की सूची में शामिल किया गया
(d) यह स्थल आतंकी हमले का शिकार हुआ था

[b]

व्याख्या –

- हाल ही में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में धोलावीरा को शामिल किया गया है।
- भारत का 40वां विश्व धरोहर स्थल, हड़प्पा सभ्यता का शहर धोलावीरा है जो गुजरात में स्थित है।
- इसका उत्खनन 1990 – 91 ई. में आर.एस. बिष्ट द्वारा किया गया।
- यह हड़प्पा सभ्यता के बड़े शहरों में से एक है।

150. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किस संविधान संशोधन अधिनियम को 18 अगस्त, 2021 को मंजूरी दी?

(a) 106वाँ (b) 107वाँ
(c) 108वाँ (d) 105वाँ **[d]**

व्याख्या –

- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 18 अगस्त, 2021 को 105 वें संविधान संशोधन अधिनियम 2021 को अपनी स्वीकृति दी है।
- इस संशोधन के अनुसार राष्ट्रपति केवल केन्द्र सरकार के उद्देश्यों के लिए सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की सूची को अधिसूचित कर सकते है।
- यह केंद्रीय सूची केंद्र सरकार द्वारा तैयार और अनुरक्षित की जाएगी।

❑❑❑

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

आर. ए. एस. (प्रारम्भिक परीक्षा, 2023)

1. पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर जोड़ता है_____?
(A) इम्फाल को अहमदाबाद से
(B) दीमापुर को वडोदरा से
(C) सिलचर को पोरबंदर से
(D) गुवाहाटी को काण्डला बन्दरगाह से
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –
– पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर पोरबंदर (गुजरात) से सिल्चर (असम) तक विस्तृत है। यह NH-27 पर स्थित है तथा भारत के कुल 7 राज्यों गुजरात (974.62 किलोमीटर), राजस्थान (640.90 किलोमीटर), मध्यप्रदेश (121.90 किलोमीटर), उत्तरप्रदेश (581 किलोमीटर), बिहार (487 किलोमीटर), पश्चिम बंगाल (582.38 किलोमीटर) तथा असम (724.82 किलोमीटर) से गुजरता है।
- पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर में दूरी (किलोमीटर) के अनुसार बड़े से छोटे के क्रम में राज्य- गुजरात > असम > राजस्थान > पश्चिम बंगाल > उत्तर प्रदेश > बिहार > मध्य प्रदेश।
- पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर में दूरी (किलोमीटर) के अनुसार छोटे से बड़े के क्रम में राज्य- मध्य प्रदेश < बिहार < उत्तर प्रदेश < पश्चिम बंगाल < राजस्थान < असम < गुजरात।

2. गलत युग्म का चयन कीजिये-
(A) सतूर मध्य अरावली
(B) कटड़ा दक्षिणी अरावली
(C) दुर-मरयाजी मध्य अरावली
(D) महोहरपुर उत्तरी अरावली
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(*)**

व्याख्या –
– उक्त प्रश्न RPSC द्वारा डिलीट कर दिया गया था।

3. निम्नलिखित में से कौन से जिलों का समूह प्राप्त मॉनसूनी वर्षा की मात्रा के अनुसार अवरोही क्रम मे सही ढंग से व्यवस्थित है?
(A) धौलपुर, राजसमंद, जालौर
(B) भीलवाडा, बारां, सीकर
(C) राजसमंद, जालौर, धौलपुर
(D) पाली, जयपुर, भरतपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –
– प्रश्न में दिये गए जिलों में सबसे ज्यादा मानसूनी वर्षा धौलपुर, राजसमंद, जालौर को प्राप्त होती है।
- धौलपुर आर्द्र जलवायु प्रदेश में आता है जबकि राजसमंद का कुछ भाग उपआर्द्र तथा जालौर अर्द्ध शुष्क प्रदेश में आते हैं।
- धौलपुर में औसत वर्षा 60-80 सेमी. होती है।

4. निम्नलिखित में से किन तीन नदियों के संगम को 'त्रिवेणी' कहा जाता है?
(A) बनास, मैनाल, बेड़च
(B) गम्भीरी, मांसी, धुन्ध
(C) कोठारी, खारी, बेड़च
(D) सोम, आहू, बांडी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –
– तीन नदियों बनास, मैनाल तथा बेड़च के संगम को 'त्रिवेणी' कहा जाता है। इन नदियों का त्रिवेणी संगम मांडलगढ़ (बींगोद, भीलवाड़ा) मे स्थित है।

5. भारत राज्य वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार, वनस्पति आवरण के संदर्भ में वन क्षेत्र 16,654 वर्ग किमी. है व राजस्थान के भौगोलिक क्षेत्र का _____प्रतिशत है।
(A) 6.74
(B) 7.84
(C) 8.47
(D) 4.87
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- भारत राज्य वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार, वनस्पति आवरण के संदर्भ में वन क्षेत्र 16,654 वर्ग किमी. है, जो राजस्थान के भौगोलिक क्षेत्र का 4.87% प्रतिशत है अर्थात राजस्थान के कुल भौगोलिक क्षेत्र (342,239 km^2) के 4.87% भाग पर वन हैं।

6. भारत में बॉक्साइट और अभ्रक के सर्वाधिक उत्पादक राज्य कौनसे हैं?

	बॉक्साइट	**अभ्रक**
(A)	मध्य प्रदेश	महाराष्ट्र
(B)	छत्तीसगढ़	ओडिशा
(C)	ओडिशा	आन्ध्र प्रदेश
(D)	झारखंड	राजस्थान

(E) अनुत्तरित प्रश्न **(*)**

व्याख्या –
– उक्त प्रश्न RPSC द्वारा डिलीट कर दिया गया था।

7. चुकंदर पर आधारित प्रथम चीनी उद्योग स्थापित हुआ था-
(A) श्री गंगानगर में
(B) भोपालसागर में
(C) केशोरायपाटन में
(D) उदयपुर में
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –
– श्रीगंगानगर में 'दी गंगानगर शुगर मिल्स' की स्थापना वर्ष 1935 में की गयी थी तथा इसमें चीनी बनाने का कार्य वर्ष 1946 में प्रारम्भ हुआ। यहाँ वर्ष 1968 में चुकन्दर से चीनी बनाने के लिए एक योजना आरम्भ की गई थी लेकिन इस योजना को अब बंद कर दिया गया है।

8. माही बजाज सागर परियोजना एक संयुक्त उद्यम है:
(A) राजस्थान, पंजाब तथा गुजरात का
(B) गुजरात तथा राजस्थान का
(C) राजस्थान, गुजरात तथा मध्य प्रदेश का
(D) मध्य प्रदेश तथा राजस्थान का
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –
- माही बजाज सागर परियोजना राजस्थान एवं गुजरात की संयुक्त परियोजना है। इस परियोजना में 3 बाँध बनाए गए हैं- माही बजाज सागर बांध (बोरखेड़ा, बांसवाड़ा), कागदी पिकअप बांध (बांसवाड़ा) तथा कड़ाना बांध (महिसागर, गुजरात)।
- वर्ष 1966 में हुए समझौते के अनुसार इसमें राजस्थान का हिस्सा 45% व गुजरात का हिस्सा 55% है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

9. निम्नलिखित में से वर्ष 2001-2011 मे मध्य में न्यूनतम दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर वाला जिला कौनसा है?

(A) बाड़मेर
(B) श्री गंगानगर
(C) पाली
(D) बूंदी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- जनगणना 2011 के आँकड़ों के अनुसार राजस्थान में श्री गंगानगर न्यूनतम दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर वाला जिला है। इसकी जनसंख्या वृद्धि दर 10.4% रही। इसके बाद झुंझुनूं (11.7%) तथा पाली (11.9%) का स्थान है।

10. राजस्थान में कालाखुटा, लीलवानी, नारदिया, तिम्मामोरी किस खनिज के उत्पादक क्षेत्र हैं?

(A) मैंगनीज
(B) टंगस्टन
(C) तांबा
(D) लौह-अयस्क
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- राजस्थान में मैंगनीज के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र हैं- उदयपुर-देबारी, नरड़िया, बांसवाड़ा-लीलवानी, काला-खूंटा, रामोसन, राजसमंद-नाथद्वारा, नेगड़िया तथा तिम्मामोरी।
- मैंगनीज का उपयोग मुख्यतः लौह- इस्पात उद्योग में इस्पात को कठोर बनाने के लिए किया जाता है।

11. कालीसिंध सुपर ताप बिजली स्टेशन अवस्थित है-

(A) बारां
(B) झालावाड़
(C) डूंगरपुर
(D) बांसवाड़ा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- कालीसिंध सुपर क्रिटिकल तापीय विद्युत परियोजना झालावाड़ जिले के उण्डेल ग्राम में 3 सितम्बर, 2008 को प्रारम्भ किया गया। यह कालीसिंध नदी पर स्थित है। यह राजस्थान का प्रथम पावर प्लांट है, जहाँ सीधे सुपर क्रिटिकल इकाई स्थापित की गई है। इसकी कुल उत्पादन क्षमता 6002×1200 MW है।

12. निम्न में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

वन्यजीव अभयारण्य	**जिला**
(A) शेरगढ़	- बूंदी
(B) बस्सी	- चित्तौड़गढ़
(C) रामसागर वन विहार	- धौलपुर
(D) सीतामाता	- प्रतापगढ़

(B) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- अपने समृद्ध वनस्पतियों और जीवों के लिए प्रसिद्ध शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य जुलाई, 1983 में बारां जिले में स्थापित की गई थी। इसके प्रमुख आकर्षणों में हिरण की प्रजातियाँ जैसे चिंकारा (भारतीय गजेल), सांभर, चीतल (चित्तीदार हिरण), बाघ, भालू, लकड़बग्घा और तेंदुए आदि शामिल हैं।

13. माही कंचन तथा आर सी बी 911 संकर किस्में हैं-

(A) क्रमशः मक्का तथा जौ की
(B) क्रमशः मक्का तथा चावल की
(C) क्रमशः मक्का तथा बाजरे की
(D) क्रमशः बाजरा तथा मक्का की
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- माही कंचन, माही धवल और मेघा मक्का की किस्में हैं जबकि आर सी बी 911 संकर, राजा 171, आर एच बी 30 बाजरे की किस्में हैं।
- राजस्थान राज्य में प्रमुख मक्का उत्पादक जिले भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा और बूंदी हैं।
- राजस्थान का बाजरे के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान (45.56%) है।

14. भारत की संविधान सभा के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिये-

(i) संविधान सभा का अंतिम अधिवेशन 24 जनवरी, 1950 को हुआ।
(ii) इस अंतिम अधिवेशन में डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के राष्ट्रपति पद हेतु विधिवत निर्वाचित घोषित किए गए।

(A) न तो (i) न ही (ii) सही है।
(B) (i) और (ii) दोनों सही हैं।
(C) केवल (ii) सही है।
(D) केवल (i) सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- कैबिनेट मिशन की योजना के अनुसार वर्ष 1946 में संविधान सभा का गठन किया गया। इस नवगठित संविधान सभा ने एक प्रारूप समिति बनाई जिसके अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर थे।
- संविधान सभा की प्रथम बैठक 9 दिसम्बर, 1946 को हुई जबकि इसकी अंतिम बैठक 24 जनवरी, 1950 को हुई।
- 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा के अंतिम अधिवेशन में संविधान सभा के द्वारा डॉ. राजेंद्र प्रसाद को भारत का प्रथम राष्ट्रपति चुना गया था।
- संविधान सभा में राजस्थान से 12 सदस्य थे।

15. भारत के संविधान की निम्नांकित में से कौनसी अनुसूची पहले संवैधानिक संशोधन द्वारा संविधान में जोड़ी गयी थी?

(A) छठी
(B) दसवीं
(C) नवीं
(D) सातवीं
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- वर्ष 1951 में संविधान के प्रथम संशोधन के द्वारा संविधान में नौवीं अनुसूची जोड़ी गई थी। नौवीं अनुसूची में केंद्र और राज्य कानूनों की एक ऐसी सूची शामिल होती है जिन्हें न्यायपालिका में चुनौती नहीं दी जा सकती।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

16. मेनका गांधी वाद, 1978 में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अनुच्छेद 21 के न्यायिक निवर्चन के संबंध में त्रुटिपूर्ण कथन को पहचानिए।

(A) यह भार याचिकाकर्ता पर है, कि वह सिद्ध करे कि जिस कानून की प्रक्रिया से उसे उसके जीवन या दैहिक स्वतंत्रता से वंचित किया गया है, वह स्वेच्छाचारी है।
(B) 'कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया' संयुक्त राज्य अमरीका में विद्यमान 'उचित प्रक्रिया' के मोटे तौर पर समर्थन है।
(C) अनुछेद 21, 19 व 14 परस्पर अनन्य नहीं हैं।
(D) 'जीवन का अधिकार' मे गरिमा के साथ जीने का अधिकार शामिल है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 कहता है कि "किसी भी व्यक्ति को विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अतिरिक्त उसके जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है"। वर्ष 1978 में, मेनका गांधी बनाम भारत संघ के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 के संरक्षण को विधायी कार्यवाही तक बढ़ाते हुए निर्णय दिया कि किसी प्रक्रिया को निर्धारित करने वाला कानून उचित, निष्पक्ष और तर्कसंगत होना चाहिये। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन का अर्थ मात्र एक जीव के अस्तित्व से कहीं अधिक है तथा मानवीय गरिमा के साथ जीना तथा वे सब पहलू जो जीवन को अर्थपूर्ण तथा जीने योग्य बनाते हैं, इसमें शामिल है।

17. नथमल जी की हवेली अवस्थित है:

(A) बाड़मेर
(B) बीकानेर
(C) जोधपुर
(D) जैसलमेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- नथमल जी की हवेली जैसलमेर में स्थित है। इसे जैसलमेर के प्रधानमंत्री नथमल ने बनवाया था।

18. राज्य सभा के संबंध में त्रुटिपूर्ण कथन को पहचानिए।

(A) डॉ. एस. राधाकृष्णन राज्य सभा के एकमात्र सभापति हैं, जो लगातार दो कार्यकाल इस पद पर रहे।
(B) प्रथम संविधान संशोधन के लिए राज्य सभा का अनुसमर्थन नहीं लिया गया था।
(C) वर्तमान में संघ राज्य क्षेत्रों से 8 सदस्य राज्य सभा में निर्वाचित होते हैं।
(D) तीन अवसरों पर राज्य सभा और लोक सभा की संयुक्त बैठक आयोजित हुई है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- भारत का उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है।
- डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 1952 से 1962 तक लगातार दो कार्यकाल तक भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। इस प्रकार वह ऐसे पहले व्यक्ति थे, जो लगातार दो कार्यकाल तक राज्यसभा के सभापति रहे।
- मोहम्मद हामिद अंसारी भारत के उपराष्ट्रपति तथा राज्य सभा के पदेन सभापति के रूप में लगातार दो कार्यकाल 2007 से 2017 तक कार्य किया था ।

19. अविश्वास प्रस्ताव के संबंध मे निम्नांकित में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(A) 15 अगस्त, 2023 तक 27 अविश्वास प्रस्ताव, 9 विश्वास प्रस्ताव रखे गए।
(B) लाल बहादुर शास्त्री ने अपने कार्यकाल में प्रतिवर्ष अधिकतम अविश्वास प्रस्तावों का सामना किया।
(C) जो सदस्य अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहता है, उसे उसकी सूचना लिखित में लोकसभा स्पीकर को देनी होती है।
(D) अविश्वास प्रस्ताव केवल लोक सभा में रखा जा सकता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(*)**

व्याख्या –

- उक्त प्रश्न RPSC द्वारा डिलीट कर दिया गया था।

20. निम्नलिखित सूची- I (निदेशक सिद्धांत) को सूची-II (अनुच्छेद) के साथ सुमेलित कीजिए।

सूची-I	सूची-II
A. समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता	I. अनुच्छेद 48
B. पर्यावरण की सुरक्षा	II. अनुच्छेद 39
C. काम करने का अधिकार	III. अनुच्छेद 41
D. स्मारकों का संरक्षण	IV. अनुच्छेद 49

सही विकल्प चुनें :

	A	B	C	D
(A)	I	III	IV	II
(B)	II	I	III	IV
(C)	III	I	IV	II
(D)	II	III	I	IV

(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता-	अनुच्छेद 39 A
पर्यावरण की सुरक्षा-	अनुच्छेद 48 A
काम करने का अधिकार-	अनुच्छेद 41
स्मारकों का संरक्षण-	अनुच्छेद 49

21. सूचना का अधिकार अधिनियम की निम्न में से कौन सी धारा केन्द्रीय सूचना आयोग के कार्य और शक्तियों से सम्बन्धित नहीं है?

(A) 25
(B) 19
(C) 18
(D) 12
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा-12 में केन्द्रीय सूचना आयोग के गठन तथा धारा-13 में सूचना आयुक्तों की पदावधि एवं सेवा शर्तें तथा धारा-14 में उन्हें पद से हटाने संबंधी प्रावधान किये गए हैं।
- सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अध्याय-3 में केन्द्रीय सूचना आयोग तथा अध्याय 4 में राज्य सूचना आयोग के गठन का प्रावधान है।

22. निम्नांकित में से किस आयोग ने अंतर-राज्य परिषद के स्थान पर अंतर-सरकारी परिषद स्थापित करने की अनुशंसा की थी?

(A) राजमन्नार आयोग
(B) पूंछी आयोग
(C) प्रशासनिक सुधार आयोग, 1969
(D) सरकारिया आयोग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- 1983 में भारत सरकार द्वारा आर.एस सरकारिया की अध्यक्षता में सरकारिया आयोग का गठन किया गया था। इस आयोग ने एक स्थायी अंतर-राज्य परिषद की स्थापना की वकालत की, जिसे "अंतर सरकारी परिषद" का नाम दिया गया था।
- सरकारिया आयोग के गठन एक प्रमुख उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच संबंधों की जांच करना था।

23. निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए।

(i) राजनीति शास्त्रियों द्वारा कही गई 'काँग्रेस प्रणाली' का वर्ष 1989 के लोकसभा चुनावों मे अंत हो गया।

(ii) वर्ष 1989 के लोक सभा चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस सबसे बड़ी अकेली पार्टी के रूप में उभरी।

(A) न तो (i) न (ii) सही है।
(B) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(C) केवल (i) सही है।
(D) केवल (ii) सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- 1960 के दशक में एक प्रमुख राजनीतिक सिद्धांतकार और कार्यकर्ता रजनी कोठारी द्वारा सर्वप्रथम "काँग्रेस प्रणाली" शब्द दिया गया था।
- वर्ष 1989 के लोकसभा चुनाव में काँग्रेस को 197 सीट हासिल हुई और जनता दल 143 सीटों के साथ दूसरे नंबर रही तथा श्री वी.पी सिंह बीजेपी और सीपीआई (M) की मदद से प्रधानमंत्री बने।

24. निम्नलिखित सूची-P (CAG) को सूची-R (अनुच्छेद) के साथ सुमेलित कीजिये।

A. CAG की नियुक्ति	I. अनुच्छेद 148
B. CAG के कर्त्तव्य और शक्तियाँ	II. अनुच्छेद 151
C. संघ के खातों का प्रपत्र	III. अनुच्छेद 149
D. ऑडिट रिपोर्ट	IV. अनुच्छेद 150

	A	B	C	D
(A)	I	III	IV	II
(B)	II	I	III	IV
(C)	III	I	IV	II
(D)	II	III	I	IV

(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- अनुच्छेद 148- यह CAG की नियुक्ति, शपथ और सेवा की शर्तों से संबंधित है।
- अनुच्छेद 149 – यह भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के कर्तव्यों और शक्तियों से संबंधित है।
- अनुच्छेद 150 - संघ और राज्यों के खातों का विवरण राष्ट्रपति के अनुसार (CAG की सलाह पर) रखना होगा।
- अनुच्छेद 151 – इसके अंतर्गत संघ के खातों से संबंधित CAG की रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी जाएगी, जो संसद के प्रत्येक सदन के पटल पर रखी जाएगी।

25. निम्न में से कौनसा कथन राजस्थान के मुख्यमंत्री के संबंध मे सही नहीं है?

(A) मोहनलाल सुखड़िया ने चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
(B) वर्ष 1975 के आपातकाल के समय मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी थे।
(C) बरकतुल्ला खां सबसे कम समय तक मुख्यमंत्री रहे।
(D) सी.एस. वेंकटाचारी निर्वाचित मुख्यमंत्री नहीं थे।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- हीरा लाल देवपुरा सबसे कम अवधि 23 फरवरी, 1985 से 10 मार्च, 1985 तक मात्र 16 दिन के कार्यकाल तक राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे थे।
- मोहनलाल सुखड़िया चार बार राजस्थान के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए। उनका कार्यकाल 13 नवम्बर, 1954 से 9 जुलाई, 1971 तक रहा।

26. राजस्थान की मंत्रिपरिषद की न्यूनतम सदस्य संख्या क्या हो सकती है?

(A) 12
(B) 10
(C) 8
(D) 5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- राजस्थान में मंत्रिपरिषद की न्यूनतम सदस्य संख्या 12 है। राजस्थान में मंत्रियों की अधिकतम संख्या 30 तक हो सकती है।
- 91वें संविधान संशोधन, 2003 के अनुसार मुख्यमंत्री सहित किसी राज्य में मंत्रियों की कुल संख्या उस राज्य की विधान सभा की कुल संख्या के 15% से अधिक नहीं होगी।

27. 2022 के राष्ट्रपति के निर्वाचन में राजस्थान विधान-सभा के प्रत्येक सदस्य का मत-मूल्य था-

(A) 149
(B) 132
(C) 129
(D) 116
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- राष्ट्रपति चुनाव में विधायकों की वोट का मूल्य वर्ष 1971 की जनगणना के आधार पर तय की गई है। राजस्थान के विधायक के वोट का मूल्य 129 है।
- वर्ष 1971 में राजस्थान की जनसंख्या 2,57,65,806 थी।

28. संविधान के अनुच्छेद 217 (A) के अनुसार, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति से भिन्न किसी न्यायधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति किसके परामर्श के उपरांत करेगा?

(A) राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति, भारत के महान्यायवादी तथा राजस्थान के राज्यपाल ।
(B) राजस्थान के राज्यपाल, भारत के मुख्य न्यायमूर्ति तथा राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति।
(C) संघ के कानून एवं न्याय मंत्री तथा राजस्थान के राज्यपाल।
(D) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति तथा राजस्थान के राज्यपाल।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- संविधान का अनुच्छेद 217 के अनुसार उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI), राज्य के राज्यपाल के परामर्श से की जाएगी। जबकि मुख्य न्यायाधीश के अलावा किसी अन्य न्यायाधीश की नियुक्ति के मामले में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से भी परामर्श किया जाता है।

29. निम्न में से किसकी सिफारिश पर राजस्थान में राजप्रमुख के पद को समाप्त कर राज्यपाल की व्यवस्था की गयी?

(A) राज्य विधान सभा
(B) संविधान सभा
(C) राज्य पुनर्गठन आयोग
(D) राज्य प्रशासनिक सुधार आयोग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश पर राजस्थान में राजप्रमुख के पद को समाप्त कर राज्यपाल की व्यवस्था की गयी।
- राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना फजल अली की अध्यक्षता में दिसंबर, 1953 में की गई थी।

30. निम्नांकित में से कौनसा एक राजस्थान अर्बन ड्रिंकिंग वॉटर सिवरेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड का हिस्सा नहीं है।

(A) राजस्थान अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड।
(B) राजस्थान आवास विकास इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड।
(C) राजस्थान हाउसिंग बोर्ड।
(D) राजस्थान अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट ।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- 19 नवम्बर, 2015 को राजस्थान शहरी पेयजल, सीवरेज और इंफ्रास्टक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RUDSICO) की स्थापना हुई थी। यह भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं के लिए राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी (SLNA) है।
- राजस्थान हाउसिंग बोर्ड 1970 में राजस्थान राज्य सरकार द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र संगठन है। यह राज्य में हाउसिंग संबंधी जरूरतों को पूरा करता है।

31. किस संशोधन अधिनियम द्वारा 'ग्राम सेवक' को 'ग्राम विकास अधिकारी' से प्रतिस्थापित किया गया है?

(A) राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2015
(B) राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2017
(C) राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2019
(D) राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2021
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2021 द्वारा 'ग्राम सेवक' को 'ग्राम विकास अधिकारी' से प्रतिस्थापित किया गया है।
- इस संशोधन के द्वारा कहा गया है कि 'ग्राम विकास अधिकारी' की अभिव्यक्ति मौजूदा अभिव्यक्ति 'ग्राम-स्तरीय कार्यकर्ता / ग्राम सेवक' के लिए प्रतिस्थापित की जाएगी।

32. राजस्थान लोक सेवा आयोग के संबंध मे निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

(i) आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य राजस्थान के राज्यपाल द्वारा नियुक्त होते हैं।
(ii) आयोग के अध्यक्ष या कोई अन्य सदस्य केवल राष्ट्रपति की आज्ञा से अपने पद से हटाये जा सकते हैं।

(A) न तो (i) न ही (ii) सही है।
(B) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(C) केवल (ii) सही है।
(D) केवल (i) सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों को राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया जाता है लेकिन उन्हें केवल राष्ट्रपति द्वारा ही अपने पद से हटाया जा सकता है।
- संविधान के भाग-XIV में अनुच्छेद 315 से 323 तक राज्य लोक सेवा आयोग की शक्तियों, सदस्यों की नियुक्ति और उनकी बर्खास्तगी से संबंधित उपबंध है।

33. तहसीलदार की नियुक्ति होती है-

(A) संघ लोक सेवा आयोग द्वारा।
(B) कर्मचारी चयन आयोग द्वारा।
(C) राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा।
(D) राजस्व मण्डल द्वारा।
(E) अनुत्तरित प्रश्न। **(d)**

व्याख्या –

- तहसीलदार तहसील के सभी भूमि और राजस्व रिकॉर्ड को बनाए रखने तथा उसकी देखभाल करने के लिए जिम्मेदार होता है।
- तहसीलदार की नियुक्ति राजस्व मंडल द्वारा होती है।
- राजस्थान में तहसीलदार के पद हेतु योग्य उम्मीदवारों का चयन राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) के द्वारा किया जाता है।

34. 2014 में नरपत मल लोढ़ा की अध्यक्षता में गठित समिति निम्न में से किस विषय से संबंधित है?

(A) पंचायती राज
(B) मानवाधिकार
(C) राज्यपाल
(D) लोकायुक्त
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- 2014 में महाधिवक्ता श्री नरपत मल लोढ़ा की अध्यक्षता में गठित समिति लोकायुक्त विषय से संबंधित है।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 1973 में बने लोकायुक्त अधिनियम में समय की मांग के अनुरूप प्रभावी संशोधनों की आवश्यकता महसूस की गयी व इसके लिए राजस्थान सरकार द्वारा 28 फरवरी, 2014 को मौजूदा लोकायुक्त अधिनियम के प्रावधानों को संशोधित कर अधिनियम को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया था।

35. राजस्थान राज्य के निर्वाचन आयोग के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिये :

(i) भारत के संविधान के अनुछेद 243 ट के अधीन जुलाई, 1994 में इसका गठन किया गया।
(ii) राज्य निर्वाचन आयुक्त के प्रधानत्व में यह एक सदस्यीय आयोग है।

(A) न तो (i) न ही (ii) सही है।
(B) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(C) केवल (ii) सही है।
(D) केवल (i) सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग का गठन जुलाई,1994 में भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 ट (243K) के तहत किया गया था। यह एक एकल सदस्यीय आयोग है जिसका नेतृत्व राज्य चुनाव आयुक्त करते हैं।
- राज्य निर्वाचन आयोग मतदाता सूची तैयार करने और पंचायती राज संस्थाओं के साथ-साथ नगर निकायों के लिए चुनाव सम्पन्न कराता है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

36. अप्रैल, 2023 में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान राज्य सूचना आयोग की एक पीठ की स्थापना किस शहर में किया जाना स्वीकृत किया गया है?

(A) अजमेर में
(B) कोटा में
(C) जोधपुर में
(D) उदयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- अप्रैल, 2023 में राजस्थान सरकार द्वारा जोधपुर में राजस्थान राज्य सूचना आयोग की एक पीठ स्थापित करने को मंजूरी दी थी।
- यह राजस्थान में सूचना के अधिकार के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करेगी।
- राजस्थान सरकार के बजट 2023–24 की घोषणा के अनुरूप की गई थी।

37. निम्नांकित में से किस योजना का संबंध इस नारे से है- "कोई भूखा न सोये " ?

(A) बालगोपाल योजना
(B) इंदिरा गांधी रोजगार गारंटी योजना
(C) अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना
(D) इंदिरा रसोई योजना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- 2015 में मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की सरकार ने अन्नपूर्णा योजना शुरू की थी, जिसका 20 अगस्त, 2020 को तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नाम बदलकर इन्दिरा रसोई योजना कर दिया था। अशोक गहलोत की सरकार में इस योजना का नारा "कोई भूखा न सोये" था।
- 6 जनवरी, 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल की सरकार ने इन्दिरा रसोई योजना का नाम बदलकर फिर से अन्नपूर्णा रसोई योजना कर दिया है। श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना में प्रति थाली की कुल लागत 30 रुपए रहेगी। इसमें सरकारी अनुदान 22 रुपए रहेगा। लाभार्थी का अंशदान पहले की तरह 8 रुपए प्रति थाली ही रहेगा।

38. राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिये-

(i) मानव अधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रावधानानुसार आयोग में एक अध्यक्ष एवं चार सदस्य हैं।
(ii) वर्तमान में न्यायमूर्ति गोपाल कृष्ण व्यास इसके अध्यक्ष है।

(A) न तो (i) न ही (ii) सही है।
(B) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(C) केवल (ii) सही है।
(D) केवल (i) सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- मानवाधिकार संरक्षण (संशोधित) अधिनियम, 2006 के अनुसार राज्य मानव अधिकार आयोग में एक अध्यक्ष तथा दो सदस्य का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में श्री गंगा राम मूलचंदानी राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष हैं।

39. निम्न लिखित में से कौनसा समीकरण सकल राजकोषीय घाटे के सूत्र को दर्शाता है?

(A) सकल राजकोषीय घाटा = प्राथमिक घटा + विदेशों से प्राप्त शुद्ध उधार।
(B) सकल राजकोषीय घाटा = कुल व्यय – राजस्व प्राप्तियाँ।
(C) सकल राजकोषीय घाटा = राजस्व घाटा + पूंजी व्यय।
(D) सकल राजकोषीय घाटा = शुद्ध घरेलू उधार + आर. बी. आई. से उधार + विदेशी उधार।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- सकल राजकोषीय घाटा राजस्व प्राप्तियों (बाह्य अनुदान सहित) और गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियों पर वसूली के शुद्ध ऋण सहित कुल व्यय का आधिक्य है।
- कुल राजकोषीय घाटा = शुद्ध घरेलू उधार + आर. बी. आई. से उधार + विदेशी उधार।
- शुद्ध राजकोषीय घाटा = सकल राजकोषीय घाटा - केंद्र सरकार के शुद्ध उधार है।

40. निम्नांकित में से कौनसी वस्तु लोक वस्तु (पब्लिक गुड्स) नहीं है?

(A) सरकारी प्रशासन
(B) राष्ट्रीय सुरक्षा
(C) कारें
(D) सड़कें
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- सार्वजनिक वस्तु वह वस्तु या सेवा है जिसका उपयोग समाज का हर सदस्य बिना किसी अन्य के लिए इसकी उपलब्धता को कम किए कर सकता है। आम तौर पर, सार्वजनिक वस्तु सरकार द्वारा प्रदान की जाती है और करों के माध्यम से वित्तपोषित की जाती है। सार्वजनिक वस्तु के उदाहरणों में शहर की सड़क, पार्क या स्कूल शामिल हैं।
- कारें प्राइवेट वस्तु हैं यह पब्लिक गुड्स नहीं हैं।

41. मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्न कथन पर ध्यान दीजिये-

कथन (A): हैडलाइन मुद्रास्फीति उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में परिवर्तन की दर को संदर्भित करती है जो एक विशिष्ट परिवार द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की एक मानक टोकरी की औसत कीमत का माप है।

कथन (B) : कोर मुद्रास्फीति उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से अस्थिर मूल्य वाली कुछ वस्तुओं जैसे खाद्य और ईंधन को बाहर करने के बाद औसत उपभोक्ता कीमतों में बदलाव को मापती है।

इन कथनों में से-

(A) कथन (A) और (B) दोनों ही सही नहीं है।
(B) कथन (A) और (B) दोनों सही हैं।
(C) केवल कथन (B) सही है।
(D) केवल कथन (A) सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- हैडलाइन मुद्रास्फीति, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सी.पी.आई) के आधार पर तैयार किया जाता है। यह मुद्रास्फीति का कच्चा आँकड़ा होता है। इसमें खाद्य एवं ईंधन की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को भी शामिल किया जाता है।
- कोर मुद्रास्फीति में खाद्य एवं ईंधन की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को शामिल नहीं किया जाता है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

42. इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिये :

(i) यह शहरी इलाकों में निवास करने वाले परिवारों को 125 दिवस प्रति वर्ष रोजगार की गारंटी देता है।

(ii) पंजीकरण के बाद, पात्र अभ्यर्थी को 30 दिवसों में रोजगार उपलब्ध करवाया जाता है।

(A) न तो (i) न ही (ii) सही है।
(B) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(C) केवल (ii) सही है।
(D) केवल (i) सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत राजस्थान सरकार द्वारा 125 दिन प्रतिवर्ष का रोजगार दिया जाता है। इसके तहत पंजीकरण के उपरांत पात्र अभ्यर्थी को 15 दिवसों में रोजगार उपलब्ध करवाया जाता है।

43. निम्न में से कौन-सा उपाय चयनात्मक साख नियंत्रण के संबंध में सही विकल्प नहीं है?

(A) उधार सीमा (मार्जिन) में परिवर्तन
(B) सरकारी प्रतिभूतियों को बेचना
(C) साख राशनिंग
(D) नैतिक दबाव
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- सरकारी प्रतिभूतियों को बेचना चयनात्मक साख नियंत्रण का सही तरीका नहीं है।
- चयनात्मक साख नियन्त्रण के अन्तर्गत केन्द्रीय बैंक उन क्षेत्रों में उदार साख नीति अपनाता है, जहाँ साख विस्तार करने की आवश्यकता है तथा जहाँ साख का संकुचन करने की आवश्यकता होती है।

44. औषधि क्षेत्र के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(A) भारत वैक्सीन निर्माण में वैश्विक उत्पादन में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है।
(B) भारत वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है।
(C) औषधीय उत्पादों के उत्पादन में मूल्य के हिसाब से भारत दुनिया में 14वें स्थान पर है।
(D) औषधीय उत्पादों के उत्पादन मे मात्रा के आधार पर भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- भारत वैक्सीन निर्माण में वैश्विक उत्पादन में केवल 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है न कि 80 प्रतिशत ।
- भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा दवा उत्पादक है।
- भारत वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है। इसलिए भारत को 'वैश्विक दवाखाना' (Pharmacy to the world) के रूप में जाना जाता है।

45. वैश्विक खुशहाली सूचकांक 2023 में भारत किस क्रम पर है?

(A) 115
(B) 118
(C) 126
(D) 136
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा प्रतिवर्ष वैश्विक खुशहाली सूचकांक जारी किया जाता है। यह खुशी और कल्याण में योगदान देने वाले विभिन्न कारकों के आधार पर विभिन्न देशों की रेंकिंग करता है।
- 2023 के वैश्विक खुशहाली सूचकांक में भारत की रैंक 126 रही।

46. ऑटोमोबाइल क्षेत्र के बारे में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(A) वर्ष 2021 के अंत में इस क्षेत्र ने 5.3 करोड़ का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन किया।
(B) यह क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.1 प्रतिशत योगदान देता है।
(C) वर्ष 2021 में भारत यात्री कारों का दुनिया का चौथा सबसे बड़ा निर्माता था।
(D) वर्ष 2021 में भारत दोपहिया और तिपहिया वाहनों का दुनिया में सबसे बड़ा निर्माता था।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- वर्ष 2021 के अंत में ऑटोमोबाइल क्षेत्र ने 1.9 करोड़ का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन किया था।

47. निम्नांकित में से कौन राजकोषीय नीति का उपकरण नहीं है?

(A) सार्वजनिक व्यय
(B) ब्याज दर
(C) हीनार्थ प्रबंधन
(D) करारोपण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- राजकोषीय नीति सरकार के राजस्व संग्रह मुख्य रूप से करों पर भी गैर-कर राजस्व जैसे विभाजन, ऋण और व्यय का उपयोग अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने के लिए होता है।
- ब्याज दर किसी देश की राजकोषीय नीति का हिस्सा नहीं होती है।

48. वर्ष 2022-23 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, सांकेतिक अथवा प्रचलित मूल्यों पर भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कितना प्रतिशत भाग राजस्थान के सकल राज्य घरेलू उत्पाद के होने का अनुमान है?

(A) 6.54 प्रतिशत
(B) 5.18 प्रतिशत
(C) 4.86 प्रतिशत
(D) 3.78 प्रतिशत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- वर्ष 2022-23 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, सांकेतिक अथवा प्रचलित मूल्यों पर भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 5.18 प्रतिशत भाग राजस्थान के सकल राज्य घरेलू उत्पाद के होने का अनुमान है।
- भारत की GDP में योगदान के संदर्भ में राजस्थान 7वें स्थान पर है।

49. राजस्थान में अटल भू-जल योजना के लिए निम्न में से कौन सा/ से कथन सही है/हैं?

(i) अटल भूजल योजना भारत सरकार की आर्थिक सहायता से राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही है।

(ii) इस योजना का फोकस भू-जल प्रबंधन में सुधार करना और इसके गिरते स्तर को रोकना है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(A) न तो (i) न ही (ii)
(B) केवल (ii) सही है।
(C) केवल (i) सही है।
(D) (i) और (ii) दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- 1 अप्रैल, 2020 से अटल भू-जल योजना प्रारम्भ की गई। इसका उद्देश्य भू-जल प्रबन्धन में सुधार करना और इसके गिरते स्तर को रोकना है। यह योजना राजस्थान के 17 जिलों में चलाई जा रही है।
- अटल भू-जल योजना का वित्त पोषण भारत सरकार और विश्व बैंक के सहयोग से किया जा रहा है।

50. राजस्थान की मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना के बारे में निम्न में से कौनसा तथ्य सही नहीं है?

(A) इस योजना में लघु क्षेत्र के उद्यमियों को 15 करोड़ तक के ऋणों पर 4 प्रतिशत का ब्याज अनुदान दिया जा रहा है।
(B) इस योजना में लघु क्षेत्र के उद्यमियों को 10 करोड़ तक के ऋणों पर 5 प्रतिशत का ब्याज अनुदान दिया जा रहा है।
(C) इस योजना में लघु क्षेत्र के उद्यमियों को 5 करोड़ तक के ऋणों पर 6 प्रतिशत का ब्याज अनुदान दिया जा रहा है।
(D) इस योजना में लघु क्षेत्र के उद्यमियों को 25 लाख तक के ऋणों पर 8 प्रतिशत का ब्याज अनुदान दिया जा रहा है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- दिसम्बर, 2019 से राजस्थान में मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना लागू की गई। इस योजना में 10 करोड़ तक के ऋण पर 5%, रु. 5 करोड़ तक के ऋण पर 6% तथा रु. 25 लाख तक के ऋण पर 8% ब्याज अनुदान दिया जा रहा है।

51. वर्ष 2022-23 में राजस्थान के सेवा क्षेत्र के प्रचलित मूल्यों पर सकल राज्य मूल्य वर्धन (GSVA) में किस उपक्षेत्र का योगदान सर्वाधिक रहा?

(A) परिवहन, भंडारण एवं संचार
(B) व्यापार, होटल एवं जलपान गृह
(C) स्थावर सम्पदा, आवासीय ग्रहों का स्वामित्व एवं पेशेवर सेवाएँ
(D) वित्तीय सेवाएँ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- वर्ष 2022-23 में राजस्थान के सेवा क्षेत्र के प्रचलित मूल्यों पर सकल राज्य मूल्य वर्धन (GSVA) में सेवा क्षेत्र के उपक्षेत्र व्यापार, होटल एवं जलपान गृह का योगदान 27.69 प्रतिशत रहा जोकि सर्वाधिक है जबकि इसमें सेवा क्षेत्र का कुल योगदान 43.74 प्रतिशत रहा।

52. गत वर्ष की तुलना में वर्ष 2022-23 में राजस्थान के सकल राज्य मूल्य वर्धन GSVA (स्थिर 2011-12 बुनियादी मूल्यों पर) में किसके योगदान में सर्वाधिक वृद्धि होने का अनुमान है?

(A) इनमें से कोई नहीं
(B) सेवा क्षेत्र
(C) उद्योग क्षेत्र
(D) कृषि क्षेत्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- वर्ष 2022-23 में, राजस्थान में स्थिर मूल्य पर वास्तविक सकल राज्य मूल्य वर्धित (GSVA) में सेवा क्षेत्र में सबसे अधिक वृद्धि होने का अनुमान है।
- सेवा क्षेत्र राजस्थान की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदानकर्ता बना हुआ है, जो GSVA का लगभग 2011-12 में 38.75 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 43.74 प्रतिशत है।

53. राजस्थान राज्य राजमार्ग विकास कार्यक्रम-II परियोजना के अंतर्गत 801 किमी. लंबाई के 11 राजमार्गों का उन्नयन किस एजेंसी द्वारा वित्त पोषित है?

(A) नाबार्ड
(B) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(C) विश्व बैंक
(D) एशियन विकास बैंक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- भारत सरकार, राजस्थान सरकार और विश्व बैंक ने राजस्थान राजमार्ग विकास कार्यक्रम-II परियोजना के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौता किया है।
- विश्व बैंक से सहायता प्राप्त इस परियोजना से राज्य के 801 किलोमीटर लंबे 11 राजमार्गों का उन्नयन किया जाएगा।

54. राजस्थान में किस एजेंसी को पी.एम. कुसुम योजना (कम्पोनेंट A) के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी गयी है, जिसमें 0.5 मेगावाट से 2 मेगावाट क्षमता तक के सौर ऊर्जा सयंत्र स्थापित किए जाने हैं?

(A) ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशीयंसी
(B) राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड
(C) राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
(D) राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- 1 अप्रैल, 2023 से पी.एम. कुसुम योजना (कम्पोनेंट - A) किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान के तहत राज्य में प्रथम सौर ऊर्जा संयंत्र कोटपूतली-बहरोड़ जिले के भालोजी में शुरू की गई। इस 0.5 से 2 MW संयंत्र हेतु राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड नोडल एजेंसी है।

55. राजस्थान में ऊर्जा संरक्षण दिवस कब मनाया जाता है?

(A) 14 दिसम्बर
(B) 5 जून
(C) 22 अप्रैल
(D) 21 मार्च
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा प्रत्येक वर्ष 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है।
- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा इस दिवस का आयोजन ऊर्जा दक्षता और संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है।

56. राजस्थान सरकार ने राजस्थान राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम को किस वर्ष अधिनियमित किया?

(A) 2008
(B) 2005
(C) 2003
(D) 2001
(E) अनुत्तरित प्रश्न

(b)

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- मई, 2005 में राजस्थान सरकार ने 12 वें वित्त आयोग की सिफारिशों की अनुपालना में राजस्थान राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम को अधिनियमित किया था। यह अधिनियम राजस्व घाटे में उत्तरोत्तर कमी, राजवित्तीय स्थिरता में संगत, विवेकपूर्ण ऋण प्रबंधन, सरकार की वित्तीय संक्रियाओं में और पारदर्शिता तथा मध्यमकालिक राजवित्तीय रूपरेखा में राजवित्तीय नीति का संचालन करके राजवित्तीय प्रबंधन और राजवित्तीय स्थिरता को सुनिश्चित करने का और उससे संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया था।
- राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम, 2003 को अगस्त 2003 में संसद द्वारा अधिनियमित किया गया था।

57. निम्न में से किस योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा उनके नन्हें शिशुओं (0 से 6 माह) के स्वस्थ एवं पोषण की स्थिति में सुधार करने के लिए गर्भावस्था, सुरक्षित प्रसव और स्तनपान की अवधि के दौरान उपयुक्त पद्धतियों, देख रेख एवं सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देना है?

(A) प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
(B) इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना
(C) मिशन वात्सल्य योजना
(D) पालनहार योजना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा उनके नन्हें शिशुओं (0 से 6 माह) के स्वस्थ एवं पोषण की स्थिति में सुधार करने के लिए गर्भावस्था, सुरक्षित प्रसव और स्तनपान की अवधि के दौरान उपयुक्त पद्धतियों, देख रेख एवं सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देना है।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अनुसरण में देश के सभी जिलों में 01 जनवरी, 2017 से मातृत्व लाभ कार्यक्रम लागू हो गया है। इस कार्यक्रम का नाम प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' रखा गया है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य संबंधी विशिष्ट शर्तों की पूर्ति पर परिवार में पहले जीवित बच्चे के लिए गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के खाते में सीधे 5,000/- रुपये की नकद राशि प्रोत्साहन स्वरुप प्रदान की जाती है।

58. निम्नांकित में से कौन-सा विकल्प इंदिरा महिला शक्ति उड़ान योजना का एक प्रमुख उद्देश्य बताता है?

(A) महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाना।
(B) मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन।
(C) महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देना।
(D) बालिकाओं की शिक्षा की स्थिति में सुधार।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- राज्य सरकार द्वारा इंदिरा महिला शक्ति उड़ान योजना के तहत राज्य की 11 से 45 वर्ष आयु की महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराए जाते हैं। इस योजना के तहत प्रतिमाह 12 सेनेटरी नैपकिन निःशुल्क वितरित किए जाते हैं।

59. निम्नलिखित में से कौनसी एक स्वापक पीड़ाहारी (नारकोटिक ऐनेलजेसिक) औषधि है?

(A) मॉर्फीन
(B) आर्सफेनेमीन
(C) ऐस्पिरिन
(D) पैरासिटामॉल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- मॉर्फीन का प्रयोग पीड़ाहाड़ी के रूप में किया जाता है। यह एक ऐल्केलॉइड है। सरटर्नर द्वारा सन् 1806 में इस ऐल्केलाइड का पृथक्करण अफीम से हुआ था।

60. निकट दृष्टि दोष (मायोपिया) एवं दूर दृष्टि दोष (हाइपर मेट्रोपिया) को ठीक किया जा सकता है क्रमशः

(A) समतल अवतल एवं बेलनीय लेंस द्वारा
(B) उत्तल एवं अवतल लेंस द्वारा
(C) अवतल एवं उत्तल लेंस द्वारा
(D) अवतल एवं बेलनीय लेंस द्वारा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- हाइपरमेट्रोपिया में पास की वस्तुएं धुंधली दिखाई देती हैं जबकि मायोपिया में दूर की वस्तुएं धुंधली दिखाई देती हैं।
- हाइपरमेट्रोपिया के इलाज हेतु पॉजिटिव पॉवर के उत्तल लेंस का इस्तेमाल किया जाता है।
- मायोपिया के इलाज हेतु निगेटिव पॉवर के अवतल लेंस का इस्तेमाल किया जाता है।

61. निम्नलिखित में से कौन-सी योजना ग्रामीण क्षेत्रों को सामाजिक, आर्थिक और भौतिक रूप से टिकाऊ क्षेत्र बनाने का प्रयास है?

(A) श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन
(B) महात्मा गांधी जन भागीदारी विकास योजना
(C) डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम
(D) संसद आदर्श ग्राम योजना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन (SPMRM) ग्रामीण समूहों को विकसित करने पर केंद्रित है।
- वर्ष 2016 में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू की गई एकीकृत परियोजना आधारित बुनियादी अवसंरचना को वितरित करने हेतु एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें आर्थिक गतिविधियों का विकास और कौशल विकास भी शामिल है।

62. डिजिटल जानकारी के लिए माप की निम्नलिखित इकाइयों को सही क्रम मे व्यवस्थित करें, सबसे पहले सबसे छोटी इकाई से शुरू करके सबसे बड़ी इकाई तक जाएँ।

a. किलोबाइट
b. बाइट
c. मेगाबाइट
d. टेराबाइट
e. गीगाबाइट
f. बिट

(A) bfadce
(B) fbaced
(C) fbadec
(D) bfacde
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- डिजिटल जानकारी के लिए माप की इकाइयों का सही क्रम है- बिट - बाइट - किलोबाइट - मेगाबाइट - गीगाबाइट – टेराबाइट।
- 1024 बाइट 1 किलोबाइट बनाते हैं। 1024 किलोबाइट 1 मेगाबाइट बनाते हैं। 1024 मेगाबाइट 1 गीगाबाइट बनाते हैं। 1024 गीगाबाइट 1 टेराबाइट बनाते हैं।

63. 23 अगस्त, 2023 के LCA (हल्के लड़ाकू विमान) तेजस से ASTRA (अस्त्र) मिसाइल को सफलतापूर्ण परीक्षण किया गया है, यह मिसाइल है-

(A) दृश्य सीमा से परे सतह से हवा मे मार करने वाली मिसाइल
(B) दृश्य सीमा से परे (बियोंड विजुअल रेंज) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल
(C) दृश्य सीमा के भीतर (विथइन विजुअल रेंज) हवा से हवा मे मार करने वाली मिसाइल
(D) दृश्य सीमा के भीतर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- अस्त्र (ASTRA) दृश्य सीमा से परे हवा से हवा में मार करने बाली मिसाइल है। इसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है।
- तेजस एक सिंगल इंजन वाला मल्टीपरपज फाइटर प्लेन है। इसे वायु रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

64. श्रीहरीकोटा से अप्रैल 23 में उपग्रह टेलीओस-2 (TELEOS-2) तथा ल्युमलाइट-4 (LUMELITE-4) को प्रमोचित जिस लॉन्चर से किया गया वह है-

(A) SSLV - D2 (एस.एस.एल.वी डी 2)
(B) LMV3 - M4 (एल.वी.एम 3 एम 4)
(C) PSLV-C55 (पी.एस.एल.वी सी 55)
(D) GSLV-F12 (जी.एस.एल.वी एफ 12)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- श्रीहरीकोटा से अप्रैल, 23 में उपग्रह टेलीओस-2 (TELEOS-2) तथा ल्युमलाइट-4 (LUMELITE-4) को PSLV-C55 लॉन्चर से सफलतापूर्वक प्रमोचित किया गया।
- TELEOS-2 में एक सिंथेटिक अपर्चर रडार (SAR) पेलोड है। यह 1m पूर्ण-ध्रुवीयमितीय रिजॉल्यूशन (full-polarimetric resolution) पर इमेजिंग में सक्षम है।
- LUMILITE-4: एक उन्नत 12U उपग्रह है। इसे उच्च-प्रदर्शन अंतरिक्ष-जनित VHF डेटा एक्सचेंज सिस्टम (VDES) के तकनीकी प्रदर्शन के लिये विकसित किया गया है।

65. यदि किसी पदार्थ की एक विमा को नैनो रेंज तक घटा दिया गया हो जबकि अन्य दो विमाएँ वहीं बनी रहती हैं, तो प्राप्त संरचना कहलाती है-

(A) क्वान्टम स्टेप
(B) क्वान्टम वैल
(C) क्वान्टम डॉट
(C) क्वान्टम वायर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- क्वांटम वैल की अवधारणा वर्ष 1963 में स्वतंत्र रूप से हर्बर्ट क्रोमर, तोरेस अल्फेरोव तथा आरएफ काज़ारिनोव द्वारा प्रस्तावित की गई थी।
- क्वांटम वेल संरचना में, इलेक्ट्रॉन दो दिशाओं (2D) में स्वतंत्र रूप से घूम सकते हैं और केवल एक दिशा में सीमित रह सकते हैं। सेमीकंडक्टर क्वांटम वेल का उपयोग अक्सर लेजर डायोड के सक्रिय क्षेत्रों में किया जाता है, जहां वे उच्च बैंडगैप ऊर्जा के साथ दो व्यापक परतों के बीच सैंडविच होते हैं। ये क्लैडिंग परतें एक वेवगाइड के रूप में कार्य करती हैं, जबकि इलेक्ट्रॉनों और छिद्रों को क्वांटम वेल द्वारा कुशलतापूर्वक पकड़ लिया जाता है, यदि बैंडगैप ऊर्जा में अंतर पर्याप्त रूप से बड़ा है।

66. निम्नलिखित में से कौन-सा फाइल प्रारूप विडियो फाइल प्रारूप नहीं है ?

(A) .MP3
(B) .MP4
(C) .MOV
(D) .AVI
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- वीडियो फ़ाइल प्रारूप कंप्यूटर या अन्य डिवाइस पर वीडियो डेटा संग्रहीत करने के लिए एक संरचना है।.MP4, .MOV तथा .AVI विडियो फाइल प्रारूप है। जबकि .MP3 एक ओडियो फ़ाइल प्रारूप है।

67. प्रोटीन के संदर्भ में गलत कथन चुनिये।

(A) हम प्रोटीन जन्तु तथा पादप दोनों स्त्रोत से प्राप्त करते हैं।
(B) प्रोटीन अमीनो अम्ल से बने होते हैं।
(C) हमारे शरीर के वजन का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा प्रोटीन का होता है।
(D) प्रोटीन हमारे शरीर के रचक खंड (बिल्डिंग ब्लॉक) कहलाते हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- एक स्वस्थ व्यक्ति का शरीर लगभग 62% जल, 16% वसा, 16% प्रोटीन, 6% खनिज, 1% से भी कम कार्बोहाइड्रेट और बहुत कम मात्रा में विटामिन और अन्य तत्वों से बना होता है।

प्रोटीन अमीनो अम्ल से बने होते हैं। हम प्रोटीन जन्तु तथा पादप दोनों स्त्रोत से प्राप्त करते हैं। प्रोटीन हमारे शरीर के रचक खंड (बिल्डिंग ब्लॉक) कहलाते हैं।

68. ब्लडग्रुप (रक्त समूह) 'O' वाले व्यक्ति की लाल रक्त कोशिकाओं में निहित समूहजन (एग्लूटीनोजन) है?

(A) A तथा B दोनों
(B) केवल B
(C) न तो A न ही B
(D) केवल A
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- एग्लूटीनोजन लाल रक्त कोशिकाओं की सतह पर स्थित ग्लाइकोप्रोटीन है।
- लाल रक्त कोशिकाओं की सतह पर कोई एग्लूटीनोजन (एंटीजन) नहीं होता है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

69. निम्न रोग में से कौनसा रोग जीवाण्वीय रोग नहीं है?
(A) डिफ्थीरिया
(B) प्लेग
(C) न्युमोनिया
(D) डेंगू
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- डेंगू एक वायरल संक्रमण है, जो डेंगू वायरस (DENV) के कारण होता है। यह संक्रमित मच्छरों के काटने से मनुष्यों में फैलता है। डेंगू दुनिया भर में उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में पाया जाता है।

70. प्लास्मोडियम की प्रजाति जो घातक मलेरिया का कारण बनती है?
(A) विवैक्स
(B) फाल्सीपेरम
(C) ओवेल
(D) मैलेरियेल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –
- प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम घातक मलेरिया का कारण बनती है।
- मलेरिया लाल रक्त कोशिकाओं का संक्रमण है। यह एक प्रोटोज़ोआ संक्रमण है, जो संक्रमित मादा मच्छर के काटने से फैलता है। प्लाज़्मोडियम विवैक्स और प्लाज़्मोडियम फाल्सीपेरम मलेरिया के सबसे आम प्रकार हैं। सबसे अधिक मौतें प्लाज़्मोडियम फाल्सीपेरम के कारण होती हैं।
- प्लाज़्मोडियम विवैक्स और प्लाज़्मोडियम ओवल लिवर में एक निष्क्रिय रूप (हिप्नोज़ोइट) में रह सकते हैं जो समय-समय पर परिपक्व परजीवी को रक्तप्रवाह में छोड़ता है।
- प्लाज़्मोडियम नोलेसी, जो मुख्य रूप से बंदरों को संक्रमित करता है, मनुष्यों में भी मलेरिया का कारण बनता है। यह ज़्यादातर उन पुरुषों में होता है जो मलेशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के अन्य क्षेत्रों के वन क्षेत्रों के करीब रहते हैं।

71. एन.टी.यू (NTU) मापने की इकाई है-
(A) पानी का दाब
(B) जल का तापमान
(C) जल की अम्लता
(D) जल की आविलता (टर्बिडिटी)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- एनटीयू का मतलब नेफेलोमेट्रिक टर्बिडिटी यूनिट है। यह किसी तरल पदार्थ की टर्बिडिटी या पानी में निलंबित कणों की उपस्थिति को मापने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इकाई है।
- पानी में निलंबित ठोस पदार्थों की सांद्रता जितनी अधिक होगी, वह उतना ही गंदा दिखाई देगा और उसकी टर्बिडिटी भी उतनी ही अधिक होगी।
- एनटीयू इकाइयों का सबसे अधिक उपयोग शुद्धिकरण संयंत्रों द्वारा किया जाता है।

72. निम्नलिखित में से कौन प्रदूषित जगह में नहीं उगता है?
(A) स्यूडोमोनास
(B) शैवाल
(C) लाइकेन
(D) जिम्नोस्पर्म
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –
- लाइकेन (Lichen) निम्न श्रेणी की ऐसी छोटी वनस्पतियों का एक समूह है।
- लाइकेन एक एकल जीव नहीं है; यह कवक और शैवाल या सायनोबैक्टीरिया के बीच एक स्थिर सहजीवी संबंध है, जो विभिन्न प्रकार के आधारों पर उगे हुए पाए जाते हैं। ये वायु की स्वच्छता के संकेतक होते हैं। केवल स्वच्छ वायु में ही लाइकेन की प्रचुर वृद्धि हो पाती है।

73. राजीव गांधी जैव-प्रौद्योगिकी केंद्र कहाँ स्थित है?
(A) तिरुवंनतपुरम
(B) फरीदाबाद
(C) जोधपुर
(D) नई दिल्ली
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –
- तिरुवंनतपुरम में स्थित राजीव गांधी जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (आरजीसीबी) जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त राष्ट्रीय संस्थान है। इसे वर्ष 1990 में स्थापित किया गया था।

74. पृथ्वी के वायुमंडल में मौजूद कुल ऑक्सीजन का अमेजन वन में प्रकाश संश्लेषण के द्वारा अनुमानित उत्पादन है-
(A) 40 प्रतिशत
(B) 50 प्रतिशत
(C) 70 प्रतिशत
(D) 20 प्रतिशत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- अमेज़न के जंगल से हमें करीब 20% ऑक्सीजन मिलता है इसलिए इसे 'धरती का फेफड़ा' कहते हैं। धरती पर मौजूद पेड़-पौधों में ऑक्सीजन का सबसे बड़ा भाग हमें अमेज़न के जंगलों से मिलता है। ये जंगल अधिक मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड को सोखते हैं और सांस लेने के लिए ऑक्सीजन देते हैं। यह विश्व के पर्यावरण संतुलन में बड़ी भूमिका निभाते हैं। अमेजन वन में प्रकाश संश्लेषण के द्वारा पृथ्वी के वायुमंडल में कुल ऑक्सीजन का 20% अनुमानित उत्पादन करने का अनुमान है।

75. राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र स्थित है।
(A) जोधपुर
(B) अविका नगर
(C) बीकानेर
(D) अजमेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –
- राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) का एक प्रमुख अनुसंधान केन्द्र है, जो कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है।
- शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में ऊँट के महत्व को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने 5 जुलाई, 1984 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तत्वावधान में राजस्थान के बीकानेर में ऊँट परियोजना निदेशालय की स्थापना की, जिसे 20 सितम्बर, 1995 को राष्ट्रीय ऊँट अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) में उन्नत किया गया।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

76. इनमें से कौन-सा समूह मिलेट्स (श्रीअन्न) फसलों का है?
(A) बाजरा, मक्का, कोदो, ज्वार
(B) रागी, बाजरा, कोदो मूंग
(C) कोदो, बाजरा, मक्का, कँगनी
(D) ज्वार, कोदो, कँगनी, रागी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- श्रीअन्न में बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, कँगनी, कुटकी, सांवा आदि शामिल हैं।
- संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को 'मिलेट्स का अंतरराष्ट्रीय वर्ष' घोषित किया।

77. निम्न में से किस कंपनी की स्थापना राजस्थान सरकार द्वारा 21 वीं शताब्दी में सूचना प्रौद्योगिकी (IT) कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से की गयी थी?
(A) राजस्थान नॉलेज कंपनी लिमिटेड
(B) राजस्थान टैक्नोलोजी प्राइवेट लिमिटेड
(C) राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(D) राजस्थान टैक्नोलॉजी कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –
- राजस्थान सरकार द्वारा 21 वीं शताब्दी में सूचना प्रौद्योगिकी (IT) कौशल को विकसित करने तथा डिजिटल एजुकेशन को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से 25 अप्रैल, 2008 को राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की स्थापना की गयी थी। यह राजस्थान सरकार द्वारा प्रमोटेड पब्लिक लिमिटेड कंपनी है।

78. राजस्थान में विधानसभा द्वारा 2023 में पारित एक विधेयक द्वारा दूसरा राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित किया जाएगा?
(A) गंगानगर में
(B) जोबनेर में
(C) अजमेर में
(D) जोधपुर में
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –
- 2023 में राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय जोबनेर में स्थापित करने की घोषणा की गई।
- मई, 2010 में प्रथम पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान (वेटेनरी) विश्वविद्यालय बीकानेर में स्थापित किया गया था।

79. इनमें से कौनसा प्राकृत संसाधन गैर-नवीकरणीय संसाधन माना जाता है?
(A) इमारती लकड़ी (टिम्बर)
(B) जीवाश्म ईंधन
(C) सौर ऊर्जा
(D) पवन ऊर्जा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –
- गैर नवीकरणीय संसाधन ऐसे प्राकृतिक संसाधन हैं, जो निरंतर मानव उपभोग के कारण समाप्त हो जाते हैं और इनकी भरपाई या प्रतिस्थापन भी नहीं हो पाता। इसका सीमित संग्रह है। कोयला, प्राकृतिक गैस, पैट्रोलियम आदि जीवाश्म ईंधन गैर-नवीकरणीय संसाधन के उदाहरण हैं।

80. एक कथन के पश्चात दो तर्क-1 तथा II दिये गए हैं। कौन सा/से तर्क अधिक मजबूत है/हैं चुनिये : कथन-क्या ट्रेनों में सभी डीजल इंजनों को विद्युत इंजनों से बदल देना चाहिये?
(I) तर्क: (I) हाँ डीजल इंजन के कारण बहुत प्रदूषण होता है।
(II) नहीं, भारत घरेलू आवश्यकता को पूरी करने के लिए भी पर्याप्त बिजली का उत्पादन नहीं करता।
(A) न तो (I) न ही तर्क (II) मजबूत हैं।
(B) दोनों तर्क मजबूत हैं।
(C) केवल तर्क (II) मजबूत है।
(D) केवल तर्क (II) मजबूत है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- भारत दुनिया में बिजली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। वर्ष 2022-23 के दौरान देश में कुल बिजली उत्पादन 1,844 TWh था और वर्ष 2022 में बिजली की खपत 1390 TWh रही थी।

81. एक कथन के पश्चात दो पूर्वधारणाएं (I) और (II) दी गयी हैं। कथन और उसके पश्चात दी गयी पूर्वधारणाएं के आधार पर निर्णय कीजिये की कौनसी पूर्वधारणा/ पूर्वधारणाएं कथन में अंतर्निहित है/हैं। कथन-यदि इस पूरे माह में वर्षा नहीं हुई, तो इस वर्ष अधिकांश किसान संकट में पड़ जाएंगे। पूर्वधारणाएँ –
(I) खेती के लिए समय पर वर्षा आवश्यक है।
(II) आमतौर पर ज्यादातर किसान बारिश पर निर्भर रहते हैं।
(A) न तो पूर्वधारणा (1) और न ही पूर्वधारणा (II) अंतर्निहित हैं।
(B) दोनों पूर्वधारणाएं अंतर्निहित हैं।
(C) केवल पूर्वधारणा (II) अंतर्निहित है।
(D) केवल पूर्वधारणा (1) अंतर्निहित है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –
- दिए गए कथन में, "यदि इस महीने भर बारिश नहीं होती है, तो इस साल अधिकांश किसानों को परेशानी होगी," दो धारणाएँ बनाई जा रही हैं:
- **धारणा I:** खेती के लिए समय पर बारिश आवश्यक है। यह निहित है क्योंकि कथन इंगित करता है कि बारिश की कमी से किसानों को परेशानी होगी, जिससे पता चलता है कि खेती के लिए समय पर बारिश महत्वपूर्ण है।
- **धारणा II:** अधिकांश किसान आम तौर पर बारिश पर निर्भर होते हैं। यह भी निहित है, क्योंकि कथन का तात्पर्य है कि अधिकांश किसान बारिश की कमी से प्रभावित होंगे, जो उनकी निर्भरता को इंगित करता है। इसलिए, दोनों धारणाएँ निहित हैं।

82. दिये गए कथन का अध्ययन कीजिये फिर निश्चित कीजिये की तार्किक रूप से कौनसी सुझाई गयी कार्यवाही/कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं/है।
कथन-मौसम विभाग ने अगले वर्ष के मॉनसून के दौरान कम वर्षा का अनुमान लगते हुए एक अधिसूचना जारी की है।
कार्यवाहियाँ-
(I) सरकार को प्रभावित क्षेत्रों में जल उपलब्ध कराने के लिए प्रबंध करना चाहिए।
(II) संभावना को देखते हुए किसानों को तैयार रहने के लिए सलाह देनी चाहिए।
(A) न तो (I) और न ही (II) अनुसरण करती हैं।
(B) (I) तथा (II) दोनों अनुसरण करती हैं।
(C) केवल (II) अनुसरण करती है।
(D) केवल (1) अनुसरण करती है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(*)**

व्याख्या –
- उक्त प्रशन RPSC द्वारा डिलीट कर दिया गया है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

83. एक कथन के पश्चात दो निष्कर्ष (I) तथा (II) दिये गए हैं। आप कथन में दी गयी प्रत्येक जानकारी को सत्य मानते हुए दोनों निष्कर्ष पर विचार करके निर्णय कीजिये कि इसमें से तार्किक रूप से कौन-सा/से निष्कर्ष अनुसरण करते हैं/करता है।
कथन- पद ग्रहण करने के बाद, म्युनिसिपल आयुक्त ने नगर "A" के नागरिक से कहा, "मेरा सर्वप्रथम एवं प्रमुख कार्य इस नगर को इन्दौर की तरह सुंदर बनाना है।"
निष्कर्ष (I) नगर "A" के नागरिक अपने नगर की वर्तमान दशा के बारे में जागरूक नहीं हैं।
(II) आयुक्त इन्दौर में कार्य कर चुके हैं और शहरों के सौन्दर्यकरण में उनका अच्छा अनुभव है।
(A) न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
(B) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।
(C) केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
(D) केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –
- दिये गए कथन पद ग्रहण करने के बाद, म्युनिसिपल आयुक्त ने नगर "A" के नागरिक से कहा, "मेरा सर्वप्रथम एवं प्रमुख कार्य इस नगर को इन्दौर की तरह सुंदर बनाना है, से दिये हुए दोनों में से किसी भी निष्कर्ष को नहीं निकाला जा सकता, इसमें नगर के नागरिक को अपने नगर की दशा और आयुक्त के इन्दौर में कार्य कर चुके होने का कहीं वर्णन नहीं है।"

84. निम्न अनुक्रम का अगला पद है-
$A^{3/2}$ B_2, $C^{9/2}$ F_{18}) $E1^{5/2}$ J_{50}, $G^{21/2}$ N_{98}?
(A) $H^{29/2}$ S_{172}
(B) $H^{27/2}$ R_{182}
(C) $I^{27/2}$ R_{162}
(D) $I^{29/2}$ R_{172}
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –
- A = 1 (1 + 1 = 2) तो 2 = B
C = 3 (3+3 = 6) तो 6 = F
E = 5 (5 + 5 = 10) तो 10 = J
अतः सीरिज में H = 8 व S = 19 व R = 18 नहीं आ सकते। I=9 (9+9=18) R = 18 की सीरिज आएगी।
3/2×1=3/2, 3/2 × 3 = 9/2, 3/2 × 5 = 15/2 इसी तरह 3/2×9 =27/2{9=I}
A = 1 और B = 2 तो 1× 2 = 2, C = 3 और F = 6 तो 3×6=18 इसी तरह 1 = 9 और R = 18 तो 9 × 18 = 162. सही जवाब $I^{27/2}$ R_{162} होगा।

85. एक निश्चित कूट भाषा में ABONDONMENT को DNOBAOTNEMN लिखा जाता है और ESTABLISHED को BATSELDEHSI लिखा जाता है तो उसी कूट भाषा में GERMINATION को कैसे लिखा जाएगा?
(A) NMEGRONTIAG
(B) GOERGONITAN
(C) IMERGNONITA
(D) IMREGNNOITA
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- तीनों ही 11 लेटर के शब्द हैं। इनमें मध्य के लेटर को वहीं रख कर बाकी को उल्टी तरफ से लिखा गया है जैसे ABONDONMENT = DNOBAOTNEMN
इसी तरह GERMINATION = IMREGNNOITA यानि चौथा उत्तर सही माना जाएगा।

86. एक परिवार मे आठ सदस्य हैं। E, F और G की माता है। A, E का जंवाई है। C, G की पुत्री है। D, C के नाना हैं। D के एक पुत्र व एक पुत्री हैं। H, G की भाभी है। F, A की भांजी है। F, A से किस प्रकार संबन्धित है?
(A) भाभी / ननद
(B) बहन
(C) जीजा / साला
(D) भ्राता
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –
- E और D नाना नानी हैं एवं उनके पुत्र व पुत्री हैं F और G। F की पत्नी है H एवं G का पति है A C, G और A की पुत्री है। अतः F, A का रिश्ता जीजा / साला का है।

87. पाँच लड़कियां एक मैदान में एक निश्चित दूरी पर खड़ी हैं। रेखा और बीना एक दूसरे से 18 मी. दूर हैं। वीना, रेखा और बीना के बीच कहीं खड़ी है। पिंकी, रेखा से 5 मी. उत्तर दिशा में खड़ी है। रेखा, वीना से 12 मी. पश्चिम दिशा में है। यामिनी, बीना से 8 मी. दक्षिण दिशा की ओर खड़ी है। पिंकी और यामिनी में न्यूनतम दूरी क्या होगी?
(A) 33 मी.
(C) 23 मी.
(B) 31 मी.
(D) 13 मी.
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(*)**

व्याख्या –
- उत्तर-22.2 मीटर है।
आइए इस समस्या को चरणबद्ध तरीके से हल करें :
- 1. रेखा और बीना की स्थिति-
रेखा (R) को मूल बिन्दू (0, 0) पर मान लेते है। रेखा बीना से 12 मीटर पश्चिम में है, जो वीना (Y) का स्थान (12, 0) होगा।
- 2. बीना की स्थिति-रेखा और बीना 18 मीटर की दूरी पर है और वीना उनके बीच में है, तो बीना (B) का स्थान (18, 0) होगा।
- 3. पिंकी की स्थिति-पिंकी रेखा के 5 मीटर उत्तर में खड़ी है, तो पिंकी (P) का स्थान (0, 5) होगा।
- 4. यामिनी की स्थिति-यामिनी बीना के 8 मीटर दक्षिण में खड़ी है, तो यामिनी (Y) का स्थान (18,8) होगा। अब पिंकी और यामिनी के बीच की सबसे छोटी दूरी निकालते हैं।
दूरी निकालने का सूत्र = $d=\sqrt{(x^2-x_1)^2+(y_2-y_1)^2}$
- जहाँ (x_1,y_1) पिंकी के स्थानांक है और (x_2,y_2) यामिनी के स्थानांक है।
- पिंकी ओर यामिनी के बीच की दूरी की गणना-
$d=\sqrt{(18-0)^2+(-8-5)^2}$
$d=\sqrt{18^2+(-13)^2}$
$d=\sqrt{324+169}$
$d=\sqrt{493}$
d = 22.2 मीटर

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

88. सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U और V एक पंक्ति में बैठे हुए हैं। T और U के मध्य एक व्यक्ति है। V, P के एकदम दायीं ओर है। Q, U के एकदम बायीं ओर है। S और P के मध्य एक व्यक्ति है। S, V का पड़ोसी नहीं है। V और U के मध्य दो व्यक्ति हैं। R, P के एकदम बायीं ओर है। कौनसा व्यक्ति पंक्ति के एकदम मध्य में बैठा हुआ है?

(A) Q
(B) T
(C) P
(D) V
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- उक्त प्रश्न में पंक्ति S, R, P, V, T, Q, U बनेगी जिससे ज्ञात होता है कि मध्य में V व्यक्ति पंक्ति के एकदम मध्य में बैठा हुआ है।

89. एक दर्पण में बड़े अक्षरों वाली अँग्रेजी वर्णमाला के व्यंजनों के प्रतिबिम्बों का अवलोकन किया जाता है। इनमें से उन प्रतिबिम्बों की संख्या कितनी है जो अपनी मूल आकृति के समान दिखाई देते हैं?

(A) 11
(B) 9
(C) 7
(D) 5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- बड़े अक्षरों वाली अंग्रेजी वर्णमाला में H M T V W X Y (यह 7) की मूल आकृति प्रतिबिंब में समान दिखाई देती है।

90. 64 छोटे घनों से एक ठोस घन बनाया गया है, कितने छोटे घन किसी भी परिस्थिति में दिखाई नहीं देंगे ?

(A) 8
(B) 6
(C) 4
(D) 2
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- इसका फॉर्मूला $(N - 2)^3$ जिसमे N = 64 का Cube Root यानि $\sqrt[3]{64} = 4$ होगा $(4 – 2)^3 = 8$

91. एक विद्यालय के तीन विद्यार्थी A, B और C एक प्रतियोगिता में 3:4:5 के अनुपात में नगद पुरस्कार प्राप्त किया, इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य प्रत्येक विद्यार्थी को 4000 रुपए देते हैं। परिणामस्वरूप अब A, B और C की नगद पुरस्कार का अनुपात 5:6:7 हो गया है। B को इस प्रतियोगिता में कितनी राशि प्राप्त हुई?

(A) 12000 रुपए
(B) 10000 रुपए
(C) 8000 रुपए
(D) 6000 रुपए
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- हम मान लेते हैं कि A, B और C को मिलने वाले प्रारम्भिक नकद पुरस्कार क्रमशः 3x, 4x और 5x है जहाँ x एक सामान्य गुणक है। प्राचार्य प्रत्येक छात्र को 4,000 रुपये अतिरिक्त देते हैं। इसलिए, नए नकद पुरस्कार A, B और C के लिए क्रमशः 3x + 4,000, 4x+4,000 और 5x + 4,000 हो जाते हैं।

समस्या के अनुसार, नए नकद पुरस्कार 5: 6: 7 के अनुपात में है। इसलिए, हम निम्नलिखित समीकरण बना सकते हैं-

$$\frac{3x+4,000}{5} = \frac{4x+4,000}{6} = \frac{5x+4,000}{7}$$

पहले दो भागों को बराबर करके समीकरण बनाते हैं-

$$\frac{3x+4,000}{5} = \frac{4x+4,000}{6}$$

= 6(3x+4,000) = 5 (4x+4,000)
= 18x+24,000 = 20x+20,000
= 24,000-20,000=20x-18x
= 4,000=2x
x=2,000

अब x = 2,000 का उपयोग करके प्रारम्भिक नकद पुरस्कार निकालते हैं-

A के लिए प्रारम्भिक नकद पुरस्कार 3x3 × 2,000 = 6,000
B के लिए प्रारम्भिक नकद पुरस्कार 4x = 4 × 2,000 = 8,000
C के लिए प्रारम्भिक नकद पुरस्कार 5x = 5 × 2,000 = 10,000

अब प्रत्येक प्रारम्भिक पुरस्कार में 4,000 रुपये जोड़ते हैं-

A के लिए नया नकद पुरस्कार 6,000 + 4,000 = 10,000
B के लिए नया नकद पुरस्कार 8,000 + 4,000 = 12,000
C के लिए नया नकद पुरस्कार 10,000 + 4,000 -14,000

ये राशियाँ 10,000: 12,000: 14,000 के अनुपात में है जो 5:6:7 के अनुपात को सरल बनाती है, जिससे हमारे समाधान की पुष्टि होती है। इसलिए प्रतियोगिता में B को मिला प्रारम्भिक नकद पुरस्कार 8,000 है।

92. एक विद्यार्थी किसी संख्या को 5/3 के बजाए 3/5 से गुणा कर देता है इस गणना में प्रतिशत त्रुटि क्या है?

(A) 64%
(B) 54%
(C) 44%
(D) 34%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**


व्याख्या –

- 5/3 : 3/5 का सरल रूप 25 : 9 होगा, यानि सही गुणा 25 के अनुपात में करना था लेकिन विद्यार्थी ने उसे 9 के अनुपात में कर दिया, यानि 25-9 = 16 गुणा की त्रुटि आई है। इसको प्रतिशत में लाने के लिए 16/25 × 100 यानि 1600/25=64

93. 400 लड़के के एक समूह में हर लड़का क्रिकेट, हॉकी और फुटबाल में से कम से कम एक खेल खेलता है। 185 क्रिकेट, 165 हॉकी और 160 फुटबाल खेलते हैं। 40 लड़के केवल क्रिकेट और फुटबाल खेलते हैं। 20 लड़के केवल हॉकी और क्रिकेट खेलते हैं। 10 लड़के केवल हॉकी और फुटबाल खेलते हैं। कितने लड़के सभी तीनों खेल खेलते हैं?

(A) 20
(B) 18
(C) 15
(C) 10
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213



व्याख्या –

- इस तरह के प्रश्न में इस प्रकार गोले बना कर विकल्प में से सही उत्तर चुना जाता है।

94. यदि S एक वृत के अन्तर्निहित वर्ग के क्षेत्रफल को प्रदर्शित करता है और T इसी वृत के अन्तर्निहित समबाहु त्रिभुज के क्षेत्रफल को प्रदर्शित करता है, तो निम्नलिखित में से कौनसा सही है?

(A) $3\sqrt{3}T = 8S$
(B) $3\sqrt{3}T = 4S$
(C) $4T = 3\sqrt{3}S$
(D) $8T = 3\sqrt{3}S$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

दिया गया है:
माना वृत्त की त्रिज्या r है।

वर्ग का क्षेत्रफल S = $2r^2$ (चूँकि वर्ग की भुजा = $r\sqrt{2}$
समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल T = $3\sqrt{3}/4r^2$ (चूँकि त्रिभुज की भुजा = √3r
अनुपात ज्ञात करना

T/S= 3√3 / 8

दोनों पक्षों को 8 से गुणा करने पर:

$8T = 3\sqrt{3}S$

अंतिम उत्तर:
सही संबंध $8T = 3\sqrt{3}S$ है।

95. निम्न सारणी में चार बल्लेबाजों द्वारा टेस्ट मैच की दोनों पारियों में बनाए गए रनों को दर्शाया गया है। इस टेस्ट मैच में सबसे तेज रन बनाने वाला कौन है?

	प्रथम पारी		दूसरी पारी	
बल्लेबाज	रन बनाए	गेंद खेली	रन बनाए	गेंद खेली
P	79	91	56	154
Q	05	12	50	85
R	14	76	61	99
S	37	50	13	55

(A) P
(B) Q
(C) R
(D) S
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- इस प्रश्न में हमको सभी बल्लेबाजों की दोनों पारियों में उनके द्वारा बनाए गए रन मे गेंद का भाग देना पड़ेगा। ऐसा करने पर Q के रन 5+50-55
  गेंद 12+8597
- यानि 55÷97 = 0.56 रन प्रति गेंद ही सबसे तेज स्कोर आएगा।

96. यदि निम्न बंटन की माध्यमिका A और बहुलक B संबंध 7 (B-A) = 9C को संतुष्ट करता है, तो C का मान ज्ञात कीजिये।

वर्ग	0-30	36-60	60-90	90-12
आवृत्ति	4	5	7	4

(A) 9
(B) 8
(C) 7
(D) 6
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- बहुलक = $L + \frac{(F1-F0)}{(2F1-F0-F2)} \times H$
- यानि बहुलक $B: 60 + \frac{(7-5)}{(2\times7-5-4)} \times 30 = 72$
- माध्यमिका $L = \left[\frac{\frac{N}{2}-Cf}{F}\right] \times h$
- यानि माध्यमिका $60 + \left[\frac{\frac{20}{2}-9}{7}\right] \times 30 = \frac{450}{7}$
- संबंध- 7 (B - A) = 9C तो $7\left(72 - \frac{450}{7}\right) = 9C$
- अत: C =6

97. एक मूलधन का 2/3 भाग 10% है, प्रतिवर्ष चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर बैंक में जमा किया जाता है और शेष बचे मूलधन को 15% प्रति वर्ष सरल ब्याज की दर पर डाकघर में जमा किया जाता है। यदि चक्रवृद्धि ब्याज और सरल ब्याज में दो वर्षों के बाद अंतर 480 रुपए है तो कुल मूलधन बराबर है-

(A) 16000 रुपए
(B) 12000 रुपए
(C) 10000 रुपए
(D) 8000 रुपए
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- चक्रवृद्धि दर 2/3 10% 2 साल
- यानि 10% + 10%+1=21%
- सरल दर 1/3 15% 2 साल यानि 30%
- $\frac{2}{3}\times21\% - \frac{1}{3}\times30 = 480$
- 14%-10% = 480
- मूलधन = 480÷4 ×100= 12000

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

98. चार संख्याओं के गुणनफल की 5 अथवा 10 से विभाजित होने की प्रायिकता ज्ञात कीजिये।

(A) $\frac{256}{369}$

(B) $\frac{369}{625}$

(C) $\frac{273}{2500}$

(D) $\frac{256}{625}$

(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- 5 व 10 इकाई वाले अंक में ही 5
- 10 का भाग 0 इकाई वाले अंक में पूरा जाता है
- संख्या 0,1,2,3,4,5,6,7,8,9 यानि आठ अंक ऐसे हैं जिनकी इकाई मे 0 या 5 नहीं आता यानि 8 वैल्यू ऐसे हैं जो पूछे गए प्रश्न मे आ सकते हैं।
- $8\times8\times8\times\frac{8}{10}\times10\times10\times10=\frac{256}{625}$
- किसी कार्य के होने न होने की संभावना की प्रॉबबिलिटि हमेशा 1 होती है।
- अत: $1-\frac{256}{625}=\frac{369}{625}$

99. राजस्थान के वन, पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा हाल ही में जारी की गयी एक अधिसूचना के अनुसार राज्य में कुल कितने वेट-लैण्ड हैं?

(A) 50

(B) 44

(C) 38

(D) 30

(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- राजस्थान में कुल 44 वेटलैंड (आर्द्रभूमि) हैं।
- सबसे ज्यादा 12 वेटलैंड बारां जिले में हैं।
- वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से 19 जिलों के इन 44 वेटलैंड्स की अधिसूचित सूची जारी की गई है।

100. राजस्थान मे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ थिंग्स इनोवेशन हब की स्थापना कहाँ की जाएगी?

(A) कोटा

(B) बीकानेर

(C) जोधपुर

(D) जयपुर

(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- सिटी इनोवेशन कलस्टर के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ थिंग्स इनोवेशन हब (ए.आई.ओ.टी) जोधपुर में स्थापित होगा। इनोवेशन हब के तहत राज्य सरकार एम.एस.एम.ई, उद्यमी छात्रों एवं स्टार्टअप्स को अनुसंधान, प्रोटोटाइप विकास, इन्क्यूबेशनऔर उत्पादों के लिए हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

101. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने राजस्थान में पांचवे बाघ अभयारण्य का दर्जा निम्न में से किस अभयारण्य को प्रदान किया है?

(A) सोरसन-बैनार्न अभयारण्य

(B) हमीरगढ़-भीलवाड़ा अभयारण्य

(C) धौलपुर-करौली अभयारण्य

(D) नागपहाड़-अजमेर अभयारण्य

(E) अनुत्तरित प्रश्न **(C)**

व्याख्या –

- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने राजस्थान में धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व की स्थापना कर रही है।
- यह मुकुंदरा हिल्स, रामगढ़ विषधारी, रणथंभौर और सरिस्का के बाद राजस्थान में पाँचवाँ बाघ अभयारण्य है।
- यह भारत का 54वाँ टाइगर रिजर्व है।

102. हाल ही में भारत के पहले 3D प्रिंटेड डाकघर का उदघाटन निम्न में से किस शहर मे किया गया है?

(A) बैंगलुरु

(B) कोलकाता

(C) नई दिल्ली

(D) मुंबई

(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- भारत का पहला 3डी-प्रिंटेड डाकघर अगस्त, 2023 में बेंगलुरु के कैम्ब्रिज लेआउट में राष्ट्र को समर्पित किया गया। इसका निर्माण आई.आई.टी मद्रास के तकनीकी सहयोग से लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड द्वारा किया गया था।

103. m पुरुषों और n महिलाओं के एक पंक्ति मे इस प्रकार बैठना है कि कोई भी दो महिलाएं एक साथ न बैठें। यदि m > n, तो इन सभी के बैठने के तरीकों की संख्या है?

(A) $\frac{\lfloor m\lfloor m-1}{\lfloor m-n+1}$

(B) $\frac{\lfloor m-1\lfloor m+1}{\lfloor n\lfloor n-1}$

(C) $\frac{\lfloor m\lfloor m+1}{\lfloor m-n+1}$

(D) $\frac{\lfloor m\lfloor m-1}{\lfloor m-n-1}$

(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

⇨ पुरुषों की व्यवस्था: m पुरुषों को व्यवस्थित करने के m! तरीके हैं।

⇨ महिलाओं के लिए रिक्त स्थान: पुरुषों को व्यवस्थित करने के बाद, महिलाओं को रखने के लिए m + 1 रिक्त स्थान उपलब्ध होते हैं।

⇨ महिलाओं के लिए रिक्त स्थान चुनना: हमें m + 1 रिक्त स्थानों में से n रिक्त स्थान चुनने की आवश्यकता है। यह (m+1) / n तरीकों से किया जा सकता है।

⇨ महिलाओं को व्यवस्थित करना: चयनित रिक्त स्थानों में n महिलाओं को n! तरीकों से व्यवस्थित किया जा सकता है।

तरीकों की कुल संख्या: = m! * (m +1 / n) * n !

जो इसे सरल बनाता है:

अंततः उत्तर: $\frac{\lfloor m\lfloor m+1}{\lfloor m-n+1}$

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

104. हाल ही में किस संस्था ने केंद्रीकृत वेब पोर्टल "UDGAM" लाँच किया?
(A) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
(B) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(C) भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन
(D) भारतीय रिजर्व बैंक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- भारतीय रिजर्व बैंक ने उद्गम (UDGAM) नाम से सेंट्रलाइज्ड वेब पोर्टल लॉन्च किया है।
- UDGAM का पूर्ण रूप है- Unclaimed Unclaimed Deposits - Gateway to Access information.
- इसकी मदद से कोई भी व्यक्ति बैंकों में अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स का पता लगा सकता है। RBI की यह अपनी तरह की पहली पहल है।

105. निम्नलिखित कथनों पर ध्यानपूर्वक विचार कीजिये।
कथन 1 : टाइम पत्रिका के अनुसार, एस. एस राजमौली को 2023 के शीर्ष 'पायनियर्स' में नामित किया गया है और शाहरुख खान को 2023 के शीर्ष 'आइकन्स' में नामित किया गया है।
कथन 2: टाइम पत्रिका की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची को 6 प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है: लीडर, टाइटन, पायनियर, आर्टिस्ट, आइकन और इनोवेटर।
निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिये:
(A) कथन 1 व कथन 2 दोनों सत्य हैं।
(B) कथन 1 व कथन 2 दोनों असत्य हैं।
(C) केवल कथन 2 सत्य है।
(D) केवल कथन 1 सत्य है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –
- टाइम मैगजीन की 2023 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में आरआरआर और बाहुबली के निर्देशक एसएस राजामौली ने शाहरुख खान के साथ जगह बनाई है।
- टाइम पत्रिका की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची को 6 प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है: लीडर, टाइटन, पायनियर, आर्टिस्ट, आइकन और इनोवेटर।

106. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 78वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में सेवा देने के लिए हाल ही में डेनिस फांसिस को चुना है वह निम्न में से किस देश के हैं?
(A) युगांडा
(B) ब्राजील
(C) चिली
(D) त्रिनिडाड एवं टोबोगो
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 78वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में सेवा देने के लिए हाल ही में डेनिस फांसिस को चुना है। उनका संबंध त्रिनिडाड एवं टोबोगो से है।

107. जुलाई 2023 में सीकर, राजस्थान में भारत के प्रधानमंत्री ने यूरिया की एक नयी किस्म को लॉच किया है। यूरिया की इस नयी किस्म का नाम क्या है?
(A) यूरिया सिल्वर
(B) यूरिया गोल्ड
(C) यूरिया प्लैटिनम
(D) यूरिया डायमंड
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –
- प्रधानमंत्री द्वारा राजस्थान के सीकर जिले से 27 जुलाई, 2023 को यूरिया गोल्ड (यूरिया की नई किस्म) को लांच किया गया। इसके उपयोग से भारतीय मृदा में सल्फर की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी व नाइट्रोजन उपयोग दक्षता (NUE) में वृद्धि होगी।
- यूरिया गोल्ड को भारत की उर्वरक और रसायन विनिर्माण कंपनी राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (RCF) द्वारा विकसित किया गया।
- यूरिया गोल्ड का निर्माण यूरिया को सल्फर के साथ मिलाकर 37% नाइट्रोजन और 17% सल्फर के साथ एक मिश्रित उर्वरक बनाकर किया जाता है।

108. आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के व्याहवारिक उपयोग की पहचान के लिए 'ए आई फॉर गुड ग्लोबल समिट 2023 ' हाल ही में किस देश में आयोजित की गयी?
(A) स्विट्ज़रलैंड
(B) जापान
(C) चीन
(D) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –
- 6-7 जुलाई 2023 को ए.आई फॉर गुड ग्लोबल शिखर सम्मेलन को जिनेवा, स्विट्जरलैंड में आयोजित किया गया।

109. निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व को राजस्थानी भाषा के साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2023 के लिए नामित किया गया है?
(A) देवीलाल महिया
(B) डॉ राजकुमार घोटड़
(C) बद्री नारायण
(D) अतुल चतुर्वेदी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –
- बीकानेर के खारी निवासी कवि देवीलाल महिया को केंद्रीय साहित्य अकादमी दिल्ली की ओर से राजस्थानी भाषा का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2023 के लिए नामित किया गया है।

110. भारत के पहले खुले संग्रहालय 'शहीदी पार्क' का हाल ही में किस शहर में उद्घाटन किया गया है?
(A) श्रीनगर
(B) प्रयागराज
(C) दिल्ली
(D) चंडीगढ़
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –
- भारत के पहले खुले संग्रहालय 'शहीदी पार्क' का उद्घाटन दिल्ली के आईटीओ में किया गया है। इस पार्क की स्थापना में लगभग 250 टन स्क्रैप का उपयोग किया गया है।

111. हाल ही में इक्वाडोर वासियों ने अमेजन के निम्न में से किस जैव- विविधता वाले क्षेत्र में जनमत संग्रह द्वारा तेल की ड्रिल्लिंग को अस्वीकार कर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है?
(A) मनु राष्ट्रीय उद्यान
(B) जाउ राष्ट्रीय उद्यान
(C) यासुनी राष्ट्रीय उद्यान
(D) तुमुकुमाके राष्ट्रीय उद्यान
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- अमेजोनियन इक्वाडोर के भीतर पास्ता और ओरेलाना प्रांतों में नेपो और कुरारे नदियों के बीच लगभग 10,000 किमी. में यासुनी नेशनल पार्क विस्तृत है। यह एक संरक्षित क्षेत्र है।
- यासुनी नेशनल पार्क पृथ्वी पर सबसे जैविक रूप से विविध स्थानों में से एक है।
- यह तीन अद्वितीय क्षेत्रों भूमध्य रेखा, एंडीज पर्वत और अमेज़न वर्षावन के लिए एक अभिसरण (conlergence) बिंदु है।

112. 'मेरा गाँव मेरी धरोहर' किस मंत्रालय से संबन्धित है?

(A) केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय
(B) केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय
(C) केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(D) केन्द्रीय रक्षा मंत्रालय
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- 'मेरा गाँव मेरी धरोहर' केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय से संबन्धित है। यह एक वर्चुअल प्लेटफॉर्म है, जिससे लोगों को भारत के गांवों से जोड़ा जाएगा।
- इसमें उस गांव की भौगोलिक स्थिति, जनसांख्यिकीय पहलू और पारंपरिक पोशाक, आभूषण, कला और शिल्प, मंदिर, मेले, त्योहार और अन्य बहुत से विवरण शामिल होंगे।

113. राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का भारत क्षेत्र का 9वां सम्मेलन निम्न में से किस शहर में आयोजित किया गया था ?

(A) कोटा
(B) उदयपुर
(C) जोधपुर
(D) जयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- 21-22 अगस्त, 2023 को उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के 9वें सम्मेलन का आयोजन किया गया।

114. एफ.आई.एस.यू (FISU) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के 2023 की पदक तालिका में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त लिया है?

(A) 7वाँ
(B) 6वाँ
(C) 5वाँ
(D) 4वाँ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- एफ.आई.एस.यू (FISU) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के 2023 की पदक तालिका में भारत ने 7वां स्थान प्राप्त किया है। भारत ने कुल 26 पदक (11 गोल्ड, 5 सिल्वर, 10 ब्रोनज) हासिल किये।

115. 12 अगस्त, 2023 को भारत ने हॉकी की चौथी एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी में मलेशिया को अंतिम मैच में हराया। यह मैच किस स्टेडियम में खेला गया था?

(A) मेयर राधा कृष्णन स्टेडियम
(B) श्री कांतिरावा स्टेडियम
(C) एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम
(D) जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में हुए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के फाइनल में मलेशिया को 4-3 से हराया।

116. राजेश्वरी कुमारी, जिन्होंने बाकू, अजरबैजान में आयोजित विश्व चैंपियनशिप मे पाँचवाँ स्थान प्राप्त कर पेरिस ओलिम्पिक हेतु पात्रता प्राप्त की है, का संबंध किस खेल से है?

(A) निशानेबाजी
(B) तीरंदाजी
(C) लंबी कूद
(D) जिम्नास्टिक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- बाकू वर्ल्ड चैंपियनशिप में पांचवां स्थान हासिल कर भारत की ट्रैप शूटर राजेश्वरी कुमारी ने भारत को पेरिस ओलिंपिक के लिए सातवां शूटिंग कोटा दिलाया।

117. भारत के कमलजीत ने 24 जुलाई, 2023 को ISSF जूनियर शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 में पुरुषों की व्यक्तिगत 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीता। यह स्पर्धा निम्न में से किस देश मे आयोजित की गयी थी?

(A) फ्रांस
(B) नेपाल
(C) कनाडा
(D) दक्षिण कोरिया
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- भारत के कमलजीत ने 24 जुलाई, 2023 को ISSF जूनियर शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 में पुरुषों की व्यक्तिगत 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- ISSF जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023, 16 से 24 जुलाई तक रिपब्लिक ऑफ कोरिया के चांगवोन शूटिंग रेंज में आयोजित की गई थी।

118. हाल ही में भारत की सी.ए भवानी देवी ने एशियन फेसिंग चैंपियनशिप में एक कांस्य पदक जीता है। वे सेमीफाइनल में किस देश के खिलाड़ी से हारीं?

(A) यू.ए.ई
(B) मिस्र
(C) उज्बेकिस्तान
(D) जापान
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- भारतीय तलवारबाज भवानी देवी को चीन के वुक्सी में महिला सेबर स्पर्धा के सेमीफाइनल में उज्जबेकिस्तान की जेनाब डेयिबेकोवा के खिलाफ सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। भवानी देवी को इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। ये देश के लिए अब तक का पहला फेंसिंग चैंपियनशिप मेडल है।

119. किस भारतीय संस्था को गांधी शांति पुरस्कार 2021 हेतु चयनित किया गया है?

(A) गीता प्रेस, गोरखपुर
(B) सुलभ इंटरनेशनल
(C) विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी
(D) रामकृष्ण मिशन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- वर्ष 2021 का गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को प्रदान किया गया है।
- वर्ष 1923 में स्थापित गीता प्रेस विश्व में सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है।
- इसने 14 भाषाओं में 41.7 करोड़ पुस्तकों का प्रकाशन किया है।

120. निम्नलिखित में से किस प्राचीन स्थल के उत्खनन में मालव जनपद की लौह सामाग्री के विशाल संग्रह की जानकारी प्राप्त हुई है?

(A) नागौर (नैनवां)
(B) नागरी (मध्यमिका)
(C) सांभर
(D) रैढ़ (टोंक)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- रैढ़ (टोंक) के उत्खनन में मालव जनपद की लौह सामाग्री के विशाल संग्रह की जानकारी प्राप्त हुई है।
- मालव जनपद की सभ्यता को खेडा सभ्यता (Kheda Civilization) कहा जाता है।
- प्राचीन भारत का टाटानगर (लौह सामाग्री के विशाल संग्रह के कारण) 'रैढ़' (टोंक) को कहा जाता है। इस स्थान का उत्खनन केदारनाथ पुरी (Kedarnath Puri) के द्वारा किया गया था।

121. अजमेर का पराक्रमी चौहान शासक जिसने दिल्ली पर विजय प्राप्त कर उसे अपने साम्राज्य में शामिल किया। वह था-

(A) विग्रहराज चतुर्थ
(B) अर्णोराज
(C) अजयराज
(D) पृथ्वीराज तृतीय
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- अजमेर का पराक्रमी चौहान शासक विग्रहराज चतुर्थ दिल्ली पर विजय प्राप्त कर उसे अपने साम्राज्य में शामिल किया।
- विग्रहराज चतुर्थ (1158-63) को बीसलदेव के नाम से भी जाना जाता है। दिल्ली पर अधिकार कर उसने हांसी को जीता।
- विग्रहराज चतुर्थ ने अपने पराक्रम से शाकंभरी चौहानों को उत्तर भारत में एक महत्त्वपूर्ण शक्ति बनाया। वे एक महान् कवि एवं लेखक भी थे। उन्होने 'हरिकेली' जैसे नाटकों की रचना की।
- महाकवि सोमदेव ने वीसलदेव के चरित्र की प्रशंसा में 'ललित विग्रहराज' नामक ग्रंथ लिखा।

122. अरब यात्री सुलेमान ने किस प्रतिहार राजा के शासन काल में भारत की यात्रा की थी?

(A) नागभट्ट द्वितीय
(B) नागभट्ट प्रथम
(C) वत्सराज
(D) मिहिरभोज प्रथम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- गुर्जर प्रतिहार वंश के सर्वाधिक प्रसिद्ध राजा मिहिर भोज प्रथम (730-756) के शासनकाल में अरबी यात्री सुलेमान भारत आया था।

123. कन्हैया लाल मित्तल, मांगी लाल बाव्या और मकबूल आलम निम्नलिखित में से किस प्रजमंडल आंदोलन से संबन्धित थे?

(A) झालावाड़ राज्य प्रजामंडल
(B) बांसवाड़ा राज्य प्रजामंडल
(C) बूंदी राज्य प्रजामंडल
(D) करौली राज्य प्रजामंडल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- झालावाड़ प्रजामंडल का 25 नवंबर, 1946 को गठन किया गया।
- झालावाड़ प्रजामंडल का गठन मांगीलाल भव्य ने मदन गोपाल, कन्हैया लाल मित्तल, मकबूल आलम और रतन लाल के साथ मिलकर किया था।

124. मत्स्य संघ का वृहत् राजस्थान में विलय कब हुआ ?

(A) 18 अप्रैल, 1948
(B) 25 जनवरी, 1950
(C) 30 मार्च, 1949
(D) 15 मई, 1949
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- 15 मई 1949 को मत्स्य संघ का बृहत् राजस्थान में विलय कर दिया गया था।
- ध्यातव्य है कि 17 मार्च, 1948 को अलवर, भरतपुर, धौलपुर और करौली की चार रियासतों और नीमराणा ठिकाने को मिलाकर मत्स्य संघ का गठन किया।

125. एकी आंदोलन प्रारम्भ करने से पहले मोतीलाल तेजवात किस राजपूत ठिकाने के कामदार के पद पर कार्यरत थे?

(A) झाड़ोल
(B) सलूम्बर
(C) कोठारिया
(D) देवगढ़
(D) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- एकी आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1921 में चित्तौड़गढ़ के मातृकुंडिया नामक स्थान से वैशाख शुक्ल पूर्णिमा को हुई थी।
- मेवाड़ रियासत के झाड़ोल ठिकाने के कामदार मोतीलाल तेजावत एकी आंदोलन के प्रमुख नेता थे।
- मोतीलाल तेजावत को आदिवासियों के मसीहा के रूप में भी जाना जाता है।
- एकी आंदोलन भोमट क्षेत्र के भीलों ने शुरू किया था। अतः इसे भोमट भील आंदोलन भी कहा जाता है।

126. झाड़ोल (उदयपुर), कुराडा (नागौर) और साबणियाँ (बीकानेर) मे क्या समानता है?

(A) ताम्रपाषाण संस्कृति के केंद्र
(B) पूरा-पाषाण युग के केंद्र
(C) लघु पाषाण उपकरण मिले हैं
(D) ताम्र उपकरणों का भंडार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

झाड़ोंल – (उदयपुर), कुराड (नागौर), साबणियाँ (बीकानेर), चाल्कोलिथिक (ताम्र पाषाण) संस्कृति के महत्त्वपूर्ण केन्द्र थे।

– यहाँ तांबे के औजारो के भण्डार मिले थे।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

127. प्रसिद्ध चित्रकार मुहम्मद शाह जयपुर के किस महाराजा का दरबारी चित्रकार था?
(A) सवाई राम सिंह
(B) सवाई जगत सिंह
(C) सवाई प्रताप सिंह
(D) सवाई जय सिंह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- प्रसिद्ध चित्रकार मुहम्मद शाह जयपुर के महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय के दरबारी चित्रकार थे।
- महाराजा सवाई जय सिंह जयपुर के संस्थापक थे।

128. राजस्थान के किस संप्रदाय के पुरुषों द्वारा अग्नि नृत्य किया जाता है?
(A) बिश्नोई संप्रदाय
(B) रामस्नेही संप्रदाय
(C) जसनाथी संप्रदाय
(D) दादू पंथ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –
- राजस्थान में अग्नि नृत्य का आरम्भ 'जसनाथी सम्प्रदाय' के जाट सिद्धों द्वारा किया गया था।
- अग्नि नृत्य का उद्गम स्थल बीकानेर का 'कतरियासर' ग्राम माना जाता है।
- जसनाथी सिद्ध रात्रि जागरण के समय आग के अंगारों पर यह नृत्य करते हैं।

129. कुवलयमाला नामक ग्रंथ में कितनी देशी भाषाओं के नाम का उल्लेख है?
(A) 18
(B) 17
(C) 16
(D) 15
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –
- कुवलयामाला नामक ग्रन्थ की रचना उद्योतन सूरी ने जालौर में की थी। इसमें राजस्थान की 18 भाषाओं का उल्लेख मिलता है।

130. 'अचलदस खींची री वचनिका' के लेखक हैं।
(A) गोपाल दान कविया
(B) केसरी सिंह बारहठ
(C) रामनाथ कविया
(D) चारण शिवदास
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- अचलदास खींची री वचनिका चारण कवि शिवदास गाडण द्वारा रचित एक ऐतिहासिक कृति है। इस प्रसिद्ध कृति से मांडू के सुल्तान होशंगशाह व गागरोन के शासक अचलदास खींची के मध्य हुए युद्ध (1423 ई.) की जानकारी मिलती है।
- इसकी कृति की रचना डिंगल भाषा में की गई है।

131. निम्न में से कौनसा युग्म गलत सुमेलित है?
(A) रामदेवजी - रामदेवरा
(B) मल्लिनाथ जी - गागरोण
(C) तेजाजी - खड़नाल
(D) पाबूजी - कोलू
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –
- मल्लीनाथ जी ने कुंडा पंथ की स्थापना की थी।
- तिलवाड़ा (बालोतरा) में मल्लीनाथ जी का प्रसिद्ध मंदिर है। यहाँ हर वर्ष चैत्र कृष्णा एकादशी से पन्द्रह दिन तक मेला भरता है।
- राजस्थान का सबसे प्राचीनतम पशु मेला मल्लीनाथ पशु मेला, तिलवाड़ा (बालोतरा) में लगता है।

132. चंद्रभागा मेला प्रतिवर्ष कहाँ आयोजित होता है?
(A) बूंदी
(B) बांसवाड़ा
(C) डुंगरपुर
(D) झालरापाटन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- हर साल कार्तिक महीने में राजस्थान के झालरापाटन में चंद्रभागा मेला लगता है।
- ये मेला चंद्रभागा नदी के सम्मान में मनाया जाता है, जिसमें कार्तिक मास के पूरे चांद में स्नान करना उत्तम माना गया है।

133. निम्न में से कौनसा राजस्थान का दुर्ग गिरि दुर्ग नहीं है?
(A) गागरोण का दुर्ग
(B) जालौर का दुर्ग
(C) चित्तौड़गढ का दुर्ग
(D) सिवाना का दुर्ग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –
- गागरोन का दुर्ग गिरि दुर्ग नहीं है। यह दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के सबसे प्राचीन व विकट दुर्गों में से एक है। यह एक प्रमुख जल दुर्ग है।

134. निम्नलिखित में से किसके द्वारा 'सुरकोटड़ा' नामक हड़प्पा संस्कृति स्थल की खोज की गयी थी ?
(A) बी.बी. लाल
(B) एस.आर. राव
(C) वाई.डी. शर्मा
(D) जगपति जोशी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –
- 1964 में जगपति जोशी ने गुजरात के कच्छ जिले में स्थित सुरकोटड़ा की खोज की थी। यहाँ से नियमित आवास के साक्ष्य मिले हैं।

135. चन्द्रगुप्त द्वितीय ने अपनी पुत्री प्रभावती का विवाह किस राजवंश में कर अपनी स्थिति को सुदृढ़ बनाया ?
(A) लिच्छवि वंश
(B) कदम्ब वंश
(C) वाकाटक वंश
(D) नाग वंश
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –
- प्रभावती गुप्त सम्राट चन्द्रगुप्त द्वितीय की पुत्री थी।
- प्रभावती गुप्त का विवाह वाकाटक नरेश रुद्रसेन द्वितीय के साथ 380 ई. के आसपास हुआ था।

136. भरहुत का स्तूप किस राजवंश की कला का सुंदर उदाहरण है?
(A) चोल स्थापत्य
(B) कुषाणयुगीन स्थापत्य
(C) गुप्तकाल स्थापत्य
(D) शुंगकालीन स्थापत्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- भरहुत स्तूप शुंग वंश की स्थापत्य कला का एक अद्भुत उदाहरण है।
- भरहुत भारत के मध्य प्रदेश राज्य में सतना जिले में स्थित एक गाँव है जो अपने प्राचीन बौद्ध स्तूप, कलाकृतियों एवं अन्य पुरातात्विक वस्तुओं के लिए प्रसिद्ध है।

137. 'ललित विग्रहराज' नाटक की रचना किसने की थी?

(A) हेमचन्द्र
(B) कल्हण
(C) सोमदेव
(D) महेश
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- विग्रहराज चतुर्थ (बिसलदेव) के दरबारी कवि सोमदेव ने उनके सम्मान में नाटक ललित विग्रहराज लिखा था।
- विग्रहराज चतुर्थ चौहान वंश के शासक थे।

138. कृष्णदेव राय द्वारा निम्नलिखित किस कवि को 'आंध्र कवि पितामह' की उपाधि दी गयी थी?

(A) अल्लसानी पेड्डना
(B) भट्टुमूर्ति
(C) तेनाली रामकृष्ण
(D) पिंगली सूरन्ना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- कृष्णदेव राय द्वारा अल्लासानी पेद्दाना को तेलुगू में पहली प्रमुख काल्पनिक कविता के निर्माण के कारण आंध्र कवि पितामह की उपाधि दी गई थी।

139. अकबर द्वारा फतेहपुर सीकरी में निर्मित किस इमारत में बौद्ध स्थापत्य कला का अनुसरण किया गया था ?

(A) शेख सलीम चिश्ती का मकबरा
(B) बुलंद दरवाजा
(C) पंचमहल
(D) तुर्की सुल्ताना का महल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- पंच महल मुगल सम्राट अकबर द्वारा फतेहपुर सीकरी में निर्मित एक महल है। इसमें बौद्ध मंदिर डिजाइन विशेषताओं को शामिल किया गया है।

140. राजस्थान राज्य के प्रथम राजप्रमुख किसे नियुक्त किया गया?

(A) महाराजा उम्मेद सिंह, जोधपुर
(B) महाराजा करणी सिंह, बीकानेर
(C) महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय, जयपुर
(D) महाराजा भगवत सिंह, उदयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- महाराजा मानसिंह (द्वितीय) को राजस्थान का प्रथम राजप्रमुख बनाया गया था।
- महाराजा मानसिंह (द्वितीय) कच्छवाहा वंश के शासक थे। इन्होनें वर्ष 1922 से लेकर राज्य के भारत में विलय (1949) तक शासन किया था।

141. गोपाल कृष्ण गोखले ने भारत सेवक समाज (Servants of India Society) की स्थापना किस वर्ष में की?

(A) 1907 ई.
(B) 1906 ई.
(C) 1904 ई.
(D) 1905 ई.
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- गोपाल कृष्ण गोखले ने वर्ष 1905 में सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी की स्थापना पुणे, महाराष्ट्र में की थी।
- इसका उद्देश्य विभिन्न जातियों और धर्मों के भारतीय नवयुवकों को एकजुट करना और कल्याण कार्यों में प्रशिक्षित करना था। यह देश का पहला धर्मनिरपेक्ष संगठन था।

142. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के सितंबर 1920 में कलकत्ता में आयोजित विशेष अधिवेशन जिसमे असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव पारित किया गया, उसके अध्यक्ष कौन थे ?

(A) दादाभाई नौरोजी
(B) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(C) लाला लाजपत राय
(D) विजय राघवाचारी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- कलकत्ता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विशेष अधिवेशन 4 से 9 सितंबर, 1920 के बीच लाला लाजपत राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।

143. अगस्त 1953 में भारत सरकार द्वारा गठित किए गए राज्य पुनर्गठन आयोग के निम्नलिखित में से कौन सदस्य थे?

(I) सर तेज बहादुर सप्रू
(II) जस्टिस फजल अली
(III) के.एम. पणिक्कर
(IV) हृदयनाथ कुंजरु

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये-

(A) केवल (II) और (III)
(B) केवल (II) और (IV)
(C) केवल (II), (III) और (IV)
(D) (I), (II), (III), और (IV)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना फजल अली की अध्यक्षता में दिसंबर, 1953 में की गई थी। के. एम पणिक्कर और एच.एन कुंजरू भी इस आयोग के सदस्य थे।

144. एल्ब नदी और राइन नदी किस सागर में अपना जल गिराती हैं?

(A) उत्तरी सागर
(B) भूमध्य सागर
(C) एड्रियाटिक सागर
(D) ब्लैक सी (काला सागर)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- उत्तरी सागर में अपना जल गिराती है।
  एल्ब नदी पूर्वी जर्मनी में बहने वाली एक प्रमुख नदी है।
- राइन नदी स्विस आल्प्स में उच्च स्रोत से निकलने के साथ, उत्तरी सागर के मुहाने पर स्थित रॉटरडम बंदरगाह तक लगभग 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

145. निम्न में से किस सूफी संप्रदाय के प्रसार मुख्यतः सिंध, मुल्तान और पंजाब तक सीमित था?

(A) कादिरी
(B) नक्शबंदी
(C) सुहरावर्दी
(D) चिश्ती
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- सुहरावर्दी सूफी संप्रदाय अबू अल-नजीब सुहरावर्दी द्वारा स्थापित एक सूफी संप्रदाय है। भारत में इस संप्रदाय को संगठित करने का श्रेय बाहाउद्दीन जकरीया को जाता है।
- सुहरावर्दी सूफी संप्रदाय का मुख्यालय मुल्तान में था। इसके अलावा ये सिंध और पंजाब मे भी लोकप्रिय था।

146. निम्नलिखित में से किस महाद्वीप पर मरुस्थलीकरण की समस्या न्यूनतम है?

(A) यूरोप
(B) ऑस्ट्रेलिया
(C) एशिया
(D) अफ्रीका
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(a)**

व्याख्या –

- यूरोप महाद्वीप में मरुस्थलीकरण की समस्या न्यूनतम है।
- यूरोप महाद्वीप में इटली, रोमानिया और स्कैंडिनेविया के कुछ शीत बंजर क्षेत्र हैं। लेकिन केवल एक ही वास्तविक प्रकार का, रेत-और-चट्टान रेगिस्तान है वो अल्मेरिया, स्पेन के दक्षिण-पूर्व कोने में काबो डी गाटा है। यहाँ वार्षिक वर्षा केवल 200 मिमी. है, जो यूरोप में सबसे कम है।

147. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

(A) कश्मीर हिमालय 'करेवा' निर्माण के लिए प्रसिद्ध है।
(B) नालागढ़ दून सभी दूनों में सबसे बड़ा है।
(C) नामचा बरवा पर्वत शिखर अरुणाचल हिमालय में स्थित है।
(D) 'फूलों की घाटी' हिमाचल और उत्तराखण्ड हिमालय में स्थित है।

कूट :

(A) A, B, C और D सही हैं
(B) B और C सही हैं
(C) A और C सही हैं
(D) A, B और C सही हैं
(E) अनुत्तरित प्रश्न

(c)

व्याख्या –

- कश्मीर हिमालय 'करेवा' निर्माण के लिए प्रसिद्ध है।
- नामचा बरवा पर्वत शिखर अरुणाचल हिमालय में स्थित है।
- 'फूलों की घाटी' उत्तराखण्ड हिमालय में स्थित है।
- देहरादून सभी दूनों में सबसे बड़ा है, जिसकी लंबाई 35- 45 किलोमीटर और चौड़ाई 22-25 किलोमीटर है।

148. भारत का कौनसा क्षेत्र उत्तर-पूर्वी मॉनसून से वर्षा प्राप्त करता है?

(A) तमिलनाडु तट
(B) गुजरात तट
(C) दक्षिणी आंध्रप्रदेश
(D) दक्षिण-पूर्वी कर्नाटक

कूटः

(A) A, B, C और D
(B) A, C और D
(C) B, C और D
(D) A, B और C
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(b)**

व्याख्या –

- उत्तर-पूर्वी मानसून से दक्षिण- पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत में वर्षा होती है।
- उत्तर-पूर्वी मानसूनी हवाएँ बंगाल की खाड़ी से नमी प्राप्त करती हैं तथा इस मानसून के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में भारी वर्षा होती है।

149. कौनसा सुमेलित नहीं है?

(A) भीमताल – उत्तराखंड
(B) पुलिकट – तमिलनाडु
(C) लोकटक – मणिपुर
(D) रूपकुण्ड – हिमाचल प्रदेश
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(d)**

व्याख्या –

- भारत के उत्तराखंड राज्य के चमोली जिले में स्थित रूपकुण्ड झील एक हिम झील है। इसे कंकाल झील के नाम से भी जाना जाता है।

150. निम्न में से कौनसा संयुक्त राज्य अमेरिका का औद्योगिक प्रदेश नहीं है?

(A) सिनसिनाटी इंडियानापोलिस
(B) ग्रेट कान्हावा घाटी प्रदेश
(C) मिडलैंड्स प्रदेश
(D) मिशिगन झील
(E) अनुत्तरित प्रश्न **(c)**

व्याख्या –

- मिडलैंड्स प्रदेश संयुक्त राज्य अमेरिका का औद्योगिक प्रदेश नहीं है। बल्कि यह इंग्लैंड का मध्य भाग है, जिसकी सीमा वेल्स, उत्तरी इंग्लैंड, दक्षिणी इंग्लैंड और उत्तरी सागर से लगती है।
- मिडलैंड्स 18वीं और 19वीं शताब्दी की औद्योगिक क्रांति में महत्वपूर्ण योगदान रखता है।

❑❑❑

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

आर. ए. एस. (प्रारम्भिक परीक्षा, 2024)


1. एक त्रिभुज की भुजाएँ 5, 12 और 13 इकाई हैं। एक आयत बनाया गया है, जिसका क्षेत्रफल त्रिभुज के क्षेत्रफल के बराबर है। इसकी चौड़ाई 10 इकाई है, इस आयत का परिमाप है:

(1) 40 इकाई
(2) 30 इकाई
(3) 26 इकाई
(4) 13 इकाई
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या–


– यह 5-12-13 वाला समकोण त्रिभुज है, इसलिए उसका क्षेत्रफल:
त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2} \times 5 \times 12 = 30$ वर्ग इकाई
आयत का क्षेत्रफल भी 30 है और चौड़ाई 10 है, तो
लंबाई = $\frac{30}{10} = 3$ इकाई।
अब आयत का परिमाप $= 2 \times (\text{लंबाई} + \text{चौड़ाई}) = 2 \times (3 + 10) = 26$ इकाई।
सही उत्तर: 26 इकाई

2. निम्न चित्र में कितने त्रिभुज दिये गये हैं ?



(1) 18
(2) 12
(3) 14
(4) 16
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–



– ΔABC, ΔADC, ΔABD, ΔAED, ΔAFG, ΔAFH, ΔACF, ΔABF, ΔFGH, ΔFGD, ΔFHD, ΔFCI, ΔAHI, ΔAFI, ΔADF, ΔFDE
इस प्रकार कुल त्रिभुजों की संख्या= 16

3. एक गृहिणी के पास 1000 मिली लीटर का मिश्रण है, जिसमें दूध और पानी का अनुपात 3 : 1 है। वो इसमें दूध और पानी के 3 : 2 अनुपात वाले 250 मिली लीटर मिश्रण को मिलाती है। तब वो इस संयुक्त मिश्रण में से 250 मिली लीटर का उपयोग दही बनाने के लिये करती है। शेष बचे हुये मिश्रण में कितना शुद्ध दूध बचा हुआ है ?

(1) 720 मिली लीटर
(2) 1000 मिली लीटर
(3) 912 मिली लीटर
(4) 750 मिली लीटर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–

कुल शेष बचे मिश्रण में शुद्ध दूध = 720 मिली लीटर है।
संक्षिप्त गणना:
– पहले मिश्रण (1000 ml, 3:1) में दूध = 750 ml, पानी = 250 ml।
दूसरे मिश्रण (250 ml, 3:2) में दूध = 150 ml, पानी = 100 ml।
संयुक्त मिश्रण: दूध = 900 ml, पानी = 350 ml, कुल = 1250 ml।
अब 250 ml समानुपात में निकालने पर निकला दूध = $900 \times \frac{250}{1250} = 180$ ml।
शेष दूध = 900 – 180 = 720 ml।
सही उत्तर: 720 मिली लीटर।

4. चावल के मूल्य में 21% की कमी होने से एक व्यक्ति ₹ 1,000 में 10.5 किलोग्राम अधिक चावल खरीद सकता है। कम होने के बाद चावल का प्रति किलोग्राम मूल्य क्या है ?

(1) ₹15
(2) ₹20
(3) ₹30
(4) ₹40
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या–

– मान लेते हैं, चावल का पुराना मूल्य = ₹x प्रति किलोग्राम।
मूल्य में 21% की कमी के बाद नया मूल्य = 79% of x = 0.79x प्रति किलोग्राम।
₹1000 में:
– पहले खरीदी गई मात्रा = 1000/x किग्रा
– बाद में खरीदी गई मात्रा = 1000/(0.79x) किग्रा
प्रश्नानुसार:
1000/(0.79x) – 1000/x = 10.5
इसे हल करने पर x ≈ ₹25.32 प्रति किग्रा (पुराना मूल्य) आता है,
अतः नया मूल्य = 0.79x ≈ ₹20 प्रति किग्रा।
सही विकल्प: ₹20

5. ₹ 8,000 की राशि पर एक निश्चित प्रतिशत वार्षिक दर से 3 वर्षों का साधारण ब्याज ₹3,600 है। यदि समान ब्याज दर पर उसी राशि पर 8 माही चक्रवृद्धि ब्याज लगाया जाता है, तो 2 वर्षों के बाद कुल चक्रवृद्धि ब्याज होगा

(1) ₹2,648
(2) ₹10,248
(3) ₹10,648
(4) ₹2,248
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या–

पहले साधारण ब्याज से वार्षिक दर निकालते हैं:

– SI = ₹3,600, P = ₹8,000, T = 3 वर्ष

$SI = \frac{P \times R \times T}{100} \Rightarrow 3600 = \frac{8000 \times R \times 3}{100}$

$\Rightarrow R = \frac{3600 \times 100}{8000 \times 3} = 15\%$ प्रति वर्ष।

अब 8 माही चक्रवृद्धि ब्याज (हर 8 माह पर) के लिए:

1 वर्ष = 12 माह, तो 8 माह के लिए दर

$r = 15\% \times \frac{8}{12} = 10\%$

2 वर्ष = 24 माह ⇒ अवधियों की संख्या

$n = \frac{24}{8} = 3$

अब मिश्रधन:

$A = 8000(1 + \frac{10}{100})^3 = 8000 \times (1.1)^3$

$= 8000 \times 1.331 = 10648$

चक्रवृद्धि ब्याज $CI = A - P = 10648 - 8000 = 2648$

सही उत्तर: ₹2,648

6. नागरिक मुद्दों की सूचना देने के लिए और सरकार द्वारा इन्हें विश्लेषित, ट्रैक, प्रबन्धित और सुलझाने हेतु हाल ही में जयपुर नगर निगम, हैरिटेज द्वारा किस एप का शुभारंभ किया गया है?

(1) जयपुर 315
(2) जयपुर 300
(3) जयपुर 301
(4) जयपुर 311
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–


– जयपुर नगर निगम, हैरिटेज द्वारा नागरिक मुद्दों की सूचना देने और सरकार द्वारा उन्हें ट्रैक, प्रबन्धित तथा सुलझाने हेतु हाल ही में जयपुर 311 ऐप का शुभारंभ किया गया है।

जयपुर 311 एप -

– उद्देश्य: यह एक एकीकृत शिकायत निवारण मंच है, जो नागरिकों को सीधे निगम से जुड़ने और शहर से संबंधित समस्याओं (जैसे सफाई, टूटी सड़कें, प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण आदि) की शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है।

– कार्यप्रणाली: यह मोबाइल एप्लीकेशन और वेब पोर्टल दोनों के रूप में कार्य करता है, जिससे शिकायतों को ट्रैक करना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना संभव होता है।

7. दिया गया पाई चार्ट विभिन्न खाद्य फसलों के लिए प्रयुक्त भूमि क्षेत्रफल के वितरण को प्रदर्शित करता है:



निम्न में से कुल क्षेत्रफल का 50% से अधिक उपयोग में लेने वाले सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) बाजरा, मक्का तथा चावल
(2) गेहूँ, जौ तथा ज्वार
(3) चावल, गेहूँ तथा ज्वार
(4) चावल, मक्का तथा जौ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या–

प्रश्नानुसार-

– कुल क्षेत्रफल का 50% = $360 \times \frac{50}{100} = 180^0$

दिए गए खाद्य फसलों में से किन फसलों के प्रयुक्त भूमि का क्षेत्रफल 180^0 से अधिक है।

चावल - 82^0

गेहूँ - 72^0

ज्वार - 27^0

कुल क्षेत्रफल = $82^0 + 72^0 + 27^0 = 181^0$

अत: चावल, गेहूँ, ज्वार के लिए प्रयुक्त क्षेत्रफल 180^0 से अधिक है।

8. 100 प्रेक्षणों के माध्य की 49 गणना की गई। बाद में पता चला कि 10, 20, 50 के रूप में लिए गए प्रेक्षण वास्तव में क्रमश: 60, 70, 80 थे। सही माध्य होगा (लगभग)-

(1) 49.5
(2) 48
(3) 49.33
(4) 50
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–

– पुराना माध्य = 49, प्रेक्षणों की संख्या = 100

⇒ पुराना योग = 49 × 100 = 4900

गलत दर्ज प्रेक्षण: 10, 20, 50

सही प्रेक्षण: 60, 70, 80

सही कुल योग = 4900 − (10 + 20 + 50) + (60 + 70 + 80)

= 4900 − 80 + 210 = 5030

सही माध्य = 5030 ÷ 100 = 50.3

दिए गए विकल्पों में यह मान नहीं है, अत: विकल्पों में त्रुटि है; सही माध्य 50.3 होना चाहिए और लगभग उत्तर 50 है।

9. वर्णमाला के दस अलग-अलग अक्षर दिए गए हैं। इन दिए गए अक्षरों से पाँच अक्षरों वाले शब्द बनाए गये हैं। तो उन शब्दों की संख्या, जिनमें कम से कम एक अक्षर दोहराया गया है -

(1) 99784 (2) 69760
(3) 30240 (4) 99748
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या–

– कुल सम्भव 5-अक्षरीय शब्द (पुनरावृत्ति की अनुमति सहित)

$= 10^5 = 100000$।

सभी अक्षर भिन्न हों, ऐसे शब्दों की संख्या =

$10 \times 9 \times 8 \times 7 \times 6 = 30240$।

कम से कम एक अक्षर दोहराया गया हो = कुल शब्द − सभी भिन्न

= 100000 − 30240 = 69760।

सही उत्तर: 69760

10. दो पासों को एक साथ फेंकने पर प्राप्त होने वाली संख्याओं का योग एक अभाज्य संख्या होने की प्रायिकता है:

(1) $\frac{7}{12}$ (2) $\frac{1}{2}$
(3) $\frac{1}{3}$ (4) $\frac{5}{12}$
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या–

– दो पासों के कुल सम्भावित परिणाम = 6 × 6 = 36
संभव योग: 2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12
इनमें अभाज्य संख्याएँ हैं: 2,3,5,7,11
योग = 2 → (1,1) → 1 तरीका
योग = 3 → (1,2),(2,1) → 2 तरीके
योग = 5 → (1,4),(2,3),(3,2),(4,1) → 4 तरीके
योग = 7→ (1,6),(2,5),(3,4),(4,3),(5,2),(6,1) → 6 तरीके
योग = 11 → (5,6),(6,5) → 2 तरीके
कुल अनुकूल परिणाम = 1+2+4+6+2 = 15
प्रायिकता = 15/36 = 5/12

11. राजस्थान एमएसएमई नीति 2024 निम्नलिखित में से किस दिनांक तक लागू रहेगी?

(1) 31 मार्च, 2031 (2) 31 मार्च, 2028
(3) 31 मार्च, 2030 (4) 31 मार्च, 2029
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या -

– राजस्थान एमएसएमई नीति 2024 राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के समग्र विकास और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए शुरू की गई है।
– इस नीति को राज्य मंत्रिमंडल ने नवंबर 2024 में मंजूरी दी थी और यह 8 दिसंबर, 2024 से प्रभावी होकर 31 मार्च, 2029 तक लागू रहेगी।

12. राजस्थान विधान सभा उप-चुनाव 2024 के लिए निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) सेवा नियोजित मतदाताओं के लिए सर्वाधिक मतपत्र खींवसर विधान सभा क्षेत्र में जारी हुए।
(2) उप-चुनाव में न्यूनतम मतदान (प्रतिशत में) दौसा में हुआ।
(3) 7 में से 3 विधान सभा क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा।
(4) होम वोटिंग के जरिए 3127 मतदाताओं ने मतदान किया।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या -

– सेवा नियोजित मतदाताओं के लिए सर्वाधिक मतपत्र खींवसर विधान सभा क्षेत्र में जारी नहीं हुए थे।

13. गुरु घासीदास - तमोर पिंगला टाइगर रिज़र्व के लिए सही कथन चुनिए।

(1) यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिज़र्व बना है।
(2) यह मध्यप्रदेश में स्थित है।
(3) नवम्बर 2024 में इसे भारत का 54वाँ टाइगर रिज़र्व अधिसूचित किया गया है।
(4) यह 1829 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या -

गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिज़र्व

– छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित एक महत्वपूर्ण वन्यजीव अभयारण्य है।
– भारत का 56वां और क्षेत्रफल की दृष्टि से तीसरा सबसे बड़ा बाघ अभयारण्य घोषित किया गया है।
– यह छत्तीसगढ़ के उत्तरी भाग तथा यह मध्य प्रदेश और झारखंड की सीमा के पास स्थित है।
– राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) ने अक्टूबर 2021 में छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसके बाद इसे एक टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित किया गया।
– यह लगभग 2,829 वर्ग किलोमीटर के विशाल क्षेत्र को कवर करता है।

14. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 2024 में निम्नलिखित में से किस संस्थान को आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स और प्रतिस्पर्धा पर बाज़ार अध्ययन हेतु नियुक्त किया हैं ?

(1) आईआईएम, इन्दौर
(2) इण्डियन स्कूल ऑफ बिजनेस
(3) मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इन्स्टीट्यूट सोसायटी
(4) इन्स्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेन्ट, आनंद
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या -

– भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स (AI) और प्रतिस्पर्धा पर व्यापक बाजार अध्ययन (Market Study) करने के लिए मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इन्स्टीट्यूट सोसायटी (MDIS), गुरुग्राम को नियुक्त किया है। इस संबंध में CCI और MDIS के बीच समझौता सितंबर 2024 में हस्ताक्षरित किया गया था।

15. दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 के संदर्भ में कॉलम - I तथा II को सुमेलित कीजिए :

	कॉलम-I (सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन)		**कॉलम-II (उत्कृष्ट कार्य का क्षेत्र)**
(a)	अनन्या बिजेश	(i)	कला और संस्कृति
(b)	प्रतीक खण्डेलवाल	(ii)	संगीत
(c)	प्रियंका दीपक दबडे	(iii)	सुगम्यता

कूट :

(a) (b) (c)
(1) (ii) (iii) (i)
(2) (i) (ii) (iii)
(3) (iii) (ii) (i)
(4) (iii) (i) (ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या -

दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार 2024

प्रतीक खंडेलवाल

– वह 'रैंप माई सिटी' (Ramp My City) पहल के संस्थापक हैं।
– **उद्देश्य:** 'रैंप माई सिटी' का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों, निजी भवनों, दुकानों और अन्य बुनियादी ढांचे को रैंप और अन्य सुगम्यता सुविधाओं से लैस करना है, ताकि व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं और अन्य लोकोमोटर दिव्यांगता वाले लोगों के लिए आवागमन आसान हो सके।

अनन्या बिजेश

– अनन्या बिजेश केरल के तिरुवनंतपुरम की रहने वाली एक 18 वर्षीय कलाकार हैं, जो 80% ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित हैं।
– उन्हें संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए "राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन पुरस्कार - 2024" से सम्मानित किया गया था। उन्हें यह पुरस्कार भारत की माननीय राष्ट्रपति से प्राप्त हुआ।

प्रियंका दीपक दबडे

– प्रियंका दीपक दबडे एक सुनने में अक्षम (deaf) कलाकार हैं, जिन्होंने कला, संस्कृति और शिक्षा में अपनी असाधारण उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है।
– योगदान का क्षेत्र: उन्हें कला, प्रदर्शन या किसी अन्य क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया गया है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

16. हाल ही में भारत सरकार ने कुछ भाषाओं को शास्त्रीय भाषाओं की सूची में शामिल करने का अनुमोदन किया है। अब कुल कितनी भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा हासिल है ?

(1) 11 (2) 6
(3) 8 (4) 10
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या -

- भारत सरकार द्वारा पाँच नई भाषाओं - मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के बाद अब कुल **11 भाषाओं** को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त है।
- पहले से शास्त्रीय भाषाओं की सूची में शामिल भाषाएँ हैं:
- तमिल (2004)
- संस्कृत (2005)
- कन्नड़ (2008)
- तेलुगु (2008)
- मलयालम (2013)
- उड़िया (2014)

17. हाल ही में यामंडू ओरसी किस देश के राष्ट्रपति चुने गए हैं?

(1) गुयाना (2) पैराग्वे
(3) उरुग्वे (4) बेनेजुएला
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या -

- यामांडू **ओरसी** को उरुग्वे के **राष्ट्रपति** के रूप में चुना गया है। ये वामपंथी ब्रॉड फ्रंट गठबंधन के उम्मीदवार थे।

18 फरवरी 2025 में समुद्री केबल प्रतिरोधक क्षमता शिखर सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया जाएगा?

(1) अर्मेनिया
(2) स्विट्जरलैण्ड
(3) नाइजीरिया
(4) फ्रांस
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या -

- फरवरी 2025 में अंतर्राष्ट्रीय सबमरीन केबल रेजिलिएंस शिखर सम्मेलन नाइजीरिया के अबूजा शहर में 26-27 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया था।
- इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य पनडुब्बी केबल नेटवर्क की सुरक्षा और स्थिरता पर चर्चा करना था ताकि वैश्विक इंटरनेट और डेटा कनेक्टिविटी को सुरक्षित रखा जा सके।

19. दक्षिण कोरिया के उस लेखक का नाम बताइये जिसने 2024 में साहित्य का नोबल पुरस्कार जीता है?

(1) हान कांग
(2) निहोन हिडांक्यो
(3) डेविड बैकर
(4) एनी एरनॉक्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या -

- 2024 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार दक्षिण कोरिया की लेखिका हान कांग को दिया गया है।
- उन्हें उनके "गहन काव्यात्मक गद्य के लिए" यह पुरस्कार मिला है, जो ऐतिहासिक आघातों का सामना करता है और मानव जीवन की नाज़ुकता को उजागर करता है।

20. हाल ही में हान्ले, लद्दाख में उद्घाटित की गयी एशिया की सबसे बड़ी और विश्व की सबसे ऊँची चेरनकोव वेधशाला से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

I. इसका उद्घाटन परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष अजीत कुमार मोहन्ती द्वारा किया गया।
II. यह 5100 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।
III. इस दूरबीन का निर्माण, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र ने इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं अन्य उद्योग भागीदारों के सहयोग से किया है।

नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल II एवं III सही हैं।
(2) केवल I एवं II सही हैं।
(3) I, II एवं III सही हैं।
(4) केवल I एवं III सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या -

- हान्ले, लद्दाख में एशिया की सबसे बड़ी और दुनिया की सबसे ऊँची मेजर एटमॉस्फेरिक चेरेनकोव एक्सपेरिमेंट (MACE) वेधशाला का उद्घाटन 4 अक्टूबर, 2024 को परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव और परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार मोहंती द्वारा किया गया।
- 4,300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह वेधशाला ब्रह्मांडीय घटनाओं का अध्ययन करने के लिए बनाई गई है।
- इस वेधशाला को भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) और अन्य औद्योगिक भागीदारों के सहयोग से स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

21. निम्नलिखित में से किस भारतीय ने श्री अत्सुशी मिमुरा के साथ, सितम्बर, 2024 में टोक्यों में आयोजित दूसरे भारत-जापान वित्त संवाद में सह- अध्यक्षता करी?

(1) विक्रम मिसरी (2) तुहीनकांत पाण्डे
(3) दम्मु रवि (4) अजय सेठ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या -

- श्री अजय सेठ, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव ने सितंबर 2024 में टोक्यो में आयोजित दूसरे भारत-जापान वित्त संवाद में श्री अत्सुशी मिमुरा के साथ सह-अध्यक्षता की थी।
- अजय सेठ, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव।
- श्री अत्सुशी मिमुरा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के वित्त उप मंत्री।

22. भारतीय सेना और कंबोडियाई सेना के बीच संयुक्त टेबल टॉप अभ्यास (सिनबैक्स) का पहला संस्करण कहाँ आयोजित हुआ?

(1) भुवनेश्वर (2) मुम्बई
(3) पुणे (4) जोधपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या -

- भारतीय सेना और कंबोडियाई सेना के बीच संयुक्त टेबल टॉप अभ्यास (सिनबैक्स) का पहला संस्करण पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित हुआ था।
- यह अभ्यास पुणे के विदेशी प्रशिक्षण नोड में 1 से 8 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया गया था।

23. 8 दिसम्बर, 2024 को भारत-नोर्वे गोलमेज सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया ?

(1) मुम्बई (2) जयपुर
(3) नई दिल्ली (4) चेन्नई
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या -

- 8 दिसंबर, 2024 को भारत-नॉर्वे व्यापार गोलमेज सम्मेलन मुंबई में आयोजित किया गया था।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत और नॉर्वे के बीच द्विपक्षीय व्यापार और व्यावसायिक संबंधों को मजबूत करना था, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और स्थिरता जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया था।
- **प्रमुख बिंदु:** नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्थिरता और हाल ही में हस्ताक्षरित भारत-ईएफटीए मुक्त व्यापार समझौता।

24. हाल ही में किस संस्थान ने एक अपग्रेडेड मोबाइल एप "सुविधा 2.0" को प्रारंभ किया है?

(1) आयुष मंत्रालय
(2) भारतीय चुनाव आयोग
(3) भारत का उच्चतम न्यायालय
(4) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या -

- चुनाव आयोग ने अपग्रेडेड सुविधा 2.0 मोबाइल ऐप लॉन्च किया जिससे उपयोगकर्ता मोबाइल एक्सेस के माध्यम से अनुमति के लिए आवेदन कर सकते हैं, स्थिति ट्रैक कर सकते हैं और अनुमोदन डाउनलोड करने की सुविधा देता है।
- ऐप का मुख्य उद्देश्य चुनाव अभियान की अनुमति प्रक्रिया को अधिक सुलभ और कुशल बनाना है।

25. नवम्बर 2024 में पुणे में आयोजित 5वीं राष्ट्रीय पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान ने कितने स्वर्ण तथा कांस्य पदक जीते हैं?

(1) 11 स्वर्ण एवं 16 कांस्य
(2) 16 स्वर्ण एवं 11 कांस्य
(3) 11 स्वर्ण एवं 7 कांस्य
(4) 16 स्वर्ण एवं 7 कांस्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या -

- नवंबर 2024 में पुणे में आयोजित 5वीं राष्ट्रीय पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप में, राजस्थान ने 16 स्वर्ण पदक और 7 कांस्य पदक जीते हैं।
- राजस्थान ने कुल 34 पदक जीते और पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

26. विश्व कैडेट अण्डर-8 प्रतियोगिता 2024 के विजेता 'दिविथ रैड्डी अड्डला' किस खेल से संबंधित हैं ?

(1) जिम्नास्टिक्स (2) तैराकी
(3) शतरंज (4) टेबिल टेनिस
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या -

- विश्व कैडेट अंडर-8 प्रतियोगिता 2024 के विजेता 'दिविथ रेड्डी अड्डला' शतरंज (Chess) खेल से संबंधित हैं।
- उन्होंने इटली में आयोजित अंडर-8 विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

27. खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की मेजबानी निम्नांकित में से कौन सा राज्य करेगा?

(1) मध्यप्रदेश (2) राजस्थान
(3) बिहार (4) तमिलनाडु
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या –

- खेलो इंडिया भारत सरकार द्वारा 2018 मे शुरू किया गया एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य देश में खेल प्रतिभाओं की पहचान करना, जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना और खेल के बुनियादी ढांचे को विकसित करना है।
- यह पहल भारत में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2018 में दिल्ली में आयोजित किए गए थे।
- खेलो इंडिया 2025 का आयोजन बिहार में आयोजित किए गए।
- यह प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता 4 मई से 15 मई 2025 तक चला।

28. 2024 आई.एस.एस.एफ. (अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल संघ) विश्व कप निशानेबाजी में भारत ने कितने पदक जीते हैं?

(1) 5 (2) 2
(3) 3 (4) 4
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

व्याख्या -

- ISSF वर्ल्ड कप-2024 (अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल संघ) विश्व कप में भारत ने कुल 6 पदक जीते, जिनमें 2 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य शामिल हैं।
- इनमें प्रमुख पदक विजेता हैं:
- दिव्यांश सिंह पंवार (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल) – स्वर्ण पदक
- रिदम सांगवान/उज्जवल मलिक (10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम) – स्वर्ण पदक
- सोनम उत्तम मास्कर (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल) – रजत पदक
- अर्जुन बबूता/सोनम उत्तम मास्कर (10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम) – रजत पदक
- अनुराधा देवी (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल) – रजत पदक
- अखिल शेरोन (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन) – कांस्य पदक।

29. 38वें नेशनल गेम्स 2025 के लिए निम्न कथनों 'पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनिए :
कथन (A) इसकी मेजबानी उत्तराखंड करेगा।
कथन (B): नेशनल गेम्स में 28 खेल प्रतियोगिताएँ एवं 4 प्रदर्शन स्पर्धाएँ सम्मिलित होंगी।

(1) कथन (A) व (B) दोनों सही नहीं हैं।
(2) (A) व (B) दोनों कथन सही हैं।
(3) केवल कथन (A) सही है।
(4) केवल कथन (B) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या –

- 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 (38th National Games 2025)
- मेजबान राज्य – उत्तराखंड।
- आयोजन की अवधि - 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025
- उद्घाटनकर्ता - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (देहरादून में)।
- समापनकर्ता - केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह (हल्द्वानी में)।
- मुख्य केंद्र - देहरादून (मुख्य आयोजन स्थल), हरिद्वार, हल्द्वानी, रुद्रपुर आदि विभिन्न शहर।
- शुभंकर (Mascot) - मौला (Mauli), जो उत्तराखंड के राज्य पक्षी मोनाल से प्रेरित था।
- थीम - 'हरित खेल' (Green Games)
- कुल टीमें - 37 (राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड सहित)

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- कुल खेल - इसमें 32 प्रतिस्पर्धी खेल और 3 प्रदर्शन खेल (Demonstration Sports) शामिल थे।
- शीर्ष स्थान - सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (SSCB) ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- अगला संस्करण - 39वां राष्ट्रीय खेल 2027 की मेजबानी मेघालय करेगा।

30. निम्नलिखित में से ओझियाना के उत्खनन में कौन शामिल था/थे?

A. आर. सी. अग्रवाल
B. बी. आर. मीणा
C. आलोक त्रिपाठी

कूट :

(1) B और C (2) केवल A
(3) केवल C (4) A और B
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या –

- ओझियाना (Ojiyana) राजस्थान के भीलवाड़ा ज़िले में स्थित एक महत्त्वपूर्ण पुरातात्त्विक स्थल है।
- इस स्थल का उत्खनन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया गया था।
- इसके उत्खनन का नेतृत्व मुख्य रूप से **डॉ. बी. आर. मीणा** और **डॉ. आलोक त्रिपाठी** ने किया था।
- इस स्थल से **आहड़ संस्कृति** या **चालकोलिथिक संस्कृति** से संबंधित अवशेष प्राप्त हुए हैं, जिनमें मिट्टी के बर्तन, ताम्र उपकरण, पत्थर के औजार, मोती, और संरचनाओं के अवशेष शामिल हैं।

31. निम्नलिखित में से किस पुरास्थल की पहचान पुरातत्त्वविद् टी. एच. हैण्डले ने एक बौद्ध कस्बे के रूप में की थी ?

(1) नलियासर
(2) भाण्डारेज
(3) बूढ़ा पुष्कर
(4) बैराठ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या –

- टी. एच. हैण्डले (T. H. Handley) ने राजस्थान के नलियासर पुरास्थल की पहचान एक बौद्ध कस्बे के रूप में की थी। नलियासर में बौद्ध धर्म से संबंधित महत्वपूर्ण पुरातात्विक साक्ष्य मिले हैं, जो इसे प्राचीन समय में एक महत्वपूर्ण बौद्ध केंद्र बनाते हैं।

32. मारवाड़ के राव चूण्डा के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

A. राव चूण्डा को मण्डोर दहेज में प्राप्त हुआ।
B. राव चूण्डा की मृत्यु के तुरंत पश्चात् राव रणमल राजगद्दी पर आसीन हुआ।

(1) A और B दोनों असत्य हैं।
(2) केवल A सत्य है।
(3) केवल B सत्य है।
(4) A और B दोनों सत्य हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या –

- कथन A: राव चूण्डा को मण्डोर दहेज में प्राप्त हुआ। यह कथन सत्य है। इतिहास के अनुसार, राव चूण्डा ने मण्डोर के इंदा परिहार शासक की पुत्री से विवाह किया था। इंदा परिहारों ने मण्डोर को राव चूण्डा को दहेज में या उपहार स्वरूप सौंप दिया था, क्योंकि वे तुगलक सेनाओं (या अन्य बाहरी ताकतों) से अपनी रक्षा करने में असमर्थ थे। मण्डोर तब मारवाड़ की राजधानी बना।
- कथन B: राव चूण्डा की मृत्यु के तुरंत पश्चात् राव रणमल राजगद्दी पर आसीन हुआ। यह कथन असत्य है। राव चूण्डा ने अपने सबसे बड़े पुत्र राव रणमल को उत्तराधिकार से वंचित कर दिया था। उनकी मृत्यु के पश्चात्, उनके छोटे पुत्र कान्हा (राव कान्हा) राजगद्दी पर आसीन हुए थे। राव रणमल बाद में मेवाड़ (अपनी बहन हंसा बाई के सहयोग से) के समर्थन से मारवाड़ की सत्ता पर नियंत्रण स्थापित करने में सफल हुए, लेकिन वह राव चूण्डा की मृत्यु के तुरंत बाद राजा नहीं बने थे।

33. राव जैतसी-रो-छन्द' के अनुसार, बीकानेर के शासक राव जैतसी ने निम्न में से किसे परास्त किया था?

(1) अकबर (2) हुमायूँ
(3) कामरान (4) शेरशाह
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या -

- राव जैतसी-रो-छन्द' ग्रंथ के अनुसार, बीकानेर के शासक राव जैतसी ने मुगल सम्राट बाबर के पुत्र कामरान को परास्त किया था।
- बीठू सूजा द्वारा डिंगल भाषा में रचित **'राव जैतसी-रो-छन्द'** यह ऐतिहासिक ग्रंथ, 1534 ई. में हुए रातीघाटी के युद्ध का विस्तृत और प्रामाणिक विवरण देता है,
- जिसमें राव जैतसी ने कामरान के नेतृत्व वाली मुगल सेना को हराया था।

34 बिजोलिया किसान आन्दोलन के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

A. बिजोलिया किसान आन्दोलन सम्बन्धी जानकारी देने हेतु विजय सिंह पथिक गांधीजी से मिलने वर्धा गये थे।
B. प्रयाग के अभ्युदय एवं कलकत्ता के भारत मित्र समाचार-पत्रों ने बिजोलिया किसान आन्दोलन सम्बन्धी समाचारों का नियमित रूप से प्रकाशन किया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर को चुनिये :

(1) न तो A और न ही B सही है।
(2) केवल A सही है।
(3) केवल B सही है।
(4) A और B दोनों सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या –

- बिजोलिया किसान आंदोलन भारतीय इतिहास का सबसे लंबा अहिंसक किसान आंदोलन था। यह आंदोलन 1897 में शुरू हुआ और 1941 तक चला (लगभग 44 वर्ष)।
- यह आंदोलन मेवाड़ रियासत के बिजोलिया ठिकाने में सामंती शोषण और अत्यधिक भू-राजस्व के खिलाफ था।
- प्रयाग (इलाहाबाद) से प्रकाशित 'अभ्युदय' और कलकत्ता से प्रकाशित 'भारत मित्र' समाचार-पत्रों ने बिजोलिया किसान आंदोलन के समाचारों को नियमित रूप से प्रकाशित करके इस आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

35. 1945 का एस. ए. सुधालकर प्रतिवेदन निम्न में से किस देशी रियासत से सम्बन्धित है?

(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) बीकानेर (4) उदयपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- 1945 का एस. ए. सुधालकर प्रतिवेदन जोधपुर देशी रियासत से सम्बन्धित है।
- यह प्रतिवेदन जोधपुर राज्य के प्रशासन और वित्तीय स्थिति का आकलन करने और उसमें सुधार के सुझाव देने के लिए तैयार किया गया था।
- एस. ए. सुधालकर एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश थे,
- जोधपुर राज्य प्रशासन द्वारा जिन्हें भूमि राजस्व प्रणाली, जागीर प्रशासन और राज्य के समग्र वित्तीय स्वास्थ्य की जांच करने के लिए नियुक्त किया गया था।

36. वाल्टरकृत राजपूत हितकारिणी सभा के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन असत्य है ?

(1) सभा ने अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सामाजिक नियम बनाए।
(2) इसकी स्थापना सन् 1888 में कर्नल सी. के. एम. वाल्टर के प्रयासों से हुई थी।
(3) इसका उद्देश्य राजस्थान के राजपूतों और दलितों के लिए सुधारात्मक कार्य करना था।
(4) इसकी प्रथम बैठक का आयोजन अजमेर में हुआ था।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या –

- वाल्टरकृत राजपूत हितकारिणी सभा की स्थापना 1888 ई. में राजपूताने के तत्कालीन एजेंट टू गवर्नर-जनरल कर्नल सी.के.एम. वाल्टर के प्रयासों से अजमेर में हुई थी।
- इस सभा के प्रमुख उद्देश्य राजपूतों में प्रचलित सामाजिक कुरीतियों और आर्थिक समस्याओं को हल करना था:
- शादी के अवसरों पर होने वाले अत्यधिक खर्चों पर नियंत्रण रखना।
- लड़के-लड़कियों की शादी के लिए न्यूनतम आयु निर्धारित करना और अनमेल विवाह को हतोत्साहित करना।
- राजपूत समुदाय के बीच शिक्षा के प्रसार को प्रोत्साहित करना।

37. सूची-I व सूची-II को सुमेलित करते हुए राजस्थान की प्रसिद्ध चित्रकला शैलियों एवं उनके चित्रकारों के संबंध में सही विकल्प चुनिये :

सूची-I		सूची-II	
A.	किशनगढ़	i.	साहिबदीन
B.	बीकानेर	ii.	निहालचंद
C.	मेवाड़	iii.	अली रजा
D.	मारवाड़	iv.	शिवदास

कूट :

A B C D

(1) ii i iii iv
(2) ii iv i iii
(3) ii iii i iv
(4) ii iii iv i
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या –

किशनगढ़ चित्रशैली -प्रमुख चित्रकार –

- मोरध्वज निहालचंद, नानकराम, सीताराम, रामनाथ, बदनसिंह, सूरध्वज, लालड़ीदास, सवाईराम।

मेवाड़ शैली के प्रमुख चित्रकार -

- साहबद्दीन, मनोहर, शाह उमरा, कमलचन्द, हीरानंद, जीवाराम, भैंरुराम, नासिरुद्दीन, कृपाराम, नुरुद्दीन, जगन्नाथ।

मारवाड़/जोधपुर चित्रशैली - प्रमुख चित्रकार -

- वीरजी, रतनजी भाटी, माधोदास, शंकरदास, अमरदास, बिशनदास, शिवदास, फतेह मोहम्मद, चाँद तैय्यब, रामसिंह भाटी, जीतमल, छज्जू।
- **बीकानेर चित्रशैली - प्रमुख कलाकार –** अलीरजा, रुक्नूद्दीन, हिसामुद्दीन उस्ता (पद्म श्री से सम्मानित) मुन्नालाल, रामकिशन, चन्दूलाल, जयकिशन, शिवराम, मुकुन्द, जोशी मेघराज।

38. राजोरगढ़ में मथानदेव द्वारा निर्मित प्रसिद्ध मंदिर निम्न में से किस देवी देवता को समर्पित था ?

(1) महिषासुर मर्दिनी (2) शिव
(3) विष्णु (4) सूर्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या –

- राजोरगढ़ में मथानदेव (परमेश्वर मथनदेव) द्वारा निर्मित प्रसिद्ध मंदिर मुख्य रूप से भगवान शिव (नीलकंठ महादेव) को समर्पित था।
- पुरातात्विक साक्ष्य और शिलालेखों से यह भी पता चलता है कि मथानदेव ने इसी मंदिर परिसर में देवी महिषासुर मर्दिनी को समर्पित एक मंदिर का निर्माण या संरक्षण भी किया था।
- इस मंदिर का निर्माण 10वीं शताब्दी में गुर्जर-प्रतिहार राजा मथानदेव ने करवाया था।

39. लोक वाद्ययंत्र 'चौतारा' के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए

A. यह चार तारों वाला वाद्ययंत्र है।
B. यह सामान्यतः रामदेवजी के भजन गाने में प्रयुक्त होता है।

(1) A और B दोनों असत्य हैं।
(2) केवल A सत्य है।
(3) केवल B सत्य है।
(4) A और B दोनों सत्य हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या -

- लोक वाद्ययंत्र 'चौतारा' के संबंध में दिए गए दोनों कथन A और B दोनों सत्य हैं।

चौतारा वाद्ययंत्र का विवरण

- चौतारा/तन्दूरा : यह राजस्थान का एक प्रसिद्ध तत वाद्ययंत्र (String instrument) है। इसे अक्सर तन्दूरा, तंबूरा या वानो के नाम से भी जाना जाता है। यह चार तारों वाला वाद्ययंत्र है। नाम के अनुरूप, 'चौतारा' का शाब्दिक अर्थ है चार तार। हालाँकि, इसके कुछ रूपों में 5 या 6 तार भी हो सकते हैं, लेकिन मुख्य रूप से इसे 4 तारों के लिए जाना जाता है।
- यह सामान्यतः रामदेवजी के भजन गाने में प्रयुक्त होता है। चौतारा (या तन्दूरा) का उपयोग विशेष रूप से कामांड़ जाति के भक्तों द्वारा रामदेवजी के भजन और तेरहताली नृत्य के दौरान लय प्रदान करने के लिए किया जाता है। यह अक्सर संत कबीर और मीराबाई के भजनों के गायन में भी प्रयोग किया जाता है।

40. निम्न में से कौन-सा विकल्प सही सुमेलित नहीं है?

(1) शत्रुसाल रासो -डूंगरसिंह
(2) पृथ्वीराज रासो - चंदरबरदाई
(3) बीसलदेव रासो- नरपति नाल्ह
(4) खुमाण रासो- करणीदान
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- शत्रुसाल रासो - डूंगरसिंह
- पृथ्वीराज रासो - चंदरबरदाई
- बीसलदेव रासो - नरपति नाल्ह
- खुमाण रासो - दलपत विजय
- सूरज प्रकाश - करणीदान

41. निम्न लिखित में से किसके लिए राजस्थानी भाषा में आड़ी हीयाली शब्द प्रचलित हैं ?

(1) पहेलियाँ (2) मुहावरे
(3) लोकोक्ति (4) फड़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या –

- **पहेलियाँ-** राजस्थानी लोक-साहित्य में "आड़ी हीयाली" या "आड़ हीयाली" शब्द का प्रयोग लोक-जन में प्रचलित पहेलियों के लिए किया जाता है। ये लोक-ज्ञान, बुद्धिमत्ता और भाषा की चतुराई का सुंदर उदाहरण मानी जाती हैं।
- **मुहावरे –** स्थायी वाक्यांश या अभिव्यक्ति, जिनका अर्थ शब्दशः नहीं होता।
- **लोकोक्ति –** जनजीवन से जुड़ी कहावतें या उपदेशात्मक कथन।
- **"फड़"**राजस्थान की एक प्रसिद्ध पारंपरिक लोक कला और चित्रकला शैली है, जो कपड़े के एक लंबे टुकड़े पर की जाती है।

42. संत लालदास के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए :

A. संत लालदास आजीवन अविवाहित रहें।
B. संत लालदास की मृत्यु के पश्चात् उनके समाधि स्थान पर मन्दिर का निर्माण करवाया गया।

(1) A और B दोनों असत्य हैं।
(2) केवल A सत्य है।
(3) केवल B सत्य है।
(4) A और B दोनों सत्य हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या –

- संत लालदास जी राजस्थान के प्रमुख मध्यकालीन संतों में से एक हैं। उन्हें विशेष रूप से मेवात क्षेत्र (अलवर-भरतपुर) का लोक संत माना जाता है। वे हिन्दू-मुस्लिम एकता और धार्मिक सहिष्णुता के प्रतीक थे।
- जीवन परिचय (Biographical Facts)
- जन्म: 1540 ई. (श्रावण कृष्ण पंचमी)
- जन्म स्थान: धौलीदूव, जिला अलवर।
- जाति: मेव (मुस्लिम), लेकिन वे हिन्दू रीति-रिवाजों को भी मानते थे।
- व्यवसाय: लकड़हारा (वे जंगल से लकड़ियां काटकर अपना जीवनयापन करते थे)।
- माता-पिता: माता समदा और पिता चांदमल।
- गुरु: गदन चिश्ती (तिजारा के मुस्लिम संत)।
- विवाह: उनकी पत्नी का नाम भोगरी था। (वे आजीवन गृहस्थ रहे)।
- मृत्यु: 1648 ई. में नगला (भरतपुर) में हुई।
- समाधि/मुख्य पीठ: शेरपुर (अलवर)। यहाँ आश्विन एकादशी और माघ पूर्णिमा को मेला भरता है।

लालदासी संप्रदाय (Laldasi Sect)

- संत लालदास जी ने 'लालदासी संप्रदाय' की स्थापना की।
- भक्ति धारा: निर्गुण भक्ति (ईश्वर का कोई रूप नहीं है)।
- दीक्षा की अनूठी शर्त: इस संप्रदाय में दीक्षा लेना बहुत कठिन माना जाता है। शिष्य को अपना अहंकार (Ego) त्यागने के लिए: मुंह काला करके, गधे पर उल्टा बैठाकर, जूतों की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाया जाता है। अंत में उसे शर्बत पिलाया जाता है। इसका उद्देश्य व्यक्ति के मन से 'मैं' (घमंड) को खत्म करना है।
- प्रमुख ग्रंथ: 'लालदास जी की चेतावनियाँ' (यह ग्रंथ संवाद शैली में है)।
- संत लालदास की मृत्यु के पश्चात् उनके समाधि स्थान पर मन्दिर का निर्माण करवाया गया।
- उनका देहांत नगला (भरतपुर) में हुआ था, लेकिन उनका समाधि स्थल शेरपुर (अलवर) में बनाया गया।

43. राजस्थान की वेशभूषा में प्रयुक्त 'कसूमल' निम्न में से कौन-सा रंग होता है?

(1) केसरिया (2) लाल
(3) पीला (4) गुलाबी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या –

- राजस्थान की वेशभूषा में प्रयुक्त 'कसूमल' रंग का अर्थ लाल रंग होता है।
- यह पारंपरिक राजस्थानी पोशाकों और विशेषकर पगड़ी या साफे में एक प्रमुख और महत्वपूर्ण रंग माना जाता है।जो उत्साह, ऊर्जा, और जीवन शक्ति का प्रतीक है।
- यह रंग विवाह जैसे शुभ अवसरों पर बहुतायत में प्रयोग होता है क्योंकि इसे सौभाग्य और समृद्धि का संकेत माना जाता है।

44. मत्स्य संघ के प्रधानमंत्री शोभाराम के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए :

A. उन्होंने असहयोग आन्दोलन के दौरान वकालत छोड़ी।
B. वे हीरालाल शास्त्री के मंत्रिमण्डल में सदस्य रहे।

(1) A और B दोनों असत्य हैं।
(2) केवल A सत्य है।
(3) केवल B सत्य है।
(4) A और B दोनों सत्य हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या –

- मत्स्य संघ के निर्माण (18 मार्च, 1948) के समय शोभाराम कुमावत प्रधानमंत्री थे। बाद में, 15 मई, 1949 को मत्स्य संघ का वृहत राजस्थान में विलय कर दिया गया। विलय के बाद, हीरालाल शास्त्री के नेतृत्व में राजस्थान का प्रथम मंत्रिमंडल बना, जिसमें शोभाराम कुमावत को सदस्य (मंत्री) के रूप में शामिल किया गया था।

45. आजीवक सम्प्रदाय के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A. नियतिवाद में विश्वास
B. उनके पुनर्जन्म के क्रम में बदलाव किया जा सकता है।
C. कठोर तपस्या में विश्वास

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

कूट :

(1) A और C सही हैं। (2) केवल A सही है।
(3) केवल B सही है। (4) A और B सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

आजीवक सम्प्रदाय

- संस्थापक- मक्खलि गोशाल
- आजीवक संप्रदाय नियतिवाद (Niyativada) या पूर्ण नियतिवाद में विश्वास करता था। इस संप्रदाय का मानना था कि ब्रह्मांड की सभी घटनाएं नियति (भाग्य) नामक एक ब्रह्मांडीय शक्ति द्वारा पूर्व निर्धारित होती हैं, और मनुष्य में स्वतंत्र इच्छा नहीं होती। यह सिद्धांत कर्म और व्यक्तिगत प्रयास को पूर्णतः अस्वीकार करता था।
- आजीवक मत के अनुसार पुनर्जन्म का क्रम पूर्व निर्धारित है और इसमें कोई बदलाव संभव नहीं है। जहां जैन और बौद्ध धर्म मानते हैं कि व्यक्ति अपने कर्मों से पुनर्जन्म की स्थिति सुधार सकता है, वहीं आजीवक इसे पूर्णतः नकारते थे। उनका विश्वास था कि मोक्ष भी पूर्व निर्धारित है और व्यक्तिगत प्रयासों से इसे बदला नहीं जा सकता।
- आजीवक संप्रदाय के अनुयायी अत्यंत कठोर तपस्या करते थे। वे नग्न रहते थे, कीलों पर लेटते थे, आग से गुजरते थे, और अत्यधिक मौसम में खुद को उजागर करते थे। यद्यपि वे नियतिवाद में विश्वास करते थे, फिर भी वे तपस्या को नए कर्म के प्रवाह को रोकने के साधन के रूप में मानते थे।
- इस संप्रदाय का प्रभाव मुख्यतः मौर्य काल तक रहा। चंद्रगुप्त मौर्य व बिंदुसार जैसे शासक इसके अनुयायी रहे।

46. कुषाण वंश के कैडफिसेस द्वितीय ने निम्नलिखित में से कौन सी उपाधि धारण की ?

(1) सिंह चन्द्र (2) सकारी
(3) सर्वलोकेश्वर (4) महाक्षत्रप
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या –

- कुषाण वंश के कैडफिसेस द्वितीय कुषाण वंश के एक प्रसिद्ध शासक थे, जिनका शासनकाल लगभग 95 से 127 ईस्वी के बीच माना जाता है।
- कुषाण शासक कैडफिसेस द्वितीय ने 'सर्वलोकेश्वर' (सभी लोकों का स्वामी) की उपाधि धारण की।
- इस उपाधि का उपयोग वह अपने शासन को वैध और गौरवशाली बनाने के लिए करता था। उसने अपने सोने के सिक्कों पर भी यह उपाधि अंकित की, जो उसकी सर्वोच्च स्थिति को दर्शाती है।


47. स्तूपों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए -

A. 'स्तूप' शब्द एक वास्तुशिल्प शब्द है और इसका अर्थ है वह चीज जो कि संचय के माध्यम से बनाई हो।
B. मृतकों की स्मृति में 'स्तूप' बनाने की प्रथा बौद्धकाल से पूर्व की थी।

(1) A और B दोनों असत्य हैं।
(2) केवल A सत्य है।
(3) केवल B सत्य है।
(4) A और B दोनों सत्य हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या –

- 'स्तूप' (Stupa) शब्द का मूल अर्थ ढेर लगाना या संचय करना होता है। स्तूप एक गोलार्द्ध के आकार की संरचना है, जिसका निर्माण मिट्टी या पत्थरों को संचय (इकट्ठा) करके किया जाता था। यह वास्तुकला (आर्किटेक्चर) का एक विशिष्ट रूप है।
- हालाँकि स्तूप बौद्ध धर्म का एक प्रमुख प्रतीक बन गया, लेकिन मृतकों की याद या अवशेषों पर मिट्टी के टीले (स्तूप) बनाने की प्रथा बौद्धकाल से पहले (वैदिक काल या महापाषाण काल तक) की थी। गौतम बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद इस पुरानी परंपरा को बौद्ध धर्म ने अपनाया, जहाँ बुद्ध और उनके प्रमुख शिष्यों के शारीरिक अवशेषों (Relics) पर स्तूपों का निर्माण शुरू हुआ और इसे धार्मिक महत्त्व प्राप्त हुआ।



48. निम्न में से किन बौद्ध ग्रन्थों की रचना संस्कृत भाषा में की गई? निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए :

A. दिव्यावदान
B. दीपवंश
C. महावंश
D. आर्यमंजूश्री मूलकल्प

(1) A. C (2) A, B
(3) B, C (4) A, D
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या –

- दिव्यावदान - यह बौद्ध कथाओं (अवदान साहित्य) का संग्रह है और इसकी रचना संस्कृत में हुई थी।
- दीपवंश - यह श्रीलंका का सबसे पुराना ऐतिहासिक रिकॉर्ड है और इसकी रचना पाली भाषा में हुई थी।
- महावंश - यह भी श्रीलंका का एक प्रमुख ऐतिहासिक महाकाव्य है और इसकी रचना पाली भाषा में हुई थी।
- आर्यमंजूश्री मूलकल्प - यह महायान बौद्ध धर्म से संबंधित एक महत्वपूर्ण ग्रन्थ है और इसकी रचना संस्कृत भाषा में की गई थी।

49. कृष्णदेवराय के दरबार में कवि मल्लनार्य ने 'भाव चिंता रत्न' एवं 'वीरशैवामृत' ग्रन्थ किस भाषा में लिखे थे?

(1) कन्नड़ (2) संस्कृत
(3) तमिल (4) तेलुगू
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या –

- कवि मल्लनार्य ने कृष्णदेवराय के दरबार में 'भाव चिंता रत्न' और 'वीरशैवामृत' ग्रंथ कन्नड़ भाषा में लिखे थे। ये दोनों ग्रंथ वीरशैव भक्ति, दर्शन और काव्य पर आधारित हैं और मल्लनार्य विजयनगर के प्रमुख कन्नड़ वीरशैव कवि थे।
- कृष्णदेवराय के दरबार में कई प्रसिद्ध कवि और विद्वान सम्मिलित थे, जिन्होंने विभिन्न भाषाओं विशेषकर तेलुगु, संस्कृत, कन्नड़ में रचनाएँ कीं।
- कृष्णदेवराय को "अष्टदिग्गज" या आठ महान कवियों की सभा के लिए भी जाना जाता है।

50. निम्न में से किन इमारतों का निर्माण सम्राट शेरशाह के द्वारा करवाया गया था ?

A. सासाराम का मकबरा
B. किला-ए-कुह्न मस्जिद
C. सिकंदरा का मकबरा
D. जामा मस्जिद

(1) B, D (2) A, B
(3) A, C (4) A, D
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या –

- सम्राट शेरशाह सूरी (1540-1545 ई.) ने अपने छोटे शासनकाल में कई महत्वपूर्ण इमारतों और संरचनाओं का निर्माण करवाया। इनमें से दो प्रमुख इमारतें निम्न हैं:
- **सासाराम का मकबरा :** यह बिहार के सासाराम में स्थित है। यह मकबरा अफगान वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना है और इसे शेरशाह ने अपने जीवनकाल में बनवाना शुरू किया था, जिसे उनकी मृत्यु के बाद 1545 ई. में उनके पुत्र इस्लाम शाह सूरी ने पूरा करवाया। यह एक कृत्रिम झील के बीच में स्थित है, जो इसे विशिष्ट बनाती है।
- **किला-ए-कुह्न मस्जिद :** यह दिल्ली में पुराना किला (शेरशाह के दीनपनाह शहर के अवशेष) के अंदर स्थित है। इसका निर्माण 1541 ई. में करवाया गया था। यह मस्जिद अपनी सुंदर मेहराबों, जटिल अलंकरणों और रंगीन टाइलों के उपयोग के लिए प्रसिद्ध है, जो लोदी शैली और बाद की मुगल शैली के बीच के संक्रमण को दर्शाती है।
- **सिकंदरा का मकबरा :** यह मकबरा अकबर का है और इसका निर्माण अकबर ने स्वयं शुरू करवाया था और इसे उनके पुत्र जहाँगीर ने 1613 ई. में पूरा करवाया था। यह आगरा के पास सिकंदरा में स्थित है।
- **जामा मस्जिद:** 'जामा मस्जिद' नाम से कई इमारतें हैं। दिल्ली की प्रसिद्ध जामा मस्जिद का निर्माण शाहजहाँ ने करवाया था। शेरशाह ने स्वयं कोई जामा मस्जिद नहीं बनवाई थी, हालांकि उन्होंने कई मस्जिदों का जीर्णोद्धार या निर्माण करवाया था, जैसे कि किला-ए-कुह्न मस्जिद।

51. भक्ति आंदोलन के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

(1) रामानंद ने राम भक्ति परंपरा का प्रचार किया।
(2) वल्लभाचार्य ने पुष्टिमार्ग की स्थापना की।
(3) निम्बार्क ने द्वैताद्वैत के सिद्धांत का प्रतिपादन किया।
(4) माध्वाचार्य ने सगुण भक्ति के स्थान पर निर्गुण भक्ति सिद्धांत को प्रतिपादित किया।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या –


- माधवाचार्य (13वीं शताब्दी) वैष्णव संत थे जिन्होंने द्वैत (Dualism) दर्शन का प्रतिपादन किया था। वह सगुण भक्ति (ईश्वर को गुणों और रूप के साथ पूजना) के समर्थक थे और उन्होंने विष्णु की भक्ति पर ज़ोर दिया।
- निर्गुण भक्ति (निराकार, गुणरहित ईश्वर की पूजा) का प्रचार मुख्य रूप से कबीर, नानक जैसे संतों ने किया था, न कि माधवाचार्य ने।
- रामानंद (14वीं शताब्दी) उत्तर भारत में राम भक्ति परंपरा के सबसे प्रमुख संत थे।
- वल्लभाचार्य (15वीं शताब्दी) ने कृष्ण भक्ति पर आधारित शुद्धाद्वैत दर्शन का प्रतिपादन किया और पुष्टिमार्ग (भगवान के अनुग्रह का मार्ग) की स्थापना की।
- निम्बार्क (13वीं शताब्दी) ने द्वैताद्वैत (द्वैत और अद्वैत दोनों) दर्शन का प्रतिपादन किया, जिसमें उन्होंने कृष्ण और राधा की भक्ति पर ज़ोर दिया।

52. भारत की एक राष्ट्र के रूप में पहचान को दृश्य माध्यम से संबद्ध करने हेतु किस चित्रकार ने सर्वप्रथम भारत माता के चित्र की रचना की थी ?

(1) रबीन्द्रनाथ टैगोर (2) गगनेन्द्रनाथ
(3) अबनीन्द्रनाथ (4) बंकिमचंद्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या –

- भारत की एक राष्ट्र के रूप में पहचान को दृश्य माध्यम से संबद्ध करने हेतु सर्वप्रथम भारत माता के चित्र की रचना अबनीन्द्रनाथ टैगोर ने की थी। यह चित्र 1905 के स्वदेशी आंदोलन के दौरान बनाया गया था।
- अबनीन्द्रनाथ टैगोर (1871-1951) बंगाल स्कूल ऑफ आर्ट के प्रमुख कलाकार थे।
- चित्र का नाम: मूल रूप से इसे बंगाल माता कहा गया था, लेकिन बाद में इसे भारत माता के रूप में लोकप्रिय पहचान मिली।
- महत्व: इस चित्र में भारत माता को एक संन्यासिनी के रूप में चित्रित किया गया है, जो हाथ में पुस्तक, धान की बालियाँ, श्वेत वस्त्र और रुद्राक्ष की माला लिए हुए हैं, जो उन्हें अन्नपूर्णा, विद्यादायिनी, दीक्षा और वस्त्र की प्रदाता के रूप में दर्शाती है। यह चित्र राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रवाद का एक शक्तिशाली प्रतीक बन गया।
- बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 'वंदे मातरम्' गीत की रचना की थी, जिसे भारत माता की अवधारणा का साहित्यिक आधार माना जाता है, लेकिन उन्होंने चित्र की रचना नहीं की थी।



53. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के उदारवादी चरण (1885 -1905 ई.) सम्बन्धी निम्न कथनों को पढ़िये :

A. आधुनिक यूरोप की समृद्ध लोकतांत्रिक एवं वैज्ञानिक संस्कृति का समर्थन किया था।
B. ब्रिटिश साम्राज्यवाद के आर्थिक पहलू की कड़ी आलोचना की थी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(1) न तो A और न ही B सत्य है।
(2) केवल A सत्य है।
(3) केवल B सत्य है।
(4) A और B दोनों सत्य हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या –

- भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का उदारवादी चरण (1885-1905) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की शुरुआत के दो दशकों को संदर्भित करता है। इस दौरान, नेता मुख्य रूप से संवैधानिक तरीकों और ब्रिटिश शासन में विश्वास के माध्यम से सुधारों की मांग करते थे।
- भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का उदारवादी चरण आधुनिक यूरोप की समृद्ध लोकतांत्रिक एवं वैज्ञानिक संस्कृति का समर्थन किया था। उदारवादी नेता, जैसे दादाभाई नौरोजी, गोपाल कृष्ण गोखले और फिरोजशाह मेहता, ब्रिटिश शासन को वरदान मानते थे। उनका मानना था कि ब्रिटिश संस्थाएँ (जैसे संसद, कानून का शासन) और पश्चिमी शिक्षा भारत को लोकतंत्र और वैज्ञानिक विकास की ओर ले जाएंगी। वे ब्रिटिश साम्राज्य के भीतर ही स्वशासन प्राप्त करना चाहते थे।
- भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के उदारवादी चरण में ब्रिटिश साम्राज्यवाद के आर्थिक पहलू की कड़ी आलोचना की गई। हालाँकि उदारवादी ब्रिटिश शासन के राजनीतिक संस्थानों के प्रशंसक थे, लेकिन वे ब्रिटिश आर्थिक नीतियों के कट्टर आलोचक थे। दादाभाई नौरोजी ने 'ड्रेन ऑफ वेल्थ' (Drain of Wealth) का सिद्धांत दिया, जबकि आर.सी. दत्त ने भारत के आर्थिक इतिहास पर लिखा, यह दर्शाते हुए कि ब्रिटिश नीतियाँ (भूमि राजस्व, मुक्त व्यापार नीतियाँ और उच्च सैन्य खर्च) किस तरह भारत के धन का शोषण कर रही थीं और गरीबी बढ़ा रही थीं।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

54. 1952 में भारत सरकार ने निम्नलिखित में से किसको माध्यमिक शिक्षा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था?

(1) लक्ष्मण स्वामी मुदालियर
(2) एस. राधाकृष्णन
(3) डी. एस. कोठारी
(4) पी.सी. महलनोबिस
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या –

- 1952 में भारत सरकार ने माध्यमिक शिक्षा आयोग का अध्यक्ष लक्ष्मण स्वामी मुदालियर को नियुक्त किया था। इस आयोग को आमतौर पर मुदालियर आयोग के नाम से जाना जाता है।
- आयोग का नाम: माध्यमिक शिक्षा आयोग
- अध्यक्ष: डॉ. ए. लक्ष्मण स्वामी मुदालियर, जो उस समय मद्रास विश्वविद्यालय के कुलपति थे।
- नियुक्ति: 23 सितंबर, 1952
- उद्देश्य: भारत की तत्कालीन माध्यमिक शिक्षा प्रणाली में समस्याओं की जाँच करना और उसके पुनर्गठन एवं सुधार के लिए सुझाव देना।
- सिफारिशें: इस आयोग ने त्रि-भाषाई सूत्र (Three-Language Formula), उच्च माध्यमिक स्तर पर विविधीकृत पाठ्यक्रम और बहुउद्देशीय विद्यालयों की स्थापना जैसी महत्वपूर्ण सिफारिशें दी थीं।
- एस. राधाकृष्णन - विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948-49)
- डी. एस. कोठारी - शिक्षा आयोग (1964-66)

55. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

सूची-I (मरुस्थल)
A. गोबी
B. पैटागोनिया
C. विक्टोरिया
D. कालाहारी

सूची-II (अवस्थिति)
i. दक्षिणी अफ्रीका
ii. एशिया
iii. दक्षिण अमेरिका
iv. ऑस्ट्रेलिया

कूट :

	A	B	C	d
(1)	iii	vi	i	ii
(2)	ii	iii	iv	i
(3)	iv	ii	iii	i
(4)	ii	i	iii	iv

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या –



मरुस्थल - अवस्थिति
गोबी - एशिया (मुख्य रूप से मंगोलिया और चीन)
पैटागोनिया - दक्षिण अमेरिका (मुख्य रूप से अर्जेंटीना)
विक्टोरिया - ऑस्ट्रेलिया (ग्रेट विक्टोरिया डेजर्ट)
कालाहारी - दक्षिणी अफ्रीका (बोत्सवाना, नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका)

56. कौन-सा क्षेत्र भूमध्यसागरीय कृषि प्रकार का नहीं है?

(1) दक्षिण अफ्रीका का दक्षिणी भाग
(2) कैलिफोर्निया
(3) मध्य चिली
(4) उत्तरी ऑस्ट्रेलिया
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या –

- भूमध्यसागरीय कृषि प्रमुख रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों में पाई जाती है: दक्षिण अफ्रीका के दक्षिणी भाग, कैलिफोर्निया, और मध्य चिली। ये क्षेत्र भूमध्यसागरीय जलवायु के अनुकूल हैं जहाँ गर्म, शुष्क गर्मियाँ और ठंडी, नम सर्दियाँ होती हैं। जबकि उत्तरी ऑस्ट्रेलिया भूमध्यसागरीय कृषि क्षेत्र नहीं है क्योंकि इसकी जलवायु और पर्यावरणीय परिस्थितियाँ इसमें इस प्रकार की कृषि के लिए अनुकूल नहीं हैं।
- उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में मुख्य रूप से उष्णकटिबंधीय या मानसूनी जलवायु होती है, जिसमें गर्म, गीली ग्रीष्मकाल और शुष्क सर्दियाँ होती हैं। यहाँ भूमध्यसागरीय कृषि नहीं होती है।

57. विश्व के किस वन खण्ड में सर्वाधिक वनोन्मूलन अंकित किया गया है?

(1) ज्वारीय
(2) कोणधारी
(3) उष्ण कटिबन्धीय
(4) पतझड़ी सवाना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या –

- विश्व के उष्णकटिबन्धीय वन खण्ड में सर्वाधिक वनोन्मूलन अंकित किया गया है। उष्णकटिबन्धीय वन, विशेष रूप से अमेज़न, कांगो बेसिन और दक्षिण पूर्व एशिया में पाए जाने वाले वर्षावन, वैश्विक वनोन्मूलन के सबसे बड़े शिकार हैं।

मुख्य कारण:

- कृषि विस्तार: बड़े पैमाने पर पशुपालन और सोयाबीन तथा ताड़ के तेल जैसी नकदी फसलों की खेती के लिए भूमि प्राप्त करना।
- अवैध कटाई: मूल्यवान उष्णकटिबन्धीय लकड़ी के लिए अवैध और अनियंत्रित कटाई।
- बुनियादी ढांचा: सड़कों, खनन और जलविद्युत परियोजनाओं का विकास।
- प्रभाव: इन वनों के विनाश के कारण न केवल जैव विविधता का भारी नुकसान होता है, बल्कि वातावरण में बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड भी उत्सर्जित होती है, जिससे जलवायु परिवर्तन बढ़ता है।


58. निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम क्या है?

A. लद्दाख
B. शिवालिक
C. कराकोरम
D. जास्कर

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

कूट :
(1) C, B, A, D
(2) A, C, B, D
(3) D, C, A, B
(4) C, A, D, B
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या –



क्र.सं.	श्रेणी	हिमालयी क्षेत्र
1. कराकोरम	ट्रांस-हिमालय (सबसे उत्तर)	यह भारत की सबसे उत्तरी श्रेणी है जिसमें K2 (Godwin Austen) शिखर स्थित है।
2.लद्दाख	ट्रांस-हिमालय	यह कराकोरम श्रेणी के दक्षिण में स्थित है और सिंधु नदी इसे जास्कर श्रेणी से अलग करती है।
3. जास्कर	ट्रांस-हिमालय	यह लद्दाख श्रेणी के दक्षिण में और ग्रेट हिमालय के उत्तर में स्थित है।
4. शिवालिक	बाह्य हिमालय (सबसे दक्षिण)	यह सबसे दक्षिणी और सबसे नवीन हिमालयी श्रेणी है जिसे हिमालय की तलहटी (foothills) भी कहा जाता है।

59. निम्नांकित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?
(1) मानसून अभियान (Monex) संयुक्त राज्य अमेरिका (U.S.A.) तथा भारत के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित किया गया था।
(2) चेन्नई में वर्षा की विषमता मुम्बई से अधिक है।
(3) लौटता मानसून तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा लाता है।
(4) पश्चिमी विक्षोभ भूमध्यसागर से उत्पन्न होते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–
- मानसून अभियान (Monsoon Experiment) 1979 में आयोजित किया गया था। यह अभियान मुख्य रूप से विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) और अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक संघ परिषद (ICSU) द्वारा शुरू किए गए बड़े वैश्विक वायुमंडलीय अनुसंधान कार्यक्रम (GARP) का हिस्सा था। इसमें भारत के साथ-साथ सोवियत संघ (USSR) और अन्य अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, न कि केवल U.S.A. और भारत ने।
- चेन्नई को अपनी अधिकांश वर्षा उत्तर-पूर्वी मानसून (Retreating Monsoon) से मिलती है, जो अनियमित और परिवर्तनीय होता है, जिससे वर्षा की विषमता (variability) अधिक होती है। इसके विपरीत, मुम्बई को वर्षा दक्षिण-पश्चिमी मानसून से मिलती है, जो अपेक्षाकृत अधिक स्थिर और विश्वसनीय होता है।
- लौटता हुआ/उत्तर-पूर्वी मानसून (अक्टूबर से दिसंबर तक) बंगाल की खाड़ी से नमी ग्रहण करता है और मुख्य रूप से तमिलनाडु के कोरोमंडल तट पर भारी वर्षा करता है।
- पश्चिमी विक्षोभ (Western Disturbances) भूमध्यसागर (Mediterranean Sea) में उत्पन्न होने वाले अतिरिक्त-उष्णकटिबंधीय तूफान होते हैं, जो पूर्व की ओर बढ़ते हुए ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान को पार करते हुए भारत के उत्तरी भागों में पहुँचते हैं और सर्दियों में वर्षा लाते हैं।

60. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिये :
सूची-I (सहायक नदी)
A. राप्ती
B. तिस्ता
C. हिरण
D. पूर्णा
सूची-II (नदी)
i. ब्रह्मपुत्र
ii. नर्मदा
iii. गोदावरी
iv. घाघरा
कूट :
(1) A-i B-vi C-ii D-iii
(2) A-iv B-i C-ii D-iii
(3) A-i B-ii C-iii D-iv
(4) A-iii B-i C-iv D-ii
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या–
दिए गए विकल्पों में सूची-I की सहायक नदियाँ और सूची-II की मुख्य नदियाँ इस प्रकार संगत हैं:
राप्ती - घाघरा
तिस्ता - ब्रह्मपुत्र
हिरण - नर्मदा
पूर्णा - गोदावरी

61. कौन-सा सुमेलित नहीं है?

परमाणु ऊर्जा प्लान्ट	**- राज्य**
(1) नरोरा	- उत्तरप्रदेश
(2) कलपक्कम	- तमिलनाडु
(3) काकरापार	- गुजरात
(4) कैगा	- तमिलनाडु

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या–

परमाणु ऊर्जा प्लान्ट - राज्य

(1) नरोरा — उत्तर प्रदेश (बुलंदशहर जिला)

(2) कलपक्कम — तमिलनाडु (मद्रास परमाणु ऊर्जा स्टेशन)

(3) काकरापार — गुजरात (सूरत के पास)

(4) कैगा — कर्नाटक (उत्तरी कन्नड़ जिला)

62. स्वर्णिम चतुर्भुज के चार खण्ड निम्न शहरों को जोड़ते हैं:

A. दिल्ली - मुम्बई B. मुम्बई - चेन्नई

C. चेन्नई - कोलकाता D. कोलकाता - दिल्ली

उपर्युक्त चार खण्डों की लम्बाई को घटते हुए क्रम में ध्यान देते हुए निम्न दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(1) D, C, A, B (2) C, D, A, B

(3) C, D, B, A (4) D, C, B, A

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या–

- स्वर्णिम चतुर्भुज भारत के चार महानगरों (दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता) को जोड़ने वाला राजमार्ग नेटवर्क है।

खंडों की अनुमानित लंबाई (घटते क्रम में) निम्नलिखित है:

- चेन्नई – कोलकाता (1,684 किमी.)
- कोलकाता – दिल्ली (1,453 किमी.)
- दिल्ली – मुम्बई (1,419 किमी.)
- मुम्बई – चेन्नई (1,290 किमी.)

63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

A. लूनी बेसिन और शेखावाटी प्रदेश राजस्थान बांगड़ के उप-प्रदेश हैं।

B. घग्घर का मैदान अधिकांशतः हनुमानगढ़ एवं गंगानगर जिलों में फैला है।

C. नागौर उच्च भूमि में लवणीय झीलें और आन्तरिक जल प्रवाह है।

D. अरावली श्रेणियाँ सभी प्रकार के खनिजों में समृद्ध हैं।

सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये:

कूट :

(1) A, B, C और D (2) A और B

(3) A, B और C (4) B, C और D

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या–

- राजस्थान बांगड़ अर्ध-शुष्क मैदान है, जो अरावली और थार मरुस्थल के बीच स्थित है। इसे मुख्य रूप से चार उप-प्रदेशों में विभाजित किया गया है, जिनमें लूनी बेसिन और शेखावाटी प्रदेश (या आंतरिक जल-निकास क्षेत्र) शामिल हैं।
- घग्घर का मैदान घग्घर नदी (प्राचीन सरस्वती नदी का अवशेष) का बाढ़ का मैदान है, जो मुख्य रूप से राजस्थान के उत्तरी जिलों, हनुमानगढ़ और गंगानगर में फैला हुआ है।
- नागौर उच्च भूमि क्षेत्र में आंतरिक अपवाह प्रणाली, ऊँचाई और उच्च खारेपन के कारण लवणीय झीलें (जैसे डीडवाना, सांभर, लूणकरणसर, और पंचभद्रा) पाई जाती हैं।
- अरावली श्रेणियाँ खनिजों में समृद्ध हैं, विशेष रूप से अधात्विक और धात्विक खनिजों (जैसे सीसा-जस्ता, ताँबा, अभ्रक) में, लेकिन यह कहना कि वे "सभी प्रकार के खनिजों" में समृद्ध हैं, सही नहीं है। पेट्रोलियम या कोयला जैसे ऊर्जा खनिजों की यहाँ कमी है।

64. राजस्थान के निम्नलिखित जिला समूहों का दक्षिणी-पश्चिमी मानसून में औसत वर्षा के आधार पर सही आरोही क्रम कौन-सा है?

(1) चूरू, बारां, भीलवाड़ा

(2) जालौर, जयपुर, कोटा

(3) जैसलमेर, बाँसवाड़ा, राजसमन्द

(4) नागौर, धौलपुर, अजमेर

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या–

- दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान औसत वर्षा के आधार पर सही आरोही क्रम वाला समूह है: जालौर (कम) < जयपुर (मध्यम) < कोटा (अधिक)।
- राजस्थान में दक्षिणी-पश्चिमी मानसून से वर्षा की मात्रा सामान्यतः उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व की ओर बढ़ती है।
- जालौर: यह शुष्क/अर्ध-शुष्क पश्चिमी क्षेत्र में स्थित है, जहाँ औसत वर्षा सबसे कम होती है (लगभग 300-400 मिमी)।
- जयपुर: यह पूर्वी मैदान क्षेत्र में स्थित है, जहाँ मध्यम वर्षा होती है (लगभग 500-600 मिमी)।
- कोटा: यह दक्षिण-पूर्वी आर्द्र क्षेत्र (हाड़ौती) में स्थित है, जहाँ राज्य के अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में से एक है (लगभग 750-900 मिमी)।

65. राजस्थान के किस जिले में 'खड़ीन' जल संरक्षण की प्रचलित विधि है?

(1) पाली (2) नागौर

(3) बीकानेर (4) जैसलमेर

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–

- राजस्थान के जैसलमेर जिले में 'खड़ीन' जल संरक्षण की प्रचलित विधि है।

खड़ीन जल संरक्षण विधि -

- खड़ीन राजस्थान के पश्चिमी भाग (मरुस्थलीय क्षेत्र) में वर्षा जल संरक्षण और कृषि के लिए उपयोग की जाने वाली एक पारंपरिक और स्वदेशी विधि है।
- **सर्वाधिक प्रचलन:** यह विधि मुख्य रूप से जैसलमेर जिले में पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा 15वीं शताब्दी में विकसित की गई थी।
- **प्रक्रिया:** इसमें ढलान वाली भूमि के नीचे एक मजबूत मिट्टी का तटबंध (बन्ध) बनाकर वर्षा जल को रोका जाता है। जब खेत पानी से भर जाता है, तो पानी को भूमिगत रूप से रिसने दिया जाता है। नमी युक्त मिट्टी में फिर रबी की फसलें उगाई जाती हैं।
- **दोहरा लाभ:** यह विधि न केवल जल को संरक्षित करती है, बल्कि कृषि के लिए भूमिगत नमी भी प्रदान करती है और अतिरिक्त पानी को पास के कुओं या निचले क्षेत्रों में भेजा जाता है।

66. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

सूची-I (जिला)

A. उदयपुर

B. बूंदी

C. भरतपुर

D. अलवर

सूची-II (नदी)

i. साबी तथा रूपारेल

ii. गम्भीरी तथा पार्वती

iii. सोम तथा जाखम

iv. कुराल

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

कूट :
(1) A-iii B-iv C-ii D-i
(2) A-iii B-iv C-i D-ii
(3) A-iv B-iii C-ii D-i
(4) A-i B-iii C-ii D-iv
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–
- सोम तथा जाखम - उदयपुर और आसपास के क्षेत्र में सोम (माही की सहायक) और जाखम (सोम की सहायक) महत्वपूर्ण नदियाँ हैं।
- कुराल - कुराल नदी (चंबल की सहायक) का प्रवाह क्षेत्र मुख्य रूप से बूंदी जिले में है।
- गम्भीरी तथा पार्वती - भरतपुर में गम्भीरी (करौली के पास से निकलती है) और पार्वती (चंबल की सहायक, जो इस क्षेत्र से बहती है) प्रमुख नदियाँ हैं।
- साबी तथा रूपारेल - साबी (सीकर से निकलती है) और रूपारेल (अलवर के पास से निकलती है) नदियाँ अलवर जिले की आंतरिक अपवाह प्रणाली का हिस्सा हैं।

67. जयपुर, दौसा और अलवर जिलों में किस मृदा की प्रधानता है?
(1) अल्फीसोल्स (2) एन्टीसोल
(3) इनसेप्टीसोल्स (4) वर्टीसोल्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–

राजस्थान में मृदा वर्गीकरण –
- यह वर्गीकरण संयुक्त राज्य अमेरिका की मृदा वर्गीकरण प्रणाली पर आधारित है:
- **अल्फीसोल्स (Alfisols):** ये मृदाएँ पूर्वी राजस्थान के जिलों में पाई जाती हैं, जिनमें जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, टोंक और सवाई माधोपुर शामिल हैं। इन मृदाओं में जलोढ़ (alluvial) और लाल-पीली मृदाएँ शामिल होती हैं। ये उपजाऊ होती हैं और इनमें एल्युमिनियम (Al) और लौह (Fe) ऑक्साइड की मात्रा अधिक होती है।
- **एन्टीसोल्स (Entisols):** ये मृदाएँ पश्चिमी राजस्थान के लगभग सभी जिलों में पाई जाती हैं। ये सबसे कम विकसित मृदाएँ होती हैं और इनमें रेत की मात्रा अधिक होती है।
- **इनसेप्टीसोल्स (Inceptisols):** ये मृदाएँ अर्ध-शुष्क और अरावली क्षेत्रों (जैसे सिरोही, राजसमंद, भीलवाड़ा) में पाई जाती हैं। ये विकास के प्रारंभिक चरण में होती हैं।
- **वर्टीसोल्स (Vertisols):** ये काली मिट्टी होती हैं और मुख्य रूप से हाड़ौती क्षेत्र (दक्षिण-पूर्वी राजस्थान) के जिलों (जैसे कोटा, बारां, झालावाड़) में पाई जाती हैं।

68. वर्ष 2021-22 में, देश के कुल बाजरा उत्पादन में राजस्थान का योगदान (प्रतिशत में) था:
(1) 34.69 (2) 46.30
(3) 87.69 (4) 38.98
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–
- वर्ष 2021-22 में, देश के कुल बाजरा उत्पादन में राजस्थान का योगदान (प्रतिशत में) 38.98% था। यह आँकड़ा राजस्थान के आर्थिक सर्वेक्षण (Economic Review) और कृषि सांख्यिकी (Agricultural Statistics) विभाग के वर्ष 2021-22 के अग्रिम/संशोधित अनुमानों पर आधारित है।
- राजस्थान देश में बाजरा (Pearl Millet) का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। बाजरा, यहाँ की शुष्क और अर्ध-शुष्क जलवायु के लिए उपयुक्त होने के कारण, राज्य की खरीफ फसलों में एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है।

69. मेडटेक मेडिकल डिवाइसेस पार्क अवस्थित है -
(1) बोरानाडा, जोधपुर (अविभाजित)
(2) गणेश्वर विस्तार, सीकर
(3) माल की तूस, उदयपुर
(4) नैनवा, बूँदी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–
- मेडटेक मेडिकल डिवाइसेस पार्क बोरानाडा, जोधपुर (अविभाजित) में अवस्थित है। इसे RIICO प्राधिकरण के अंतर्गत बोरानाडा विस्तार औद्योगिक क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। यह पार्क भारत सरकार की 'चिकित्सा उपकरण पार्क को बढ़ावा देने की योजना' (Scheme for Promotion of Medical Device Parks) के तहत स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण को बढ़ावा देना और उन्हें एक ही स्थान पर बुनियादी ढांचा (Infrastructure) प्रदान करना है।

70. माउण्ट आबू और रणकपुर किस पर्यटक परिपथ में सम्मिलित हैं?
(1) मेवाड़ (2) ढूंढाड़
(3) शेखावाटी (4) गोडवार
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–
- माउण्ट आबू और रणकपुर दोनों गोडवार पर्यटक परिपथ में सम्मिलित हैं।
- माउण्ट आबू राजस्थान का एकमात्र हिल स्टेशन है, जो सिरोही जिले में स्थित है।
- रणकपुर, पाली जिले में अरावली पहाड़ियों के पास, अपने जैन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है।
- दोनों स्थल राजस्थान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में आते हैं और प्राकृतिक, धार्मिक एवं पर्यावरणीय पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण हैं।
- राजस्थान पर्यटन विकास निगम (RTDC) ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य को विभिन्न पर्यटक परिपथों (Tourist Circuits) में विभाजित किया है।
- गोडवार पर्यटन सर्किट के अंतर्गत माउण्ट आबू, रणकपुर, जवाई बांध, कुंभलगढ़ जैसे कई प्रमुख स्थल आते हैं।
- मेवाड़ पर्यटन सर्किट के अंतर्गत उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ जैसे कई प्रमुख स्थल आते हैं।
- ढूंढाड़ पर्यटन सर्किट के अंतर्गत जयपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, टोंक आदि प्रमुख स्थल आते हैं।
- शेखावाटी पर्यटन सर्किट के अंतर्गत सीकर, चूरू, झुंझुनूं आदि प्रमुख स्थल आते हैं।

71. किस राजनीतिक दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने संविधान सभा को भंग कर उसका पुनर्निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर करने को कहा था?
(1) मुस्लिम लीग (2) हिंदू महासभा
(3) समाजवादी दल (4) स्वराज दल
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या–

– समाजवादी दल (Socialist Party) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने संविधान सभा को भंग कर उसका पुनर्निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर करने को कहा था। 1947-1948 में, समाजवादी दल ने (जिसके प्रमुख नेताओं में जयप्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया शामिल थे) यह मांग रखी थी कि मौजूदा संविधान सभा, जिसका चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से सीमित मताधिकार के आधार पर हुआ था, उसे भंग कर दिया जाए। समाजवादी नेताओं का मानना था कि संविधान सभा भारत की जनता का सही प्रतिनिधित्व नहीं करती है। उन्होंने सुझाव दिया कि संविधान सभा का पुनर्निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर किया जाना चाहिए, ताकि यह संस्था सच्चे मायने में लोकतांत्रिक हो। हालाँकि, कांग्रेस के प्रभुत्व के कारण यह मांग स्वीकार नहीं की गई और वर्तमान संविधान सभा ने ही भारत का संविधान बनाना जारी रखा।

72. राजस्थान में कुल साक्षरता दर (जनगणना 2011) के घटते हुए क्रम के आधार पर जिलों का सही क्रम है -

(1) कोटा, झुन्झुनूं, जयपुर, अलवर, सीकर
(2) जयपुर, झुन्झुनूं, कोटा, सीकर, अलवर
(3) कोटा, जयपुर, झुंझुनू, सीकर, अलवर
(4) झुन्झुनूं, कोटा, सीकर, जयपुर, अलवर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या–

– राजस्थान में कुल साक्षरता दर (जनगणना 2011) के घटते हुए क्रम के आधार पर जिलों का सही घटता क्रम है: कोटा (76.6%) > जयपुर (75.5%) > झुन्झुनूं (74.7%) > सीकर (71.9%) > अलवर (70.7%)

73. राजस्थान में निम्नलिखित स्थलों पर ऐस्बेस्टॉस खदानें कहाँ अवस्थित हैं?

(1) देपुरा और डिंगरी
(2) अर्जुनपुरा और पीपरदा
(3) खुरा और मंगोल
(4) करपुरा और फतेहगढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या–

– राजस्थान में ऐस्बेस्टॉस की खदानें मुख्य रूप से अर्जुनपुरा और पीपरदा में स्थित हैं, जो चित्तौड़गढ़ जिले में हैं।

74. राजस्थान में लिग्नाइट के सबसे महत्वपूर्ण संसाधन स्थित हैं:

(1) कपूरड़ी, पलाना एवं जगपुरा
(2) पलाना, अगूचा एवं मेड़ता
(3) पलाना, कसनऊ एवं जगपुरा
(4) कपूरड़ी, मेड़ता एवं कसनऊ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–

– राजस्थान में लिग्नाइट के सबसे महत्वपूर्ण संसाधन कपूरड़ी, मेड़ता एवं कसनऊ में स्थित हैं।
– राजस्थान में लिग्नाइट (निम्न श्रेणी का भूरा कोयला) के प्रमुख भंडार और उत्पादन क्षेत्र निम्नलिखित हैं:
– कपूरड़ी : यह बाड़मेर जिले में स्थित है और राजस्थान में लिग्नाइट का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण भंडार माना जाता है।
– मेड़ता : यह नागौर जिले में स्थित है और नागौर के लिग्नाइट उत्पादन में प्रमुख स्थान रखता है।
– कसनऊ : यह भी नागौर जिले में स्थित है और मेड़ता के साथ महत्वपूर्ण लिग्नाइट क्षेत्र है।
– पलाना : यह बीकानेर जिले में स्थित है और राजस्थान में लिग्नाइट का एक प्रारंभिक और महत्वपूर्ण स्रोत रहा है।

75. कौन-सा सुमेलित नहीं है?
संरक्षित क्षेत्र (मई 2023 के अनुसार) - जिला

(1) हमीरगढ़ - भीलवाड़ा
(2) रनखार - जालौर
(3) मनसामाता - झुन्झुनूं
(4) सोरसन - बूंदी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–

संरक्षित क्षेत्र (मई 2023 के अनुसार) - जिला
(1) हमीरगढ़- भीलवाड़ा
(2) रनखार- जालौर
(3) मनसामाता- झुन्झुनूं
(4) सोरसन- बाँरा

76. निम्नलिखित अनुच्छेदों के कौन से समूह द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार केवल भारत के 'नागरिकों' को अनुदत्त हैं ?

(1) अनुच्छेद 15, 16, 19 और 30
(2) अनुच्छेद 14, 20, 23 और 30
(3) अनुच्छेद 15, 21, 25 और 28
(4) अनुच्छेद 20, 21, 25 और 30
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–

– भारत के संविधान में कुछ मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 15,16, 19 और 30) केवल नागरिकों (Citizens) को ही प्रदान किए गए हैं, जबकि अन्य मौलिक अधिकार (जैसे अनुच्छेद 14, 20, 21, 22, 23, 25, 27 और 28) सभी व्यक्तियों (Persons) को दिए जाते हैं।
– अनुच्छेद 15: किसी भी नागरिक के खिलाफ धर्म, जाति, लिंग आदि के आधार पर भेदभाव का निषेध।
– अनुच्छेद 16: समान अवसर और रोजगार में कोई भेदभाव न हो।
– अनुच्छेद 19: अभिव्यक्ति, आंदोलन, सभा, संघ बनाने के अधिकार।
– अनुच्छेद 30: अल्पसंख्यकों को अपनी शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने का अधिकार।

77. किस वर्ष भारत के संविधान में यह अन्तःस्थापित किया गया कि राज्य आर्थिक या अन्य निर्योग्यताओं के कारण किसी नागरिक को निःशुल्क विधिक सहायता सुनिश्चित करेगा?

(1) 1979
(2) 1978
(3) 1976
(4) 1975
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या–

– भारत के संविधान में यह प्रावधान कि राज्य आर्थिक या अन्य निर्योग्यताओं के कारण किसी नागरिक को निःशुल्क विधिक सहायता सुनिश्चित करेगा, वर्ष 1976 में अन्तःस्थापित किया गया था।
– निःशुल्क विधिक सहायता का प्रावधान संविधान के भाग IV (राज्य के नीति निदेशक तत्व - DPSP) में अनुच्छेद 39A के रूप में जोड़ा गया था। यह प्रावधान 42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा जोड़ा गया था।
– इस अनुच्छेद में कहा गया है कि राज्य यह सुनिश्चित करेगा कि कानूनी प्रणाली का संचालन इस प्रकार हो कि सभी को समान अवसर के आधार पर न्याय मिले और विशेष रूप से, आर्थिक या अन्य निर्योग्यताओं के कारण कोई भी नागरिक न्याय से वंचित न रहे।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

78. सूची-A का सूची-B से मिलान कीजिये और नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

	सूची-A (वाद)		सूची-B (संशोधन को चुनौती)
A.	इंदिरा गांधी बनाम राज नारायण	i.	42वाँ संशोधन
B.	मिनर्वा मिल बनाम भारत संघ	ii.	52वाँ संशोधन
C.	किहोतो हॉलोहान बनाम जशीलू	iii.	39वाँ संशोधन
D.	पी. संबामूर्थि बनाम आंध्रप्रदेश राज्य	iv.	32वाँ संशोधन

कूट :

	A	B	C	D
(1)	iii	i	ii	iv
(2)	i	iii	iv	ii
(3)	ii	iii	i	iv
(4)	iv	ii	iii	i

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–

- इंदिरा गांधी बनाम राज नारायण मामले में 39वें संविधान संशोधन को चुनौती दी गई थी। इस वाद में, सर्वोच्च न्यायालय ने 39वें संशोधन के उस प्रावधान को असंवैधानिक घोषित किया, जो राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव संबंधी विवादों को न्यायालयों के क्षेत्राधिकार से बाहर रखता था। यह बुनियादी संरचना सिद्धांत के तहत एक प्रमुख निर्णय था।
- मिनर्वा मिल बनाम भारत संघ में 42वें संविधान संशोधन की वैधता पर विवाद हुआ था। इस वाद में, न्यायालय ने 42वें संशोधन द्वारा अनुच्छेद 31C में किए गए संशोधन को असंवैधानिक घोषित किया। इसने यह स्पष्ट किया कि मौलिक अधिकार और नीति निदेशक तत्वों के बीच संतुलन संविधान की बुनियादी संरचना का हिस्सा है।
- किहोतो हॉलोहान बनाम जशीलू वाद 52वें संशोधन (1985) से संबंधित है, जिसने दल-बदल विरोधी कानून (Anti-Defection Law) को 10वीं अनुसूची में जोड़ा था। न्यायालय ने इसमें कुछ प्रावधानों को बरकरार रखा।
- पी. संबामूर्थि बनाम आंध्रप्रदेश राज्य मामले में 32वें संशोधन की वैधता पर विचार हुआ था। यह वाद 32वें संशोधन के तहत आंध्रप्रदेश प्रशासनिक ट्रिब्यूनल की स्थापना से संबंधित है। न्यायालय ने इस संशोधन के तहत किए गए कुछ प्रावधानों की व्याख्या की।

79. भारत के राष्ट्रपति के चुनाव के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(1) किसी राज्य की विधान सभा के प्रत्येक निर्वाचित सदस्य के उतने मत होंगे जितने कि एक सौ के गुणित उस भागफल में हों जो राज्य की जनसंख्या को उस विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों की कुल संख्या से भाग देने पर आये।

(2) भारत के राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा किया जाता है जिसमें (ए) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य और (बी) राज्यों की विधान सभाओं और विधान सभा वाले केंद्रशासित प्रदेशों के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं।

(3) निर्वाचक मंडल के प्रत्येक सदस्य के लिए वोट का मूल्य 1971 की जनसंख्या जनगणना के आधार पर तय किया जाता है और यह तब तक जारी रहेगा जब तक वर्ष 2026 के बाद पहली जनगणना की जनसंख्या प्रकाशित नहीं हो जाती है।

(4) चुनाव एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार आयोजित किए जाते हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–

- राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल (Electoral College) के सदस्यों द्वारा किया जाता है, जिसमें संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य और राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं।
- MLA के मत का मूल्य = (राज्य की कुल जनसंख्या/राज्य विधानसभा में निर्वाचित सदस्यों की कुल संख्या)×(1/1000)।

80. लोक सभा के अध्यक्ष की शक्तियों के बारे में निम्न में से कौन से कथन सही हैं?

नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

(i) लोक सभा अध्यक्ष संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हैं।

(ii) जब एक वित्त विधेयक को निचले सदन से उच्च सदन को भेजा जाता है तो अध्यक्ष द्वारा उस विधेयक को वित्त विधेयक के तौर पर प्रमाणपत्र दिया जाता है।

(iii) जब अध्यक्ष को हटाये जाने का प्रस्ताव विचाराधीन हो, तब अध्यक्ष ना तो अध्यक्षता करेंगे और ना ही कार्यवाहियों में भाग लेंगे।

(iv) मतों की समानता के अलावा, अध्यक्ष सदन में मतदान नहीं करते।

कूट :

(1) केवल (i), (ii) और (iii)
(2) केवल (i) और (iii)
(3) केवल (i) और (ii)
(4) केवल (i), (ii) और (iv)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–

- अनुच्छेद 118(4) के तहत, संयुक्त बैठक की अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष करते हैं।
- अनुच्छेद 110(3) के तहत, यह निर्णय करने की शक्ति कि कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं, अध्यक्ष के पास होती है, और उनका निर्णय अंतिम होता है। यह प्रमाणपत्र राज्य सभा को भेजते समय संलग्न होता है।
- अनुच्छेद 96(1) के अनुसार, जब अध्यक्ष को हटाने का प्रस्ताव विचाराधीन हो, तो वे सदन की अध्यक्षता नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें सदन में बोलने और कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकार होता है। उन्हें मत देने का अधिकार भी होता है, लेकिन केवल पहली बार में (समानता की स्थिति को छोड़कर)।
- अनुच्छेद 100(1) के अनुसार, अध्यक्ष सदन में केवल टाई या मतों की समानता की स्थिति में ही अपना निर्णायक मत (Casting Vote) देते हैं। सामान्य मतदान में वे भाग नहीं लेते हैं।

81. भारत के चुनाव आयोग के संबंध में सही कथन पहचानें।

(1) राष्ट्रपति मुख्य चुनावः आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करता है और उनका कार्यकाल पाँच वर्ष या 60 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, होता है।

(2) भारत का चुनाव आयोग एक स्थायी संवैधानिक निकाय है और इसकी स्थापना 25 जनवरी, 1952 को संविधान के अनुसार की गई थी।

(3) बहुमत द्वारा निर्णय लेने की शक्ति के साथ बहु-सदस्यीय आयोग की अवधारणा 1995 से लागू है।

(4) संविधान के अंतर्गत संसद और राज्य विधानमंडलों के सदस्यों की निर्वाचन पश्चात् निर्योग्यता के मामले में आयोग के पास परामर्शदात्री क्षेत्राधिकार भी है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या–

- संसद ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 पारित किया। इस अधिनियम के अनुसार, नियुक्ति अब एक चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं: प्रधानमंत्री (अध्यक्ष), लोकसभा में विपक्ष के नेता, संघ कैबिनेट मंत्री (जो प्रधानमंत्री द्वारा नामित होता है)।
- मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों का कार्यकाल छह वर्ष या 65 वर्ष की आयु, जो पहले हो, तक होता है।
- अनुच्छेद - 103 (संसद सदस्यों के लिए) और अनुच्छेद - 192 (राज्य विधानमंडल सदस्यों के लिए) के तहत, राष्ट्रपति/राज्यपाल द्वारा सदस्य की निर्योग्यता पर निर्णय लेने से पहले चुनाव आयोग से राय लेना अनिवार्य है। यह आयोग का परामर्शदात्री क्षेत्राधिकार है।
- भारत का चुनाव आयोग एक स्थायी संवैधानिक निकाय है और इसकी स्थापना 25 जनवरी, 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।
- बहुमत द्वारा निर्णय लेने की शक्ति के साथ बहु-सदस्यीय आयोग की अवधारणा 1993 से स्थायी रूप से लागू है।

82. निम्नलिखित में से वो कौन-सा विषय है जिस पर 31 दिसम्बर, 2023 को वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित वित्त आयोग अपनी सिफारिश नहीं करेगा?

(1) जलवायु प्रबंधन पहल के वित्त पोषण पर वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा।
(2) संविधान के अध्याय I भाग XII के तहत संघ और राज्यों के बीच विभाजित किए जाने या किए जा सकने वाले करों के निवल आगमों का वितरण।
(3) वे सिद्धांत जो भारत की संचित निधि से राज्यों के राजस्व के सहायता अनुदान को नियंत्रित करते हैं।
(4) पंचायतों और नगरपालिकाओं के संसाधनों की पूर्ति के लिए राज्य की संचित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–

- 31 दिसम्बर, 2023 को वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित 16वें वित्त आयोग अपनी सिफारिश निम्नलिखित विषयों पर करेगा:
- संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत संघ और राज्यों के बीच करों के निवल आगमों का वितरण।
- राज्यों के राजस्व के सहायता अनुदान को नियंत्रित करने वाले सिद्धांत।
- पंचायतों और नगरपालिकाओं के संसाधनों की पूर्ति के लिए राज्य की संचित निधि को बढ़ाने के उपाय।
- लेकिन, जलवायु प्रबंधन पहल के वित्त पोषण पर वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा इस अधिसूचना में शामिल नहीं है।

83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चिह्नित कीजिए:

(a) 2004 के चुनाव में कांग्रेस ने 145 लोक सभा स्थानों पर विजय प्राप्त की।
(b) 2004 के चुनाव में भाजपा ने 133 लोक सभा स्थानों पर विजय प्राप्त की।
(c) 2004 के चुनाव में मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ने 48 लोक सभा स्थानों पर विजय प्राप्त की।

कूट :

(1) केवल (a) और (c) सही हैं।
(2) केवल (a) सही है।
(3) केवल (a) और (b) सही हैं।॥
(4) केवल (b) और (c) सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या–

2004 लोक सभा चुनाव परिणाम

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC): 145 सीटें
- भारतीय जनता पार्टी (BJP): 138 सीटें
- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (CPM): 43 सीटें
- इन चुनावों के बाद, कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (UPA) की सरकार बनी थी।

84. केन्द्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना निम्नलिखित में से किस समिति की सिफ़ारिशों के आधार पर हुयी थी?

(1) बक्शी टेकचंद समिति
(2) संथानम समिति
(3) केलकर समिति
(4) स्वर्ण सिंह समिति
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या–

CVC और संथानम समिति -

- **समिति का गठन:** 1962 में, भारत सरकार ने के. संथानम की अध्यक्षता में भ्रष्टाचार निवारण समिति (Committee on Prevention of Corruption) का गठन किया था।
- **सिफ़ारिश:** समिति ने 1964 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और केंद्र सरकार के अधीन भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक कदाचार पर निगरानी रखने के लिए एक केन्द्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना की सिफ़ारिश की।
- **स्थापना:** इस सिफ़ारिश के परिणामस्वरूप, 1964 में केंद्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना एक कार्यकारी प्रस्ताव (Executive Resolution) द्वारा की गई थी। इसे 2003 में CVC अधिनियम के माध्यम से सांविधिक दर्जा (Statutory Status) दिया गया।

85. राजस्थान के राज्यपाल के संबंध में निम्नांकित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) हरिभाऊ किसनराव बागडे, ने 31 जुलाई, 2024 को राजस्थान के राज्यपाल का पदभार संभाला।
(2) राज्य पुनर्गठन आयोग की अनुशंसा के आधार पर राजप्रमुख के पद को समाप्त कर दिया गया।
(3) 7वें संविधान संशोधन से राजप्रमुख का पद समाप्त किया गया।
(4) गुरुमुख निहाल सिंह को 1 नवम्बर, 1956 को राजस्थान का पहला राज्यपाल नियुक्त किया गया।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–

- 25 अक्टूबर, 1956 गुरुमुख निहाल सिंह को राजस्थान का पहला राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

86. निम्नलिखित में से किस मुख्यमंत्री ने अधिकतम बार राजस्थान में राष्ट्रपति शासन का सामना किया?

(1) शिवचरण माथुर
(2) हरिदेव जोशी
(3) भैरोंसिंह शेखावत
(4) जयनारायण व्यास
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या–

- राजस्थान में भैरोंसिंह शेखावत ने अधिकतम बार राष्ट्रपति शासन का सामना किया।
- राजस्थान में अब तक कुल चार बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

राष्ट्रपति शासन - वर्ष - मुख्यमंत्री

1. पहला – 1967- मोहनलाल सुखाड़िया
2. दूसरा – 1977 - हरिदेव जोशी
3. तीसरा – 1980 - भैरोंसिंह शेखावत
4. चौथा – 1992 - भैरोंसिंह शेखावत

87. नवम्बर 2024 के अंत तक, राजस्थान की मंत्रिपरिषद् में कितनी महिलाएं थीं?

(1) केवल 5 (2) केवल 1
(3) केवल 2 (4) केवल 3
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या–

– नवम्बर 2024 के अंत तक, राजस्थान की मंत्रिपरिषद (Council of Ministers - भजन लाल शर्मा मंत्रिमंडल) में केवल 2 महिलाएं थीं। यह दो महिला मंत्री हैं: दीया कुमारी (उपमुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री) तथा डॉ. मंजू बाघमार (राज्य मंत्री)।

88. निम्नलिखित में से राजस्थान विधान सभा में अधीनस्थ विधान संबंधी कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) यह राजस्थान विधान सभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 240 द्वारा शासित होता है।
(2) अधीनस्थ विधान समिति संविधान के प्रावधान या ऐसे आदेश बनाने के लिए अधीनस्थ प्राधिकारी को शक्ति सौंपने वाले कानून के प्रावधानों के अनुसरण में बनाए गए सभी "आदेशों" की जाँच करती है।
(3) समिति उन विधेयकों के प्रावधानों की जाँच कर सकती है जो आदेश देने के लिए शक्तियाँ सौंपने की माँग करते हैं।
(4) अध्यक्ष विधायी शक्तियों के प्रत्यायोजन के प्रावधान वाले विधेयकों को समिति को संदर्भित करता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–

– अधीनस्थ विधान समिति राजस्थान विधान सभा के प्रक्रिया नियमों के नियम 183 (विशेष रूप से अध्याय 20, अधीनस्थ विधान) द्वारा शासित होती है, न कि नियम 240 द्वारा।

89. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राजस्थान सरकार के अधीन सेवारत व्यक्ति को प्रभावित करने वाले अनुशासनात्मक मामलों पर राजस्थान लोक सेवा आयोग से अनिवार्य परामर्श का प्रावधान है?

(1) अनुच्छेद 325 (4) (2) अनुच्छेद 320(3)
(3) अनुच्छेद 318 (1) (4) अनुच्छेद 322(2)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या–

– राजस्थान सरकार के अधीन सेवारत व्यक्ति को प्रभावित करने वाले अनुशासनात्मक मामलों पर राजस्थान लोक सेवा आयोग से अनिवार्य परामर्श का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 320(3) के तहत है।
– संविधान का अनुच्छेद 320 लोक सेवा आयोगों (UPSC और SPSCs) के कार्यों से संबंधित है। अनुच्छेद 320(3) विशेष रूप से यह उपबंध करता है कि संघ लोक सेवा आयोग या राज्य लोक सेवा आयोग से निम्नलिखित मामलों में परामर्श किया जाएगा:
– अनुशासनात्मक मामले: उन सभी अनुशासनात्मक मामलों पर जो किसी ऐसे व्यक्ति को प्रभावित करते हैं जो भारत सरकार या किसी राज्य सरकार के अधीन सेवारत है। इसमें अनुशासनात्मक शास्तियों (penalties) से संबंधित मामले भी शामिल हैं। यह परामर्श आयोग के कार्य क्षेत्र का एक अनिवार्य हिस्सा है, हालांकि आयोग की सलाह बाध्यकारी नहीं होती है।

90. निम्नलिखित में से किस दिनांक को प्रमिल कुमार माथुर ने राजस्थान उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल का कार्यभार संभाला?

(1) 20/05/2024 (2) 20/02/2024
(3) 20/03/2024 (4) 20/04/2024
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–

– प्रमिल कुमार माथुर ने राजस्थान उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल का कार्यभार 20 अप्रैल, 2024 को संभाला था।

91. राजस्थान में जिला आयोजना समिति का अध्यक्ष कौन बनता है?

(1) जिला प्रमुख
(2) जिला कलक्टर
(3) जिला परिषद् का मुख्य कार्यकारी अधिकारी
(4) संसद सदस्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–

– जिला प्रमुख, राजस्थान पंचायत राज अधिनियम, 1994 की धारा 35 के अनुसार, जिला परिषद का अध्यक्ष होता है, और वह ही जिला योजना समिति का अध्यक्ष भी होता है।
– यह पद निर्वाचित प्रतिनिधियों में से सबसे वरिष्ठ सदस्य या वह व्यक्ति होता है जो जिले में योजनाएं बनाने और देखरेख का कार्य करता है।
– जिला आयोजना समिति का गठन संविधान के अनुच्छेद 243ZD के तहत किया जाता है और यह 74वें संविधान संशोधन के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए योजनाएँ बनाने का कार्य करती है।
– अध्यक्ष: राजस्थान में, जिला आयोजना समिति का अध्यक्ष जिला प्रमुख (जो जिला परिषद् का निर्वाचित मुखिया होता है) होता है।
– उपाध्यक्ष: जिला कलेक्टर (District Collector) समिति के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।
– उद्देश्य: समिति का मुख्य उद्देश्य जिले में पंचायतों और नगरपालिकाओं द्वारा तैयार की गई योजनाओं को समेकित करके संपूर्ण जिले के लिए एक विकास योजना का मसौदा तैयार करना होता है।

92. किस अधिनियम के द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण की स्थापना हुई थी?

(1) जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1985
(2) जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1982
(3) जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1983
(4) जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1984
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या–

– जयपुर विकास प्राधिकरण (Jaipur Development Authority - JDA) की स्थापना जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1982 के द्वारा हुई थी। यह अधिनियम 1982 में राजस्थान विधान सभा द्वारा पारित किया गया था, जिसका उद्देश्य जयपुर शहर के नियोजित विकास, भूमि उपयोग के विनियमन और नगरीय सुविधाओं के विकास के लिए एक समन्वित और सर्वोच्च प्राधिकरण की स्थापना करना था। यह अधिनियम जयपुर नगर के शहरी विकास, योजनाओं और बुनियादी ढांचे के नियोजन, विकास और प्रबंधन के लिए बनाया गया था। जयपुर विकास प्राधिकरण इस अधिनियम के तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करता है और जयपुर शहर के व्यवस्थित एवं समग्र विकास हेतु जिम्मेदार है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

93. निम्नलिखित में से रियासती राज्यों के किस समूह ने स्वाधीनता से पहले पंचायतों पर विधेयक पारित कर दिया था?

(1) करौली, बूंदी, अलवर, जैसलमेर
(2) अलवर, बाँसवाड़ा, करौली, सिरोही
(3) बाँसवाड़ा, बीकानेर, भरतपुर, बूँदी
(4) जोधपुर, जयपुर, उदयपुर, सिरोही
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–

- रियासती राज्यों का समूह- जोधपुर, जयपुर, उदयपुर, सिरोही ही एकमात्र ऐसा समूह है, जिसने स्वाधीनता से पहले पंचायतों पर विधेयक पारित कर दिया था।
- जयपुर (1937), उदयपुर (1940), जोधपुर (1945) और सिरोही (1947) ने क्रमशः अपने ग्राम पंचायत अधिनियम पारित किए। इन रियासतों में विधायी प्रगति प्रशासनिक आधुनिकीकरण, राजनीतिक दबाव (विशेषकर प्रजामंडल आंदोलनों से) और ब्रिटिश भारत में चल रहे संवैधानिक सुधारों के अनुकरण का एक जटिल मिश्रण थी। यह स्वाधीनता से पहले ही स्थानीय स्वशासन की संस्थागत नींव रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसने आगे चलकर एकीकृत राजस्थान राज्य में पंचायती राज प्रणाली के कार्यान्वयन (1953 अधिनियम और 1959 के उद्घाटन) के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

94. राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के निम्नलिखित अध्यक्षों में से किन्होंने पाँच वर्ष की पदावधि पूरी की?

(1) न्यायमूर्ति प्रकाश टाटिया
(2) न्यायमूर्ति श्रीमती कांता भटनागर
(3) न्यायमूर्ति एन. के. जैन
(4) न्यायमूर्ति एस. सगीर अहमद
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या–

- राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग (RSHRC) के अध्यक्षों में से न्यायमूर्ति एन. के. जैन ने पाँच वर्ष (16-07-2005 से 15-07-2010) की पूरी पदावधि पूरी की।
- मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के मूल प्रावधानों के तहत अध्यक्ष का कार्यकाल 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक होता था तथा अध्यक्ष को पुनर्नियुक्ति की पात्रता नहीं थी। 2019 के संशोधन के बाद, यह कार्यकाल अब 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, कर दिया गया है तथा अध्यक्ष पुनर्नियुक्ति के पात्र हैं।

95. राजस्थान लोकायुक्त और उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 7 के तहत, लोकायुक्त को कुछ मामलों में मंत्रियों और लोक सेवकों के खिलाफ आरोपों की जाँच करने का अधिकार है। निम्नलिखित में से कौन-सा विषय उन जाँचों का हिस्सा नहीं है?

(1) लोक सेवक की हैसियत से भ्रष्टाचार का दोषी होने या पारदर्शिता की कमी से संबंधित हो सकता है।
(2) लोक सेवकों द्वारा पहुंचाई गई अकारण हानि या पीड़ा।
(3) अपने या किसी अन्य व्यक्ति के लिए अवैध लाभ प्राप्त करने के लिए एक लोक सेवक के रूप में अपनी आधिकारिक स्थिति का दुरुपयोग करना।
(4) महिलाओं का यौन उत्पीड़न, जातिगत भेदभाव और बच्चों के खिलाफ हिंसा।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–

- राजस्थान लोकायुक्त और उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 7 के तहत लोकायुक्त को मंत्रियों और लोक सेवकों के खिलाफ आरोपों की जाँच करने का अधिकार है। इन आरोपों में शामिल हैं:
- लोक सेवक की हैसियत से भ्रष्टाचार या पारदर्शिता की कमी से संबंधित दोष।
- लोक सेवकों द्वारा पहुंचाई गई अकारण हानि या पीड़ा।
- अपने या अन्य के लिए अवैध लाभ पाने हेतु आधिकारिक स्थिति का दुरुपयोग करना।
- लेकिन धारा 7 के अंतर्गत महिलाओं का यौन उत्पीड़न, जातिगत भेदभाव और बच्चों के खिलाफ हिंसा का मामला लोकायुक्त की जाँच का हिस्सा नहीं है। ऐसे मामले अन्य कानूनों के तहत आते हैं।

96. सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के लिए महापौर का चुनाव लड़ने हेतु अमानत राशि कितनी है ?

(1) ₹40,000 (2) ₹10,000
(3) ₹20,000 (4) ₹30,000
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–

- महापौर (Mayor) का चुनाव लड़ने के लिए सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के लिए अमानत (या जमानत) राशि ₹30,000 निर्धारित की गई है।
- नोट: यह राशि राज्य के नगर निकाय चुनावों के नियमों के अनुसार भिन्न हो सकती है।

97. राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा एक समिति की सिफ़ारिश पर की जाती है। निम्नलिखित में से कौन इस समिति का सदस्य नहीं होता है ?

(1) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(2) मुख्यमंत्री
(3) राज्य विधान सभा में विपक्ष का नेता
(4) मुख्यमंत्री द्वारा मनोनीत केबिनेट मंत्री
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–

- उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए राज्यपाल को सिफ़ारिश करने वाली समिति का सदस्य नहीं होता है।
- राज्य सूचना आयुक्त (State Chief Information Commissioner - SCIC) और अन्य राज्य सूचना आयुक्तों (State Information Commissioners - SICs) की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा एक समिति की सिफ़ारिश पर की जाती है। यह समिति सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 15(3) के अनुसार गठित होती है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल होते हैं:
- मुख्यमंत्री (जो समिति का अध्यक्ष होता है)।
- राज्य विधान सभा में विपक्ष का नेता।
- मुख्यमंत्री द्वारा मनोनीत एक कैबिनेट मंत्री।

98. राजस्थान के राज निवेश पोर्टल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(1) पोर्टल निवेशकों के मार्गदर्शन के लिए प्रासंगिक नियमों, विनियमों, आदेशों और नीतिगत पहलों और योजनाओं से संबंधित अद्यतन जानकारी भी प्रदान करता है।
(2) राज निवेश पोर्टल मंजूरी/अनुमोदन के लिए वन-स्टॉप सूचना / पंजीकरण / अनुमोदन /ट्रैकिंग केंद्र के रूप में कार्य करके एकल बिंदु (ऑनलाइन) इंटरफेस और समयबद्ध निकासी प्रणाली प्रदान करता है।
(3) यह बड़े निवेश प्रस्तावों को अधिक प्रभावी ढंग से सुविधाजनक बनाने और एक ही छत के नीचे उनके लिए अपेक्षित अनुमोदन/मंजूरी में तेजी लाने के लिए सीधे मुख्यमंत्री के अधीन एक "वन स्टॉप शॉप" (ओ एस एस) सुविधा है।
(4) वन स्टॉप शॉप के नियम 26.11.2020 को अधिसूचित किए गए हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या–

- राज निवेश पोर्टल (Raj Nivesh Portal) और One Stop Shop (OSS) सुविधा का उद्देश्य राज्य में निवेश को आसान बनाना है, लेकिन उनकी प्रशासनिक संरचना भिन्न है।
- वन स्टॉप शॉप (OSS) सुविधा सीधे उद्योग और वाणिज्य विभाग (Department of Industries and Commerce) के अधीन कार्य करती है, न कि सीधे मुख्यमंत्री के अधीन। इसका प्रबंधन ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन (BIP) द्वारा किया जाता है।
- OSS सुविधा के तहत, एक निवेश संवर्धन ब्यूरो (BIP) होता है जो नोडल एजेंसी के रूप में काम करता है, और एक बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट (BOI) होता है जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री करते हैं, लेकिन OSS सुविधा स्वयं BIP के प्रशासनिक नियंत्रण में है।

99. सिटिजन चार्टर का उद्देश्य नहीं है-

(1) जनता की माँगों की प्रभावी सुनवाई का तंत्र सृजित करना
(2) गुणात्मक और समयबद्ध सेवा प्रदान करना
(3) नागरिक उन्मुखी शासन
(4) उत्तरदायी सरकार
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–

- सिटिजन चार्टर (Citizen's Charter) एक दस्तावेज़ है, जो किसी सरकारी संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा अपने नागरिकों/ग्राहकों के प्रति की गई प्रतिबद्धताओं को औपचारिक रूप देता है।
- यह आमतौर पर निम्नलिखित पर केंद्रित होता है:
- सेवा की गुणवत्ता और मानक (Quality and Standards): गुणात्मक और समयबद्ध सेवा प्रदान करना।
- पारदर्शिता और जवाबदेही (Transparency and Accountability): उत्तरदायी सरकार।
- शिकायत निवारण तंत्र (Grievance Redressal): चार्टर में शिकायत निवारण की प्रक्रिया शामिल होती है, लेकिन यह स्वयं "जनता की मांगों की सुनवाई का तंत्र" नहीं होता, बल्कि यह सेवा वितरण के संबंध में शिकायत निवारण पर केंद्रित होता है।
- सेवा उन्मुखता (Service Orientation): नागरिक उन्मुखी शासन।
- जबकि सिटिजन चार्टर अप्रत्यक्ष रूप से शिकायत निवारण के माध्यम से जनता की आवाज को सुनता है, इसका मुख्य उद्देश्य "जनता की माँगों की प्रभावी सुनवाई का तंत्र सृजित करना" नहीं है। मांगों की सुनवाई के लिए अलग संस्थागत मंच (जैसे जन सुनवाई, स्थानीय निकाय, आदि) मौजूद होते हैं। सिटिजन चार्टर का प्राथमिक ध्यान सेवा वितरण के मानक और समयबद्धता निर्धारित करना है।

100. निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारत की सकल राष्ट्रीय आय एवं शुद्ध राष्ट्रीय आय में वार्षिक वृद्धि की दर प्रचलित एवं स्थिर दोनों ही कीमतों पर ऋणात्मक रही हैं ?

(1) 2021-22 (2) 2018-19
(3) 2019-20 (4) 2020-21
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–

- भारत की सकल राष्ट्रीय आय (Gross National Income - GNI) एवं शुद्ध राष्ट्रीय आय (Net National Income - NNI) में वार्षिक वृद्धि की दर प्रचलित एवं स्थिर दोनों ही कीमतों पर ऋणात्मक 2020-21 में रही है।
- कारण: यह वह वर्ष था जब COVID-19 महामारी के कारण देशव्यापी लॉकडाउन और आर्थिक गतिविधियाँ बुरी तरह प्रभावित हुई थीं।
- आंकड़े: इस दौरान GNI और NNI की वृद्धि दरें प्रचलित (Current) और स्थिर (Constant) दोनों ही कीमतों पर ऋणात्मक रहीं, जो स्वतंत्रता के बाद भारत के आर्थिक इतिहास में सबसे बड़ी गिरावटों में से एक थी।

101. जी.एस.टी. के "इनपुट कर जमा तंत्र" के लाभ के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?

(1) यहाँ उत्पादकों को रिकॉर्ड रखने की जरूरत नहीं होती है।
(2) यह दोहरे करारोपण को रोकता है।
(3) यह उत्पादन पर कर से बचाता है।
(4) यह स्टार्ट-अप को कर से राहत प्रदान करता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

व्याख्या–

- इनपुट कर जमा तंत्र (ITC) वह तंत्र है जिसके तहत कोई व्यवसाय माल या सेवाओं की खरीद पर चुकाए गए GST (इनपुट टैक्स) को, बेचे गए माल या सेवाओं पर ग्राहक से एकत्र किए गए GST (आउटपुट टैक्स) के विरुद्ध समायोजित कर सकता है।
- दोहरे कराधान की समाप्ति : ITC यह सुनिश्चित करता है कि कर केवल मूल्यवर्धन (Value Addition) पर ही लगे। यह एक ही वस्तु पर कर पर कर (tax on tax) या कैस्केडिंग प्रभाव को समाप्त करता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई निर्माता कच्चे माल पर ₹10 GST देता है और तैयार माल बेचते समय ₹18 GST जमा करता है, तो उसे केवल ₹8 (₹18 - ₹10) का भुगतान सरकार को करना होगा। इस तरह, ITC दोहरे करारोपण को रोकता है।
- ITC का दावा करने के लिए उत्पादकों को खरीद और बिक्री के बिलों का विस्तृत रिकॉर्ड रखना आवश्यक होता है।
- ITC उत्पादन पर लगे कर को समाप्त नहीं करता है, बल्कि उसे अंतिम उपभोक्ता को हस्तांतरित करने से पहले समायोजित करता है।
- GST के तहत ITC सभी पंजीकृत व्यवसायों के लिए उपलब्ध है; यह स्टार्ट-अप को कोई विशेष कर राहत प्रदान नहीं करता है। स्टार्ट-अप के लिए राहत GST पंजीकरण की सीमा या अन्य विशिष्ट योजनाओं पर आधारित होती है।

102. भारत में मुद्रास्फीति के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. कोर मुद्रास्फीति में खाद्य और ऊर्जा की कीमतें शामिल रहती हैं।
B. हैडलाइन मुद्रास्फीति से खाद्य स्फीति बाहर रहती है।
C. कोर मुद्रास्फीति की अपेक्षा हैडलाइन मुद्रास्फीति की प्रकृति ज्यादा परिवर्तनशील होती है।

नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर का चुनाव कीजिये:

(1) केवल C (2) केवल A और B
(3) केवल A और C (4) केवल B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

व्याख्या-

- कोर मुद्रास्फीति को अक्सर हेडलाइन मुद्रास्फीति से खाद्य और ईंधन/ऊर्जा की कीमतों को हटाकर मापा जाता है। ये वस्तुएँ अत्यधिक अस्थिर होती हैं।
- हैडलाइन मुद्रास्फीति उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) पर आधारित होती है और इसमें खाद्य और ऊर्जा सहित सभी वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें शामिल होती हैं।
- कोर मुद्रास्फीति की अपेक्षा हैडलाइन मुद्रास्फीति अधिक परिवर्तनशील होती है, क्योंकि खाद्य और ऊर्जा की कीमतें अधिक अस्थिर होती हैं। हेडलाइन मुद्रास्फीति में खाद्य और ऊर्जा के दाम शामिल होते हैं, जो मौसम, वैश्विक आपूर्ति या भू-राजनीतिक घटनाओं के कारण अचानक और तेजी से बदलते हैं। इसलिए, इसकी प्रकृति कोर मुद्रास्फीति की तुलना में ज्यादा परिवर्तनशील होती है।

103 सूची- I में कृषि फसलें तथा सूची-II में 2021-22 में इन फसलों के उत्पादन में प्रथम स्थान पर रहे राज्यों के नाम हैं। संकेतांकों का प्रयोग करते हुए उन्हें सुमेलित कीजिए

सूची-I		सूची-II	
A.	पोषक अनाज	I.	राजस्थान
B.	कुल दलहन	II.	कर्नाटक
C.	मूँगफली	III.	मध्यप्रदेश
D.	सोयाबीन	IV.	महाराष्ट्र
		V.	गुजरात

कूट:

(1) A-IV B-V C-II D-III
(2) A-I B-III C-II D-IV
(3) A-III B-I C-IV D-II
(4) A-II B-III C-V D-IV
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या-

- यह सुमेलन वर्ष 2021-22 के कृषि उत्पादन के आंकड़ों पर आधारित है:
- पोषक अनाज - कर्नाटक
- कुल दलहन - मध्यप्रदेश
- मूँगफली - गुजरात
- सोयाबीन - महाराष्ट्र

104. भारत में "राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम" (NFSA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

A. यह 5 जुलाई, 2013 को अधिनियमित किया गया।
B. वर्तमान में लगभग 50 करोड़ व्यक्ति राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आते हैं।
C. यह अधिनियम कानूनी रूप से 75% ग्रामीण आबादी और 50% शहरी आबादी को सब्सिडी युक्त खाद्यान्न प्राप्त करने का अधिकार देता है।

संकेतांकों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर दीजिये :

(1) A, B एवं C सही हैं।
(2) B एवं C दोनों सही हैं।
(3) A एवं B दोनों सही हैं।
(4) A एवं C दोनों सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या-

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) को 5 जुलाई, 2013 को अधिसूचित (अधिनियमित) किया गया था।
- NFSA के अंतर्गत शामिल व्यक्तियों की संख्या लगभग 81.35 करोड़ (देश की लक्षित आबादी) है, न कि 50 करोड़।
- इस अधिनियम के तहत, देश की ग्रामीण आबादी के 75% और शहरी आबादी के 50% को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (TPDS) के तहत रियायती दरों पर खाद्यान्न प्राप्त करने का कानूनी अधिकार दिया गया है।

105. विश्व खुशहाली रिपोर्ट -2024 के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये :

A. भारत का स्थान 140 से अधिक देशों में 126 था, जो कि इसके पड़ोसी देशों चीन, नेपाल, पाकिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका और बांग्लादेश से भी निम्न है।
B. पिछले कुल वर्षों में भारत के स्थान में कुछ विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है, यह बताता है कि जनसंख्या के कल्याण और खुशी में सुधार के लिये सीमित प्रगति ही हुई है।

निम्न कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चुनाव कीजिये :

(1) ना तो A और ना ही B (2) केवल A
(3) केवल B (4) A और B दोनों
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या-

- विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 में, 143 देशों की सूची में भारत का स्थान 126वाँ था।
- पड़ोसी देश: भारत का स्थान अधिकांश पड़ोसी देशों से निम्न था:
- चीन: 60
- नेपाल: 93
- पाकिस्तान: 108
- म्यांमार: 118
- श्रीलंका: 128 (भारत से निम्न)
- बांग्लादेश: 129 (भारत से निम्न)
- भारत की रैंक पिछले कुछ वर्षों में 126-140 के बीच रही है (2023 में 126, 2022 में 136, 2021 में 139), जो लगातार निम्न बनी हुई है।
- 2023 में भी भारत की रैंक 126 थी। रैंक में यह स्थिरता (या धीमी प्रगति) यह दर्शाती है कि राष्ट्रीय स्तर पर लोगों की आत्म-मूल्यांकन जीवन संतुष्टि (Self-assessed life satisfaction) में कोई विशेष या उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है, जो जनसंख्या के कल्याण और खुशी में सीमित प्रगति को इंगित करता है।

106. कार्मिकों का जनसंख्या से अनुपात को परिभाषित किया जाता है -

(1) कुल जनसंख्या में कार्यशील आयु की जनसंख्या का प्रतिशत
(2) श्रम शक्ति में नियोजित व्यक्तियों का प्रतिशत
(3) कार्यशील आयु की जनसंख्या में नियोजित व्यक्तियों का प्रतिशत
(4) कुल जनसंख्या में नियोजित व्यक्तियों का प्रतिशत
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या-

- कार्मिक जनसंख्या अनुपात (Worker Population Ratio - WPR) एक महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतक है। इसे देश की कुल जनसंख्या में नियोजित व्यक्तियों (Workers) के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह अनुपात किसी अर्थव्यवस्था में रोजगार सृजन की स्थिति और लोगों के लिए उपलब्ध आजीविका के अवसरों को मापने में सहायता करता है। यह दर्शाता है कि कुल आबादी का कितना हिस्सा उत्पादक गतिविधियों में सक्रिय रूप से लगा हुआ है।

UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

107. भारत में 1991 के बाद शुरू हुए वित्तीय क्षेत्र के सुधारों से निम्न में से कौन-सा सम्बन्धित नहीं है?
(1) सरफेसी अधिनियम
(2) पूँजी पर्याप्तता
(3) गैर-आस्तिकारी परिसम्पत्तियाँ
(4) एफआरबीएम अधिनियम (फिस्कल रिस्पांसिबिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–
- एफ.आर.बी.एम. अधिनियम (राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम), 2003 का मुख्य उद्देश्य राजकोषीय (Fiscal) अनुशासन स्थापित करना, सरकार के राजस्व घाटे (Revenue Deficit) और राजकोषीय घाटे (Fiscal Deficit) को कम करना तथा समग्र राजकोषीय प्रबंधन को मजबूत करना था।
- यह अधिनियम सरकार के खर्च और घाटे (अर्थात राजकोषीय नीति) से संबंधित है, न कि सीधे वित्तीय क्षेत्र (बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और पूँजी बाजार) के सुधारों से।
- इसलिए, जहाँ सरफेसी अधिनियम, पूँजी पर्याप्तता और गैर-आस्तिकारी परिसम्पत्तियाँ 1991 के वित्तीय सुधारों की प्रक्रिया के प्रत्यक्ष परिणाम/घटक हैं, वहीं FRBM अधिनियम राजकोषीय सुधारों का हिस्सा है।

108. राजस्थान के राजकोषीय घाटे के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार करें :
A. वर्ष 2022-23 में वास्तविक राजकोषीय घाटा राज्य सकल घरेलू उत्पाद का 3.76 प्रतिशत रहा है।
B. यह एफआरबीएम अधिनियम, 2005 द्वारा अनुमोदित सीमा से कम है।
C. वर्ष 2022-23 का राजकोषीय घाटा 2021-22 की तुलना में अधिक था।

सही विकल्प को चुनिए :
(1) A, B व C सभी सही हैं।
(2) A व C दोनों सही हैं।
(3) A व B दोनों सही हैं।
(4) B व C दोनों सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–
- वर्ष 2022-23 में वास्तविक राजकोषीय घाटा राज्य सकल घरेलू उत्पाद का 3.76 प्रतिशत रहा है। यह एफ.आर.बी.एम. अधिनियम, 2005 द्वारा अनुमोदित सीमा से कम है। वर्ष 2022-23 का राजकोषीय घाटा 2021-22 की तुलना में अधिक था।

109. राजस्थान खनिज नीति - 2024 के लक्ष्यों के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर ध्यान दीजिये :
A. वर्ष 2046-47 तक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष 1 करोड़ व्यक्तियों को तथा 2029-30 तक 50 लाख व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करना ।
B. राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में खनिज क्षेत्र का योगदान 2023-24 के 3.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 2029-30 तक 5 प्रतिशत और 2046-47 तक 8 प्रतिशत तक करना।
C. खनन के अन्तर्गत खनिजों की संख्या को 2047 तक बढ़ाकर 58 से 70 करना।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?
(1) A, B और C (2) केवल A और B
(3) केवल B और C (4) केवल A और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

व्याख्या–
राजस्थान खनिज नीति - 2024 (Rajasthan Mineral Policy - 2024), जिसे मार्च 2024 में जारी किया गया था, के मुख्य लक्ष्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:
- वर्ष 2046-47 तक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष 1 करोड़ व्यक्तियों को तथा 2029-30 तक 50 लाख व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करना।
- राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में खनिज क्षेत्र का योगदान 2023-24 के 3.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 2029-30 तक 5 प्रतिशत और 2046-47 तक 8 प्रतिशत तक करना।
- खनन के अन्तर्गत खनिजों की संख्या को 2047 तक बढ़ाकर 58 से 70 करना।

110. राजस्थान के सकल स्थाई पूँजी निर्माण में विभिन्न क्षेत्रों के योगदान का घटते हुये क्रम में सही क्रम है -
(1) विनिर्माण, कृषि, खनन, निर्माण
(2) विनिर्माण, खनन, कृषि, निर्माण
(3) निर्माण, कृषि, विनिर्माण, खनन
(4) निर्माण, विनिर्माण, कृषि, खनन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

व्याख्या–
- राजस्थान के सकल स्थाई पूँजी निर्माण (Gross Fixed Capital Formation - GFCF) में विभिन्न क्षेत्रों के योगदान का घटते हुए क्रम में सही क्रम है: निर्माण, विनिर्माण, कृषि, खनन।

111. भारत में राज्यों के लिए ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग जारी की जाती है -
(1) राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (राजसीकों) द्वारा
(2) उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा
(3) उद्योग संवर्द्धन एवं आन्तरिक व्यापार विभाग द्वारा
(4) निवेश संवर्द्धन ब्यूरो द्वारा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या–
- भारत में राज्यों के लिए ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले उद्योग संवर्द्धन एवं आन्तरिक व्यापार विभाग (Department for Promotion of Industry and Internal Trade - DPIIT) द्वारा जारी की जाती है। यह रैंकिंग राज्यों के बीच व्यावसायिक सुधार कार्य योजना (Business Reform Action Plan - BRAP) के कार्यान्वयन के आधार पर दी जाती है, जिसका उद्देश्य राज्यों में निवेश को आकर्षित करना और व्यवसाय करने को आसान बनाना है।

112. मुख्यमंत्री राजस्थान आर्थिक सुधार सलाहकार परिषद् (CMRETAC) के स्थान पर निम्नलिखित में से किसका गठन किया गया है?
(1) राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका)
(2) राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (RSLDC)
(3) राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एण्ड इनोवेशन (RITI)
(4) राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आर-कैट)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

व्याख्या–
